ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 10 जून 2024
वर्ष 5, अंक 76, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



# मोदी ने रचा इतिहास

## तीसरी बार ली प्रधानमंत्री पद की शपथ, शाह राजनाथ, गडकरी, जेपी नड्डा भी बने मंत्री

## लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बनने के पंडित नेहरू के रिकॉर्ड की बराबरी की

### मोदी की नई कैबिनेट

1. राजनाथ सिंह
2. अमित शाह
3. नितिन गडकरी
4. जेपी नड्डा
5. शिवराज सिंह चौहान
6. निर्मलासीतारमण
7. सुब्रह्मण्यम जयशंकर
8. मनोहर लाल खट्टर
9. एचडी कुमारस्वामी
10. पीयूष गोयल
11. धर्मेंद्र प्रधान
12. जीतन राम मांझी
13. राजीव रंजन सिंह (ललन सिंह)
14. सर्बानंद सोनोवाल
15. डॉ वीरेंद्र कुमार
16. राममोहन नायडू
17. प्रह्लाद जोशी
18. जुएल ओरांव
19. गिरिराज सिंह
20. अश्वनी वैष्णव
21. ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया
22. भूपेंद्र यादव
23. गजेन्द्र सिंह शेखावत
24. अन्नपूर्णा देवी
25. किरेन रिजिजू
26. हरदीप सिंह पुरी
27. डॉ मनसुख मंडाविया
28. जी किशन रेड्डी
29. चिराग पासवान
30. सीआर पाटिल

**3.0**

### विनम्र रहें और ईमानदारी व पारदर्शिता से समझौता न करें

**मंत्रियों को मोदी का मंत्र**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को शपथ लेने वाले केंद्रीय मंत्रिपरिषद के सभी सदस्यों को नसीहत दी कि उन्हें विनम्र रहना चाहिए, क्योंकि आम लोग यही पसंद करते हैं। साथ ही उन्हें ईमानदारी एवं पारदर्शिता से कभी कोई समझौता न करने की भी सलाह दी। शपथग्रहण के पूर्व नामित मंत्रियों से मुलाकात के दौरान मोदी ने कहा कि लोगों की उनसे काफी अपेक्षाएं हैं और सभी को इसे पूरा करना होगा। निवर्तमान मंत्रिपरिषद के कई वरिष्ठ नेताओं और मंत्री पद की शपथ लेने वाले नए नेताओं को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि आपको जो भी काम सौंपा जाएगा, उसे ईमानदारी से करें और विनम्र रहें क्योंकि लोग उनसे प्यार करते हैं जो विनम्र होते हैं। मोदी ने यह भी कहा कि वे सभी सांसदों को सम्मान और गरिमा दें चाहे वे किसी भी पार्टी के हों, क्योंकि उनमें से सभी को लोगों ने चुना है। उन्होंने कहा कि मनोनीत मंत्रियों को हमेशा विनम्र होना चाहिए और सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों का सम्मान भी करना चाहिए। उन्होंने चाय पर नेताओं के साथ चर्चा में कहा ...आप ईमानदारी और पारदर्शिता से समझौता नहीं कर सकते।

नई दिल्ली, एजेंसी

18वीं लोकसभा के चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की जीत के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने लगातार तीसरी बार रविवार को भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें यहां राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके साथ ही मोदी ने लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बनने के देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। मोदी के साथ 30 कैबिनेट, पांच स्वतंत्र प्रभार मंत्रियों के साथ 36 राज्यमंत्रियों ने भी शपथ ली।

ईश्वर के नाम पर शपथ लेने वाले 73 वर्षीय मोदी के साथ ही भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, निर्मला सीतारमण और एस जयशंकर ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली, जो यह दर्शाता है कि प्रधानमंत्री निरंतरता और अनुभव पर जोर दे रहे हैं, क्योंकि शपथ लेने वाले ज्यादातर नेता उनके दूसरे कार्यकाल में भी महत्वपूर्ण मंत्रालयों की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा पांच साल बाद कैबिनेट में लौटे हैं, जबकि मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर मोदी कैबिनेट में नए चेहरे हैं। भाजपा नेता पीयूष गोयल, ज्योतिरादित्य सिंधिया, धर्मेंद्र प्रधान और भूपेंद्र यादव ने भी कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली।

### ● 30 कैबिनेट, पांच स्वतंत्र प्रभार 36 राज्यमंत्रियों ने भी शपथ ली

ये सभी पहले राज्यसभा में थे, लेकिन अब लोकसभा के लिए चुने गए हैं। असम के पूर्व मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल, अश्विनी वैष्णव, वीरेंद्र कुमार, प्रह्लाद जोशी, गिरिराज सिंह और जुएल उरांव ने भी मंत्री पद की शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सभी को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई।

मोदी 2014 में लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत के बाद पहली बार देश के प्रधानमंत्री बने थे। इसके बाद 17वीं लोकसभा के चुनाव में भारी बहुमत से जीत के बाद वह लगातार दूसरी बार प्रधानमंत्री बने। पंडित नेहरू 1947 में देश के आजाद होने के बाद से सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। उनकी मृत्यु 27 मई 1964 को हुई थी और वह उस समय भी देश के प्रधानमंत्री थे। साल 1952 में हुए पहले आम चुनाव में जीत के बाद वह पहली बार प्रधानमंत्री निर्वाचित हुए थे। इसके बाद 1957 और 1962 के आम चुनावों में भी कांग्रेस ने जीत दर्ज की और नेहरू फिर देश के प्रधानमंत्री बने। साल 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा पूर्ण बहुमत हासिल नहीं कर पाई है। उसे 240 सीटें मिली हैं। हालांकि, भाजपा नेतृत्व वाले राजग ने 293 सीटों के साथ बहुमत के आंकड़े को पार कर लिया। इसके बाद राजग की बैठक में मोदी को पिछले दिनों भाजपा और राजग संसदीय दल का नेता चुना गया था। नेता चुने जाने के बाद मोदी ने राष्ट्रपति भवन जाकर द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की थी और सरकार बनाने का दावा पेश किया था। शपथ लेने वालों में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के अलावा जनता दल (सेक्युलर) के एच डी कुमारस्वामी, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के चिराग पासवान, जद (यू) के राजीव रंजन सिंह और रामनाथ ठाकुर, तेदेपा के रामामोहन रेड्डी, हम (सेक्युलर) के प्रमुख जीतन राम मांझी, अपना दल (एस) की अनुप्रिया पटेल सहित राजग के घटक दलों के कई प्रमुख नेता भी शामिल हैं।

शपथ ग्रहण समारोह में देश और विदेश के कई शीर्ष नेता भी शामिल हुए। कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे भी इस मौके पर मौजूद थे, हालांकि कई विपक्षी नेता समारोह में शामिल नहीं हुए। इस मौके पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, तेदेपा अध्यक्ष चंद्रबाबू नायडू और जद(यू) प्रमुख नीतीश कुमार भी मौजूद थे। बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान, रजनीकांत, उद्योगपति मुकेश अंबानी और गौतम अडानी शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत करने वालों में शामिल थे।

### शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए पड़ोसी देशों के सात नेता

**नई दिल्ली।** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल ''प्रचंड'' और श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे सहित भारत के पड़ोस और हिंद महासागर क्षेत्र के शीर्ष नेता रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी मंत्रिपरिषद के शपथग्रहण समारोह में शामिल हुए। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ, उनके भूटानी समकक्ष शेरिंग टोबगे और सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफीफ भी राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में शामिल हुए। हसीना और अफीफ जहां शनिवार को दिल्ली पहुंचे, वहीं मुइज्जू, प्रचंड, विक्रमसिंघे, जगन्नाथ और टोबगे रविवार को पहुंचे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि सात देशों के नेताओं को भारत की 'पड़ोस प्रथम' नीति और 'सागर' दृष्टिकोण को दी गई सर्वोच्च प्राथमिकता के अनुरूप आमंत्रित किया गया।

## खनन माफिया ने सिपाही को ट्रैक्टर से कुचला, मौत

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद



- फर्रुखाबाद के थाना नवाबगंज के नगला चंदन में वारदात, बिजनौर का रहने वाला था रोहित
- मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ हत्या समेत कई धाराओं में दर्ज की गई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** थाना नवाबगंज में अवैध खनन की सूचना पर पहुंचे सिपाही को खनन माफिया ने शनिवार देर रात ट्रैक्टर से कुचल दिया। शहर के एक नर्सिंग होम में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सिपाही मूलरूप से बिजनौर जिले का रहने वाला था।

मामले में ट्रैक्टर चालक और उसके दो साथियों के खिलाफ हत्या समेत कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। रविवार रात दो आरोपियों को मुठभेड़ के बाद पुलिस ने दबोच लिया है। दोनों के पैर में गोली लगी है। घायल अवस्था में दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। थाना नवाबगंज में तैनात सिपाही रोहित (24) शनिवार रात्रि ड्यूटी पर था। शनिवार देर रात उसे ग्राम नगला चंदन में अवैध खनन की सूचना मिली, जिसपर एसआई सन्तोष फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। रोहित गाड़ी से निकल खनन कर रहे ट्रैक्टर को पकड़ने का प्रयास करने लगा। इस पर खनन माफिया ने उसके ऊपर ट्रैक्टर चढ़ा दिया। साथी सिपाही रोहित को लेकर शहर के निजी अस्पताल पहुंचे वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर एसपी, एएसपी, सीओ अमृतपुर, सीओ कायमगंज सहित कई थानों की फोर्स नर्सिंग होम पहुंची।

सिपाही रोहित का शव पोस्टमार्टम के बाद पुलिस लाइन के शहीद स्मारक ले जाया गया, जहां जिलाधिकारी वीके सिंह और एसपी विकास कुमार ने पुष्प चक्र अर्पित कर सलामी दी। गार्ड ऑफ ऑनर के बाद सिपाही के परिजन शव को बिजनौर ले गए। घटना के बाद चंदन नगला से पहले एक जेसीबी से अवैध खनन करते हुए सुमित को पुलिस ने पकड़ा। उप निरीक्षक संतोष कुमार की तहरीर पर ट्रैक्टर चालक प्रदीप यादव, उसके साथी भूपेंद्र यादव और सुमित के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने रात में मुठभेड़ के बाद आरोपी प्रदीप यादव और भूपेंद्र यादव को गिरफ्तार किया है। दोनों मुठभेड़ में घायल हुए हैं।

### एसडीएम की गाड़ी को मारी टक्कर

**बिजनौर।** नजीबाबाद में रेत-बजरी के अवैध खनन की सूचना पर मौके पर जा रहे एसडीएम के वाहन को डंपर चालक ने साइड मार दी। जिससे गाड़ी मामूली रूप से क्षतिग्रस्त हो गई। नजीबाबाद के गांव मथुरापुर मोर क्षेत्र में दो प्वाइंट पर रेत-बजरी के खनन की प्रशासन को शनिवार रात सूचना मिली थी। एसडीएम कुंवर बहादुर सिंह टीम के साथ मौके के लिए रवाना हुए। रात लगभग 10 बजे एसडीएम के वाहन ने क्षेत्र से गुजर रहे एक डंपर को रोकने का प्रयास किया तो डंपर के चालक ने एसडीएम के वाहन को साइड मार दी। एसडीएम ने घटना से इनकार किया है। उनका कहना है कि नजीबाबाद-कोटद्वार मार्ग पर अज्ञात वाहन से उनकी गाड़ी को टक्कर लगी थी।

## तीन कारों की टक्कर में गजरौला के चार यूट्यूबर्स की मौत



शाहरुख सलमान लकी

**हसनपुर (अमरोहा)।** हसनपुर-गजरौला मार्ग पर मनौटा पुल के पास तीन कारों की टक्कर में गजरौला के चार यूट्यूबर्स की मौत हो गई, जबकि पांच युवक घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि शवों को अस्पताल में रखवा दिया है।

हादसा हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गजरौला-हसनपुर मार्ग पर रविवार रात 10:30 बजे हुआ। गजरौला के मोहल्ला अल्लीपुर निवासी सलमान (17) पुत्र तहसीन तथा उसी मोहल्ले के शाहरुख (18) पुत्र अच्छन, शाहनवाज (19) पुत्र मकसूद, नवादा रोड निवासी लकी (17) पुत्र बब्बू और मोहल्ले के ही दिलशाद और जैद के साथ अर्टिगा कार से हसनपुर के किसी होटल में खाना खाने आए थे। रात करीब 10:30 बजे गजरौला लौट रहे थे। इस दौरान मनौटा पुल के पास सामने से आ रही बोलेरो से टक्कर हो गई। पीछे से आई एक स्विफ्ट कार ने भी टक्कर मार दी। हादसे में लकी, सलमान, शाहरूख और शाहनवाज की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि जैद, दिलशाद और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर अस्पताल भिजवाया जबकि घायलों को भी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि चारों मृतक यूट्यूब पर वीडियो बनाते थे। सीओ दीप कुमार पंत ने बताया कि सड़क हादसे में चार दोस्तों की मौत हुई है जबकि पांच युवक घायल हैं।

## जम्मू में तीर्थयात्रियों की बस पर आतंकी हमला, 10 की मौत

किशोर कुमार, जम्मू

**अमृत विचार :** जम्मू क्षेत्र के रियासी जिले में रविवार को आतंकवादी हमले के बाद एक बस के खाई में गिर जाने से कम से कम 10 तीर्थयात्री मारे गए और 33 गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में ज्यादातर लोग उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आतंकवादियों ने चांदी मोड़ के पास बस को निशाना बनाया, जिसके बाद वाहन के चालक ने बस पर से नियंत्रण खो दिया और बस खाई में गिर गई। अब तक दस लोगों की मौत हो चुकी है और कई अन्य घायल हैं। अधिकारियों के अनुसार मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है।

हमला उस समय हुआ जब तीर्थयात्री शिव खोड़ी मंदिर से दर्शन करके वापस आ रहे थे। बस पर पोनी इलाके के तेरयाथ गांव में घात लगाकर हमला किया गया। हमलावरों ने स्वचालित हथियारों से गोलियां चलाईं। इसके बाद चालक बस से नियंत्रण खो बैठा। बचाव अभियान शुरू किया गया और पुलिस, सेना व अर्धसैनिक बलों के जवान घटनास्थल पर पहुंचे। मौके से कारतूसों के खोखे भी मिले हैं।



आतंकवादी हमले में घायल तीर्थयात्री। ● अमृत विचार

- रियासी जिले में घात लगाकर आतंकियों ने किया हमला
- हमले के बाद बस खाई में गिरी, तैंतीस लोग घायल

रियासी के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मोहित शर्मा के अनुसार जम्मू-कश्मीर में तीर्थयात्रियों को लेकर जा रही बस पर आतंकवादियों ने गोलीबारी की है। हमले में दस लोगों की मौत की सूचना है। करीब 33 लोग घायल हैं।



घटनास्थल से बरामद कारतूस।

## जेईई-एडवांस्ड के नतीजे घोषित, वेद लाहोटी बने टॉपर

**नई दिल्ली।** संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई)-एडवांस्ड के नतीजे रविवार सुबह घोषित कर दिए गए जिसमें भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली जोन के वेद लाहोटी ने 360 में से 355 अंक हासिल कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। इस बार परीक्षा आयोजित करने वाले आईआईटी मद्रास के अनुसार आईआईटी बंबई जोन की द्विजा धर्मेश कुमार पटेल को 360 में 322 अंक मिले और वह छात्राओं में शीर्ष स्थान पर रहीं वहीं देशभर में वह सातवें स्थान पर रहीं। शीर्ष 10 स्थान हासिल करने वाले अभ्यर्थियों में से चार आईआईटी मद्रास से हैं।

परीक्षा में दूसरे स्थान पर आदित्य और तीसरे स्थान पर भोगलपल्ली संदेश रहे। रिदम केडिया, पुट्टी कुशल कुमार, राजदीप मिश्रा, कोदुरी तेजेश्वर, ध्रुवी हेमंत दोशी और अल्लादाबोना एसएसडीबी सिधविक सुहास ने इसी क्रम में अगली रैंक हासिल की है। आईआईटी मद्रास जोन से सबसे अधिक अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए हैं। इसके बाद आईआईटी दिल्ली जोन और आईआईटी बॉम्बे जोन हैं। शीर्ष 500 सफल अभ्यर्थियों में से 145 आईआईटी मद्रास जोन के हैं, इसके बाद 136 आईआईटी बॉम्बे जोन से और 122 आईआईटी दिल्ली जोन के हैं।

## 'अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 9450434176 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

## शहर में आज



- पनवड़िया स्थित भमरौआ मंदिर में भगवान शंकर का जलाभिषेक प्रातः 5 बजे।
- भारतीय किसान यूनियन की पंचायत हाईवे स्थित कार्यालय पर दोपहर 12:30 बजे।

## एक नजर

### ठेकेदारी प्रथा में हो रहा सफाई कर्मियों का शोषण

**रामपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत राज सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष इंदल पाल सिंह ने बताया कि 10 जून को डा. भीमराव आंबेडकर पार्क में सफाईकर्मियों की बैठक अपराह्न तीन बजे से होगी। उन्होंने बताया कि बैठक में सफाईकर्मियों के मुद्दों से सरकार को रूबरू कराया जाएगा। कहा कि सफाईकर्मियों का ठेकेदारी प्रथा में शोषण हो रहा है। संविदाकर्मियों को स्थाई करने का मुद्दा भी बैठक में गूंजेगा।

### जयंत चौधरी के मंत्री बनने पर बांटी मिठाई

**रामपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी को केंद्रीय मंत्री बनाए जाने पर प्रदेश महासचिव मोहम्मद उस्मान बब्लू ने कार्यकर्ताओं को मिठाई वितरित की। इस मौके पर उस्मान बब्लू ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी का रामपुर से पुराना रिश्ता है। उनके मंत्री बनने से किसानों का भला होगा। इसलिए कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। फिरोज आलम, शमीम अहमद, बब्लू, वसीम अहमद, मोहम्मद मुनाजिर, आदाब अली आदि मौजूद रहे।

# दो साल बाद भी नहीं हो सका मेडिकल कॉलेज का निर्माण

## बेनजीर-जगतपुर में जगह चिह्नित करने आई थी शासन की टीम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए बनने वाला मेडिकल कॉलेज अभी भी अधर में लटका है। पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने 2022 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर मेडिकल कॉलेज का प्रस्ताव दिया था। चिकित्सा विभाग के विशेष सचिव दुर्गा शक्ति नागपाल ने इसकी स्वीकृति दे दी थी। रेजीडेंसी कॉलोनी और मेडिकल कॉलेज निर्माण के लिए सदर तहसील के राजस्व ग्राम अलीनगर बेनजीर और जगतपुर में 2.025 हेक्टेयर भूमि चिन्हित की गई थी। दो वर्ष गुजरने के बावजूद मेडिकल कॉलेज का निर्माण अधर में लटका है।

मेडिकल कॉलेज बनने से इलाज के साथ ही मेडिकल की पढ़ाई भी होगी। युवाओं को मेडिकल की पढ़ाई के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। इसमें 500 बेड की सुविधा होगी। 2022 में पूर्व सांसद ने मुख्यमंत्री को कॉलेज का प्रस्ताव सौंपा था। लेकिन कॉलेज के निर्माण की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी है। एक वर्ष पूर्व शासन की टीम ने निरीक्षण भी किया था। इसके बाद भी मेडिकल कॉलेज का काम ठंडे बस्ते में चला गया। मेडिकल कॉलेज पीपीपी पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल पर बनाया जाना है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अभी तक इसके लिए पार्टनर कंपनी नहीं मिल पाई है।



जिला अस्पताल का प्रतीकात्मक फोटो।

### यह होंगी व्यवस्थाएं

मेडिकल कॉलेज में युवाओं की पढ़ाई के लिए तीन लेक्चर थियेटर बनाए जाएंगे। फोरेंसिक लैब भी बनाई जाएगी। इसे नर्सिंग सेंटर के सामने खाली जगह में बनाया जाएगा। इतनी व्यवस्थाएं होने पर युवाओं को पढ़ाई करने के लिए सहूलियत मिलेगी। गंभीर रोगियों को बाहर रेफर नहीं करना पड़ेगा।

मेडिकल कॉलेज पर काम चल रहा है। प्रस्ताव की मंजूरी मिल चुकी है। इसे पीपीपी मॉडल पर बनाने की सहमति बनी है। लेकिन आचार संहिता की वजह कार्य को रोक दिया गया। अब जल्द ही इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा।

–डा. एचके मित्रा
सीएमएस, जिला अस्पताल

## ग्रामीण कई बार कर चुके हैं कोसी बांध की मरम्मत कराने की मांग, अधिकारी कर रहे अनसुना

# बांध में दरार से दो दर्जन गांवों को बाढ़ का खतरा

संवाददाता, दढ़ियाल

**अमृत विचार :** नगर सहित क्षेत्र के दो दर्जन गांवों को कोसी नदी की धार से बचाने के लिए बनाए गए बांध पर जगह-जगह दरारें पड़ गई हैं। इसके कारण नगर सहित क्षेत्र के दो दर्जन गांवों के लोगों को बाढ़ का खतरा सताने लगा है। लोगों ने बताया कि कई बार बांध की मरम्मत कराने की मांग की जा चुकी है। लेकिन किसी भी अधिकारी के ध्यान नहीं देने से समस्या जस की तस है।

नया गांव अकबराबाद से कैथोला गांव तक कोसी किनारे लगभग 10 किलोमीटर बांध बनाया गया है। शासन की मंशा थी कि बरसात के दिनों में कोसी किनारे बसे गांवों के लोग चैन की नींद सो सकें। लेकिन कोसी बांध में जगह-जगह दरारें पड़ गई हैं। लोगों ने बताया कि कोसी किनारे बांध होने के कारण बरसात के दिनों में वह चैन की नींद सोते हैं। लेकिन एक वर्ष से बांध देखरेख के अभाव में कई जगह से क्षतिग्रस्त हो गया है। प्रशासन क्षतिग्रस्त बांध पर मिट्टी डलवा दे तो दरारें भर जाएंगी। लोगों को आने वाले समय में दिक्कत नहीं होगी।

उनका कहना है कि यदि प्रशासन ने क्षतिग्रस्त बांध पर संज्ञान नहीं लिया तो बरसात में रामनगर बैराज से पानी छोड़े जाने पर दरारों के चलते कुछ ही समय में तटबंध कट जाएगा और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। तटबंध क्षतिग्रस्त होने से कोसी नदी नगर सहित क्षेत्र के गांव अकबराबाद, रामपुर धम्मन, मोहब्बत नगर, लोदीपुर नायक, कुंडेसरा, फत्तावाला, मिलक, सिटला, घोसीपुरा, मुवाना, कैथोला, महुआ खेड़ा आदि दो दर्जन गांवो में कहर बरपाएगी।



गांव रामपुर धम्मन और दढ़ियाल के बीच बांध में पड़ीं दरारें। ● अमृत विचार

कोसी बांध का मामला सिंचाई विभाग का है। मामला मेरी जानकारी में नहीं था। जल्दी ही कोसी नदी के बांध का निरीक्षण करेंगे।

–अनुराग सिंह
उप जिलाधिकारी, टांडा



अगर कोसी नदी का जलस्तर बढ़ा तो दो दर्जनों गांवों के लोगों को तटबंध की वजह से भारी परेशानी हो सकती है। अधिकारियों को अवगत करा दिया है। **– जावेद अली**



गांव रामपुर धम्मन से दढ़ियाल तक कई जगह कोसी बांध में दरारें पड़ गई हैं। प्रशासन को बांध को सही कराना चाहिए। ताकि किसी प्रकार की घटना न हो सके। **– अख्तर अली**



कोसी किनारे बने बांध में कई जगह दरारें पड़ी हुई हैं। लोगों में दहशत है कि अगर बरसात से पहले इसे सही नहीं कराया गया तो बाढ़ तबाही मचा सकती है। **– मोहम्मद फहीम**



देखरेख के अभाव में कोसी किनारे बने बांध में कई जगह दरारें पड़ गई हैं। बरसात के मौसम से पहले प्रशासन को इसे सही कराना चाहिए। ताकि हादसा नहीं हो सके। **– जीतू वर्मा**

# बिखरा हुआ समाज नहीं कर सकता तरक्की : कमल

- अशिक्षा के कारण पिछड़ रहे समाज के लोग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** तुरैहा मछुआ समाज के जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने कहा कि समाज में पिछड़ेपन का प्रमुख कारण केवल समाज का बिखराव और अशिक्षा है। जो अपने बच्चों को शिक्षा से दूर कर रहे हैं, वही आज परेशान भी हैं। जब तक समाज का प्रत्येक परिवार शिक्षा के महत्व को नहीं समझेगा, तब तक समाज का शोषण होता रहेगा। इसलिए समय की यही पुकार है कि समाज का हर बच्चा उच्च शिक्षा प्राप्त करे।

रविवार को सराय गेट स्थित बाबा तुरैहा रामस्वरूप की समाधि पर माता सन्तोषी के मन्दिर पर तुरैहा मछुआ समाज की बैठक हुई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि परिवार के अन्य खर्चे कम करने पड़े लेकिन बच्चों को शिक्षा अवश्य दिलाएं। एक बात हमेशा याद रखनी है कि जब तक समाज का प्रतिनिधित्व मजबूत नही होगा, तब तक किसी भी राजनीतिक पार्टी में उचित स्थान नहीं मिल सकता। लगभग सभी राष्ट्रीय और प्रदेश की राजनीतिक पार्टियों ने हमारे समाज के साथ सौतेला व्यवहार किया है। इसके कारण समाज लगातार पिछड़ेपन का शिकार हो रहा है। समाज का नाम लेकर जो भी समाज की नुमाइंदगी कर रहा है, वह सबसे पहले अपने परिवार को मजबूत कर रहा है। यह अच्छी बात नही है।

बैठक का संचालन करते हुए महामंत्री राम सिंह तुरैहा ने कहा कि हमें प्रदेश सरकार से बहुत उम्मीद थी। लेकिन सरकार गठन से अब तक तुरैहा समाज की एक भी मांग पूरी नहीं हो सकी है। नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। आज का दिन ऐतिहासिक है। इसकी समाज की तरफ से बधाई। क्योंकि देश को उन्नतिशील व शक्तिशाली बनाने में केवल भाजपा सरकार ही एक मात्र विकल्प है। आज केवल व केवल भाजपा है। इसके अलावा किसी के पास कोई मजबूत नेता नहीं है। अंत में केन्द्र में भाजपा की सरकार बनने पर मिठाई वितरित की गई।



बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा। ● अमृत विचार

### यह लोग रहे मौजूद

कमल कुमार मुन्ना, मुकेश कुमार, डॉ. कृपाल सिंह तुरैहा, गोविंद राम तुरैहा, बाल किशोर तुरैहा, संजीव कुमार, राजीव कुमार, दिनेश चन्द्र, अशोक कुमार, रामगोपाल तुरैहा उर्फ पंडित जी, रामकिशोर तुरैहा, मुरारी लाल तुरैहा, रामकिशोर तुरैहा, छत्रपाल सिंह तुरैहा, अरविन्द कुमार, प्रीतम, दिनेश कुमार, जगदीश कुमार, किशन लाल तुरैहा आदि।



दिल्ली में सम्मानित हुए खंड शिक्षाधिकारी सिद्दीक अहमद। ● अमृत विचार

## रामपुर के खंड शिक्षाधिकारी दिल्ली में हुए सम्मानित

**रामपुर, अमृत विचार :** सिविल लाइन क्षेत्र की डायमंड कालोनी निवासी सिद्दीक अहमद भगतपुर में खंड शिक्षाधिकारी हैं। कौमी उर्दू शिक्षक कर्मचारी संघ द्वारा दिल्ली गालिब एकेडमी में उन्हें राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके बाद जिले के शिक्षकों ने उन्हें सोशल मीडिया पर बधाई देने का सिलसिला शुरू कर दिया। हरि राम दिवाकर, राम बहादुर, राजवीर सिंह, मनोज कुमार सागर, फरजंद अली, होरी लाल सैनी, राकेश वर्मा, मुस्तफा अली आदि ने उन्हें फोन पर बधाई दी।

# पीएम के समारोह में शामिल हुए राज्यमंत्री व पूर्व सांसद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** दिल्ली में रविवार की शाम नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी, जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू और कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

चार जून को लोकसभा चुनाव की मतगणना हुई थी। इसमें भाजपा को बहुमत तो हासिल नहीं हुआ था, लेकिन कुछ दलों को अपनी तरफ ले लिया था। इसके बाद सभी दलों ने सर्वसम्मति से नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री चुना था। रविवार को तीसरी बार नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। इससे भाजपाई गदगद हो गए। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में रामपुर से कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी, भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू के अलावा महामंत्री अशोक विश्नोई, प्रदीप जाटव व दिनेश शर्मा शामिल हुए। पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर नरेंद्र मोदी को बधाई भी दी। इसके अलावा जिले भर में कार्यक्रम हुए। लोगों को शर्बत और मिठाई खिलाकर भाजपाइयों ने हर्ष जताया।



बलदेव सिंह औलख व घनश्याम सिंह लोधी।

- तीसरी बार नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने पर भाजपाइयों में खुशी

# नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री पद की हैट्रिक लगाने पर जताया हर्ष

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय सह-मीडिया प्रभारी फैसल मुमताज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पीएम पद की हैट्रिक लगाने पर हर्ष जताया। कहा कि एनडीए की तीसरी बार जीत 140 करोड़ भारतीयों की जीत है।

नरेंद्र मोदी ने आजादी के बाद गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री के तौर पर लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनकर इतिहास रच दिया है। इसे लेकर जनपद में भी हर्ष का माहौल है। लोग नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेते देखने के लिए आतुर रहे। तीसरी बार प्रधानमंत्री बन रहे नरेंद्र मोदी ने देश-दुनिया में भारत को नई गौरवमयी पहचान दी है। देश नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को विश्व गुरू के साथ ही विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनते देखना चाहता है।



उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने अल्पसंख्यकों के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। जनता ने एनडीए की जनप्रिय योजनाओं को पसंद किया है। बहुमत से उनको विजयी बनाया है। अब एक नए भारत की नींव पड़ चुकी है जो राष्ट्र विरोधी, जनविरोधी किसी भी कार्य को बर्दाश्त नहीं करेगी।

### मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर बांटी मिठाई

**स्वार, अमृत विचार :** नरेन्द्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री की शपथ लेने पर भाजपाइयों ने मिष्ठान वितरण कर खुशी का इजहार किया। देश में भाजपा को पूर्ण बहुमत न मिलने पर भाजपाइयों में मायूसी दिखाई दे रही थी। लेकिन एनडीए को पूर्ण बहुमत मिलने पर नरेन्द्र मोदी का प्रधानमंत्री बनना तय हो गया था। तीसरी बार नरेंद्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री की शपथ लेने पर भाजपाई खुश हैं। रविवार को नरेन्द्र मोदी ने देश के तीसरे प्रधानमंत्री की शपथ ली। इस पर भाजपाइयों ने खुशी का इजहार कर मिष्ठान वितरण किया। इस अवसर पर भाजपा के जिला मंत्री महेन्द्र सैनी, डॉ. कृष्णलाल चन्द्रा, लक्ष्मीकांत सैनी, प्रशांत शर्मा, लक्ष्मीनारायण सैनी, प्रफुल्ल गुप्ता, भुवनेश्वर सैनी आदि मौजूद रहे।

## एलईडी पर लिया इंडिया पाकिस्तान मैच का आनंद

**रामपुर, अमृत विचार :** रविवार को इंडिया-पाकिस्तान के बीच हो रहे मैच को देखने के लिए लोग शाम से ही टीवी से चिपक गए। युवा रास्ते में होने के कारण मोबाइल पर ही मैच देखते रहे। हालांकि बारिश होने से मैच बीच में रुकता रहा।

पिछले कुछ दिन से आईसीसी द्वारा टी-20 मैच हो रहे हैं। इसमें काफी टीमें हिस्सा ले रही हैं। रविवार को इंडिया और पाकिस्तान के बीच मैच देर शाम शुरू हो गया। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर इंडिया को पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया। इसके बाद टीम इंडिया की ओर से रोहित शर्मा और विराट कोहली ने मैच की शुरूआत की। एक ओवर होते ही बारिश पड़ने लगी। इसके बाद करीब साढ़े नौ बजे मैच फिर शुरू हुआ। इस पर लोग फिर टीवी से चिपक गए। इंडिया की ओर से खिलाड़ियों द्वारा चौके-छक्के मारे जाने पर युवा तालियां बजाते रहे।



रक्तदान शिविर के दौरान मौजूद लोग। ● अमृत विचार



शिविर में रक्तदान करते लोग। ● अमृत विचार

# रक्तदान करने से स्वस्थ रहता है शरीर : डा. अब्दुल्लाह

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** वर्क संस्था के संस्थापक डा. सैयद अब्दुल्लाह तारिक ने कहा कि रक्तदान करना सबसे बड़ा पुण्य है। रक्तदान से हम किसी की जान बचा सकते हैं। रक्तदान करने से हमारा शरीर पूरी तरह स्वस्थ रहता है।

नसरुल्लाह खां बाजार स्थित वर्क संस्था के कार्यालय पर रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 40 लोगों ने रक्तदान किया। संस्था के संस्थापक ने कहा कि उनकी संस्था समय-समय पर समाज सेवा के कामों में बढ़-चढ़कर भाग लेती है। ताकि समाज के दबे कुचले लोगों को मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। कहा कि आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत रक्तदान है। हमें रक्तदान करते रहना चाहिए ताकि किसी की जान बचाई जा सके। यह इंसान को इंसान से जोड़ने का काम करता है। इस मौके पर धनंजय पाठक, सूमो तारिक, अलीना बारा, प्रदीप कुमार, निक्कू पंडित, जावेद नसीम, बबलू खान, तमकीन फैयाज, अजहर इनायती, शकील गौस आदि मौजूद रहे।

### शिविर में 100 लोगों ने किया रक्तदान

**रामपुर, अमृत विचार :** आदर्श रामलीला मैदान में 11 जून को बाबा श्याम का संकीर्तन महोत्सव होने जा रहा है। इसी के उपलक्ष्य में रविवार को समर्पण एक प्रयास सेवा समिति की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें करीब 100 लोगों ने रक्तदान किया। बाबा श्याम का संकीर्तन महोत्सव 11 जून को आदर्श रामलीला ग्राउंड सिविल लाइंस में होगा। इसमें बाबा श्याम के भजनों की अमृत वर्षा करने पटना से गिन्नी कौर, चंडीगढ़ से प्रमोद त्रिपाठी तथा झारखंड से कृष्ण अग्रवाल आ रहे हैं। भव्य संकीर्तन महोत्सव में बाबा का आलौकिक दरबार, छप्पन भोग, फूलों की होली श्याम भक्त परिवार के तत्वावधान में कराया जा रहा है। इसी के तहत रविवार को समर्पण एक प्रयास सेवा समिति ने रक्तदान शिविर लगाया। इसमें श्याम भक्त परिवार के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## समस्या

### लोगों ने शहर विधायक को दिया पत्र, सीलन से बीमारियां फैलने का खतरा

# दुर्गा कॉलोनी में नाली नहीं होने से घरों में सीलन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** आगापुर रोड स्थित दुर्गा कॉलोनी की सड़क कच्ची होने के कारण घरों के आगे जलभराव हो रहा है। पानी की निकासी नहीं होने से घरों में सीलन आ रही है। इससे बीमारियां फैलने का खतरा है। घरों में सीलन आने से लोगों को काफी नुकसान भी हो रहा है।

कॉलोनी निवासी अंजू, अनुज, सेजल, राहुल, भूपेंद्र, दिनेश यादव और लोकेश यादव का कहना है कि घरों के आगे नालियों का पानी सड़क कच्ची होने के कारण नहीं निकल पाता है। इसके चलते जलभराव हो रहा है। लोगों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आसपास के घरों में सीलन आ रही है। इससे बीमारियां फैलने का खतरा बना रहता है। उन्होंने बताया कि नाली बनवाने के लिए कई बार पालिका के अधिकारियों को बताया जा चुका है। अधिकारियों का कहना है कि यह क्षेत्र पालिका के अंतर्गत नहीं है। समस्या का समाधान नहीं होने पर शहर विधायक आकाश सक्सेना को पत्र भेजा है। इसमें मांग की गई है कि कॉलोनी में जल्द ही सड़क और नाली बनवायी जाए। सड़क और नाली का निर्माण होने से लोगों को काफी हद तक राहत मिलेगी।



पानी के निकासी के लिए सफाई करते लोग। ● अमृत विचार



नाली व सड़क का निर्माण कराने के लिए शहर विधायक को पत्र दिया है। निर्माण होने से लोगों को आने-जाने में दिक्कत नहीं आएगी। **– दिनेश यादव**



कॉलोनी में सड़क और नाली बननी चाहिए। सड़क-नाली की हालत सही नहीं है। इसी वजह से मकानों व दीवारों में सीलन आ रही है। **– धर्मेंद्र यादव**



नाली में जमा पानी की निकासी लोग खुद कर रहे हैं। कच्ची सड़क पर जलभराव होने से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। **– चारू**



कॉलोनी के लोग कई बार नाली व सड़क का निर्माण कराने के लिए पालिका के अधिकारियों को बता चुके है। वह कह रहे है कि क्षेत्र पालिका के अधीन नहीं है। **– भूपेंद्र**

## होर्डिंग-फ्लैक्स दे रहे हादसों को न्योता

**रामपुर, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद के अधिकारियों की मिलीभगत से मुख्य मार्गों पर लगे बड़े-बड़े होर्डिंग और फ्लैक्स हादसों को न्योता दे रहे हैं। आंधियों और बारिश का मौसम आने वाला है। आंधी में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

शाहबाद गेट, बाजार नसरूल्लाह खां, मालगोदाम, बिलासपुर गेट स्थित मुख्य जगहों पर होर्डिंग और फ्लैक्स लगे हैं। 15 जून से बरसात का मौसम शुरू हो जाएगा। आंधी चलने के दिन आ जाएंगे। आंधी से कभी भी फ्लैक्स और होर्डिंग उखड़ सकते हैं और कोई बड़ा हादसा हो सकता है। कर विभाग के राजस्व निरीक्षक संजीव कुमार ने बताया कि जिन लोगों को नोटिस दिए गए थे, उन्हें कुछ समय दिया गया था। समयावधि पूरी होने पर टीम को भेजा जाएगा और छतों पर लगे होर्डिंग और फ्लैक्स हटवाए जाएंगे।



मिलक खानम के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जन आरोग्य मेले में मौजूद चिकित्सक।

# जन आरोग्य मेले में 1985 रोगियों को मिला उपचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जनपद के आठ स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न रोगों से पीड़ित मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। केंद्रों पर 1985 रोगियों को उपचार दिया गया।

रविवार को जिले के सभी सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर जन आरोग्य मेला का आयोजन किया। इनमें 831 पुरुष, 848 महिला और 306 बच्चों को उपचार दिया गया। सभी केंद्रों पर 1985 रोगियों को देखा गया। मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एसपी सिंह ने मेलों का निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सक व फार्मासिस्ट को रोगियों को उपचार या जांच कराने में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने देने के निर्देश दिए।

**आज का मौसम**

आसमान में धूप खिली रहेगी। मौसम शुष्क रहेगा।

42.0⁰ अधिकतम तापमान | 27.0⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:19 | सूर्यास्त 07:21

## एक नजर


तमंचे के साथ पकड़े गए आरोपी।

### पुलिस ने तमंचे के साथ दो आरोपी किए गिरफ्तार

**धमोरा, अमृत विचार :** शहजादनगर पुलिस ने दो युवकों को तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है। शनिवार की रात पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। तभी चमरपुरा की तरफ से दो युवक आते दिखाई दिए। शक होने पर पुलिस ने दोनों को रोक लिया। तलाशी में प्रदीप कुमार के पास से तमंचा और साहिब के पास से दो कारतूस मिले। पुलिस ने दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके उन्हें कोर्ट में पेश किया। जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।

### पुलिस ने मारपीट के आरोपी को पकड़ा

**रामपुर, अमृत विचार :** मारपीट के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थाना चंचल निवासी ग्राम दौंकपुरी टांडा मारपीट के मामले में फरार चल रहा था। अजीमनगर पुलिस ने रविवार को उसे घर से गिरफ्तार कर लिया।

### फरार चल रहे आरोपी को किया गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया है। इमरान निवासी ग्राम अहरो मारपीट के मामले में फरार चल रहा था। रविवार को खजुरिया पुलिस ने आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस काफी समय से आरोपी को तलाश रही थी।

# सड़क हादसे में पेंट कारोबारी की मौत, पत्नी गंभीर

## कोसी पुल पर अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दंपति को मारी टक्कर, घायल महिला को जिला अस्पताल में कराया भर्ती

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** कोसी पुल पर अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दंपति को टक्कर मार दी। इसमें पेंट कारोबारी की मौत हो गई। जबकि उसकी पत्नी घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कारोबारी के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। घायल महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर उसे बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। पेंट कारोबारी की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के गंगापुर आवास विकास निवासी दुलीचंद्र (60) पेंट कारोबारी थे। रविवार की दोपहर करीब 11 बजे वह अपनी पत्नी चमेली देवी के साथ रिश्तेदारी में मुरादाबाद जा रहे थे। कोसी पुल के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। इसमें दुलीचंद्र की मौके पर मौत हो गई, जबकि चमेली देवी घायल हो गईं। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने दुलीचंद्र के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। जबकि घायल चमेली देवी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर महिला को मुरादाबाद के एक अस्पताल में रेफर कर दिया। पेंट कारोबारी की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।


जिला अस्पताल में भर्ती घायल चमेली देवी। ● अमृत विचार

**अस्पताल में मची चीख-पुकार :** दुलीचंद्र की मौत और चमेली देवी के घायल होने की जानकारी मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। रिश्तेदार और बेटे-बेटियां मौके पर पहुंच गए। पिता के शव को देख वह बुरी तरह बिलखने लगे। परिजन चमेली देवी को बेहतर इलाज के लिए मुरादाबाद ले गए।

जिला अस्पताल में काफी देर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। मृतक दुलीचंद के परिवार में तीन बेटी और चार बेटे हैं। सभी की शादी हो चुकी हैं।


पेंट कारोबारी की मौत के बाद बिलखते परिजन। ● अमृत विचार

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत



**रामपुर, अमृत विचार :** थाना गंज क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इसके बाद परिजनों ने उसे दफन कर दिया। पुलिस ने घटना की जानकारी से इंकार किया है। गंज थाना क्षेत्र के अंगूरी बाग निवासी 18 वर्षीय इमरान की रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने युवक का दफन कर दिया। गंज प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि युवक काफी समय से डिप्रेशन में था। उसका उपचार भी चल रहा था। इसके अलावा और किसी प्रकार की तहरीर नहीं आई है। जबकि मोहल्ले में उसके आत्महत्या करने की चर्चा है। पुलिस ऐसी घटना से इंकार कर रही है।

## प्रेमिका से मिलने गए युवक को परिजनों ने बंधक बनाकर पीटा

**मसवासी, अमृत विचार :** प्रेमिका से मिलने उसके घर पहुंचे युवक को परिजनों ने पकड़ लिया और बंधक बनाकर उसकी जमकर पिटाई की। घायल को स्वार के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। हालत नाजुक होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

चौकी क्षेत्र के एक गांव में युवक और युवती का प्रेम-प्रसंग चल रहा है। शनिवार की रात युवक प्रेमिका से मिलने उसके घर पहुंच गया। सुगबुगाहट होने पर परिजनों ने दोनों को पकड़ लिया। कई लोगों ने मिलकर युवक की बुरी तरह पिटाई कर दी।

इसमें वह घायल हो गया। घायल युवक को स्वार के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। चौकी प्रभारी रोहित कुमार ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर जांचोपरांत कार्रवाई की जायेगी।

## तलाकशुदा पति-पत्नी का 12 साल बाद हुआ निकाह

संवाददाता, सैदनगर

- पति-पत्नी ने फिर से निकाह कर साथ रहने की ठानी

**अमृत विचार :** किसी कारणवश दंपति के बीच 12 साल पहले तलाक हो गया। इसके बाद पति-पत्नी के रास्ते भी अलग हो गए। मगर 12 साल के बाद दोनों एक बार फिर से साथ रहने के लिए तैयार हो गए। इस पर उन्होंने निकाह कर लिया। महिला का हलाला हो चुका है। यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना है।

मामला अजीमनगर थाना क्षेत्र के इमरता गांव का था। यहां रहने वाले अफसर अली की शादी 2004 में रामपुर निवासी युवती के साथ हुई थी। शादी के बाद कुछ दिन तक तो सब कुछ ठीक रहा मगर बाद में उनके बीच अनबन रहने लगी। बात इतनी बढ़ी की नौबत तलाक तक पहुंच गई। शादी के आठ साल बाद आखिरकार पति-पत्नी का तलाक हो गया। पंचायत में हुए निर्णय के मुताबिक उन्होंने चार बच्चों को भी बांट लिया। इसके बाद महिला अपने दोनों बच्चों के साथ मायके में रहने लगी।

बताते हैं दो दिन पहले पति-पत्नी ने फिर से निकाह करके साथ रहने की ठान ली। आपसी सहमति के बाद शनिवार देर रात निकाह के बाद तलाकशुदा पत्नी फिर से अपने पति के घर आ गई। तलाक के 12 साल बाद हुआ निकाह पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## मसवासी में फिर दिखा तेंदुआ, वीडियो वायरल

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** पट्टीकलां में तेंदुए के देखे जाने के कारण लोगों में दहशत बनी हुई है। तेंदुए की चहलकदमी करते हुए वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। तेंदुआ दिखाई देने की सूचना पर वन विभाग की टीम ने जंगल में कांबिंग की। इस दौरान टीम को जगह-जगह तेंदुए के पदचिन्ह मिले हैं।

शुक्रवार को क्षेत्र के रहमतगंज गांव में खेतों पर मजदूरी करने गए ग्रामीणों ने तेंदुए को जंगल में चहलकदमी करते हुए देखा था। इससे ग्रामीणों में हड़कंप मच गया था। मामले की सूचना पर वन विभाग की टीम ने जंगल में कांबिंग भी की थी, लेकिन तेंदुए का सुराग नहीं मिला था।

शनिवार की रात करीब नौ बजे पट्टीकलां में कुबेर स्टोन क्रेशर के नजदीक तेंदुए को चहलकदमी करते हुए देखा गया है। बुढ़िया फॉर्म निवासी बयंत सिंह ने बताया कि कुबेर स्टोन क्रेशर के नजदीक उनके खेत हैं। शनिवार की रात करीब नौ बजे वह पड़ोसी के साथ खेत पर गए थे। तभी उन्होंने तेंदुए को चहलकदमी करते देखा था। उन्होंने अपने मोबाइल से उसकी वीडियो बना ली। बयंत सिंह ने गांव पहुंचकर मामले की जानकारी अन्य ग्रामीणों को दी। जब तक ग्रामीण मौके पर पहुंचे तब तक तेंदुआ वहां से जा चुका था।


तेंदुए की तलाश में कांबिंग करती वन विभाग की टीम। ● अमृत विचार

रविवार को सूचना पर पहुंचे वन दरोगा शील कुमार ने टीम के साथ जंगल में कांबिंग की। वन दरोगा ने बताया है कि ग्रामीणों द्वारा दी गई सूचना पर पट्टीकलां में बुढ़िया फॉर्म के नजदीक कुबेर स्टोन क्रेशर के पास जंगल में कांबिंग की। वहां जगह-जगह तेंदुए के पदचिन्ह मिले हैं। लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। तेंदुए की लोकेशन ट्रेस की जा रही है। लोकेशन मिलते ही उसे पकड़ने के लिए पिंजरा लगा दिया जाएगा। उधर तेंदुआ देखे जाने से लोगों में दहशत का माहौल है।

## नशीला बिस्कुट खिलाकर नगदी और मोबाइल लूटा

संवाददाता, स्वार

- मुंबई से घर लौटते समय युवक के साथ हुई घटना
- बेहोशी की हालत में युवक को सीएचसी में कराया भर्ती

**अमृत विचार :** मुंबई में हेयर कटिंग का काम करने वाले युवक को जहरखुरानी गिरोह ने अपना शिकार बना लिया। नशीला बिस्कुट खिलाकर युवक से 25 हजार रुपये, मोबाइल और बैग लूट लिया। परिजनों ने युवक को बेहोशी की हालत में सीएचसी में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत में सुधार है।

नगर के मोहल्ला रसूलपुर नई बस्ती निवासी शफीक अहमद का बेटा तौफीक मुंबई में रहकर बाल काटने का काम करता है। तौफीक घर आ रहा था। रविवार सुबह बारबर दिल्ली से रामपुर का टिकट लेकर वह रोडवेज की बस में बैठ गया। दिल्ली से निकलने के बाद उसके पास बैठे जहरखुरानी गिरोह के सदस्य ने नशीला बिस्कुट खिला दिया। बिस्कुट खाते ही तौफीक बेहोश हो गया। इसके बाद जहरखुरानी गिरोह के सदस्य ने उसके पास मौजूद 25 हजार रुपये, मोबाइल और बैग लूट लिया। परिचालक ने रामपुर में यात्रियों को उतारा तब तौफीक बेहोशी की हालत में मिला। चालक-परिचालक ने उसे उतार दिया। आधार कार्ड पर दर्ज पते के अनुसार किसी टेंपो चालक ने बेहोशी की हालत में उसे घर पहुंचाया। परिजन युवक की हालत देख घबरा गए। उन्होंने आनन-फानन में युवक को सीएचसी में भर्ती कराया। हालत में सुधार होने पर परिजन उसे घर ले गए। पुलिस को मामले की सूचना नहीं दी गई है।

## रॉयल्टी से अधिक बालू ले जा रहे दो ट्रक किए सीज

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** रविवार तड़के नायब तहसीलदार ने रॉयल्टी से अधिक बालू भरकर ले जा रहे दो ट्रक सीज कर दिए। ट्रकों को पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने उन्हें मंडी में खड़ा कर दिया है।

रविवार को नायब तहसीलदार अरविन्द कुमार शर्मा ने चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान उन्हें खनन से भरे ट्रक दिखाई दिए।ओवरलोडिंग का अंदेशा होने पर ट्रकों को तुलवा गया। ट्रकों में मानक से अधिक भार पाया गया। इस पर उन्होंने पकड़े गए दो ट्रक सीज कर दिए।

नगर वासियों ने डीएम से शिकायत कर अवैध खनन कर रहे डंपरों पर रोक लगाने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि डंपर चालकों की लापरवाही से लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। इनमें लोग अपनी जान भी गवां रहे हैं। इसी के साथ बेतरतीब चल रहे ओवरलोड डंपरों से रोड भी खराब हो रही है। उन्होंने ओवरलोड चल रहे सभी वाहनों पर रोक लगाने की मांग की है।


ओवरलोडिंग में ट्रक को सीज करते नायब तहसीलदार। ● अमृत विचार

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल

**स्वार, अमृत विचार :** तेजगति से आ रहे 22 टायरा ट्रक ने अनियंत्रित होकर बाइक को रौंद दिया। इसमें बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

रविवार को तहसील क्षेत्र के गांव असालतपुरा निवासी फरजंद अली और हसमत अली बाजपुर मार्ग स्थित जिया पैलेस में दावत खाने गए थे। वापस आते समय नो एंट्री में घुसे 22 टायरा ट्रक ने उनकी बाइक को रौंद दिया। हादसे में बाइक सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने पुलिस और घायलों के परिजनों को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। इस बीच चालक वाहन को छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लिया है। चिकित्सक ने दोनों घायलों की हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## दहेज हत्या की आरोपी सास गिरफ्तार, जेठानी फरार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- आरोपी पति को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है पुलिस

**अमृत विचार :** दहेज में पांच लाख रुपये नहीं मिलने पर ससुरालियों ने महिला की तीन जून को हत्या कर दी। इसके बाद शव को फंदे पर लटका दिया था। इस मामले में फरार चल रही सास रूपवती को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

पटवाई थाना क्षेत्र के गांव लालपुर पट्टी खुर्द निवासी गजराम सिंह ने अपनी बेटी ज्योति की शादी एक मई 2023 को केमरी थाना क्षेत्र के गांव रामनगरिया निवासी मुकेश से की थी। शादी के तीन माह बाद ही पति मुकेश, सास रूपवती व जेठानी सर्वेश कम दहेज लाने के लिए उसे परेशान करते थे। वह दहेज में पांच लाख रुपये की मांग करते थे। इंकार करने पर उसके साथ मारपीट करते थे।

तीन जून को आरोपियों ने ज्योति की हत्या करके शव को फंदे पर लटका दिया। जानकारी पाकर वह ससुराल पहुंचे। इसके बाद उन्होंने पुलिस को तहरीर दी। मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति मुकेश, जेठानी सर्वेश और सास रूपवती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। घटना के बाद सभी आरोपी फरार हो गए थे। पुलिस ने मृतका के पति को पहले ही गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। जबकि मृतका की सास और जेठानी फरार थीं। पुलिस ने रविवार को दहेज हत्या की आरोपी मृतका की सास रूपवती को भी गिरफ्तार कर अदालत में में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस मृतका की जेठानी की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

## डूंगरपुर के एक मामले में आज आ सकता है फैसला

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सपा नेता आजम खां से जुड़े डूंगरपुर के एक और मामले में शुक्रवार को दोनों पक्षों की बहस पूरी हो गई थी। अब इस मामले में सोमवार को फैसला आ सकता है। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में काफी समय से चल रही है।

सपा नेता आजम खां के खिलाफ 2019 में डूंगरपुर बस्ती में रहने वाले लोगों ने बस्ती को खाली कराने के नाम पर लूटपाट, चोरी, मारपीट व छेड़खानी समेत अन्य धाराओं में गंज थाने में कई मुकदमे दर्ज कराए थे। इनकी सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में चल रही है। सपा नेता आजम खां फिलहाल सीतापुर जेल में बंद हैं। बस्ती निवासी एक व्यक्ति द्वारा दर्ज कराए गए एक मुकदमे में दोनों पक्षों की ओर से शुक्रवार को बहस पूरी कर ली गई थी। कोर्ट अब इस मामले में दस जून को फैसला सुना सकती है। इस मामले में सपा नेता आजम खां, उनके करीबी रह चुके फसाहत अली खां शानू, इमरान, इकराम, शावेज खां, ठेकेदार बरकत अली को आरोपी बनाया गया है।

### डूंगरपुर से जुड़े चार मामलों में आ चुका फैसला



सपा नेता आजम खां पर 100 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। इनमें लगातार सुनवाई चल रही है। मकानों पर बुलडोजर चलवाने के मामले में आजम खां पर गंज थाने में डूंगरपुर से जुड़े 12 मुकदमे दर्ज हुए थे। इनमें अब तक चार मुकदमो में फैसला आ चुका है। दो मामलों में सपा नेता बरी हो चुके हैं, जबकि दो में सजा हो चुकी है। अब सोमवार को एक और मामले में फैसला आ सकता है।

### चुराए गए बिजली के 20 किलोग्राम तार समेत आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** तार चोरी के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने पकड़ लिया। इसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। केमरी थाना क्षेत्र में कुछ माह पहले बिजली के तार बिछाने का काम चल रहा था। 21अगस्त को वहां ड्रम से 4700 मीटर तार चोरी हो गया था। ठेकेदार ने थाना केमरी में खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने फरार चल रहे मोहम्मद जफर निवासी मोहल्ला सुन्नीनगर कस्बा व थाना बहेड़ी जिला बरेली को चाकू के साथ ग्राम सिमरा मोड़ से गिरफ्तार किया। आरोपी की निशादेही पर चुराया गया करीब 20 किलोग्राम तार बरामद कर लिया।



छुट्टियों में फास्ट फूड खाने की जिद कर रहे बच्चे, अस्पताल की ओपीडी में रोजाना बढ़ रही रोगियों की संख्या

# फास्ट फूड बढ़ा रहा पेट दर्द और डायरिया के मरीज

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** गर्मी में फास्ट फूड लोगों को बीमार कर रहा है। खासकर बच्चे गर्मी की छुट्टियों में फास्ट फूड खाने की जिद कर रहे हैं। इसे खाने से लोग पेट दर्द से परेशान हो रहे हैं और डायरिया की चपेट में आ रहे हैं। मोटापा समेत अन्य परेशानियां भी बढ़ रही हैं। जिला चिकित्सालय व अन्य अस्पतालों की ओपीडी में डायरिया व गलत खानपान से हुई परेशानियों से जूझ रहे मरीजों की संख्या बढ़ी है। चिकित्सक मरीजों को फास्ट फूड व बाहर का खाना न खाने की सलाह दे रहे हैं।

जनरल फिजिशियन डॉ. दशरथ सिंह, डॉ. डीके वर्मा, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. पल्लव सिंघल का कहना है कि लोगों में जंक फूड, पिज्जा, बर्गर, चाउमीन, चिप्स और सॉफ्ट ड्रिंक्स की आदत तेजी से बढ़ रही है। जंक फूड को स्वादिष्ट बनाने के लिए दुकानदारों द्वारा तरह-तरह के मसालों, केमिकल्स और ऑयल का इस्तेमाल किया जा रहा है। डाक्टरों की सलाह है कि जंक फूड का सेवन न करें। गर्मी में सॉफ्ट ड्रिंक के बजाए नींबू पानी, छाछ, दही, आम पना, शिंकजी, बेल का शर्बत, खरबूजा और खीरा आदि का प्रयोग करें।

चिकित्सकों का यह भी कहना है कि जंक फूड ऐसा खाद्य पदार्थ है जो बहुत ही तैलीय और उच्च कैलोरी वाला होता है। इसमें पोषक तत्वों की मात्रा बहुत कम होती है। इसमें अधिक मात्रा में शुगर, सॉल्ट और उच्च कैलोरी पाई जाती है, जो स्वास्थ के लिए काफी नुकसानदेह होता है।


इमरजेंसी वार्ड में रोगी को परामर्श देते डा. शशांक झा। ● अमृत विचार

### रविवार को डायरिया वार्ड में भर्ती हुए 37 रोगी

रविवार को अवकाश के कारण जिला अस्पताल की इमरजेंसी में डा. शशांक झा ने आईपीडी की। सुबह आठ से दोपहर दो बजे तक 60 रोगियों को देखा। इसमें 37 रोगियों उलटी, दस्त और बुखार की शिकायत मिली। हालत गंभीर देख उन्हें डायरिया वार्ड में भर्ती कराया। उन्होंने रोगियों को एहतियात बरतने की सलाह दी।

## सड़क हादसों में तीन लोग घायल, रेफर

**शाहबाद, अमृत विचार :** जनपद में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में तीन लोग घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने घायलों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद घायलों की गंभीर हालत के चलते हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

सैफनी थाना क्षेत्र के गांव रूपपुर निवासी मित्रपाल शनिवार की रात चंदौसी मार्ग से रूपपुर आ रहे थे। रास्ते में उनकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई।

वहीं, कोतवाली क्षेत्र के गांव तुरखेड़ा निवासी अजय शर्मा सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। दूसरी ओर कस्बे के मंगोली निवासी ओम सिंह भी सड़क हादसे का शिकार हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।



जमीन का निरीक्षण करते अधिकारी। ● अमृत विचार

## लखनऊ से आई टीम ने चिह्नित जमीन का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जनपद के गांव रायपुर में होमगार्ड कार्यालय के लिए जमीन मिल चुकी है। रविवार को लखनऊ से आई दो सदस्यीय टीम ने चिह्नित जमीन का निरीक्षण किया।

जिला पंचायत कार्यालय में काफी समय से जिले का होमगार्ड कार्यालय है। कुछ दिन पहले ही रायपुर में कार्यालय बनाने के लिए जमीन चिह्नित की गई थी। इसी के चलते रविवार को अपर मुख्य सचिव होमगार्डस लखनऊ अनिल कुमार ने दो सदस्यीय टीम का गठन किया। रविवार को इस टीम को स्थलीय निरीक्षण के लिए भेजा गया। इसमें स्टाफ आफिसर टू कमाडेंट जनरल होमगाड्र्स मुख्यालय लखनऊ विनय कुमार मिश्र एवं डिवीजनल कमांडेन्ट होमगाड्र्स मंडल लखनऊ से संजय सिंह शामिल रहे।

जिला कमाडेंट होमगाड्र्स कृपा शंकर पांडेय एवं डिवीजनल कमांडेंट होमगाड्र्स ने आंवटित भूमि का निरीक्षण किया। इस दौरन जिला कार्यालय का स्टाफ भी मौजूद रहा।

## पुलिस ने अभियान चलाकर 20 वाहनों के चालान काटे

**रामपुर, अमृत विचार :** बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने रविवार को 20 वाहनों के चालान काटे। इस कार्रवाई से वाहन स्वामियों में हड़कंप मच गया। हादसों पर रोक लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं।

जिसके बाद ट्रैफिक पुलिस रोजाना वाहन चेकिंग अभियान चला रही है। इसी के तहत शनिवार दोपहर को ट्रैफिक पुलिस ने स्टार चौराहे पर अभियान चलाकर 20 वाहन चालकों के चालान काटे। टीआई विजेंद्र सिंह का कहना है कि अधिकारियों के निर्देश पर चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## एक नजर

### जेईई परीक्षा में आदित्य राज को मिली 276वीं रैंक



रामपुर, अमृत विचार : दयावती मोदी अकादमी स्कूल के 12वीं से पास आउट छात्र आदित्य राज ने जेईई परीक्षा में 276वीं रैंक प्राप्त की। रविवार को जेईई परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ। आदित्य राज की अच्छी रैंक आने पर माता-पिता ने खुशी व्यक्त की। दयावती मोदी अकादमी स्कूल के स्टॉफ ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### बिलासपुर गेट क्षेत्र की दो घंटे ठप रही बिजली

रामपुर, अमृत विचार : बिलासपुर गेट क्षेत्र की विद्युापूर्ति रविवार की शाम चार से छह बजे तक ठप रही। दो घंटे तक बिजली नहीं आने से उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा। भीषण गर्मी में बिजली कटौती धड़ल्ले से हो रही है। रविवार को दो घंटे आपूर्ति नहीं आने पर उपभोक्ताओं का हाल बेहाल हो गया। जेई अजय यादव ने बताया कि उपकेंद्र के तारों में खराबी आ गई थी। इसे सही कराने के बाद आपूर्ति बहाल करा दी गई।

### जिला अस्पताल के पार्क में बन रहा प्याऊ

रामपुर, अमृत विचार : जिला अस्पताल में आने वाले रोगियों व तीमारदारों के लिए पार्क में प्याऊ का निर्माण कराया जा रहा है। प्याऊ का निर्माण होने से लोगों को पानी के लिए इधर-उधर नहीं भागना पड़ेगा। वैसे तो जिला अस्पताल में पहले से ही पोस्टमार्टम हाउस के बाहर एक प्याऊ है। इसका शुभारंभ मंडलायुक्त ने किया था। मगर काफी दूरी होने की वजह से पैरामेडिकल स्टॉफ को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। एक मशीन चौकी के पास लगी है। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए प्याऊ का निर्माण कार्य चल रहा है।

### चादरवाला बाग में आयोजित हुई बैठक

रामपुर, अमृत विचार : डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन की बैठक का आयोजन चादरवाला बाग में किया गया। जिलाध्यक्ष दीपक त्यागी ने 28 जून को होने वाले प्रांतीय चुनाव को लेकर चर्चा की। सभी फार्मासिस्ट से कहा कि कार्यक्रम में अधिक से अधिक शामिल होकर सफल बनाए। इस अवसर पर हरीश धोनी, आमिर मसूद, सुधांशु शुक्ला, राधेश्याम और नवेद इकबाल, अरविंद श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।

# ईद पर हलाल के पैसे से करें कुर्बानी

## तीन दिन तक होती है कुर्बानी, कुर्बानी के पीछे बंदों की नीयत देखता है अल्लाह

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बकरीद यानि ईद उल अजहा पर कुर्बानी दी जाती है। यह एक जरिया है, जिससे बंदा अल्लाह की रजा हासिल करता है। बेशक अल्लाह को कुर्बानी का गोश्त नहीं पहुंचता, लेकिन वह कुर्बानी के पीछे बंदों की नियत देखता है। अल्लाह को पसंद है कि बंदा उसकी राह में अपना हलाल तरीके से कमाया हुआ धन खर्च करे। हर साहिबे माल अपनी हैसियत के मुताबिक कुर्बानी का जानवर खरीदकर कुर्बानी करता है। कुर्बानी में दिखावा या तकब्बुर आ गया तो उसका सवाब जाता रहेगा।

मौलाना जमां बाकरी बताते हैं कि कुर्बानी का इतिहास देखें तो हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम एक पैगंबर गुजरे हैं, जिन्हें ख्वाब में अल्लाह का हुक्म हुआ कि वे अपने प्यारे बेटे इस्माईल (जो बाद में पैगंबर हुए) को अल्लाह की राह में कुर्बान कर दें। यह इब्राहीम अलैहिस्सलाम के लिए एक इम्तेहान था, जिसमें एक तरफ थी अपने बेटे से मुहब्बत और दूसरी तरफ अल्लाह का हुक्म था। इब्राहीम अलैहिस्सलाम ने सिर्फ और सिर्फ अल्लाह के हुक्म को पूरा किया। अल्लाह को राजी करने की नीयत से अपने लख्ते जिगर हजरत इस्माईल अलैहिस्सलाम की कुर्बानी देने को तैयार हो गए।

अल्लाह रहीमो करीम है। वह दिल के हाल जानता है। जैसे ही इब्राहीम अलैहिस्सलाम छुरी लेकर अपने बेटे को कुर्बान करने लगे, वैसे ही फरिश्तों के सरदार जिब्रील अमीन ने बिजली की तेजी से इस्माईल अलैहिस्सलाम को छुरी के नीचे से हटाकर उनकी जगह एक दुंबे को रख दिया। इस तरह इब्राहीम अलैहिस्सलाम के हाथों दुंबे के जिब्हा होने के साथ पहली कुर्बानी हुई। इसके बाद जिब्रील अमीन ने इब्राहीम अलैहिस्सलाम को खुशखबरी सुनाई कि अल्लाह ने आपकी कुर्बानी कुबूल कर ली है और अल्लाह आपकी कुर्बानी से राजी है।

कुर्बानी का मकसद बेशक अल्लाह दिलों के हाल जानता है और वह खूब समझता है कि बंदा जो कुर्बानी दे रहा है, उसके पीछे उसकी क्या नियत है। जब बंदा अल्लाह का हुक्म मानकर महज अल्लाह की रजा के लिए कुर्बानी करेगा तो यकीनन वह अल्लाह की रजा हासिल करेगा। अगर कुर्बानी करने में दिखावा या तकब्बुर (अहंकार) आ गया तो उसका सवाब (पुण्य) जाता रहेगा। कुर्बानी इज्जत के लिए नहीं, बल्कि अल्लाह की इबादत समझकर की जाए।

### हर धनवान व्यक्ति पर फर्ज है कुर्बानी

शरीयत के मुताबिक कुर्बानी हर उस औरत और मर्द के लिए वाजिब है, जिसके पास 13 हजार रुपये या उसके बराबर सोना-चांदी या तीनों मिलाकर भी 13 हजार रुपये के बराबर हैं। ईद उल अजहा पर कुर्बानी देना वाजिब है। वाजिब का मुकाम फर्ज से ठीक नीचे है। अगर साहिबे हैसियत होते हुए भी किसी शख्स ने कुर्बानी नहीं दी तो वह गुनाहगार होगा। जरूरी नहीं कि कुर्बानी किसी महंगे जानदार की हो। हर जगह कुर्बानी के हिस्से होते हैं। उसमें भी हिस्सेदार बन सकते हैं। अगर किसी शख्स ने साहिबे हैसियत होते हुए कई वर्ष से कुर्बानी नहीं दी तो वह साल के बीच में सदका करके इसे अदा कर सकता है। सदका एक बार में न करके थोड़ा-थोड़ा भी दिया जा सकता है। सदके के जरिये से ही मरहूमों की रूह को सवाब पहुंचाया जा सकता है।



कुर्बानी के गोश्त के तीन हिस्से करने की शरीयत में सलाह है। एक हिस्सा गरीबों में तकसीम किया जाए। दूसरा हिस्सा अपने दोस्त अहबाब के लिए इस्तेमाल किया जाए। तीसरा हिस्सा अपने घर में इस्तेमाल किया जाए। अगर खानदान बड़ा है तो दो या ज्यादा हिस्से भी किए जा सकते हैं। गरीबों में गोश्त तकसीम करने का ज्यादा सवाब है। कुर्बानी का सिलसिला ईद के दिन को मिलाकर तीन दिन तक चलता है।

**- मौलाना जमां बाकरी, पेश इमाम, मस्जिद किला**

## भ्रष्टाचार पर मौन साध रहे अधिकारी : शंखधार

**मिलक, अमृत विचार :** भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष आदेश शंखधार ने कहा कि जनपद में अधिकांश सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार चरम पर है। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस मुद्दे पर मौन साधे हुए हैं।

कहा कि अधिकारी सरकार की छवि को धूमिल करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। अधिकारी कार्यालयों में कुर्सी पर बैठकर आराम फरमा रहे हैं। अधीनस्थ कर्मचारी जनता को लूटने में लगे हैं।

किसान नेता ने कहा कि खुलेआम किसानों को लूटा जा रहा है। अगर अधिकारियों से शिकायत कर दी जाए तो वह ईर्ष्या करने लगते हैं। भारतीय किसान संघ ने एक मार्च को उप जिलाधिकारी के पेशकार जुनैद खान को एंटी करप्शन टीम से रंगे हाथ पकड़वा दिया था। तभी से तहसील के जिम्मेदार अधिकारी किसानों से ईर्ष्या करने लगे हैं। आदेश शंखधार ने कहा कि हमें इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ने वाला। अधिकारी किसानों की सेवा के लिए ही नियुक्त किए गए हैं। अधिकारी सरकार की नीतियों को जनता तक पहुंचाने में कमी करेंगे तो मुख्यमंत्री से शिकायत अवश्य की जाएगी।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगी यादव महासभा : करन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त पदाधिकारियों को बर्खास्त किया जाए
- बैठक में पार्टी की नई कार्यकारिणी गठित करने की उठाई मांग

**अमृत विचार :** यादव महासभा के जिलाध्यक्ष करन सिंह यादव ने कहा कि आजम खां द्वारा बनाए गए सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रामपुर से बसपा प्रत्याशी का चुनाव आजम खां का फोटो, होर्डिंग व बैनर लगाकर लड़ाया। कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

समाजवादी पार्टी की बैठक मशकूर अहमद मुन्ना के आवास पर हुई। इसमें यादव महासभा के जिलाध्यक्ष करन सिंह यादव ने कहा कि स्वार-टांडा से उप चुनाव में पार्टी प्रत्याशी रही मैडम के घर भी बसपा की चुनाव सभा हुई। राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लोकसभा प्रत्याशी के विरुद्ध गलत बयानबाजी की है। इससे यादव समाज की भावना आहत हुई है। यादव समाज का एक प्रतिनिधि मंडल राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव से साक्ष्य सहित मिलकर पार्टी के गद्दारों की शिकायत करेगा।

मशकूर अहमद मुन्ना ने कहा कि जिलाध्यक्ष द्वारा कहा गया कि हम राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रत्याशी को चुनाव नहीं लड़ाएंगे। हमारा प्रत्याशी मोहम्मद आसिम राजा है, मोहिबुल्ला नहीं।

इन लोगों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा घोषित प्रत्याशी का खुलकर विरोध किया था। मोहम्मद आजम खां के बैनर-होर्डिंग लगाकर इन लोगों ने खुलकर बसपा प्रत्याशी का चुनाव लड़ाया। दो दिन पूर्व सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का फोटो उतारकर अपने घर में रख दिया। कहा कि रामपुर की समाजवादी अब तक ठेके पर चलाई जाती रही है। उसमें इसी तरह के पार्टी विरुद्ध क्रिया-कलाप करने वाले लोग रहे हैं। मांग की कि पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त पदाधिकारियों को बर्खास्त किया जाए और नई कार्यकारिणी गठित हो।

# रॉयल क्लब ने 37 रन से जीता मैच

संवाददाता, टांडा



विजयी टीम के साथ मौजूद लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मंसब अली स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रहे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में रॉयल नवाब क्लब ने मोहम्मडन क्रिकेट क्लब को 37 रन से हराकर मैच जीतकर दूसरे राउंड में प्रवेश कर लिया। रॉयल नवाब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। रॉयल टीम ने निर्धारित 16 ओवर की समाप्ति पर 149 रन बनाये। रॉयल क्रिकेट की तरफ से सज्जाद ने तीन चौके और एक छक्के की मदद से सर्वाधिक 26 रन बनाए।

मैच के दूसरे टॉप स्कोरर उसामा रहे। उन्होंने अपनी इनिंग में एक चौका और एक छक्के की मदद से 21 गेंदों में 22 रन बनाए। उधर मोहम्मडन क्रिकेट क्लब की तरफ से सब से अच्छी गेंदबाजी मुजाहिद ने की। उन्होंने तीन ओवर के स्पेल में 17 रन देकर तीन विकेट चटकाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मोहम्मडन क्रिकेट क्लब की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। उसके खिलाड़ियों ने धीमी गति से रन बनाए, जिसका नुकसान यह हुआ कि उन्होंने यह मैच 37 रनों से गंवा दिया।

मोहम्मडन क्लब की तरफ से सब से ज्यादा स्कोर मुशर्रफ अली ने किया। अपनी इनिंग में चार चौके जड़कर 21 गेंदों में कुल 24 रन बनाये। मैन ऑफ द मैच सज्जाद रहे। कमेंटेटर मोहम्मद सईद सागर, मोहम्मद इरफान, जहीर जिया, अब्दुल रज्जाक रहे। स्कोरर नदीम गोरे, ऑनलाइन स्कोरर, अकिब गुल, मौलाना जुनैद रहे। अंपायर मोहम्मद कमाल और मंसूर अख्तर ने की। इस अवसर पर टूर्नामेंट कमेटी के संयोजक हाजी सरफराज, अध्यक्ष मुहम्मद इरफान, सभासद के पति मास्टर मोहम्मद सगीर, सभासद रईस भूरा, मकसूद मन्ना, अजीम आदि मौजूद रहे।

## बिजनौर में हुई विश्व हिन्दू महासंघ की समीक्षा बैठक

**रामपुर, अमृत विचार :** बिजनौर में विश्व हिन्दू महासंघ की समीक्षा बैठक हुई। इसमें लोगों को जोड़ने के लिए प्रदेश अध्यक्ष ने निर्देश दिए। इसके अलावा कई अन्य मुद्दों को लेकर चर्चा हुई। इसमें जिले के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

विश्व हिन्दू महासंघ की ओर से बिजनौर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन मनाया गया। इसके बाद समीक्षा बैठक हुई। इसमें प्रदेशाध्यक्ष भिखारी लाल प्रजापति ने कार्यकारिणी का शीघ्र विस्तार करने और सनातनी सदस्यों को शाखा से जोड़ने पर बल दिया। इस दौरान हस्तिनापुर के संभाग प्रभारी संजय गुप्ता ने प्रदेशाध्यक्ष पर लगाए गए आरोपों की निन्दा की गई। उनके द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच कराई जाए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष विष्णु सिंह रावत, रोशनलाल, सत्यप्रकाश प्रजापति, ऊदल सिंह, राकेश कुमार, जीवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# दस पूर्व क्रिकेटरों को किया सम्मानित

संवाददाता, टांडा



कार्यक्रम के दौरान सम्मानित हुए खिलाड़ी। ● अमृत विचार

- सम्मान पाकर खिलाड़ियों ने अध्यक्ष प्रतिनिधि का जताया आभार
- शेष पूर्व खिलाड़ियों को भी किया जाएगा सम्मानित

**अमृत विचार :** नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान शनिवार की रात पालिकाध्यक्ष के प्रतिनिधि हाजी सरफराज आलम ने नगर के दस पूर्व क्रिकेट खिलाड़ियों को सम्मानित किया। सम्मानित खिलाड़ियों ने उनका आभार जताया।

नगर के मंसब अली स्टेडियम में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट चल रहा है। इसमें 20 टीमें भाग ले रही हैं। शनिवार की रात पालिकाध्यक्ष के प्रतिनिधि हाजी सरफराज आलम ने नगर के अलग-अलग क्लबों के 10 पूर्व क्रिकेटरों को सम्मानित किया। इस अवसर पर अध्यक्ष के प्रतिनिधि ने कहा कि खिलाड़ियों को सम्मानित करने का यह क्रम आगे भी जारी रहेगा। शेष पूर्व खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया जाएगा। सम्मानित होने वाले खिलाड़ियों में इंद्रा क्लब के मास्टर सगीर, डॉक्टर तैयब खान, मतलूब पाशा, नेहरु क्लब के मोहम्मद असलम, मेलबॉर्न क्लब के अंजुम भूरा, हाजी मरगूब, मोहम्मद नासिर, मोहम्मद उस्मान, डायमंड क्लब के उवैस खावर और रहमानिया क्लब के हाफिज तस्लीम शामिल रहे। इस अवसर पर हाजी मुशर्रफ अली, मोहम्मद इरफान, सईद सागर, सभासद रईस उर्फ भूरा और शिव प्रसाद सैनी आदि मौजूद रहे।



चाकू चौराहे पर शर्बत बांटते जिला पंचायत सदस्य कृष्ण अवतार लोधी व अन्य।

# तीसरी बार सरकार बनने पर भाजपाइयों ने बांटा शर्बत

संवाददाता, भोट

**अमृत विचार :** देश में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण करने पर कार्यकर्ताओं ने कई स्थानों पर मिष्ठान वितरण करके व शर्बत पिलाकर खुशी का इजहार किया।

रविवार को क्षेत्र के कोयला गांव में भाजपाइयों ने रामपुर-काठगोदाम हाईवे पर सबील लगाकर राहगीरों को शर्बत वितरण किया। चिलचिलाती धूप व उमस भरी गर्मी में शर्बत पीकर राहगीरों का गला तर कराया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने चाकू चौराहे के पास कार्यक्रम का आयोजन भी किया। इस दौरान भाजपा नेता सूर्य प्रकाश पाल, जिला पंचायत सदस्य कृष्ण अवतार लोधी, मंडलाध्यक्ष लालता प्रसाद लोधी, बालजीत प्रधान, विशेष राजपूत, शिवा राजपूत, महेश राजपूत आदि मौजूद रहे।

# अव्यवस्थाओं के खिलाफ भाकियू ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, शाहबाद




सीएचसी में प्रदर्शन करते भाकियू टिकैत से जुड़े किसान। ● अमृत विचार

- सीएचसी में तैनात चिकित्सकों पर घर बैठे वेतन लेने का आरोप

**अमृत विचार :** रविवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने सीएचसी में हल्ला बोल दिया। उन्होंने सीएचसी में व्याप्त अव्यवस्थाओं के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। चेताया कि अगर चिकित्सकों ने रवैया नहीं सुधारा तो वह हरिद्वार में आयोजित शिविर से लौटने के बाद सीएचसी में अनिश्चितकालीन धरना देंगे।

रविवार को सरकारी गेस्ट हाउस में भारतीय किसान यूनियन टिकैत की पंचायत हुई। इसमें सीएचसी समेत अन्य विभागों में पनप रहे भ्रष्टाचार के मुद्दे पर चर्चा की गई। इसके बाद कार्यकर्ता सीएचसी पहुंचे और प्रदर्शन किया। किसान नेता दरियाव सिंह ने कहा कि सीएचसी में अव्यवस्थाओं का बोलबाला है। आरोप लगाया कि एक चिकित्सक को छोड़कर अन्य चिकित्सक सीएचसी नहीं आते हैं। वह बड़े अधिकारियों के संरक्षण में घर बैठे ही वेतन ले रहे हैं। पिछले दस दिन से लगातार भाकियू कार्यकर्ता सीएचसी में हंगामा कर चिकित्सकों के बैठने की मांग कर रहे हैं, लेकिन जिम्मेदारों के सिर पर जूं नहीं रेंग रही है। इससे क्षेत्र की जनता बेहाल है।

बिजली विभाग का भी बुरा हाल है। इनके लापरवाही भरे रवैये से जनता परेशान है। तहसील शाहबाद में भी भ्रष्टाचार चरम पर है। लेखपाल और संग्रह अमीन मनमानी पर उतारू हैं। किसानों ने चेताया कि हरिद्वार शिविर से लौटने के बाद किसान यूनियन सीएचसी में अनिश्चितकालीन धरना देगी।

इस दौरान प्रदेश सचिव दरयाव सिंह यादव, डॉ. फूल सिंह, तहसील अध्यक्ष चौधरी सुंदरपाल सिंह, चौधरी सतवीर, जोगेंद्र यादव, धर्मपाल, रामस्वरूप, योगेंद्र सिंह, खुशीराम यादव, विपिन यादव, पुष्पेंद्र, वीर सिंह, प्रमोद यादव, सत्येंद्र यादव, सरफराज हुसैन, तेजपाल सिंह, ओमप्रकाश लोधी, जगतपाल सिंह, महावीर सिंह, लालाराम, श्रीराम, गमा प्रधान, सत्येंद्र यादव, जरीना वी, विजयपाल, सरफराज हुसैन आदि किसान मौजूद रहे।

# रामपुर पुलिस इलेवन ने छह रन से जीता मैच

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** केपी सिंह मेमोरियल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में पहला मैच रामपुर पुलिस इलेवन और स्ट्राइकर क्लब के बीच खेला गया। रामपुर पुलिस इलवेन ने स्ट्राइकर क्लब को छन रन से हराकर मैच जीत लिया।

रजा टेक्सटाइल के मैदान पर केपी सिंह मेमोरियल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरूआत शहर विधायक आकाश सक्सेना की पत्नी गुंजन सक्सेना ने दीप प्रज्जवलित करके की। पहला मैच रामपुर पुलिस इलवेन और स्ट्राइकर क्लब के बीच खेला गया। रामपुर पुलिस इलेवन ने टॉस जीतकर दस ओवर में 180 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्ट्राइकर क्लब की पूरी टीम 174 रन पर सिमट गई। इस तरह रामपुर पुलिस इलेवन ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में छह रन से मैच जीत लिया। समिति के जिलाध्यक्ष अमित ठाकुर, पराग मणि वशिष्ठ, त्रिभुवन पंडित आदि मौजूद रहे।



फीता काटकर मैच की शुरूआत करतीं शहर विधायक की पत्नी गुंजन सक्सेना।

**मौसम** आसमान में मंडरा रहे बादल, मगर नहीं हो रही बारिश

# भीषण गर्मी के चलते घरों में दुबके रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



गर्मी से बचने को चेहरे पर कपड़ा लपेटकर स्कूटी से जाती महिला। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मौसम का मिजाज रविवार को काफी तल्ख रहा। गर्मी के कारण बहुत कम लोग घरों से बाहर निकले। इसके चलते सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। हालांकि, आसमान में बादल मंडराते रहे लेकिन, वर्षा नहीं हुई। मौसम वैज्ञानिक मौसम शुष्क रहने के आसार जता रहे हैं। पूरे दिन 18 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से लू चलती रही। तापमान बढ़ने पर लोग पूरे दिन पसीना-पसीना होते रहे।

पूरे दिन आसमान से सूरज तपिश बरसाता रहा। सुबह 10 बजे से सूरज की तपिश से लोग बेचैन रहे। सुबह से ही लू चलना शुरू हो गई। मौसम वैज्ञानिक शुष्क मौसम रहने के आसार जता रहे हैं। रविवार को आर्द्रता 29 प्रतिशत रहने और अधिकतम तापमान 42 डिग्री तक पहुंचने से गर्मी का अहसास ज्यादा हुआ। मई के आखिरी सप्ताह से अधिकतम तापमान 40 के पार ही रहा है। जून शुरू होते ही अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। जून के दस दिन गुजर चुके हैं और पारा 40 के पार ही है। हालांकि, 15 जून से बरसात का मौसम शुरू हो जाता है। लेकिन, दिनों-दिन गर्मी बढ़ती जा रही है और पूरा दिन सूरज तपिश बरसा रहा है। चिलचिलाती धूप और लू चलने के कारण गर्मी से बचने के लिए लोग रविवार को बहुत कम संख्या में घरों से बाहर निकले।

> अगले दो दिन तापमान बढ़ने से मौसम गर्म रहेगा। इसके अलावा मौसम शुष्क रहने का अनुमान है।
>
> **-डा. उदय प्रताप शाही, मौसम वैज्ञानिक, कृषि विवि, मेरठ**

## ईओ के लिए मायने नहीं रखता आरटीआई एक्ट

**टांडा, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद के लिए सूचना का अधिकार अधिनियम कोई मायने नहीं रखता। सीधे प्रार्थना पत्रों की बात तो छोड़िए, प्रथम अपील के बाद भी सूचनाएं उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं।

ग्राम बादली निवासी आरटीआई एक्टिविस्ट विनीत वर्मा ने जनहित से सम्बंधित कई महत्वपूर्ण सूचनाएं प्राप्त करने के लिए नगर पालिका परिषद के ईओ के समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया था। लेकिन उन्होंने निर्धारित समयावधि में सूचनाएं प्रस्तुत नहीं कीं।

इसके बाद विनीत ने प्रथम अपीलीय अधिकारी के यहां अपील दायर की। प्रथम अपीलीय अधिकारी के स्पष्ट निर्देश के बावजूद ईओ ने सूचनाएं प्रदान नहीं कराईं। आरटीआई कार्यकर्ता ने राज्य सूचना आयोग में अपील करने की बात कही गई है।

# अनुप्रिया के मंत्री बनने पर बांटी मिठाई

संवाददाता, मसवासी



अनुप्रया पटेल के कैबिनेट मंत्री बनने पर मिठाई खिलाते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- मजबूती की ओर बढ़ रही अपना दल एस पार्टी
- जागरूकता कार्यक्रम चलाकर पार्टी को मजबूत बनाएं कार्यकर्ता

**अमृत विचार :** अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल को केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल करने पर मानपुर उत्तरी में कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान वितरण कर खुशी का इजहार किया। कार्यकर्ताओं से पार्टी को मजबूत बनाने के लिए जागरूक कार्यक्रम चलाने का आह्वान भी किया।

रविवार को केंद्र की नवगठित सरकार में अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल को केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल करने पर कार्यकर्ताओं में जोश और उत्साह भर गया। मानपुर उत्तरी में जिला सचिव शकील अहमद अंसारी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। कहा कि अपना दल एस पार्टी मजबूती की ओर बढ़ रही है। आने वाले समय में पार्टी प्रदेश में भी अपना वर्चस्व बनाएगी। कार्यकर्ताओं ने अनुप्रिया पटेल के कैबिनेट मंत्री बनने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर मुबारकबाद दी। कहा कि कार्यकर्ता जन जागरूकता कार्यक्रम चलाकर पार्टी को मजबूत बनाएं।

इस मौके पर जिला सचिव शकील अहमद अंसारी, बहादुर अली, अलाउद्दीन, रुखसीद, शकील, छोटू, हकीम, फैजल, बब्बू, दानिश, साकिर, इरशाद, दानिश, सद्दाम, कबीर, बाबू, आले हसन, रफीक हाजी आदि शामिल रहे।

## नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर हर्ष

**मिलक, अमृत विचार :** रविवार को सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने के उपलक्ष्य में भाजपाइयों ने कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुशी मनाई।

पूर्व जिलाध्यक्ष ने कहा कि नरेंद्र मोदी कार्यकर्ताओं की मेहनत से तीसरी बार प्रधानमंत्री बने हैं। देश मोदी की अगुवाई में विकसित भारत बना है। जिला उपाध्यक्ष प्रेमशंकर पांडेय ने कहा कि कार्यकर्ताओं को 2027 में योगी आदित्यनाथ को पुनः मुख्यमंत्री बनाना है। इस दौरान नगर अध्यक्ष मनोज पांडेय, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष ऋषि पांडेय, पालिकाध्यक्ष दीक्षा गंगवार, राजकुमार माहेश्वरी, ब्लॉक प्रमुख अर्चना गंगवार, राजीव गंगवार, रामानंद शर्मा, साईया सक्सेना, सुरेश पटेल, संजीव गंगवार आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर


आग बुझाते अग्निशमन कर्मी।

### सीओ ऑफिस के पास बांस के पेड़ों में लगी आग

**शाहबाद, अमृत विचार :** शाहबाद स्थित सीओ कार्यालय के निकट अज्ञात कारणों से बांस के पेड़ों में आग लग गई। आग की लपटें देखकर आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। कड़ी मशक्कत के बाद दमकल विभाग ने आग पर काबू पाया। सीओ कार्यालय के पास बांस के पेड़ हैं। रविवार दोपहर इनमें अचानक आग लग गई। पास में ही स्थित लकड़ी की टाल पर पड़ी लकड़ियों को भी आग ने अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते आग ने उग्र रूप ले लिया। सूचना पर अग्निशमन कर्मी तत्काल मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में जुट गए। घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। घटना की जानकारी मिलने पर सीओ अतुल कुमार पाण्डेय व एसआई आदेश कुमार भी मौके पर पहुंच गए।

# बाइकों की भिड़ंत दूल्हे के बड़े भाई की मौत, दोस्त घायल

## छोटे भाई को दहेज में मिली बुलेट लेकर घर जा रहा था आरिफ

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार :** टांडा थाना क्षेत्र के गांव तार का मझरा के पास रविवार की शाम दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। इसमें दूल्हे के बड़े भाई की मौत हो गई। उसके साथ बैठा युवक घायल हो गया। मृतक के छोटे भाई को बुलेट मोटर साइकिल दहेज में मिली थी। वह उसे लेकर घर जा रहा था कि रास्ते में हादसा हो गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल में रखवा दिया गया है। पुलिस का कहना है कि हादसे में दो लोग घायल हुए हैं।


मृतक आरिफ।

मुरादाबाद जनपद के भगतपुर थाना क्षेत्र के गांव जुम्मा वाली मिलक निवासी आरिफ (32) पुत्र फिरासत अपने भाई राशिद की शादी में आलियागंज गांव में बरात में आया था। उसके छोटे भाई राशिद को दहेज में बुलेट मोटर साइकिल मिली थी। शाम के समय वह दहेज में मिली मोटर साइकिल से अपने दोस्त कुर्बान के साथ अपने गांव जा रहा था। रामपुर मार्ग स्थित तार का मजरा के तिराहे पर टांडा की तरफ से जा रही तेज रफ्तार बाइक से उनकी बाइक की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि बुलेट सवार दूल्हे के बड़े भाई आरिफ की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पीछे बैठा कुर्बान घायल हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। सभी को तत्काल स्थानीय सीएचसी लाया गया। यहां डाक्टरों ने आरिफ को मृत घोषित कर दिया। घायल को बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। दूल्हे के बड़े भाई की मौत की खबर मिलते ही शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। मृतक आरिफ के चार बच्चे हैं। वह आरा मशीन पर मजदूरी करता था।

### मातम में बदलीं शादी की खुशियां

आरिफ के रिश्तेदार याकूब सैफी ने बताया कि आरिफ के छोटे भाई की बरात आलियागंज में आई थी। परिवार के लोग दुल्हन के स्वागत की तैयारी में जुटे थे। घर में चारों ओर चहल-पहल थी। इस बीच आरिफ की मौत की खबर मिली तो परिवार में कोहराम मच गया। जहां कुछ देर पहले दुल्हन के स्वागत की तैयारी की जा रही थीं वहां चारों ओर परिजनों का करुण क्रंदन सुनाई देने लगा।

"बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई। जबकि दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।
**-कीर्तिनिधि आनंद,** सीओ, टांडा

# सैदनगर क्षेत्र में टंकियों से नहीं मिल रहा पानी


कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** वर्तमान दौर में गर्मी के मौसम पानी और बिजली जीवन के अभिन्न अंग हैं। इन दोनों में एक भी चीज नहीं मिलने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। गर्मी से निजात दिलाने के लिए दोनों चीजें काफी महत्वपूर्ण हैं। सैदनगर क्षेत्र में टंकियों से पानी नहीं मिल रहा है। ओवर हेड टैंक भी सफेद हाथी बना है। पाइप लाइन के माध्यम से पेयजल आपूर्ति नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश है।

सैदनगर के ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की टंकियां लगा दी हैं मगर इनमें पानी नहीं बह रहा है। इसी तरह काशीपुर, सींगनखेड़ा में पानी की टंकी बने हुए 10-12 वर्ष गुजर चुके हैं। पानी की पाइप लाइन भी बिछा दी गई है। यह आए दिन फटती रहती है। इसके चलते ग्रामीणों को पानी नहीं मयस्सर नहीं हो पा रहा है। यही हाल सैदनगर, हमीरपुर जिठनिया आदि गांवों का भी है। क्षेत्र में लगे करीब 2500 हैंडपंप काफी समय से खराब हैं। इनकी न तो मरम्मत की जा रही है और न ही रिबोर कराए जा रहे हैं।

इसके अलावा दूषित पानी देने वाले हैंडपंपों की भी बड़ी संख्या है। ऐसे में ग्रामीणों को पानी की दिक्कत हो रही है। सूखते जलस्रोत और गिरते जल स्तर ने ग्रामीण क्षेत्रों में भी पेयजल की किल्लत कर दी है। हालांकि, जिले में पेयजल की आपूर्ति के लिए करीब 24,000 हैंडपंप लगे हैं। लेकिन इनमें अधिकतर खराब हो गए हैं। जबकि, कुछ ही गांवों में ओवरहेड टैंक बन सके हैं। इस समय जिले में 23,793 हैंडपंप हैं। इनमें 3017 हैंडपंप नगरीय क्षेत्रों में हैं। करीब 2500 हैंडपंप खराब हैं। इसलिए ग्रामीणों को इन हैंडपंपों का लाभ नहीं मिल रहा है।


काशीपुर में खराब पड़ा हैंडपंप दिखाता युवक। ● अमृत विचार


ग्राम काशीपुर में बना ओवरहेड टैंक।


"हम करीब 30 बार शिकायत कर चुके हैं। लेकिन, गलत सामान की वजह से टंकी चालू नहीं हो पाई है। लोगों को परेशानी हो रही है।
**- मोहम्मद सुलेमान ग्राम प्रधान के पुत्र**


"कई बार अधिकारी आए और सर्वे करके चले गए। लेकिन अभी तक खराबी को सही नहीं कराया गया है। इसके चलते टंकी शो पीस बनी हैं।
**- फय्याज**


"गर्मी के मौसम में ग्रामीणों को स्वच्छ पानी पीने को नहीं मिल रहा है। गांव में टंकी और हैंडपंप तो लगे लेकिन ज्यादातर खराब हैं।
**- हाजी वसीम काशीपुर**


"काशीपुर में पेयजल व्यवस्था चौपट है। गर्मी में लाखों करोड़ों की लागत से बनी टंकी बंद पड़ी है। अधिकतर हैंडपंप भी खराब हैं।
**- वीरपाल**


लोगों को मिठाई खिलाते भाजपा नेता भारत भूषण गुप्ता। ● अमृत विचार


ज्वालानगर में मिठाई बांटते भाजपाई। ● अमृत विचार

# पूर्व प्रत्याशी ने लोगों में किया मिष्ठान का वितरण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रविवार की शाम भाजपा नेता एवं शहर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी भारत भूषण गुप्ता ने अपने आवास स्थित कार्यालय पर नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण कार्यक्रम को टीवी पर देखा। इसके बाद लोगों में मिठाई वितरित करके हर्ष जताया।

भाजपा नेता ने नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर रविवार की शाम कार्यकर्ताओं के साथ राहगीरों को मिष्ठान वितरण कर खुशी मनाई। एक-दूसरे को बधाई भी दी। इस दौरान रवि अग्रवाल, शंकर वाल्मीकि, रंजीत वाल्मीकि, राकेश फुलेरिया, गौरव अग्रवाल, मंगल यादव, फिरोज खान, मुकर्रम खान, जुएब खान, हिमांशु फुलरिया, पारस अरोड़ा, गुलशन अरोड़ा, राकेश शर्मा, राजेश शर्मा, चिंटू, सुभाष यादव, समीर आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भाजपा के कार्यकर्ताओं की आतिशबाजी, बांटी भी मिठाई

**रामपुर, अमृत विचार :** ज्वाला नगर में श्रीराम चौक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के अवसर पर शपथ ग्रहण समारोह के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी की और ढोल बजाकर खुशी मनाई। मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर हर्ष व्यक्त कर करते हुए मिठाई बांटी। भाजपा कार्यकर्ताओं ने रविवार की शाम एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर हर्ष व्यक्त गया। इस दौरान प्रमुख रूप से जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष मोहनलाल सैनी, वरिष्ठ भाजपा नेता अवधेश शर्मा, आशु गुप्ता, अंकुश सक्सेना, राजीव लोचन, हरि बाबू, राज राजू शर्मा, अशोक बाबू, प्रभात अग्रवाल, राजीव मांगलिक, अनुज सक्सेना, अरविंद चौहान, विक्की सक्सेना, अखिलेश बिसारिया, संजू शर्मा, सोनू शर्मा, अतुल शर्मा आदि मौजूद रहे।

### बाइक न मिलने पर तलाक देकर घर से निकाला

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी थाना क्षेत्र की एक महिला के परिजनों ने दहेज में दो लाख रुपये और बुलेट नहीं दिए तो पति ने मारपीट कर तीन तलाक दे दिया। विरोध करने पर धक्का मारकर घर से निकाल दिया। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान के आदेश पर पुलिस ने पति समेत सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना क्षेत्र के जोगी नवादा निवासी इमराना ने बताया कि चार वर्ष पूर्व नई बस्ती थाना किच्छा उधम सिंह नगर निवासी सद्दाम के साथ शादी हुई थी। दहेज में करीब चार लाख रुपये व एक ई-रिक्शा दिया गया था। आरोप है कि दिए गए दहेज से ससुराल पक्ष के लोग खुश नहीं थे। वे शादी के बाद से ही बाइक और दो लाख रुपये दहेज में मांग रहे थे। न देने पर लगातार प्रताड़ित करते थे। कुछ समय पश्चात पता चला कि सद्दाम पहले से शादीशुदा है। उसका निकाह नौ वर्ष पहले हो चुका था।


मसवासी में मिठाई बांटते भाजपाई। ● अमृत विचार

# मसवासी में भाजपाइयों ने मिठाई बांटकर मनाया जश्न

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** देश में नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर भाजपाइयों ने मिठाई का वितरण कर जश्न मनाया और एक-दूसरे को बधाइयां दीं । भाजपाइयों ने कहा है कि देश अब और ज्यादा विकास की ओर अग्रसर होकर नये आयाम स्थापित करेगा।

इस मौके पर दीप गोयल, मंडल अध्यक्ष स्वार ग्रामीण पवन कुमार, डॉक्टर महेश मौर्य, ब्रह्मपाल सिंह, महेंद्र मौर्य, सोमपाल सागर, आशीष पाल, लाखन मौर्य आदि मौजूद रहे।

### घर में घुसी बड़ी गोह घरवालों के उड़े होश

**जलालाबाद(शाहजहांपुर), अमृत विचार :** नगर निवासी भाजपा नेता गोपाल मोहन द्विवेदी के भतीजे अतुल द्विवेदी के मकान में छिपकली की तरह दिखने वाला काफी बड़े आकार की जीव घुस जाने से घरवालों के होश फाख्ता हो गए। करीब आधा घंटा लोगों की जान सांसत में रही।

एक व्यक्ति ने हिम्मत कर उसे पकड़ लिया। इसके बाद वन विभाग की टीम ने उसे जंगल में छोड़ दिया। नगर के मोहल्ला ब्रह्मनान में निवासी अतुल द्विवेदी के ड्राइंग रूम में रविवार दोपहर करीब दो बजे छिपकली जैसा डेढ़ मीटर की लंबाई वाला जीव दिखाई दिया। उस जीव पर अतुल की नजर गई तो उनकी चीख निकल गई। शोर शराबा सुनकर पड़ोसी भी आ गए। लोगों को देख धीरे-धीरे बाहर की तरफ बढ़ने लगा। उसका मुंह काफी बड़ा और मोटी पूंछ थी।


एक-दूसरे को मिठाई खिलाते भीम आर्मी के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# चंद्रशेखर के सांसद बनने पर मिठाई बांटकर मनाया जश्न

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर के नगीना से सांसद बनने पर भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर एक-दूसरे को बधाई दी। इसके अलावा ढोल-नगाड़ों की धुन पर जमकर थिरके।

रविवार को आंबेडकर पार्क में जिलाध्यक्ष संजीव सागर के नेतृत्व में भीम आर्मी के सैकड़ों कार्यकर्ता एकत्र हुए। इस दौरान पूरा पार्क जय भीम के नारों से गूंज उठा। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद के नगीना से सांसद बनने पर बधाई दी।

जिलाध्यक्ष संजीव सागर ने कहा कि चंद्रशेखर के संसद पहुंचने से बहुजनों की आवाज बुलंद होगी। बहुजनों के बीच दहाड़ने वाला शेर अब संसद में दहाड़ेगा। जिला संयोजक सोनू सागर, सुखदेव, अनिल, प्रेमपाल, सतीश, बंटी, दिनेश, अर्जुन आदि मौजूद रहे।

### दहेज हत्या के आरोपी पति और ससुर को भेजा जेल

**बिल्सी(बदायूं), अमृत विचार :** कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के गांव पिंडौल निवासी महिला का शव गुरुवार को उसके कमरे में फंदे पर लटका मिला था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपा था।

महिला के पिता ने हत्या का आरोप लगाते हुए पति समेत आठ लोगों के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई। रविवार को पुलिस ने आरोपी पति और ससुर को दबोच लिया। बिल्सी कोतवाल केके मिश्र ने बताया कि पिंडौल निवासी भाग्य लक्ष्मी पत्नी राजवीर का शव छह जून की रात कमरे में फंदे पर लटका मिला था। कोतवाली सिविल लाइंस क्षेत्र के गांव पड़ौआ निवासी महिला के पिता पृथ्वीराज सिह ने पति समेत आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी गई थी।


बाग छोटे साहब में हुई बैठक में मौजूद दिव्यांग। ● अमृत विचार

# दिव्यांगों को दो हजार रुपये मासिक पेंशन दे केंद्र सरकार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** ऑल इंडिया दिव्यांग सेवा संगठन के राष्ट्रीय महासचिव सिफात अली खां ने कहा कि केंद्र में तीसरी बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने है। केंद्र सरकार दिव्यांगों को दो हजार रुपये मासिक पेंशन दे। तकि वह अपने परिवार का ठीक से पालन पोषण कर सकें।

मोहल्ला जेल रोड स्थित बाग छोटे साहब में रविवार को संगठन की बैठक हुई। इसमें दिव्यांगों की समस्याओं को लेकर चर्चा हुई। संगठन के राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि दिव्यांगों को पेंशन के साथ ट्राई साइकिल दी जाए और उनके अंत्योदय राशन कार्ड बनवाए जाए। जिला पूर्ति कार्यालय में कई बार दिव्यांगों के कार्ड बनवाने के लिए ज्ञापन दिए जा चुके हैं। लेकिन, उनके राशन कार्ड जारी नहीं किए गए हैं। इस अवसर पर नूर अहमद, नेपाल सिंह यादव, रेहाना, रामवती, आरिफ, विकास और राशिद अली शामिल रहे।

### मोबाइल से निकला धुआं धमाके के साथ उड़े परखच्चे

**खुटार(शाहजहांपुर), अमृत विचार :** घर में मोबाइल की बैटरी चार्ज होने के बाद युवक ने नेट खोला और फेसबुक चलाने लगा। इस दौरान मोबाइल से धुआं निकलना शुरू हो गया। युवक ने डर के कारण मोबाइल को आंगन में फेंक दिया। तभी अचानक मोबाइल फट गया और उसके टुकड़े हो गए।

नगर के मोहल्ला सरोजनीनगर निवासी पप्पू गौतम ने बताया कि शनिवार को उसने घर में मोबाइल चार्जिंग पर लगाया था। चार्ज होने के बाद शाम करीब छह बजे नेट खोलकर फेसबुक चलाने लगा। अचानक मोबाइल से धुआं निकलना शुरू हो गया। अनहोनी के डर से मोबाइल को दूर फेंक दिया। जमीन पर गिरते ही उसमें तेज धमाका हुआ और उसके परखच्चे उड़ गए। इससे घर में मौजूद सदस्य घबरा गए। मोबाइल फटने की आवाज सुनकर लोगों की भीड़ लग गई।


टांडा में खुशी मनाते भाजपाई। ● अमृत विचार

# मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर किया खुशी का इजहार

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार :** रविवार को राष्ट्रपति भवन में नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ के उपलक्ष्य में भाजपाईयों ने हर्षोल्लास के साथ मिठाई बांटी। इसके अलावा नगर के मुख्य मार्ग पर जुलूस भी निकाला।

जुलूस में भाजपा कार्यकर्ता ढोल-नगाड़ों की थाप पर नृत्य करते चल रहे थे। मोदी-योगी और भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे।

इस अवसर पर भाजपा के मंडलाध्यक्ष योगेश सैनी, अश्वनी वर्मा, बिजेंदर सैनी, रोहित सैनी, गिरीश कुमार सैनी, ठाकुर सरजीत सिंह, कपिल शर्मा, रोहित शर्मा, माखनलाल, गौरव वर्मा, मनवीर दिवाकर, निलेश वर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**अनदेखी** कूड़े का उठान नहीं होने से उठ रही दुर्गंध से परेशानी, मुंह पर कपड़ा रखकर गुजर रहे हैं लोग

# चौकी हजियानी क्षेत्र में लगे कूड़े के ढेर, फैल रहे संक्रामक रोग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** नगर पालिका के शहर को साफ-सुथरा और स्वच्छ बनाने के दावों की पोल जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर खोल रहे हैं। गली-मोहल्लों और प्रमुख चौराहों पर जहां-तहां कूड़े के ढेर लगे हैं। पंद्रह-पंद्रह दिन तक मोहल्लों से कूड़े का उठान नहीं हो रहा है। कूड़े के ढेरों से उठती दुर्गंध के कारण लोग मुंह पर कपड़ा रखकर गुजर रहे हैं। कूड़े की वजह से संक्रामक रोग फैल रहे हैं।

नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 20 चौकी हजियानी स्थित डा. नीरज क्लीनिक के पास कई दिन से कूड़े के ढेर लगे हैं। क्षेत्रवासी महेश कुमार, राजू, पप्पू, चमन, पवन और जगदीश शर्मा ने बताया गली में 15-15 दिन तक कूड़े का उठान नहीं होता। सफाई के नाम पर कर्मचारी सिर्फ खानापूरी कर रहे हैं। उन्होंने पालिका अध्यक्ष से कहा कि कूड़े के ढेर लगे होने से संक्रामक रोग फैलने का खतरा है। उठान नहीं होने की वजह से लोग मुंह पर कपड़ा रखकर गुजर रहे हैं। इसके बाद भी सफाई नहीं की जा रही है। शहर को साफ-सुथरा बनाने के लिए कर्मियों द्वारा सिर्फ लीपापोती की जा रही है।

कहा कि एक तरफ शहर को स्मार्ट सिटी बनाने की कवायद हो रही है। जबकि, दूसरी ओर शहर में कूड़े के ढेर लगे हैं। उन्होंने पालिकाध्यक्ष से मोहल्लेवासियों की समस्या को ध्यान में रखते हुए कूड़ा उठवाने की मांग की है। कहा है कि कूड़े के ढेर लगे होने से संक्रामक रोग फैल रहे हैं।


चौकी हजियानी क्षेत्र में लगे कूड़े के ढेर। ● अमृत विचार

"वार्ड में सफाई कराने के लिए खाद्य एवं सफाई निरीक्षक तथा नायक को निर्देशित किया गया है। जल्द ही क्षेत्र से कूड़े का उठान कराया जाएगा।
**-दुर्गेश्वर त्रिपाठी**
ईओ, नगर पालिका परिषद


"सफाई व्यवस्था के नाम पर सिर्फ खानापूरी की जा रही है। कूड़ा जहां-तहां पसरा है। इससे संक्रामक रोग फैलने का खतरा बना है।
**- मुरारी लाल**


"क्षेत्र में सफाई न होने की शिकायत पालिकाध्यक्ष से की गई है। कूड़े के ढेर लगे होने से संक्रामक रोग फैलने का खतरा बना है। जल्द ही सफाई कराई जाए।
**- बालकिशन**


"चौकी हजियानी क्षेत्र में सफाई व्यवस्था ठप है। कई दिन का कूड़ा सड़ रहा है। इस ओर पालिका के अधिकारियों को ध्यान देने की जरूरत है।
**- रामगोपाल**


"वार्ड नंबर 20 के चौकी हजियानी क्षेत्र में सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है। इसका खामियाजा क्षेत्रवासियों को भुगतना पड़ रहा है। आवागमन में दिक्कत हो रही है।
**- शरणलाल**


लोगों को शर्बत बांटते संस्था के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# सबील लगाकर कराया राहगीरों का गला तर

संवाददाता, सैदनगर

**अमृत विचार :** ग्राम मुरसेना चौराहे पर ग्रामीण विकास संस्थान ने समाजसेवी मोहम्मद अहमद की अध्यक्षता में सबील लगाकर राहगीरों को शर्बत पिलाया। भीषण गर्मी में शर्बत पीकर लोगों ने राहत की सांस ली।

भीषण गर्मी के चलते अजीम नगर रोड पर ट्रक, बस, कार और बड़े वाहनों के चालकों ने शर्बत पीकर प्यास बुझाई। शिविर में संस्था के सचिव राजीव कुमार ने कहा कि प्यासे को पानी और भूखे को खाना खिलाना बहुत ही नेक काम है। इस अवसर पर समाजसेवी मोहम्मद रिजवान, ग्राम प्रधान संजीव सागर, सुरेश कुमार, ग्राम प्रधान बाबूराम, अनवर अली, हरिओम, रवि, जुल्फिकार अली तुर्क, मुसाफिर अली, सरवन सागर आदि मौजूद रहे।

### धान की पौध डालने लगे किसान, बारिश के बाद होगी रोपाई

**बदायूं, अमृत विचार :** धान उगाने वाले किसान खेतों में धान की पौध डालने लगे हैं। करीब 25 दिन की पौध होने के बाद खेतों में रोपाई शुरू कर दी जाएगी, तब तक बारिश भी शुरू हो जाएगी। जुलाई के प्रथम सप्ताह में बारिश होने की संभावना के चलते किसानों ने धान की पौध डालनी शुरू कर दी है।

जून के दूसरे सप्ताह में धान की पौध डालनी शुरू की जाती है। क्योंकि मानसून 20 जून के बाद ही आता है इसलिए बारिश की उम्मीद जुलाई के प्रथम सप्ताह में की जाती है। किसानों ने इसी उम्मीद को लेकर अब खेतों में धान की पौध डालनी शुरू कर दी है। कृषि विभाग का कहना है कि 25 दिन की पौध होने पर रोपाई शुरू करें। किसान धान का नया बीज लाकर पौध डालें, जिससे बेहतर उत्पादन हो सके।

## एक नजर

### गिरीश को बसपा का प. यूपी का प्रभारी बनाए जाने पर हर्ष



मुरादाबाद, अमृत विचार : नगीना के पूर्व सांसद गिरीश चंद जाटव को बसपा का पश्चिमी उत्तर प्रदेश का प्रभारी बनाया गया है। वह चंदौसी विधानसभा से विधायक भी रहे हैं। साथ ही बुलंदशहर से बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी रहे और पार्टी के जिलाध्यक्ष भी थे। वह बहुजन मूवमेंट के मिशनरी कार्यकर्ता हैं। बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने प्रदेश में पार्टी को मजबूत करने के लिए नया सांगठनिक ढांचा तैयार किया है। इसके तहत पार्टी के जिम्मेदार और वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी है। इस नियुक्ति से पार्टी कार्यकर्ताओं ने खुशी का इजहार किया है। बसपा के मुरादाबाद जिलाध्यक्ष सुनील आजाद एडवोकेट ने पूर्व सांसद गिरीश चंद जाटव को हार्दिक बधाई दी है।

### महाकालेश्वर धाम में भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया

मुरादाबाद, अमृत विचार : श्री महाकालेश्वर बालाजी धाम ट्रस्ट के तत्वाधान में मासिक उत्सव के अवसर पर सर्वप्रथम सुंदरकांड का आयोजन किया गया ।इसके बाद विशाल भंडारे में हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद चखा। भंडारा पाकर लोग अत्यंत प्रसन्न हुए। आयोजन में महामंडलेश्वर स्वामी संजय आनंद गिरि महाराज, शैलेंद्र प्रकाश, संजीव अग्रवाल, राजीव गुप्ता, डॉ .डीएस चौहान, हरिओम गुप्ता, सर्वेश पटेल, बंटी राणा, अनंत अग्रवाल, कमल अग्रवाल, मनु अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, देशराज ठाकुर, विशाल अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, आराधना अग्रवाल, छवि गुप्ता, आशा, इला, रूबी, मीनू, प्रिया, सारिका, कविता अग्रवाल, राजीव कुमार गुप्ता शामिल रहे।

### स्काउट्स-गाइड्स ने यात्रियों को शीतल पानी पिलाया

मुरादाबाद, अमृत विचार : रविवार को उत्तर रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए यात्रियों की सेवा एवं सुलभ यात्रा के लिए रेलवे स्टेशन पर शीतल पेयजल एवं शरबत का निरंतर वितरण किया जा रहा है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि रेलवे स्टेशन पर लगातार शरबत व शीतल जल की सेवा जारी है। उन्होंने बताया कि गाड़ियों एवं स्टेशनों पर साफ-सफाई और अनारक्षित एवं आरक्षित टिकट काउंटर्स पर भीड़ बढ़ने पर तुरंत अतिरिक्त काउंटर्स खोलने, खानपान वस्तुओं में स्वच्छता एवं उचित मूल्य पर बिक्री के लिए संबंधित को मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा हर समय सतर्क रहते हुए निरंतर निगरानी रखने के आदेश दिए गए हैं।



ऑनलाइन परीक्षा कराते समिति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## प्रतियोगिता में 5987 ने किया प्रतिभाग

मुरादाबाद, अमृत विचार: विश्व पर्यावरण सप्ताह मनाते हुए रविवार को आयोजित की गई ऑनलाइन पर्यावरण प्रश्नोत्तरी में 5987 लोगों ने भाग लिया। प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

बाबू मुकुट बिहारी लाल जैन सेवा न्यास द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पांच जून से 12 जून तक पर्यावरण सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसमें पर्यावरण के प्रति जागरूक करने एवं संवेदनशील जीवन का संदेश दिया जा रहा है। इसी कड़ी में ऑनलाइन पर्यावरण प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को किया गया। इसमें 5987 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। अध्यक्ष पवन कुमार जैन व मीडिया प्रभारी सम्भव जैन ने बताया कि ऑनलाइन पर्यावरण प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के अलावा भी कई अन्य प्रदेशों के लोगों ने भाग लिया है। प्रतियोगिता के परिणाम निर्णय निर्णायक मंडल द्वारा 13 जून को किया जायगा। निर्णायक मंडल में जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह, टिमिट के प्राचार्य प्रो. विपिन जैन एवं उत्तर प्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग के भूतपूर्व अध्यक्ष डॉ. विशेष गुप्ता शामिल हैं। ऑनलाइन प्रतियोगिता तकनीकी टीम में सम्भव जैन, अमन जैन, नमन जैन, पहुप जैन, अक्षय राठौर, अमित कुमार व अंकित कुमार ने सहयोग किया।

### गर्मी में मुख्य ट्रेनों में बढ़ीं यात्रियों की दुश्वारियां

मुरादाबाद, अमृत विचार: जून में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच ट्रेनों की लेटलतीफी ने यात्रियों को बेहाल कर दिया है। ट्रेनों के निर्धारित समय से न पहुंचने पर यात्री दुश्वारियों भरा सफर करने को मजबूर हैं। प्रतिदिन दैनिक ट्रेनों के साथ-साथ स्पेशल ट्रेनें भी अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंच पा रही हैं। जिसके कारण गर्मी के बीच यात्री परेशानी झेल रहे हैं।

जहां गर्मी अपना सितम दिखा रही है तो वहीं ट्रेनों की लेटलतीफी ने यात्रियों का सफर दुश्वारियों भरा कर दिया है। गर्मी के बीच ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर न पहुंच कर यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बन रही हैं। प्रतिदिन दैनिक ट्रेनों के साथ-साथ समर स्पेशल ट्रेनें भी पांच से 10 घंटे की देरी से पहुंच रही है। जिसके कारण यात्रियों को सफर से ज्यादा स्टेशन पर ही समय काटना पड़ रहा है। रविवार को भी मुरादाबाद से होकर गुजरने वाली कई समर स्पेशल व दैनिक ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंची।

### मुरादाबाद एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स ने किया आयोजन, बाल रोग विशेषज्ञ हुए शामिल

## एंटीबायोटिक्स के प्रयोग पर चिकित्सकों की कार्यशाला

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



रामगंगा विहार में आयोजित सीएमई में उपस्थित चिकित्सक। ● अमृत विचार

अमृत विचार: मुरादाबाद एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स द्वारा रामगंगा विहार स्थित एक होटल में एबीसी ऑफ एंटीबायोटिक्स पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें दिल्ली के मौलाना आजाद डिग्री कालेज से डॉ. अनुराग अग्रवाल, अहमदाबाद से डॉ. रमेश बाजानिया, जालौन से डॉ. घनश्याम चौधरी और अलीगढ़ से डॉ. संजीव कुमार समेत पूरे भारत से प्रसिद्ध बाल रोग विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया।

कार्यशाला में एंटीबायोटिक दवाओं के तर्कसंगत उपयोग, नवीनतम शोध विकास, गंभीर रूप से बीमार बच्चों के लिए जीवन रक्षक दवाओं और क्षेत्र में नई सिफारिशों पर गहन चर्चा की गई। जिसमें वक्ताओं ने प्रतिरोध को रोकने और प्रभावी उपचार परिणाम सुनिश्चित करने के लिए विवेकपूर्ण एंटीबायोटिक उपयोग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अपनी विशेषज्ञता साझा की। वहीं मुरादाबाद एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स के अध्यक्ष डॉ. केजी गुप्ता ने रोजमर्रा के वायरल संक्रमणों में नीम हकीमों और अनियमित मेडिकल स्टोरों द्वारा एंटीबायोटिक के दुरुपयोग के मुद्दे पर संबोधित किया। उन्होंने गंभीर रूप से बीमार रोगियों के लिए इन महत्वपूर्ण दवाओं की प्रभावकारिता की रक्षा के लिए जागरूकता और उचित एंटीबायोटिक प्रबंधन की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शलभ अग्रवाल ने किया। मुरादाबाद एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स के सचिव डॉ. प्रशांत पांडे ने कार्यशाला का समापन सभी प्रतिभागियों और संकाय सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर आईएमए के अध्यक्ष डॉ. रवि गंगल, डा. एमएल श्रीधर, डॉ. सुनील खट्टर व डॉ. अनिल महेश समेत मुरादाबाद समेत अन्य जिलों के बाल रोग विशेषज्ञों ने भाग लिया।

# टीएमयू में छात्र ने हॉस्टल में पंखे से लटककर दी जान

### बीबीए अंतिम वर्ष की कर रहा था पढ़ाई, रविवार को जाना था घर, आगरा का रहने वाला था अक्षत

- प्रेमिका की शादी के रिश्ते की बात से परेशान हो गया था छात्र
- कुछ दिनों पहले नोएडा में लग गई थी युवती की नौकरी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



अमृत विचार: तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी (टीएमयू) में बीबीए अंतिम वर्ष के छात्र ने ब्वॉयज हॉस्टल के कमरे में पंखें से लटक कर जान दे दी। छात्र अक्षत जैन पुत्र राजेंद्र जैन आगरा के ग्वालियर रोड ब्राह्मण सिटी का रहने वाला था। रविवार सुबह उसका शव हास्टल के कमरे में लटका मिला है। पुलिस प्रेम-प्रसंग का मामला बता रही है।

शनिवार रात को अक्षत जैन हॉस्टल की मेस में खाना खाकर आया। इस दौरान उसने अपने कुछ दोस्तों से बातचीत की और फिर कमरे में सोने चला गया। वह ब्वॉयज हॉस्टल के कमरा नंबर 428 में रहता था। दो दिन पहले बीबीए फाइनल के एग्जाम समाप्त हुए थे, इसलिए उसके सभी रूम पार्टनर जा चुके थे।

टीएमयू के मीडिया प्रभारी डॉ. एमपी सिंह ने बताया कि अक्षत जैन बीबीए अंतिम वर्ष का छात्र था। परीक्षा के बाद सूचना दी कि अक्षत जैन का रूम अंदर से बंद है, खुल नहीं रहा है। हॉस्टल स्टाफ ने रूम खोलकर देखा तो अक्षत पंखे से लटका हुआ था। तत्काल यह जानकारी पाकबड़ा थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पाकबड़ा थानाध्यक्ष सतेंद्र सिंह, सीओ हाईवे/एएसपी अमरिंदर सिंह और फिर एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया मौके पर पहुंचे।

पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। अक्षत की आत्महत्या के संबंध में उसके परिजनों को सूचना दी गई है। इस बीच एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है छात्र का किसी युवती से प्रेम संबंध था, शायद उसी के चलते उसने आत्महत्या की है। आत्महत्या के कारणों की गहराई से जांच हो रही है।

### गर्लफ्रेंड से बिछुड़ने से दुखी था छात्र, तय हो गया था युवती का रिश्ता

पाकबड़ा, अमृत विचार : तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी (टीएमयू) में मौत को गले लगाने वाले बीबीए अंतिम वर्ष के छात्र अक्षत जैन के मामले में कई वजह बताई जा रही हैं। साथी छात्रों की मान लें तो अक्षत जैन अपनी सहपाठी गर्लफ्रेंड से जुदाई बर्दाश्त नहीं कर पा रहा था। कुछ समय पहले ही उसकी नोएडा में जॉब लग गई थी। इसके बाद से अक्षत का उससे संपर्क कम हो गया था। मोबाइल पर भी उसकी कोई खास बातचीत नहीं हो पा रही थी। धीरे-धीरे कर उसकी आपस में बातचीत का समय बहुत कम हो गया था। किसी-किसी दिन तो अक्षत की गर्लफ्रेंड से फोन पर बात ही नहीं हो पाती थी। कुल मिलाकर वह साथी छात्रों से भी दूरी बनाने लगा था। उसकी स्थिति डिप्रेशन में रहने जैसी हो गई थी। साथी छात्र ने यह भी बताया कि बीती रात को अक्षत को मालूम चला कि उसकी गर्लफ्रेंड का रिश्ता भी कहीं तय हो गया है। इसी बातचीत में उसे गर्लफ्रेंड की तरफ से कोई अच्छा रिस्पांस नहीं मिला। इसी से ही वह और अधिक परेशान था। फिलहाल, साथी छात्रों की ये बातें पुष्ट नहीं हैं। थानाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह ने बताया कि घटनास्थल के निरीक्षण में प्रतीत हुआ है कि रविवार सुबह करीब 11 बजे के समय उसने डबल बेड की चादर से पंखे में बांधकर फंदा बनाया और उसी में लटकर बेड से नीचे कूदा है, इसी में उसकी मौत हुई है।




### कोई आवाज न आने पर छात्रों ने दरवाजा तोड़ा

बताया जा रहा है कि शनिवार शाम को अक्षत ने अपने साथियों से बताया था कि वह रविवार को घर आगरा चला जाएगा। जाने से पहले वह साथियों से मिलेगा भी। लेकिन, रविवार की सुबह का वक्त बीत रहा था पर साथियों के बीच अक्षत नहीं आया। जिस पर साथी छात्र उसकी खोज में लगे थे और वह लोग उसके कमरे पर गए, जहां दरवाजा अंदर से बंद पाया था। कई बार खटखटाने पर भी जब कमरे के भीतर से कोई हलचल नहीं सुनाई दी तो उन्होंने थोड़ा सा दरवाजा तोड़ा भी और उससे झांक कर देखा तो वह पंखे से लटकता दिखा। छात्र भाग कर संस्थान प्रबंधन को जानकारी दी थी।

### कमरे में मिलीं दवाइयां

मामले की जांच के बाद पाकबड़ा थानाध्यक्ष सतेंद्र सिंह ने बताया, अक्षत जैन अपने गले में चादर को बांध कर पंखे से लटका था। इसके कमरे में कुछ दवाइयां भी मिली हैं। इससे प्रतीत हो रहा है कि वह मानसिक रूप से परेशान था। पुलिस सूत्रों से पता चला है कि आत्महत्या करने से पहले अक्षत ने अपने फोन से काफी डाटा डिलीट किया है। सोशल मीडिया से फोटो हटाए हैं। फिलहाल, उसने ऐसा क्यों किया इस मामले में पुलिस जांच कर रही है।

## प्रेम विवाह के बाद गर्भवती को जान से मारने की कोशिश

- पीड़िता का आरोप विवाह के बाद ससुराल वाले करते थे मारपीट
- ससुराल वालों ने छत से दे दिया था धक्का, समय से पहले हुआ प्रसव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : प्रेम-प्रसंग में युवती को ले जाकर शादी रचाई। इसके बाद ससुराल वालों ने उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। पति भी मारता था। सात महीने के गर्भ के दौरान उसे छत से धक्का देकर जीने पर गिरा दिया, जिससे उसके शिशु का कम दिनों में ही जन्म हो गया। अब पीड़िता अपने मायके में रहने को विवश है। इस मामले में उसने ससुराल के पांच लोगों के विरुद्ध मझोला थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। इसमें पति पंकज, सास द्रोपदी, ससुर मलखान सिंह और दो जेठ अनिल व प्रदीप को नामजद किया हैं। ये सभी प्रीतम नगर मंडी समिति के रहने वाले हैं।

पीड़िता ने बताया कि वह मझोला थाना क्षेत्र में प्राइमरी स्कूल के पास रहती हैं। उनका पति पंकज अब से करीब एक साल पहले उसे बहला-फुसला कर ले गया था। जिस पर उसने विवश होकर उसके साथ शादी की थी। उसी समय से वह पति के साथ प्रीतम नगर मंडी समिति में रह रही थीं। आरोप है कि विवाह के बाद से ही पीड़िता को पति, दोनों जेठ, सास व ससुर मारते-पीटते रहे हैं। पीड़िता ने बताया कि 20 अप्रैल 2024 को वह छत पर कपड़े उतारने गई थी, उसी समय पीछे से सास द्रोपदी व दोनों जेठ आए और जान से मारने की नियत से उसे छत से धक्का दे दिया। जिससे वह जीने पर गिर गई थी और लुढ़कते हुए नीचे आ गई थी। उसे काफी चोट आई थी, उस दौरान वह सात महीने के गर्भ से थी। चोट लगने से उसके कम दिनों के ही शिशु का जन्म हो गया था। इस घटना की सूचना उसे अपनी मां व पिता को फोन कर दी थी। जिस पर उसके माता-पिता ने उसे लाकर आनंद चौधरी अस्पताल मानसरोवर में भर्ती कराया था। उसका शिशु मशीन में रखा गया था। पीड़िता ने बताया कि हालत में सुधार आने पर वह 15 मई को मझोला थाने गई थी लेकिन, उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई। जिस पर वह एसएसपी के सामने पेश हुई थी, इसके बाद उसके मामले में अब एफआईआर दर्ज हुई है।

## वंचितों की मदद करना संस्था का उद्देश्य

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद




बुद्धि विहार में भारत विकास परिषद की कार्यशाला को संबोधित करते मुख्य अतिथि।

अमृत विचार: भारत विकास परिषद की प्रांतीय कार्यशाला अभिज्ञान में रीजनल अध्यक्ष तरुण शर्मा ने कहा कि संस्था का उद्देश्य सुविधा से वंचित लोगों की मदद करना है। जिससे उनके जीवन में सुधार हो सके। उन्होंने पांच जिलों के अध्यक्ष, सचिव महिला संयोजिका, कोषाध्यक्ष एवं प्रांतीय दायित्वधारी को संबोधित करते हुए भारत विकास परिषद के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। परिषद के सभी अध्यक्ष, सचिव को उनके दायित्व बोध के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यशाला व्हाइट हाउस, बुद्धिविहार, दिल्ली रोड में आयोजित की गई थी। इस अवसर पर सभी प्रांतीय और शाखा दायित्वधारी उपस्थित रहे। कार्यशाला में मुरादाबाद, चंदौसी, संभल, बहजोई, कांठ, रामपुर, हसनपुर शाखा के सदस्यों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव नवीन कुमार, सेवा ग्राम विकास एवं ग्रामीण स्वास्थ्य सचिव निर्मल मेहता, अजय बिश्नोई, राजेश पालीवाल, डॉ. संगीता सिंह ने भी सभी का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में रोहिलखंड प्रांत की पत्रिका उद्घोष का भी विमोचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रांत के महासचिव गौरव अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में विनय मित्तल, पीके अग्रवाल, आलोक अग्रवाल, संजय धवन, किशोर अग्रवाल, प्रशांत त्यागी, सुनीता गुप्ता, जगन्नाथ चावला, हरि गोपाल शर्मा, नीरज मित्तल, अशोक गुप्ता, सुधीर शर्मा आदि का भी सहयोग रहा।

### जेईई में प्रोट्रान के छात्रों ने किया बेहतर प्रदर्शन

मुरादाबाद, अमृत विचार: जेईई एडवांस में प्रोट्रान के होनहारों ने जिले में प्रतिभा का लोहा मनवाया है। संस्थापक आरपी राठौर ने बताया कि संस्थान के 17 छात्रों में से कपिश गुप्ता ने 731वीं रैंक, सिद्धार्थ अग्रवाल ने 2219वीं रैंक, अभिराज भरंगर ने 3654वीं रैंक, वैभव ने 6517वीं रैंक (ओबीसी श्रेणी), मयंक कुमार ने 3141 वीं (एससीश्रेणी) रैंक व श्रेष्ठ श्रीवास्तव ने 10637 वीं रैंक हासिल कर कुल नौ छात्रों ने जेईई एडवांस की परीक्षा को क्वालीफाई किया है।



प्रोट्रान के होनहार छात्र, साथ में शिक्षक।

## दिव्यांश ने 328 तो आरुष ने हासिल की 459वीं रैंक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



आकाश इंस्टीट्यूट में खुशी मनाते छात्र, अभिभावक एवं शिक्षक। ● अमृत विचार

अमृत विचार: रविवार को जेईई एडवांस का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें जनपद के कई बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन कर अच्छी रैंक हासिल की है। मुरादाबाद के दिव्यांश जोशी ने ऑल इंडिया 328वीं रैंक और आरुष गुप्ता ने 459 वीं रैंक हासिल की है।

बैंक कॉलोनी बुद्धि विहार निवासी उपक्षेत्रीय वन अधिकारी सुरेश चंद्र जोशी के पुत्र दिव्यांश जोशी ने ऑल इंडिया 328वीं रैंक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। डायमंड पब्लिक स्कूल से 97.8 फीसदी अंकों के साथ इंटर करने वाले दिव्यांश ने हाईस्कूल की परीक्षा स्प्रिंगफील्ड कॉलेज से पास करने के बाद से ही जेईई की तैयारी कर रहे थे। दिव्यांश ने बताया कि रोजाना 12-14 घंटे की पढ़ाई करते हैं। एडवांस की तैयारी के दौरान उन्होंने मोबाइल और सोशल मीडिया काफी दूरी बनाए रखी। इसके अलावा साईं विहार निवासी आरुष गुप्ता ने 459वीं रैंक हासिल की है। वेब सिनेमा के पीछे रहने वाले रजनीश गुप्ता बिजनेसमैन हैं। उनके छोटे बेटे आरुष ने कड़ी मेहनत और लगन से जेईई एडवांस में बेहतर प्रदर्शन किया। आरुष ने बताया कि उन्होंने पीएमएस से हाईस्कूल में 95 प्रतिशत और डायमंड पब्लिक स्कूल से इंटर 94 प्रतिशत अंक हासिल किए। आरुष के बड़े भाई अक्षत गुप्ता रुढ़की से बीटेक कर रहे हैं। आरुष ने बताया कि बीटेक करने के बाद वह रिसर्च के क्षेत्र में जाना चाहते हैं। रोजाना 14 घंटे की पढ़ाई करने वाले आरुष इस दौर में भी सोशल मीडिया पर एक्टिव नहीं हैं।

### आकाश के छात्रों का जेईई एडवांस में भी शानदार प्रदर्शन

मुरादाबाद, अमृत विचार : आकाश इंस्टीट्यूट के 10 छात्रों ने जेईई एडवांस क्वॉलिफॉई किया है। सफल हुए विद्यार्थियों में सिद्धांत रामानंदी (एआईआर351 एससी), हर्ष ऋषि (एआईआर -1026 एससी), विवेक सैनी (एआईआर – 3206 ओबीसी), प्रियांक सिंह (एआईआर – 4114 एससी), वैभव सिंह – (एआईआर - 4159 एससी) आदि छात्र रहे। संस्थान में सभी छात्र और उनके अभिवावकों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी और खुशी मनाई। आकाश इंस्टीट्यूट मुरादाबाद के निदेशक विवेक शर्मा ने कहा कि यह हमारे लिए बहुत गर्व की बात है कि हमारे छात्रों ने जेईई मेन्स 2024 प्रवेश परीक्षा के दूसरे सीजन में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इसका श्रेय हमारे छात्रों की मेहनत, उनके माता-पिता के सहयोग और प्रशिक्षकों को जाता है। जिन्होंने उनकी पूरी तैयारी में छात्रों का मार्गदर्शन किया है।

**आयोजन** जिगर मंच पर सनी देओल, कादर खान व शक्ति कपूर के डायलॉग सुनाकर दर्शकों की वाहवाही लूटी

# जिला कृषि प्रदर्शनी में जूनियर कलाकारों की रही धूम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद




जिगर मंच पर जूनियर कलाकार नाइट में प्रस्तुति देते कलाकार। ● अमृत विचार

अमृत विचार : रविवार को कृषि प्रदर्शनी के जिगर मंच पर जूनियर कलाकार नाइट में हजारों की भीड़ मौजूद रही। कार्यक्रम की शुरुआत संदीप सक्सेना व अनुष्का सक्सेना के नेतृत्व में सरस्वती वंदना से की गई।

जिला कृषि विकास, औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी अनुगूंज के मंच पर जूनियर कलाकार नाइट के मुख्य अतिथि डॉ.सीपी सिंह, विशिष्ट अतिथि डॉ. मन्जेश राठी व अध्यक्ष राष्ट्रीय खादी ग्रामोद्योग फेडरेशन अनिल कुमार सिंह, जिला कृषि अधिकारी ऋुषा तिवारी, प्रदर्शनी प्रभारी राहुल शर्मा व डॉ. मदन पाल सिंह एडवोकेट ने मंच पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया। कार्यक्रम के संयोजक भी मौजूद रहे। इसके बाद मंच पर जूनियर कलाकारों में सनी देओल, कादर खान, शक्ति कपूर और अन्य फिल्मी अभिनेताओं के हमशक्लों ने दर्शक दीर्घा में बैठे हजारों लोगों हैरत में डाल दिया। मंच से जूनियर कलाकार सनी देओल ने गदर व दामनी फिल्म के डायलॉग सुनाए। दर्शकों ने तालियों से कलाकारों का अभिनन्दन किया। वहीं कादर खान के जूनियर कलाकार ने लोगों को कादर खान के डायलॉग से मन बहलाया। तो शक्ति कपूर ने कई फिल्मों के डायलॉग सुनाए। इस पर दर्शकों ने सीटी बजानी शुरू कर दी।इसके बाद फिल्मी गानों पर कलाकारों के अंदाज में डांस किया गया। साथ-साथ असली कलाकारों की आवाज से जूनियर कलाकारों ने लोगों को चौंका दिया। मंच पर कपिल शर्मा के शो की चर्चा रही। मोहम्मद जफर ने देश भक्ति के गाने के अलावा मोहम्मद रफी व अन्य गायकों के गाने सुनाए।



समर कैंप में ट्रैक सूट के साथ हॉकी खिलाड़ी, साथ में जिला हॉकी संघ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## एएमयू वेकेशन वॉइस ने जीता हॉकी मैच

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: समर कैंप के अंतर्गत हॉकी मैच एएमयू वेकेशन वॉइस और हॉकी नर्सरी ब्लू के बीच खेला गया। यह मैच एएमयू वेकेशन वॉइस ने 2-1 से जीत कर अगले चक्र में प्रवेश किया। मैच के मुख्य अतिथि मोहम्मद अहमद खान मुरादाबाद हॉकी संघ के वाइस प्रेसिडेंट एवं विशिष्ट अतिथि भारतीय टीम के हॉकी खिलाड़ी मोहम्मद फराज रहे।

जिला हॉकी संघ और अथर खान स्पोर्ट्स सोसाइटी की ओर से छोटे बच्चों की टीम को ट्रैक सूट देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान अख्तब खान, नावेद अली खान, फहीम खां, असलम खान आदि मौजूद रहे। अंत में सभी का हॉकी संघ के सचिव इकबाल खान ने आभार व्यक्त किया। वहीं मुरादाबाद की दो टीमें मुरादाबाद हॉकी क्लब और अतहर खां स्पोर्ट्स सोसाइटी नैनीताल के लिए रात में रवाना होंगी। टीमें ट्रेड्स कप में ऑल इंडिया हॉकी टूर्नामेंट खेलेंगी।

# 509 अभ्यर्थियों ने छोड़ी बीएड प्रवेश परीक्षा

## तीन केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में 2375 अभ्यर्थियों ने दो पालियों में दी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** तीन केन्द्रों पर उत्तर प्रदेश बीएड प्रवेश परीक्षा कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हो गई। परीक्षा की निगरानी के लिए जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक केन्द्र पर सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए थे। केन्द्रों के आसपास फोटो स्टेट की दुकानें बंद करा दी गई थीं। दो पाली में हुई परीक्षा में पंजीकृत 2884 में से 509 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। कुल 82.35 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी।

रविवार को शहर में तीन परीक्षा केन्द्रों पर बीएड की प्रवेश परीक्षा दो पालियों में कराई गई। पहली पाली में सुबह 9 से 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली में दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक परीक्षा हुई। परीक्षा के लिए जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए थे। केंद्रों पर तलाशी लेने के बाद ही परीक्षार्थियों को कक्ष में प्रवेश मिला। तीन परीक्षा केंद्र राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, जेएस हिंदू पीजी कॉलेज और कुंदन मॉडल इंटर कॉलेज में परीक्षा संपन्न हुई। इन सभी केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किए गए थे। परीक्षा के लिए छह पर्यवेक्षक, तीन स्टैटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए थे। जो लगातार सुरक्षा व्यवस्था को लेकर केंद्रों का जायजा लेते रहे। सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में परीक्षा हुई। जिसमें राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में पंजीकृत 500 के सापेक्ष प्रथम पाली में 88 व द्वितीय में 88 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इसके अलावा कुंदन मॉडल इंटर कॉलेज में 442 के सापेक्ष 77 व द्वितीय पाली में 76 अनुपस्थित रहे। वहीं तीसरे केंद्र जेएस हिंदू डिग्री कॉलेज में 500 के सापेक्ष प्रथम पाली में 89 तथा द्वितीय पाली में 91 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। कुल मिलाकर पहली पाली में 1442 अभ्यर्थियों में से 1188 ने परीक्षा दी, जबकि 254 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। जबकि दूसरी पाली में 1442 अभ्यर्थियों में से 1187 ने परीक्षा दी, जबकि 255 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। दोनों पालियों में कुल 509 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। एडीएम सुरेंद्र सिंह ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। परीक्षा के बाद कॉपियों को सील करके झांसी भेज दिया गया। परीक्षा में 17.65 प्रतिशत अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।


केंद्र के बाहर प्रवेश पत्र चेक करते परीक्षक। ● अमृत विचार


परीक्षा देकर बाहर निकलते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार


नकल रोकने को प्रवेश से पहले महिला अभ्यर्थी की चेकिंग करती अध्यापिका।

## एक नजर

### महिलाओं में पथराव, एक युवक घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** काशीराम कॉलोनी में शनिवार रात किसी बात को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। कुछ ही देर में दोनों पक्षों की महिलाओं के बीच कहासुनी होने के बाद पथराव होने लगा। इस दौरान वहां खड़ा मजदूर सलीम पुत्र अब्दुल हमीद दोनों पक्षों के बीच हो रहे पथराव की जद में आ गया। जिसके चलते वह बुरी तरह से घायल हो गया। कुछ ही देर में दोनों पक्ष कोतवाली पहुंच गए तथा पुलिस को तहरीर देकर मामले से अवगत कराया। पुलिस ने घायल सलीम का मेडिकल के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को भेज दिया। बताया जा रहा है कि इससे पहले भी दोनों पक्षों में विवाद हो चुका है। कुछ लोगों का कहना है कि काशीराम कॉलोनी में बाहर से आने वाले कई युवक अक्सर आते जाते रहते हैं। जिसके कारण यहां पर अक्सर मारपीट होती रहती है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव शेखूपुर झकड़ी निवासी गौरव पुत्र अशोक शनिवार रात गजरौला से अपने घर को बाइक से आ रहा था। जैसे ही उसकी बाइक सिहाली जागीर के निकट पहुंची तो पीछे से किसी वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और गौरव को सीएचसी में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों द्वारा घायल के परिजनों को सूचना दी गई, सूचना मिलते ही परिजन सीएचसी पहुंचे और उपचार के बाद घायल गौरव को घर ले गए। घायल के परिजनों ने कार्रवाई नहीं की गई है।

### सहकारिता विभाग का वसूली अभियान शुरू

**मुबारिजपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र में किसानों पर बकाया ऋण के भुगतान के लिए सहकारिता विभाग ने आचार संहिता खत्म होते ही अभियान चला दिया। इसके लिए विभाग ने वसूली करने वाली टीम का गठन करते हुए एक मुकमुश्त भुगतान करने पर बकायेदारों को निर्देश दिए कहा कि ब्याज की रकम से राहत मिलेगी। भुगतान के लिए सहकारिता विभाग वसूली अभियान चला रहा है। अभियान के तहत टीम का गठन किया गया। किसान ऋण लेने के बाद जिनकी मृत्यु हो गई हो उनके परिजनों को विशेष रियारत दी जा रही है। इसके अलावा एक मुकमुश्त भुगतान करने वालों को भी ब्याज में राहत दी जाएगी।

# 33 केवी लाइन का फटा केबल बॉक्स, सात घंटे गुल रही बिजली

संवाददाता, हसनपुर

**परेशानी**
- सात घंटे की मशक्कत के बाद कर्मचारियों ने ठीक किया फाल्ट
- मोहल्ला महल के उपभोक्ताओं की सारी रात ठप रही आपूर्ति

**अमृत विचार :** शनिवार शाम उझारी से हसनपुर आ रही 33 केवी लाइन का केबल बॉक्स फट गया। इससे नगर की बिजली गुल होने से लोगों को परेशानियों को सामना करना पड़ा। देर रात फाल्ट ठीक होने के बाद आपूर्ति सुचारु हो पाई। लगभग सात घंटे के बाद नगर वासियों को विद्युत आपूर्ति मिल पाई।

गर्मी बढ़ने के साथ ही बिजली की आंख मिचौली का सिलसिला लगातार जारी है। नगर की घनी आबादी वाले क्षेत्रों में सबसे ज्यादा लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कस्बा उझारी से हसनपुर को आ रही 33 केवीए की विद्युत लाइन का केवल बॉक्स शनिवार शाम लगभग पांच बजे फट गया। जिसके कारण हसनपुर नगर की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। केवल बॉक्स फटने की सूचना पर विद्युत कर्मचारी अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे और केबल बॉक्स को सही करने लगे। काफी देर बाद विद्युत कर्मचारियों द्वारा केबल बॉक्स सही किया गया। लगभग सात घंटे के बाद विद्युत आपूर्ति नगर में सुचारु हुई। जब जाकर नगर वासियों ने भीषण गर्मी में राहत की सांस ली। वहीं, मोहल्ला महल की जनता को पूरी रात विद्युत आपूर्ति नहीं मिल पाई। जिसके कारण भीषण गर्मी में बुरा हाल हो गया। बिजली न आने के कारण विद्युत उपकरण शोपीस बन गए। वहीं पेयजल की भी समस्या उत्पन्न हो गई है। जेई साहिल गांधी ने बताया कि 33 केवीए की विद्युत लाइन में केबल बाक्स में फाल्ट होने की वजह से दिक्कत हुई थी। उसे दूर करने के बाद आपूर्ति सुचारु कर दी गई थी।

# राशनकार्ड में दर्ज प्रत्येक सदस्य का होगा सत्यापन

संवाददाता, ढबारसी

**व्यवस्था**
- सत्यापन के दौरान मुखिया का फोन नंबर भी होगा फीड
- राशन लेने के बाद फोन नंबर पर मैसेज भी किया जाएगा

**अमृत विचार :** राशन कार्ड में फर्जी यूनिट से राशन वितरण रोकने के लिए अब राशन लेने वाले प्रत्येक सदस्य का ई-वेइंग मशीनों पर फिंगर प्रिंट लिया जाएगा। इससे मृतक व शादीशुदा युवतियों के यूनिट राशन कार्ड से खत्म हो जाएंगे।

वर्तमान में राशन लेने के लिए परिवार के एक सदस्य का फिंगर प्रिंट लगवाना अनिवार्य है। राशन कार्ड धारक परिवार में किसी सदस्य की मृत्यु होने के उपरांत ग्राम पंचायत अधिकारी से मृत्यु प्रमाण पत्र तो बनवाते हैं। लेकिन राशन कार्ड में यूनिट कम होने पर राशन कम मिलने की वजह से राशन कार्ड से मृतक का नाम नहीं हटवाते। प्रदेश सरकार ने जून माह में राशन प्राप्त करने वाले प्रत्येक लाभार्थी का ई-वेइंग मशीन से फिंगर प्रिंट (केवाईसी) अनिवार्य कर दिया है। अब उन्हीं कार्ड धारकों को राशन मिलेगा, जिनका बायोमेट्रिक सत्यापित होगा। इस सत्यापन के दौरान कार्ड धारक मुखिया का मोबाइल नंबर भी फीड किया जाएगा तथा राशन प्राप्त होने के बाद मोबाइल पर संदेश प्राप्त होगा कि आपके राशन कार्ड में कितने यूनिट है और कितना राशन दिया गया है। राशनकार्ड में मुखिया से परिजनों के सम्बन्ध अगर गलत प्रदर्शित हो रहे हैं तो उनका संशोधन भी किया जाएगा।

# मंदिर में सो रहे युवक की बाइक चोरी

**आदमपुर, अमृत विचार:** गांव रुपानागल में मंदिर में खड़ी बाइक को चोर ले गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की।

थाना क्षेत्र के गांव ढवारसी निवासी कृष्ण कुमार पुत्र हरगोविंद चंदनपुर चीनी मिल में मिस्त्री है। पीड़ित कृष्ण कुमार ने बताया कि शुक्रवार को मिल से छुट्टी मिलने के बाद किसी निजी कार्य से गांव रूपानागल चला गया था और रात ज्यादा होने पर गांव के बाहरी छोर पर बने शिव मंदिर में बाइक खड़ी करके सो गया। जब उसने सुबह उठकर देखा तो मौके पर बाइक नहीं खड़ी थी। जिसके बाद बाइक की तलाश की गई। लेकिन कुछ पता नहीं चला। घटना की तहरीर पुलिस को दे दी गई। लेकिन 24 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस ने बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज नहीं की। थानाध्यक्ष शौकेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है।

# आग से झोपड़ी, बाइक, बिटोरा जला

संवाददाता, रहरा

**अमृत विचार :** रहरा थाना क्षेत्र के चचौरा गांव में शनिवार रात शॉर्ट सर्किट से किसान की झोपड़ी में आग लग गई। झोपड़ी में आग लगने से किसान की बाइक समेत लाखों रुपये का सामान खाक हो गया। पीड़ित के द्वारा राजस्व प्रशासन को मामले की जानकारी दी गई है।

गांव निवासी रामजीमल पुत्र ओमप्रकाश शनिवार को शाम करीब पांच बजे अपने परिवार के साथ खेत पर गया हुआ था। अचानक किसी समय उसके घर पर लगे बिजली के मीटर में चिंगारी उठ गई और आग लग गई। आग से किसान के घर का अनाज भी खाक हो गया। जब तक ग्रामीण आग पर काबू पाते तब तक राशन, तीन क्विंटल गेहूं, बच्चों की यूनिफॉर्म एवं नए कोर्स की किताबें, चारपाई, रजाई गद्दे तथा घर में खड़ी बाइक जल गई। वहीं, पास ही खड़े पांच भाइयों के पांच भूसे के बौंगे, एक बिटोरा जल गया। पीड़ित रामजीमल के मुताबिक आग लगने से उसे करीब दो लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। पीड़ित के द्वारा इस संबंध में राजस्व विभाग को सूचना दी गई है। वहीं, किसान के घर में आग लगने से परिवार का बुरा हाल है।


रहरा क्षेत्र के गांव चचौरा में झोपड़ी में लगी आग। ● अमृत विचार


आग के बाद जला सामान दिखाता पीड़ित।

# प्रेमी युगल का थाने के बाहर हुआ निकाह

**नौगांवा सादात, अमृत विचार :** थाना नौगांवा सादात क्षेत्र के ग्राम कौराल में तौफीक अली का परिवार रहता है। उनके बेटे गुलफाम उर्फ छोटू के प्रेम संबंध बिजनौर के थाना शिवाला कलां क्षेत्र के गांव की युवती थे। जब इसकी भनक युवती के परिजनों को पता लगी, तो युवती पर सख्ती की गई। इससे नाराज युवती ने प्रेमी को बुलाया और उसके साथ चली गई। परिजनों ने नौगांवा सादात थाने में तहरीर दी थी। पुलिस ने प्रेमी युगल को बरामद किया। पुलिस ने दोनों के परिजनों को सूचना दी और नौगांवा थाने बुला लिया गया। दोनों पक्षों के परिजनों की थाने में पंचायत हुई। पंचायत में पुलिस के सामने युवती ने अपने प्रेमी के साथ जाने की जिद पर अड़ गई। पुलिस ने दोनों के परिजनों को समझाते हुए और बालिग होने पर निकाह करने का फैसला सुनाया। पुलिस और पंचायत की सहमति पर दोनों का निकाह थाने के बाहर करा दिया गया।


कंपनी के खिलाफ प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार

# रुपये वापस दिलाने को नारेबाजी

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** चिट फंड कम्पनी के जमाकर्ताओं ने बैठक कर प्रदर्शन किया। मांग करते हुए कहा कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

रविवार को चेतन चौहान मार्ग स्थित तहसील प्रांगण में रुपये जमाकर्ता परिवार की बैठक हुई। बैठक में प्रदेश सचिव डॉ. मुन्ना ने कहा की 2019 में सभी सांसदों की सर्वसम्मति से अधिनियम जमा योजनाएं पाबंदी अधिनियम 2019 पारित किया गया था। लेकिन बार-बार आवेदन करने के बाद भी भुगतान नहीं किया जा रहा। जिससे लाखों पीड़ितों के परिवार के समक्ष आर्थिक तंगी उत्पन्न हो गई है। बैठक के बाद संगठन के सभी सदस्यों ने प्रदर्शन कर अपनी समस्या का जल्द से जल्द समाधान करने की मांग की गई। इस मौके पर प्रदेश सचिव मनोज कुमार, डॉ. मुन्ना, वीर सिंह, देवेंद्र सिंह, अमर सिंह, रामगोपाल, नफीस, राकेश, जगदीश, सुभाष, शराफत, विनोद, सुरेश, लखन सिंह, दिनेश गुप्ता, राजपाल, महबूब, धर्मेंद्र, दिलशाद आदि मौजूद रहे।

# पांच लाख पशुओं का होगा टीकाकरण

**अमरोहा, अमृत विचार :** पशुपालन विभाग द्वारा गला घोंटू बीमारी से पशुओं को बचाने के लिए टीकाकरण अभियान चलाएगा। इस अभियान के दौरान पांच लाख पशुओं को निशुल्क टीके लगाए जाएंगे।

मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी खुशी राम ने बताया कि इन दिनों गला घोंटू बीमारी पशुओं में तेजी के साथ फैलती है। इस बीमारी से पशुओं को बचाने के लिए पशुपालन विभाग ने 100 वैक्सीनेटर, 15 पशु चिकित्सा 36 पशु धन प्रसार अधिकारियों की ड्यूटी टीकाकरण में लगाई है। पहले बाढ़ संभावित इलाकों व फिर अन्य स्थानों पर टीकाकरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हर सप्ताह टीकाकरण की समीक्षा का रिपोर्ट लखनऊ को भेजी जाएगी। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जिले में पांच लाख से अधिक पशुओं का टीकाकरण करके जानलेवा बीमारी गला घोंटू से बचने का प्रयास किया जाएगा।

# जेसीबी से हो रही तालाब की खोदाई

संवाददाता, ढबारसी

- शिकायतों की अनदेखी कर रहे अधिकारी, मुख्यमंत्री पोर्टल पर ग्रामीणों ने की शिकायत

**अमृत विचार :** गंगेश्वरी ब्लाक में मनरेगा के तालाब की खोदाई व सुंदरीकरण का काम मजदूरों की बजाय जेसीबी से कराया जा रहा है। सम्बंधित अधिकारी से ग्रामीणों द्वारा शिकायत के बावजूद अनजान बने हैं। अधिकारियों की निष्क्रियता को देख ग्रामीणों ने मनरेगा में बड़े पैमाने पर हो रहे फर्जीवाड़े की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की है। भूमिहीन व्यक्ति के खेत का समतलीकरण दिखाकर एक लाख छह हजार रुपये हड़पने का भी मामला इसी ग्राम पंचायत का है।

ग्राम पंचायत पाड़ली में वित्तीय वर्ष 2023-2024 में 25 सितंबर 23 को 464 मानव दिवस दर्शाकर भूपसिंह पुत्र मानसिंह के खेत का समतलीकरण कागजों में कर दिया गया तथा मनरेगा से 1 लाख 6 हजार 720 रुपये निकाल लिए गए हैं। जबकि भूपसिंह के नाम राजस्व अभिलेखों में भूमि ही दर्ज नहीं है। जब व्यक्ति के नाम जमीन ही नहीं है, तो किसके खेत समतलीकरण हुआ। चकरोड पर खेत स्वामियों के नाम की अदला-बदली करके फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। इस वित्तीय वर्ष में भी 3 लाख 91 हजार रुपये के कार्य मनरेगा के अन्तर्गत कराए जा चुके हैं। विभागीय साठगांठ से चकरोड पर मिट्टी कार्य व कुम्हारों वाले तालाब का जीर्णोद्धार के नाम पर धनराशि निकालकर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। मामले की शिकायत होने के बावजूद विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। गांव के बूढ़े बाबा के तालाब में मनरेगा के मजदूरों से काम करवाने के बजाय जेसीबी मशीन से काम कराया जा रहा है।


रहरा क्षेत्र के गांव पाडली में जेसीबी से हो रही तालाब की खोदाई। ● अमृत विचार

# युवतियों पर फब्ती कसने का विरोध करने पर युवक को पीटा

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** युवतियों पर फब्तियां कसने का युवक ने विरोध किया तो आरोपी युवकों ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है।

मोहल्ला धुनपुरी में सड़क किनारे कुछ युवक वहां से गुजरने वाली युवतियों पर फब्तियां कसते हैं। धुनपुरी निवासी उमेश ने इसका विरोध किया तो उसके साथ आरोपी युवक गाली-गलौज करने लगे। विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने उमेश को मारपीट कर घायल कर दिया। शोर-शराबा होने पर आसपास लोगों की भीड़ जमा हो गई। भीड़ को देख आरोपी मौके से फरार हो गए। लोगों ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### खेत से चारा लेने गई महिला को पीटा

**गजरौला, अमृत विचार :** खेत से चारा लेने गई महिला को कुछ लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। क्षेत्र के गांव शाहपुर निवासी सविता रविवार को खेत से चारा लेने गई थी। तभी क्षेत्र के गांव तिगरी निवासी लोकेंद्र व योगेंद्र ने रास्ते में महिला पर हमला बोलकर मारपीट कर घायल कर दिया। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। भीड़ देख आरोपी महिला को जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पीड़िता ने घटना की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**मौसम** रविवार को अधिकतम तापमान रहा 43 डिग्री, दिनभर रही उमस

# 20 जून तक गर्मी से नहीं मिलेगी राहत

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी से लोगों को राहत नहीं मिल रही है। दिनों दिन पारा बढ़ रहा है। रविवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस रहा। धूप में लोगों का बाहर निकलना मुश्किल हो गया। दोपहर में सड़कें और बाजार सूनसान नजर आए। उधर, गर्मी के बीच बिजली की कटौती से भी लोग परेशान रहे।

जून के दूसरे सप्ताह में भी गर्मी बढ़ती जा रही है। हर दिन ऐसा प्रतीत हो रहा है जैसे आसमान से आग सी बरस रही है। सुबह से लेकर रात तक चलने वाली गर्म हवा हर किसी परेशान कर रही हैं। हर पल लोग बेचैन नजर आ रहे हैं। रविवार को दिन निकलते ही सात बजे से लू शुरू हो गई। दोपहर में लू के थपेड़ों से लोग बिलबिला उठे। गर्मी में लोगों का हाल ये रहा कि दोपहर में तो घर से बाहर निकलना मुश्किल रहा। बहुत जरूरी होने पर ही लोग घर से बाहर निकले। घर से बाहर निकलते समय लोगों ने धूप से बचने के लिए छाता लगाया तो किसी ने सिर व मुंह पर कपड़ा लपेटकर राहत पाने की कोशिश की। सुबह 10 बजे तापमान 38 डिग्री के पार हो गया और पंखे और कूलर राहत नहीं दे सके। दोपहर होते-होते तापमान 43 डिग्री पहुंच गया। जबकि, चार बजे के बाद उमस बढ़ने के साथ ही लोग पसीना पसीना हो गए। धूप और गर्म हवा के आगे जनमानस हताश और परेशान हो गया है। जिला कृषि अधिकारी बबलू सिंह का कहना है अभी 20 जून तक लोगों को गर्मी की मार झेलनी होगी। उसके बाद मानसून प्रवेश करेगा। इस समय हीट वेव चल रही है। दोपहर के समय घर से बाहर न निकलें।


दोपहर की गर्मी में ऐसे निकले युवक। ● अमृत विचार

# रोडवेज को रोज दो लाख का नुकसान

**अमरोहा, अमृत विचार :** अमरोहा डिपो की रोडवेज बसों को गर्मी के कारण दो लाख रुपये का नुकसान उठाना पड़ रहा है। रोडवेज की बसें टारगेट पूरा नहीं कर पा रही हैं।

सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक मोहम्मद शफी ने बताया कि भीषण गर्मी के कारण सवारियां घरों से नहीं निकल पा रहीं। जिस कारण रोडवेज की बस मार्ग पर कम सवारी लेकर ही दौड़ रही है। उन्होंने बताया कि गर्मी के कारण प्रतिदिन अमरोहा डिपो की रोडवेज बसों को दो लाख रुपये का नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि स्कूलों में छुट्टियां हो जाने और बरात आदि के कार्यक्रम भी इस समय बंद पड़े हैं। इसके अलावा गर्मी के कारण लोग घर से भी नहीं निकल पा रहे हैं। रोडवेज की बसों को प्रतिदिन का टारगेट 10 लाख रुपये दिया जाता है जिसको वह पूरा नहीं कर पा रहे। उन्होंने बताया कि रोडवेज की बसों को भी अब काउंटर से चलाया जा रहा है।


शोभायात्रा में नृत्य करते देव रूप में सजे कलाकार। ● अमृत विचार

# मूर्ति स्थापना से पहले निकाली शोभायात्रा

संवाददाता, हसनपुर

- शोभायात्रा का नगर में कई जगहों पर किया गया स्वागत

**अमृत विचार :** मां दुर्गा एवं मां काली की मूर्ति स्थापना से पहले विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर नगर के मुख्य मार्गों पर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का नगर में कई जगह स्वागत किया गया।

नगर के बाइपास मार्ग स्थित सैनी धर्म कांटे के पीछे भक्तों द्वारा मां दुर्गा एवं मां काली की मूर्ति की स्थापना कराई जा रही है। रविवार को मूर्ति स्थापना से पहले भक्तों द्वारा विधि विधान के साथ मूर्तियों का पूजन किया गया। मूर्तियों का पूजन पंडित देवेंद्र कुमार शर्मा ने कराया। इसके बाद मंडी समिति से शोभायात्रा का उद्घाटन किया गया। शोभायात्रा में सबसे आगे मां काली एवं दुर्गा के रूप में सजे कलाकार चल रहे थे और उसके पीछे डीजे पर अन्य कलाकार नृत्य करते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा का मार्ग में भक्तों द्वारा कई स्थानों पर पुष्प वर्षा एवं शर्बत का वितरण कर स्वागत किया गया। इस मौके पर ममता, नरेश, वीर सिंह, शिवपाल, रामपाल, प्रेमचंद, देवेंद्र, उमेश, राजकुमार, सुमन, सुशीला सहित भारी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

# खेत में मिला युवक का शव, नहीं हुई पहचान

**गजरौला, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव में युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। शव की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर मोर्चरी के लिए भेज दिया है। शव की पहचान कराने की कोशिश की जा रही है।

मोहित पुत्र गिरवर सिंह निवासी ग्राम मुरादपुर ने पुलिस को सूचना दी कि ग्राम जंगल गंगापुरी में एक युवक का शव खेत में पड़ा है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। उसकी पहचान कराने की कोशिश की, मगर उसकी पहचान नहीं हो सकी। मृतक के शरीर पर कमीज नहीं है और पैरों में चप्पल भी नहीं है, वह एक लोअर पहने हुए है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर मोर्चरी के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि शव की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

एक नजर

### न्यायालय के आदेश पर दो आरोपी गिरफ्तार

संभल, अमृत विचार : हयातनगर थाना क्षेत्र के मुहल्ला टंकी रोड सरायतरीन निवासी शहजाद और हयातनगर निवासी मुकेश अलग अलग मामलों में वाद को लेकर न्यायालय में पैरवी नहीं कर रहे थे। न्यायालय ने मुकेश व शहजाद के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर न्यायालय में पेश करने का निर्देश पुलिस को दिया था। रविवार को सूचना मिलने पर पुलिस शहजाद व मुकेश के घर पहुंची और शहजाद व मुकेश को गिरफ्तार कर लिया।

### शौचालय को लेकर हुआ सर्वेक्षण

संभल, अमृत विचार : डीएम और डीपीआरओ के निर्देश पर विकास खंड संभल की ग्राम पंचायत चिताबली में सफाई कर्मी जसराम सिंह और पंचायत सहायक निकिता चौधरी ने शौचालय को लेकर सर्वेक्षण किया। गांव में पक्के, कच्चे एवं गड्ढा युक्त शौचालय का सर्वे करते हुए ग्रामीणों से जानकारी हासिल की।

# होमगार्ड के घर में नकब लगा कर चार लाख की संपत्ति चोरी

## एक लाख नकद व जेवर सहित तमाम कीमती सामान ले गए

कार्यालय संवाददाता,संभल/ओबरी

**अमृत विचार:** असमोली थाना क्षेत्र के खाबरी भोला में बदमाशों ने होमगार्ड के मकान में नकब लगाकर एक लाख की नकदी व सोने चांदी के जेवर सहित लगभग चार लाख रुपये की संपत्ति चोरी कर ली। चोरी की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पड़ताल की।

खाबरी भोला निवासी राजवीर सिंह होमगार्ड है जबकि उसका बेटा अभिषेक पाल मैनाठेर विद्युत उप केंद्र पर एसएसओ के रूप में तैनात है। राजवीर सिंह का मकान गांव के बाहरी छोर पर बना हुआ है। अभिषेक पाल ने बताया कि शनिवार की रात उसके माता पिता, बहन और भाभी घर के आंगन में सोए हुए थे। जबकि अभिषेक पाल और उसका भाई विशेष पाल खेत पर फसलों की सिंचाई करने गए हुए थे। रात में किसी समय बदमाशों ने घर की बाहरी छोर वाली दीवार में नकब लगा लिया। नकब लगाकर बदमाश कमरे में दाखिल हुए और आलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखी एक लाख रुपये की नकदी के साथ ही ढाई लाख रुपये से अधिक की कीमत के जेवर व अन्य सामान चोरी कर लिया। रविवार सुबह कूड़ा डालने गईं पड़ोस की महिलाओं ने राजवीर के घर के पीछे नकब लगा देखा तो परिवार के लोगों को बताया। जानकारी मिलने पर आस पड़ोस के लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। पीड़ित परिवार के लोग बदमाशों के पैरों के निशान खोजते हुए जंगल की तरफ गए तो जेवर के खाली डिब्बे और अन्य सामान घर से कुछ दूरी पर खेत में मिला। चोरी की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच पीड़ित परिवार से घटना के बाबत जानकारी हासिल की।


चोरी के बाद खुली आलमारी दिखाते परिवार के लोग। ● अमृत विचार

### छुट्टा गोवंशीय पशु के हमले में मजदूर घायल

संभल/ओबरी, अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र में छुट्टा गोवंश पशु ने हमला कर मजदूर को घायल कर दिया। खेतों में मौजूद किसानों ने मजदूर को किसी तरह बचाया। घायल मजदूर का निजी डॉक्टर ने उपचार शुरू कर दिया।

थाना क्षेत्र के गांव सीडल माफी निवासी जाहिद पुत्र शब्बीर रविवार को सुबह 9 बजे गांव के ही किसान के खेत में गन्ने की फसल की जुताई कर रहा था। अचानक छुट्टा गोवंश पशु ने हमला कर दिया। जिससे जाहिद गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर मचाने पर आसपास खेतों से किसान दौड़कर पहुंचे। किसानों ने जाहिद को किसी तरह बचाया।

परिजन घायल जाहिद को निजी चिकित्सक के यहां ले गए तो उपचार शुरू हुआ। बताते चलें कि कई दिनों से छुट्टा गोवंश पशुओं का आतंक मचा है। पहले भी हमले में कई ग्रामीण घायल हो चुके हैं। ग्रामीणों का घरों से निकलना दूभर हो गया है।

# महिला का शव फंदे से लटका मिला

## हत्या का आरोप लगा कर किया हंगामा

कार्यालय संवाददाता,संभल/ जुनावई

**अमृत विचार:** जुनावई थाना क्षेत्र के गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत हो गई। महिला का शव घर के कमरे में फंदे से लटका मिला। मौके पर पहुंचे महिला के मायके वालों ने ससुराल पक्ष के लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

जनपद बदायूं के थाना जरीफनगर क्षेत्र अन्तर्गत गांव अफजलपुर बुधैती निवासी सोवरन सिंह ने अपनी बेटी शारदा की शादी 5 वर्ष पूर्व नगला अजमेरी ग्राम पंचायत के मजरा हकीमपुर निवासी कुंवरपाल के साथ हिंदू रीति रिवाज के साथ की था। कहा जा रहा है कि शादी के कुछ दिन बाद से ही पति पत्नी के संबंध में खटास आ गई थी। दोनों के बीच आए दिन झगड़ा होता रहता था। तीन दिन पहले ही शारदा मायके से ससुराल आई थी। रविवार को शारदा का शव घर के कमरे में फंदे से लटका मिला। परिवार के लोगों ने उसे नीचे उतारा लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। शारदा की मौत के बाद ससुराल पक्ष के सभी सदस्य घर से फरार हो गए। किसी तरह से मायके पक्ष के लोगों को सूचना मिली तो वह मौके पर पहुंच गए। शारदा की हत्या का आरोप लगाते हुए मायके वालों ने हंगामा किया। उन्होंने पुलिस को मौके पर बुला लिया। पुलिस ने शारदा का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

वहीं फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मायके पक्ष के लोगों की सूचना के आधार पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।


महिला की मौत के बाद एकत्र गांव की महिलाएं। ● अमृत विचार

# बाइक सवारों को ट्रक ने रौंदा, मां की मौत, बेटा गंभीर घायल

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

**अमृत विचार :** मुरादाबाद में रिश्तेदार की खैर खबर लेने के बाद घर लौटते बाइक सवारों को ट्रक ने रौंद दिया। हादसे में मां की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बेटा घायल हुआ। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने बिना किसी कार्रवाई के शव को सुपुर्देखाक कर दिया।

असमोली थाना क्षेत्र के गांव शहबाजपुर कला निवासी जैबुल निशा पत्नी मुस्तकीम शनिवार को बेटे मोहम्मद आसिम के साथ मुरादाबाद में रिश्तेदार की खैर खबर लेने गई थी।

देर रात दोनों बाइक से वापस लौटने लगे। करीब 9.30 बजे दिल्ली हाईवे पर स्थित लोधीपुर में फ्लाईओवर पर ट्रक ने बाइक को रौंद दिया।

हादसे में जैबुल निशा की मौके पर ही मौत हो गई जबकि मोहम्मद आसिम घायल हुआ। सूचना मिलने पर परिजन भी पहुंच गए और कोहराम मच गया। मोहम्मद आसिम का उपचार कराया गया। बिना किसी कार्रवाई के परिजन जैबुल निशा के शव को घर ले आए। रविवार को शव को सुपुर्द खाक कर दिया गया।

- **महिला बेटे के साथ मुरादाबाद में रिश्तेदारी में होकर लौट रही थी घर**
- **लोधीपुर में हुआ हादसा, परिवार में मचा कोहराम**

### हादसे में बाइक सवार दो महिलाओं सहित चार घायल

संभल, अमृत विचार : नखासा थाना क्षेत्र में संभल जोया मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से एक ही बाइक पर सवार होकर जा रहे दो महिलाओं सहित चार लोग घायल हो गए। घायलों को सड़क पर पड़ा देखकर राहगीरों ने घायलों को उपचार के लिए आनन फानन में जिला अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर मां बेटे को हायर सेंटर रेफर कर दिया। असमोली थाना क्षेत्र के गांव चंदवार की मढैया निवासी जाकिर रविवार की सुबह 11 बजे अपनी अपनी मां भूरी पत्नी नसीर को दवा दिलाने बाइक से संभल में मुहल्ला सैफ खां सराय जा रहा था। जाकिर के साथ बाइक पर उसकी भाभी रबिशा पत्नी नासिर भतीजी अलफशा 6 वर्ष भी साथ थी। जाकिर बाइक लेकर जैसे ही संभल जोया मार्ग पर मंडलाई बाईपास चौराहे के पास पीछे से आ तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी और चालक वाहन लेकर भाग गया। टक्कर के लगते ही जाकिर, भूरी, रबिशा, अलफशा सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे के बाद मार्ग से गुजर रहे राहगीरों ने ई रिक्शा में लादकर घायलों को उपचार के लिए आनन फानन में जिला अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर जाकिर व भूरी को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

## बच्ची के मुंडन संस्कार से लौटते लोगों की कार पलटी, सात घायल

कार्यालय संवाददाता, संभल/ जुनावई

**अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र में बच्ची के मुंडन संस्कार में शामिल होकर बदायूं जिले के लिए लौटते लोगों की ईको कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में एक महिला समेत सात लोग घायल हो गए। सीएचसी से चिकित्सक ने गंभीर हालत में महिला सहित दो को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

जनपद बदायूं के थाना जरीफनगर अंतर्गत गांव पावई निवासी कालू की पांच वर्षीय बेटी रोशनी का मुंडन संस्कार गुन्नौर क्षेत्र में अस्थाई गंगाघाट ईसमपुर पर हुआ। जिसकी दावत में गांव के तमाम लोग आए थे। दावत खाकर आधा दर्जन से अधिक लोग ईको कार से वापस लौटने लगे। जुनावई-नरौरा लिंक मार्ग पर गांव असदपुर के पास ईको कार अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे कार मालिक सप्पू (50 वर्ष), इसका बेटा अर्जुन (12 वर्ष), अंकित (13 वर्ष) पुत्र सतीश, सतपाल (50 वर्ष), इसका बेटा बॉबी (12 वर्ष), प्रेमपाल (35 वर्ष), इसकी पत्नी राजवती घायल हो गए। हादसे के बाद चालक भाग गया। आसपास के लोग मौके पर जुट गए। घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुनावई लाया गया। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद पांच लोगों को घर भेज दिया जबकि सप्पू और राजवती को हायर सेंटर रेफर कर दिया।


जुनावई में सड़क हादसे में घायल बच्चे व बड़े। ● अमृत विचार

- **सीएचसी जुनावई से महिला समेत दो लोग हायर सेंटर रेफर**

सार-संक्षेप

### परिजन थाने पहुंचे तो युवक ने किशोरी को छोड़ा

संभल, अमृत विचार : नखासा थाना क्षेत्र निवासी ग्रामीण की 14 वर्षीय पुत्री को गांव का ही एक युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। परिजन कार्रवाई की मांग को लेकर थाने आए तो जानकारी मिलने पर युवक ने किशोरी को छोड़ दिया। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण की 14 वर्षीय पुत्री शुक्रवार को गायब हो गई थी। रविवार की सुबह गांव के ही युवक के साथ किशोरी के जाने की जानकारी परिजनों को मिली। परिजन कार्रवाई कराने के लिए थाने आ गए। युवक को पता चला तो उसने किशोरी को छोड़ दिया। किशोरी ने किसी के मोबाइल से फोन पर संभल मंडी समिति के पास संभल हसनपुर मार्ग पर खड़े होने की सूचना दी। जिसके बाद परिजन मंडी समिति के पास पहुंचे और किशोरी को लेकर घर चले गए। थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह ने बताया कि रविवार की सुबह किशोरी खुद ही वापस आ गई है। इस मामले में तहरीर नहीं मिली है।


मंदिर में सुंदरकांड पाठ करते ट्रस्ट के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### वीर हनुमाना अति बलवाना राम नाम रसियो रे...

चन्दौसी, अमृत विचार : रविवार को स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट की ओर से संयुक्त चिकित्सालय परिसर स्थित श्री महामृत्युंजय मंदिर में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम डॉ. वाईपी जोशी ने विधि विधान से पूजन कराया। तदोपरांत केजी शर्मा व राजेश शंखधार ने गणेश वंदना, सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा व बजरंग बाण का मनोहारी वाचन किया। तत्पश्चात अजय सक्सेना व राजू शर्मा ने सुंदरकांड पाठ की चौपाइयों का लयवद्ध वाचन किया। भजनों की श्रंखला में केजी शर्मा ने राम को देख कर श्री जनकनन्दिनी बाग में जा खड़ी की खड़ी रह गयीं। अजय सक्सेना ने वीर हनुमाना अति बलवाना राम नाम रसियो रे, प्रभु मन बसियो रे आदि एक के बाद एक भजनों की प्रस्तुति से वातावरण भक्ति मय कर दिया। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर जेएन मिश्रा, योगेंद्र कुमार शर्मा, राजीव शर्मा, रमेश ग्रेवाल, संजीव शर्मा, सुरेश चंद्र शर्मा, राकेश चौबे, टीसी शर्मा, पीएन शर्मा, कपिल शर्मा, मधु गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### ननिहाल आये बालक पर बंदरों ने किया हमला, घायल

संभल/मनोटा, अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र में छत पर खेल रहे बालकों पर अचानक से पहुंचे बंदरों के झुंड ने घेरकर हमलाकर कर दिया। बाकी बालक तो छत से नीचे उतर गए, लेकिन हमले में ननिहाल में आया बालक घायल हो गया। परिजनों ने लाठी डंडे दिखाकर बंदरों के झुंड को भगाकर बालक का पास की ही निजी चिकित्सक से उपचार कराया। असमोली थाना क्षेत्र के गांव भैंसोड़ा निवासी संदीप कुमार का भांजा मनीष 11 वर्ष शनिवार की शाम अन्य बच्चों के साथ मकान की छत पर खेल रहा था। अचानक से पहुंचे बंदरों के झुंड ने छत पर बालकों को घेर लिया। बंदरों से ड़रकर अन्य बालक तो आनन फानन में जीने की सीढ़ियों से होकर नीचे उतर आए, लेकिन इससे पहले मनीष दौड़कर जीने की सीढ़ियों के पास पहुंचता। बंदरों ने हमलाकर मनीष को घायल कर दिया। चीखने चिल्लाने की आवाज को सुनकर परिजन छत पर पहुंचे और लाठी डंडे दिखाकर बंदरों के झुंड को भगाया। जिसके बाद मनीष को लेकर परिजन पास के ही निजी चिकित्सक के पास पहुंचे और मनीष का उपचार कराया।


आरोग्य मेले का निरीक्षण करतीं सीएमओ डा. तरन्नुम रजा। ● अमृत विचार

### स्वास्थ्य मेले में 2768 मरीजों का हुआ नि:शुल्क उपचार

संभल, अमृत विचार : संभल जिले के 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और 4 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर लगे मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 2768 मरीजों का नि:शुल्क उपचार हुआ। 171 लाभार्थियों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए गए। सीएमओ ने कई स्वास्थ्य केंद्रों पर मेले का निरीक्षण किया। आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 40 चिकित्सकों और 100 पैरामेडिकल स्टाफ ने ड्यूटी की। 1103 पुरुषों, 1018 महिलाओं और 647 बच्चों का नि:शुल्क उपचार किया। 142 लोगों की एंटीजन किट से कोविड जांच की गई तो सभी नेगेटिव पाए गए। आयुष्मान भारत जन-आरोग्य योजना के अंतर्गत 171 लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाए गए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर परिवार नियोजन संबंधी परामर्श और सामग्री के लिए काउंटर लगे। आयुष विभाग के चिकित्सकों ने सहयोग किया। जिलाधिकारी के निर्देश पर आशाओं ने सोर्स रिडक्सन एवं संचारी रोगों से बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया। सीएमओ डॉ.तरन्नुम रजा ने कई स्वास्थ्य केंद्रों पर मेले का निरीक्षण किया। सिंहपुरसानी और हजरत नगर गढ़ी में बैनर नहीं लगा मिला तो बैनर लगवाए। सीएमओ ने जिम्मेदारों को सुधार करने के निर्देश दिए। वहीं एसीएमओ डॉ.पंकज कुमार विश्नोई, डिप्टी सीएमओ डॉ. हरविंदर सिंह, अपर शोध अधिकारी महेश गौतम, डीपीएम एनएचएम संजीव कुमार राठौर, नगरीय स्वास्थ्य समन्वयक मुकेश चन्द्र शर्मा ने भी मेले का निरीक्षण किया।

# बिजली की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो किसान करेंगे धरना-प्रदर्शन

संवाददाता,असमोली/ऐंचोड़ा कंबोह

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की बैठक में किसानों के मुद्दे उठाए गए। साथ ही, हरिद्वार में होने वाले महाकुंभ में जाने की रणनीति बनाई गई।

ऐंचौड़ा कम्बोह बिजलीघर परिसर में हुई बैठक में कहा गया कि हरिद्वार के महाकुंभ के लिए 16 जून को सुबह रवानगी की जाएगी। भाकियू के युवा जिला उपाध्यक्ष देवेश चौधरी आदि ने अधिशासी अभियंता को संबोधित ज्ञापन एसएसओ संजय कुमार को सौंपा। कहा कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नए कनेक्शन पर मीटर समय से नहीं लगाए जा रहे। मीटर लगाने के बदले में पैसे मांग की जा रही है। नहीं देने पर उपभोक्ताओं को धमकाया जा रहा है। जेई द्वारा कनेक्शन होने के बाद भी न्यू कनेक्शन धारकों के केबल काटकर परेशान किया जा रहा है। गांवों में दिन में बिजली आपूर्ति खराब है। सरकार के आदेश के अनुसार 18 घंटे बिजली दी जा। नलकूपों के लिए भी 10 घंटे बिजली नहीं मिल रही। कहा कि इन समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो हरिद्वार के महाकुंभ के बाद तिथि तय करके धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान भाकियू पदाधिकारी और कार्यकर्ता रहे।


ऐंचोड़ा कंबोह में बैठक में शामिल होने आए भाकियू कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- **भाकियू टिकैत ने अधिशासी अभियंता को संबोधित ज्ञापन एसएसओ को सौंपा**

### तार बदलने के चलते घंटों बंद रही बिजली

**संभल अमृत विचार :** शहरी क्षेत्र में विद्युत उपकेंद्र संभल 33/11 केवी के अंतर्गत 11केवी एसडीएम कोर्ट फीडर के पुराने तार बदलने को लेकर कई क्षेत्रों में घंटों तक बिजली बंद रही। जिससे भीषण गर्मी में उपभोक्ताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

बिजली विभाग ने तार बदलने के चलते रविवार को सुबह 7 बजे बिजली आपूर्ति बंद की। जिसके कारण अरोड़ा एरोमेटिक्स, एनएस मिंट, एंजिल पब्लिक स्कूल, नई तहसील, आरटीओ कार्यालय, एएसपी कार्यालय, डीपीएस स्कूल, मोबाइल टावर, पेट्रोल पंप, वाजिद कोल्ड स्टोर, शिव कॉलोनी, स्टेट बैंक, विशाल मेगा मार्ट, एसडीएम कोर्ट, अपटाउन कोल्ड स्टोरेज, शंकर कोल्ड स्टोरेज, लवर प्वाइंट, न्यू शहजादी सराय की बिजली नहीं आने पर लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दोपहर में शटडाउन वापस होने पर बिजली आपूर्ति सुचारू की गई तो राहत मिली।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से ई रिक्शा चालक की मौत

संवाददाता, संभल/धनारी

**अमृत विचार:** धनारी थाना क्षेत्र में शनिवार की देर रात धनारी भिरावटी मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से ई रिक्शा चालक की मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।

थाना क्षेत्र के गांव भिरावटी निवासी चालक लोकेश शनिवार की देर रात साढ़े 11 बजे ई रिक्शा लेकर धनारी से घर जा रहा था। लोकेश ई रिक्शा लेकर जैसे ही धनारी-भिरावटी मार्ग पर गांव आर्थल चौराहे के पास पहुंची।

अज्ञात वाहन ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी। टक्कर के लगते ही ई रिक्शा क्षतिग्रस्त हो गया और वह सड़क पर गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गया। मार्ग से वाहन लेकर गुजर रहे चालकों ने घायल को उपचार के लिए एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर लोकेश को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। यहां डॉक्टर ने उसे भर्ती कर उपचार शुरु ही किया था कि थोड़ी देर बाद ही लोकेश की मौत हो गई। थाना प्रभारी नरेश कुमार सिंह ने बताया कि चालक का शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


रिक्शा चालक की मौत के बाद बिलखती परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार


रघुनाथ मंदिर पर आरती करते भाजपाई। ● अमृत विचार

## केंद्र में भाजपा सरकार बनने पर भाजपाई गदगद

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी की तीसरी बार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने पर भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। भाजपा नगर अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल के नेतृत्व में सुभाष रोड स्थित श्री राम मंदिर में हनुमान चालीसा के बाद आरती का आयोजन किया गया।

फव्वारा चौक पहुंच कर मिष्ठान वितरण करके एवं ढोल नगाड़ों के साथ आतिशबाजी छोड़ कर खुशी का इजहार किया। नगर अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार केंद्र में सरकार बनी है। राष्ट्रीय एवं जनहित के जो कार्य पिछले कार्यकाल में अपूर्ण रह गए हैं उनको पूरा किया जाएगा। साथ ही विश्व में भारत का नाम विकसित देश बनाने का कार्य पूर्ण होगा। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष मनोज कठेरिया, सतीश अरोड़ा, पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय, विनोद विन्नी, राजकुमार ठाकरे, डॉ. टीएस पाल, शुभम अग्रवाल, अभिनव शर्मा, यश मदान, आकाश आहूजा, डॉ. विशाल चौहान, उमेश दिवाकर, समेत तमाम कार्यकर्ताओं की भागीदारी रही।

तीसरी बार बनी सरकार | लोगों ने टीवी पर देखा शपथ ग्रहण समारोह,जय श्रीराम के नारे लगाए

# मोदी ने ली प्रधानमंत्री पद की शपथ, झूम उठे भाजपाई

कार्यालय संवाददाता, संभल/ बबराला

**अमृत विचार :** नरेंद्र मोदी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के तीसरे शपथ ग्रहण समारोह का लाइव प्रसारण देखने के लिए भाजपा समर्थक टीवी से चिपके रहे। जैसे ही नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली तो समर्थकों ने जय श्रीराम के नारे लगाकर जश्न मनाया। काफी देर तक आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया। समर्थकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई।

दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में देर शाम आयोजित हुए शपथ ग्रहण समारोह का सीधा प्रसारण देखने के भाजपाई बेहद उत्सुक दिखे। जगह जगह बड़ी एलईडी टीवी स्क्रीन लगाकर नरेंद्र दामोदर दास मोदी के शपथ ग्रहण को देखा। तमाम लोगों ने घरों में ही टीवी पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम को देखा। संभल में हिंदू जागृति मंच से जुड़े सदस्यों ने यशोदा चौराहा के पास स्थित शर्मा मेडिकोज पर टीवी पर शपथ ग्रहण समारोह देखा। जैसे ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शपथ ली तो जय श्रीराम के जयकारे गूंजे उठे। यहां अजय कुमार शर्मा, इमरान तुर्की समेत तमाम लोग रहे। भाजपा नेता दिनेश जाटव के यहां भी मिष्ठान वितरण कर तीसरी बार भाजपा सरकार की खुशी मनाई गई। भाजपा नेता संजय गुप्ता पोली ने भी मिठाई बांटकर खुशी मनाई। वहीं बबराला में शपथ ग्रहण के दौरान भाजपाइयों ने पटाखे जलाकर और मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। रेलवे रोड मुख्य बाजार में मंडल अध्यक्ष विनय वार्ष्णेय की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी की। चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय, मणिकांत वार्ष्णेय, योगेश गुप्ता, अरविंद कुमार, विजेंद्र पाठक, राजकिशोर बंसल, डिंपल राघव, नितिन वार्ष्णेय, सुनीत भोला आदि भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी मनाई।


संभल में समर्थकों को मिठाई खिलाते भाजपा नेता दिनेश जाटव। ● अमृत विचार

- **समर्थकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई, आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया**

## एक नजर

### मामूली बात पर पिता पुत्र ने की मारपीट

**संभल, अमृत विचार :** कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर सौंधन निवासी विनोद ने रविवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि शनिवार की शाम पांच बजे 17 वर्षीय पुत्री कनक रास्ते में झाड़ू से साफ सफाई कर रही थी। कूड़े इकट्ठा करने को लेकर पड़ोस का ही व्यक्ति गाली गलौज करने लगा। गाली गलौज का विरोध करने पर कनक व व्यक्ति के बीच विवाद हो गया था। रात को गांव में ही स्थित सर्राफा की दुकान बंद कर घर पहुंचे विनोद को कनक ने सारी बात बताई। आरोप है कि इसी बात को लेकर रविवार की सुबह व्यक्ति अपने बेटे के साथ विनोद के घर में घुस आया और लात घूसों से मारपीट करते हुए विनोद को चोटिल कर दिया।

### सड़क पर गिरी साइकिल चालक घायल

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला चौधरी सराय निवासी बबलू साइकिल पर सवार होकर कहीं जा रहा था। बबलू घर से निकलकर जैसे ही चौधरी सराय चौराहे के पास पहुंचा। साइकिल अनियंत्रित हो गई। और बबलू घायल हो गया।

### आपसी विवाद में छह लोग गिरफ्तार

**संभल/धनारी, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र के गांव मझौला फतेहपुर निवासी एक पक्ष के सत्यपाल व मुनेश और दूसरे पक्ष के रामनिवास व अरविंद रविवार को पुश्तैनी जमीन पर कब्जे को लेकर आपस में गाली गलौज करते हुए मारपीट करने पर आमादा हो रहे थे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सत्यपाल, मुनेश, रामनिवास व अरविंद को हिरासत में ले लिया। दूसरी ओर मझौला फतेहपुर निवासी प्रदीप व रामऔतार के बीच रुपयों के लेनदेन को लेकर विवाद हो रहा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रदीप व रामऔतार को गिरफ्तार कर लिया। कानूनी कार्रवाई कर पुलिस ने सत्यपाल, मुनेश, रामनिवास, अरविंद और प्रदीप व रामऔतार का शांतिभंग की धारा में चालान कर दिया।

# किसानों ने चिंतन शिविर की सफलता को बनाई रणनीति

## जिला प्रशासन पर समस्याओं की अनदेखी करने का लगाया आरोप

**संवाददाता, बहजोई**

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की बैठक में हरिद्वार में होने वाले चिंतन शिविर की सफलता को लेकर रणनीति बनाई गई। किसानों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर चिंतन शिविर में अपने मुद्दे उठाए जाने का आह्वान किया गया।


बहजोई में भाकियू की बैठक में बोलते विजेंद्र सिंह यादव। ● अमृत विचार

गांव सादात बाड़ी में आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया कि हरिद्वार में होने वाले चिंतन शिविर में जनपद के किसानों की समस्याओं को उठाया जाएगा। क्योंकि जनपद का प्रशासन किसानों की समस्याओं को अनदेखी कर रहा है और उनके शोषण करने पर उतारू है। प्रदेश प्रमुख महासचिव विजेंद्र सिंह यादव ने कहा कि गांव सादातबाड़ी में चकबंदी प्रक्रिया चल रही है। जिसमें गरीब किसानों की जमीन छीन कर पैसे वालों व असरदार लोगों को दी जा रही है। भारतीय किसान यूनियन ऐसा नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि हरिद्वार में होने वाले राष्ट्रीय चिंतन शिविर में अधिक से अधिक किसान शामिल हों और अपने मुद्दों को चिंतन शिविर में बताएं। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मनपाल सिंह यादव, मंडल संगठन मंत्री जबर सिंह यादव, मंडल महासचिव मुकेश कुमार यादव, राजपाल सिंह, मीडिया प्रभारी केपी यादव, शिशुपाल सिंह, राम खिलाड़ी, देवेंद्र, विनोद, राहुल, महिपाल सिंह, राम अवतार सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

## समिति की बैठक में ईद-उल-अजहा का पर्व शांति से मनाने की अपील

**संवाददाता, सौंधन/सिरसी**

**अमृत विचार:** कैला देवी व सिरसी में आयोजित शांति समिति की बैठक में शामिल गणमान्य नागरिकों व धार्मिक लोगों से थाना प्रभारी ने ईद उल अजहा का त्योहार शांति के साथ मनाने की अपील की।

कैला देवी थाना परिसर में रविवार को थाना प्रभारी राजीव कुमार मलिक ने ईद उल अजहा को लेकर क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों, पूर्व ग्राम प्रधानों और मुस्लिम समाज के धार्मिक लोगों के साथ बैठक की। थाना प्रभारी ने कहा कि सभी लोग ईद उल अजहा का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं। इस दौरान भगवान दास, ओमवीर, नूर मोहम्मद, देवेंद्र, रूप किशोर, आराम सिंह, कुवंरपाल, अरविंद सिंह, और सौंधन मस्जिद के इमाम उस्मान सहित आदि लोग मौजूद रहे।वहीं हजरत नगर थाना प्रभारी विनोद मिश्रा ने सिरसी में बैठक के दौरान कहा कि त्योहार के मौके पर किसी भी असामाजिक तत्व ने माहौल बिगाड़ने की कोशिश करता है तो उसकी सूचना पुलिस को दें। जिससे समय रहते कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा सके।


सिरसी में शांति समिति की बैठक में बोलते थाना प्रभारी विनोद मिश्रा। ● अमृत विचार


महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण करते चेयरमैन हर्ष वर्धन। ● अमृत विचार

## मुगलों से लड़ते रहे महाराणा प्रताप

**संवाददाता, बबराला**

**अमृत विचार :** महाराणा प्रताप की जयंती पर लोगों ने उन्हें याद कर उनकी वीर गाथा का गुणगान किया।

नगर पंचायत सभा कक्ष में महान राजपूत शासक महाराणा प्रताप की जयंती मनाई गई। लोगों ने महाराणा प्रताप के चित्र समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर भावपूर्ण नमन किया। चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय ने कहा कि अगर महाराणा प्रताप न होते तो आज का भारत नहीं होता। उन्होंने अपने अद्भुत व अद्वितीय पराक्रम और सामाजिक समरसता के साथ अपने राज्य और देश की अस्मिता को स्वतंत्र और जीवंत रखा। उन्होंने कहा कि उनकी गौरवगाथा घर-घर में और इतिहास में उच्च स्थान पर सुशोभित होनी चाहिए। प्रभाष कृष्ण अन्नू ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन संघर्षों से भरा रहा। वह राष्ट्र के सम्मान की खातिर आखिरी समय तक मुगलों से लड़ते रहे। इस मौके पर ठाकुर धर्मवीर सिंह, जगदीप वार्ष्णेय, मनोज राघव, आकाश मेडिकल, अरविंद कुमार और प्रशांत वार्ष्णेय आदि रहे।

## कूड़ा डालने पर मां व बेटे ने महिला को पीटा

**गुन्नौर, अमृत विचार :** घर के दरवाजे पर कूड़ा डालने का विरोध करने पर पड़ोसी मां-बेटे ने घर में घुसकर महिला को मारपीट कर घायल कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव अकबरपुर निवासी निरंजन पुत्र गंगा प्रसाद ने थाना पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। कहा है कि पड़ोस की महिला विरमा देवी पत्नी जगतपाल अकसर उसके दरवाजे पर कूड़ा फेंक जाती है। विरमा ने दरवाजे पर कूड़ा फेंका तो उसकी पत्नी सोमवती ने मना किया। इसी बात पर विरमा और उसका बेटा धर्मेन्द्र फरसा और लाठी लेकर घर में घुस आए। आरोप है कि सोमवती को मारपीट कर घायल कर दिया। चीख पुकार सुनकर मौके पर तमाम ग्रामीण पहुंचे और सोमवती को बचाया तो आरोपी मां बेटा भविष्य में फिर कभी निपटने की धमकी दे कर चले गए। घायल सोमवती को सीएचसी में भर्ती कराया गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# महिला पर हमले की पुलिस को दी तहरीर

- घटना 30 मई को हुई थी, महिला को कर दिया था घायल

**संवाददाता, बनियाठेर/चन्दौसी**

**अमृत विचार:** थाना बनियाठेर के गांव देवरखेड़ा के निकट बाइक सवार महिला व उसके जेठ के साथ बाइक सवारों ने मारपीट की। धारदार हथियार से वार कर महिला को घायल कर दिया। घटना 30 मई की शाम सात बजे की है। पीड़ित ने रविवार को थाना पुलिस को मामले की जानकारी देते हुए तहरीर दी है।

पीड़ित सरदार सिंह पुत्र बाल किशन सिंह निवासी जनपद मुरादाबाद के थाना बिलारी क्षेत्र के गांव हमजापुर व हाल निवासी गांव देवरखेड़ा थाना बनियाठेर जिला संभल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 30 मई की शाम करीब सात बजे वह अपने छोटे भाई अजय पाल सिंह की पत्नी श्रुति यादव के साथ बाइक से अपने गांव हमजापुर से गांव देवरखेड़ा स्थित मकान पर आ रहा था। गांव देवरखेड़ा मोड़ पर पहुंचा ही था। उसी समय पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उसकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। उसने विरोध किया तो बाइक सवार युवकों ने उसके व उसके छोटे भाई की पत्नी के साथ मारपीट की। इतना नहीं हमलावरों ने फोन कर अपने साथियों को बुला लिया। श्रुति यादव ने बीच बचाव किया तो धारदार हथियार से वार कर घायल कर दिया। सिर में रॉड से वार भी किया। जिससे श्रुति लहुलुहान हो गई। वह तत्काल श्रुति को पास के निजी नर्सिंग होम ले गया तो वहां भी हमलावर आ धमके और उसके साथ मारपीट की। जान से मारने की धमकी देते हुए हमलावर भाग निकले। पीड़ित ने बताया कि उपचार के चलते वह थाने नहीं पहुंच सका।


संचारी रोग रोकथाम के लिए सफाई के बारे में जानकारी देतीं स्वास्थ्य कर्मी।

# संचारी रोगों की रोकथाम के लिए ग्रामीणों को किया गया जागरूक

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी के आदेशानुसार विकास खंड बनियाखेड़ा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नरौली के अंतर्गत संचारी रोगों की रोकथाम हेतु सोर्स डिडेक्शन के तहत गांव कैथल समेत गांव-गांव घर-घर जाकर मच्छर से होने वाले रोगों के बारे में जागरूक किया गया। टीम ने नालियों में जमा पानी से होने वाले लार्वा को चेक कर मच्छर के लार्वा रोकथाम हेतु प्रचार प्रसार किया गया। कहा कि बारिश का मौसम दस्तक देने जा रहा है। ऐसे में मच्छर न पनपें इसके लिए जागरूक होना आवश्यक है। घर व आसपास गंदा पानी जमा न होने दें। इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विश्वास अग्रवाल टीम के साथ मौजूद रहे।

## बरसात के समय में बीमारियों से बचने को किया जागरूक

**संभल/जुनावई अमृत विचार :** जिलाधिकारी के आदेश पर स्वास्थ्य विभाग ने बरसात के मौसम में बीमारियों से बचाव के लिए ग्रामीणों को जागरूक करना शुरू कर दिया है। रविवार को बाल विकास परियोजना विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के लेखा प्रबंधक कुलदीप शर्मा ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत गांव दबथरा में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, आशाओं और संगिनियों के सहयोग से डोर टू डोर जाकर ग्रामीणों को सुरक्षा के लिए जागरूक किया।

कहा कि घर से बाहर निकलें तो पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें। घर में किसी भी बर्तन में पानी भरा हुआ नहीं होना चाहिए। घरों के आसपास भी स्वच्छता बनाए रखें। इस दौरान शीला, सुषमा, प्रीति, सुधा भारद्वाज रहीं।

# पुल की मरम्मत के चलते कई ट्रेनें रद्द कुछ को चन्दौसी स्टेशन पर रोका

- चन्दौसी-बरेली ट्रैक पर आंवला-बिसारतगंज के बीच पुल पर हुआ मरम्मत कार्य
- दिल्ली-बरेली एक्सप्रेस को वाया रामपुर होकर निकाला गया

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**

**अमृत विचार:** चन्दौसी-बरेली रेलवे ट्रैक पर आंवला और बिसारतगंज स्टेशन के बीच पुल पर मरम्मत कार्य के चलते रविवार को कई ट्रेनें रद्द कर दी गईं तो वहीं मालगाड़ी समेत कई ट्रेनों को चन्दौसी स्टेशन पर ही रोक दिया गया। जिससे यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

रेलवे स्टेशन चन्दौसी से मिली जानकारी के अनुसार रविवार को सुबह छह बजे से शाम चार बजे तक आंवला और बिसारतगंज के बीच पुल नंबर 21 पर मरम्मत का कार्य किया गया। वहीं रामगंगा पर भी ब्लॉकेज मरम्मत का कार्य किया गया। जिससे मुरादाबाद से चन्दौसी होकर बरेली जाने वाली गाड़ी संख्या 04366 और बरेली से अलीगढ़ जाने वाली ट्रेन 04378 रद्द कर दी गई। वहीं दिल्ली-बरेली एक्सप्रेस को वाया रामपुर होकर निकाला गया। इसके अलावा बरेली-मुरादाबाद, अलीगढ़-बरेली, गजरौला-अलीगढ़, पुरानी दिल्ली-टनकपुर आदि ट्रेनें शुरुआत से ही लेट रहीं। जिससे उन्हें यहां चन्दौसी स्टेशन पर रोक दिया और चार बजे पुल मरम्मत का कार्य पूरा होने पर गंतव्य के लिए रवाना किया गया। वहीं मालगाड़ी को चन्दौसी स्टेशन पर ही रोक दिया गया और कार्य पूरा होने के बाद ही बरेली की ओर रवाना किया गया। वहीं ट्रेनों के रद्द होने व रोके जाने से यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। भीषण गर्मी में यात्री पसीना-पसीना होते रहे। वहीं यात्री एक दूसरे से ट्रेनों को रोके जाने की जानकारी करते नजर आए।

> चन्दौसी-बरेली ट्रैक पर रामगंगा पुल समेत आंवला-बिसारतगंज के बीच पुल पर रविवार को सुबह छह बजे से शाम चार बजे तक मरम्मत कार्य किया गया। जिससे दो ट्रेनें रद्द कर दी गईं। जबकि मालगाड़ी को स्टेशन पर ही रोक दिया गया। इसके अलावा अन्य ट्रेन शुरुआत से ही देरी से चलीं। स्टेशन पर रोकी गई ट्रेनों को या तो वाया रामपुर होकर निकाला गया या फिर मरम्मत कार्य पूरा होने पर रवाना किया गया।
>
> **-आशीष मिश्रा,** स्टेशन अधीक्षक, चन्दौसी।


बिरसा मुंडा के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित करते समिति के सदस्य। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### क्रांतिकारी बिरसा मुंडा का बलिदान दिवस मनाया

**चन्दौसी, अमृत विचार :** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत ने संयुक्त रुप से रविवार को नर्सिंग होम में आदिवासियों के लिए जल, जंगल, जमीन की लड़ाई अंग्रेजों से लड़कर ब्रिटिश शासन के दांत खट्टे करने वाले क्रांतिकारी और आदिवासियों के भगवान क्रांतिकारी बिरसा मुंडा का बलिदान दिवस मनाया। उनकी शहादत पर विस्तार से प्रकाश डाला। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का आरंभ किया। कहा कि भारतीय स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा आदिवासियों के भगवान कहे जाते हैं। उन्हें धरती का आबा भी कहते हैं। आदिवासियों को संगठित कर वह अंग्रेजो से सीमित हथियार धनुष बाण, तलवार आदि से लड़ते रहे। बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों एवं जमीदारों के खिलाफ आवाज उठाई। अंग्रेज उन पर मजबूत केस बनाकर फांसी देना चाहते थे लेकिन ऐसा केस न बनने के कारण उन्हें अंग्रेजो ने षड़यंत्र के तहत जहर दे दिया। 9 जून 1900 को उन्हे मृत घोषित कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. महेश कुमार गुप्ता ने तथा संचालक डॉ. अरविन्द कुमार गुप्ता ने किया। इस अवसर पर डॉ. निशा गुप्ता, डॉ. नितिन कौशिक, अंकित वार्ष्णेय, पंकज वार्ष्णेय, राहुल सिंह, विकास यादव, अवधेश कुमार, रवि कुमार, सीता कश्यप आदि रहे।


शिविर के समापन पर सम्मानित किए गए स्काउट-गाइड। ● अमृत विचार

### स्काउट-गाइड को प्रमाण पत्र प्रदान कर किया सम्मानित

**चन्दौसी, अमृत विचार :** भारत स्काउट और गाइड संभल की ओर से रेलवे स्टेशन पर निशुल्क जल सेवा शिविर का रविवार को समापन हुआ। स्टेशन अधीक्षक आशीष मिश्रा ने स्काउट-गाइड के कार्यों की सराहना की। गाइड कमिश्नर संगीता भार्गव ने स्काउट-गाइड का पूरे मनोयोग से सहयोग किया और कहा कि ऐसे सेवा कार्य से हमारे अंदर तो सेवा भाव उत्पन्न होता ही है। बल्कि जो लोग देखते हैं उनको भी ऐसा करने की प्रेरणा मिलती है। समापन अवसर पर सभी स्काउट-गाइड को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। उत्तर रेलवे स्काउट और गाइड भी सहयोग में लगे रहे। उत्तर रेलवे से सचिन मीणा और सीएमआई अनुज कुमार उपस्थित रहे। शिविर संचालित कराने में जिला संगठन आयुक्त मोहित कुमार व मीनू भारती की मुख्य भूमिका रही। अनुशासन की दृष्टि से प्राची गौड़ और लक्ष्मी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। शिविर में 40 स्काउट-गाइड ने प्रतिभाग किया।


रघुनाथ आश्रम में चित्रकला प्रतियोगिता में पुरस्कृत बच्चे। ● अमृत विचार

### समर कैंप में बच्चों ने बनाया प्रधानमंत्री का चित्र

**चन्दौसी, अमृत विचार :** नगर के सीता रोड स्थित श्री रघुनाथ संस्कृत महाविद्यालय में स्वच्छ भारत अभियान को लेकर समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री पद की शपथ लिए जाने पर प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने कागज पर मोदी जी का चित्र उकेर कर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सभी को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। निर्णायक मंडल में कला अध्यापक धर्मपाल, डॉ. राजीव लोचन शर्मा व अवलेश कुमार अन्नी सबरंग रहे। प्रतियोगिता में छात्रा पूर्णिमा शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि छात्रा शताक्षी भारद्वाज द्वितीय व छात्र ऋषभ तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के दौरान मनोज कुमार, रवि पत्थर वाले, प्रमोद कुमार गांधी, दिनेश चंद्र गुप्ता, इंद्रपाल, आशुतोष वार्ष्णेय, विनेश शर्मा, चिंटू शर्मा, प्रशांत खिलाड़ी, प्रमोद गुरु आदि का सहयोग रहा।

### व्यापारियों ने सेवा संकल्प दिवस मनाया

**चन्दौसी, अमृत विचार :** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की ओर से रविवार को सेवा संकल्प दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जारई गेट पर भीषण गर्मी से राहत देने के लिए शीतल शर्बत का वितरण किया। युवा प्रदेश मंत्री शाह आलम मंसूरी ने बताया कि पिछले 24 वर्षों से 9 जून के दिन सेवा संकल्प दिवस मनाया जा रहा है। आज के दिन अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री संदीप बंसल का जन्मदिन है। इस मौके पर पूरे प्रदेश में भंडारे, शर्बत वितरण, रक्तदान, फल वितरण आदि किया जाता है और व्यापारियों को शपथ दिलाई जाती है कि ना भ्रष्टाचार करेंगे और ना ही भ्रष्टाचार को सहेंगे। जिलाध्यक्ष प्रेम ग्रोवर ने कहा कि सेवा संकल्प दिवस पर शर्बत व बिस्कुट का वितरण कर राष्ट्रीय अध्यक्ष की दीर्घायु के लिए प्रार्थना की गई। कहा कि किसी भी कीमत पर व्यापारियों का और जनता का अधिकारियों द्वारा शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भ्रष्ट अधिकारियों की लिस्ट तैयार कर प्रदेश मुख्यालय पर भेजी जा रही है। जिससे उनके खिलाफ करवाई अमल में लाई जा सके। इस अवसर पर अनुज वार्ष्णेय, सुभाष मित्तल, प्रमोद अग्रवाल, रशीद अंसारी, उमेश चंद वार्ष्णेय, उमेर शमसी, राजा कुरैशी, इरफान मंसूरी, सुशील अग्रवाल, जयशंकर दुबे आदि मौजूद रहे।

### घर में लगी आग, घरेलू सामान जला

**कुढ़फतेहगढ़/चन्दौसी, अमृत विचार :** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव बेरनी में रविवार को अपराह्न करीब चार बजे जितेन्द्र सिंह के घर में अचानक आग लग गई। आग की लपटें देखकर घर में मौजूद महिलाओं ने शोर मचाया। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण एकत्र हो गये और आग बुझाने के प्रयास में जुट गए। आग की लपटें पड़ोस में रह रहे जितेंद्र के भाई जोगेंद्र सिंह के घर तक पहुंच गईं। ग्रामीणों ने करीब आधे घंटे में आग पर काबू पाया। तब तक दोनों भाईयों के घर में रखा सामान कुर्सी मेज, कपड़े, चारपाई आदि घरेलू सामान जल कर राख हो गया।

### दूसरे दिन भी युवक की नहीं हुई शिनाख्त

**चन्दौसी, अमृत विचार :** थाना बनियाठेर के गांव बाकरपुर भैतरी के जंगल में बनी कोठरी में शनिवार की शाम मिली अज्ञात युवक की सड़ी गली लाश की दूसरे दिन भी शिनाख्त नहीं हो सकी। हालांकि पुलिस शिनाख्त कराने के प्रयास में जुट गई है। पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार भी है। चन्दौसी के बिसौली गेट निवासी सुरेंद्र लाला का चन्दौसी से सटे थाना बनियाठेर के गांव बाकरपुर भैतरी में खेत है। वहीं पड़ोस में गांव के ही आमपाल पुत्र नेकपाल का खेत है। दोनों खेतों के बीच में एक पुरानी कोठरी बनी हुई है। शनिवार की शाम करीब पांच बजे कोठरी में एक युवक की लाश मिली थी। लाश पूरी तरह से सड़ चुकी थी।

**बातचीत** — मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर मिलेंगे रोजगार के नए अवसर

# मोदी सरकार की हैट्रिक पर लोगों को उम्मीदें

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**

**अमृत विचार:** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव में हैट्रिक लगा कर तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेते हुए देश की फिर से देश की बागडोर अपने हाथों में ले ली है। नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर जनता में भी उम्मीदें जगी हैं। जनता को उम्मीद है कि जो कार्य पिछले दो कार्यकाल में नहीं हो सके। वह अब पूरे होंगे। उम्मीद है कि इस बार युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्रदान होंगे। शिक्षा के क्षेत्र में भी बढ़ावा मिलेगा। मध्यम वर्गीय लोगों को नई सुविधाएं उपलब्ध होंगी। देश से भ्रष्टाचार का खात्मा होगा। इस संदर्भ में अमृत विचार ने जब लोगों की राय जानी तो उन्होंने बेबाकी से कहा कि मोदी हमेशा जनता की उम्मीदों पर खरे उतरे हैं। इस बार देश को बहुत आगे ले जाएंगे।



> हैट्रिक लगाते हुए प्रधानमंत्री के रूप में मोदी अब देश के मध्यम वर्ग यानि करदाताओं को लाल फीता शाही के बंधन से मुक्त कराते हुए बड़ा कार्य करेंगे। देशवासियों को भी राष्ट्र भावना से काम करना होगा।
>
> **-पवन कुमार गुप्ता,** चेयरमैन, जीनियस गर्ल्स स्कूल



> मोदी देश के सफल प्रधानमंत्री में से एक हैं। उनसे सभी को उम्मीदें हैं। इस बार उम्मीद है कि शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में नए अवसर प्रदान होंगे।
>
> **-रूचि वार्ष्णेय,** गृहिणी



> प्रधानमंत्री के रुप में मोदी जी ने हैट्रिक लगाई है। देश की जनता को उनसे काफी उम्मीदें लगाई हैं। उम्मीद है कि इस बाद व्यापारी और मध्यम वर्गीय लोगों के लिए और अधिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा। रोजगार को बढ़ावा मिलेगा।
>
> **-भुवनेश वार्ष्णेय,** उद्योगपति



> जनता के प्यार ने मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाया है। देश के विकास की ओर बढ़ रहा है। घरेलू वस्तुओं पर महंगाई कम हो और रोजगार के अवसर प्रदान हों। युवाओं को रोजगार मिलेगा तो जनता खुशहाल होगी।
>
> **-डॉली शर्मा,** गृहिणी

## समर कैंप में पुरस्कार पाकर खिले प्रतिभागियों के चेहरे

**बहजोई, अमृत विचार:** अखिल भारतीय वार्ष्णेय वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा रॉयल पब्लिक स्कूल में 11 दिवसीय समर कैंप के समापन पर प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अच्छा प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

अखिल भारतीय वार्ष्णेय वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में चल रहे 11 दिवसीय समर कैंप के समापन समारोह का शुभारंभ मंत्री आशुतोष वार्ष्णेय, युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज वार्ष्णेय, डॉ रश्मि वार्ष्णेय, नूतन वार्ष्णेय, उमा वार्ष्णेय, शीतल वार्ष्णेय, सुनैना वार्ष्णेय, नैना गुप्ता व मीरा वार्ष्णेय ने सरस्वती माता के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। बच्चों ने बहुत सुंदर प्रस्तुति दी। सभी बच्चों को पुरस्कृत किया गया तथा मुख्य अतिथियों द्वारा शिक्षकों को को पुरस्कृत किया। इस दौरान अनुराधा, अंजू श्रोत्रिय, कनक, रिंकी, माधवी, मृदुल, क्षमा आदि ने सहयोग किया।

# ट्रेन की चपेट में आकर एक गोवंश की मौत, दूसरी की बीमारी से मौत

**हादसा**

- बबराला का मामला, 15 घंटे तक पड़े रहे पशुओं के शव
- अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि ये गायें लावारिस थीं या फिर पालतू

**संवाददाता, बबराला**

**अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन के पास शनिवार को रात ट्रेन की चपेट में आने से एक गाय की मौत हो गई जबकि स्टेशन के यात्री प्रतीक्षालय के बाहर भी एक बीमार गाय ने तड़प कर दम तोड़ दिया। दोनों गायों के शव करीब 15 घंटों से मौके पर ही पड़े हैं।

अलीगढ़ बरेली रेल मार्ग पर रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे लाइन पर शनिवार रात एक गाय ट्रेन (मालगाड़ी) की चपेट में आ गई। जिससे गाय की मौत हो गई। इस हादसे से ट्रेन के नियंत्रण में कोई बाधा उत्पन्न नहीं हुई। रविवार को सुबह जब लोग टहलने निकले तो रेलवे लाइनों के बीच गाय के शव को देखकर घटना की जानकारी हुई। बीडीओ नरेश पाल सिंह ने बताया कि शनिवार रात गाय की ट्रेन से कटने की जानकारी मिली है। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह गायें लावारिस थीं या फिर पालतू थी। गाय के मालिक सामने आते हैं तो उनके खिलाफ कानून कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। वहीं, रेलवे स्टेशन के अहाते में ही एक बीमार गाय ने शनिवार रात को तड़प कर दम तोड़ दिया। बताया गया है कि यह बीमार गाय पिछले दो दिन से यहां पड़ी थी। रात किसी वक्त उसकी मौत हो गई। दोनों गायों के शव मौके पर ही पड़े हैं। चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय ने बताया कि जेसीबी मंगाई गई है। गायों के शवों को दबवा दिया जाएगा।

अनिर्वेद: श्रियो मूलं लाभस्य च शुभस्य च।
महान् भवत्यनिर्विण्ण: सुखं चानन्त्यमश्नुते ॥

अपने काम में लगे रहनेवाला व्यक्ति सदा सुखी रहता है। धन-संपत्ति से उसका घर भरा -पूरा रहता है। ऐसा व्यक्ति यश -मान -सम्मान पाता है।


## संपादकीय

# शपथ ग्रहण में विदेशी अतिथि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले केंद्रीय मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण समारोह में पड़ोसी देशों और हिंद महासागर क्षेत्र के प्रमुख नेताओं का शामिल होना चीन और पाकिस्तान जैसे विरोधी पड़ोसियों को कड़ा संदेश दे गया। शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लेने के लिए नेताओं की यात्रा, भारत की 'पड़ोसी पहले' नीति और 'सागर' दृष्टिकोण को प्रदान की गई सर्वोच्च प्राथमिकता के अनुरूप है। समारोह में श्रीलंका, मालदीव के राष्ट्रपति, सेशेल्स के उपराष्ट्रपति, बांग्लादेश, मॉरीशस, नेपाल और भूटान के प्रधानमंत्री शामिल हुए। विदेशी नेताओं में मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की यात्रा महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि यह भारत और मालदीव के बीच संबंधों में जारी तनाव के समय हुई है। चीन समर्थक माने जाने वाले मुइज्जू के राष्ट्रपति के रूप में पदभार संभालने के बाद से भारत और मालदीव के बीच संबंध तनावपूर्ण बने हुए हैं। उधर भारत द्वारा चीन और पाकिस्तान को शपथ ग्रहण में न बुलाना हमारी स्पष्ट विदेश नीति और कूटनीति की ओर इशारा करता है। चीन और पाकिस्तान के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंध विवादास्पद मुद्दों से ग्रस्त रहे हैं, जिनमें पाकिस्तान से उत्पन्न आतंकवाद चिंता का एक प्रमुख विषय है। चीन 'स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स' नीति के तहत भारतीय महासागर क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के प्रोजेक्ट को आक्रामक रूप से बढ़ा रहा है और तेजी से नौसैनिक ठिकानों और बंदरगाहों का निर्माण कर रहा है। अपनी इस नीति के जरिए चीन पड़ोसी देशों पर हावी होने की कोशिश कर रहा है।

गौरतलब है पड़ोसी देशों को प्राथमिकता देना भारत की विदेश नीति का केंद्रीय सिद्धांत रहा है। पड़ोसी देशों के साथ सहयोग हिंद महासागर क्षेत्र में चीनी प्रभाव का मुकाबला करने में भारत के रणनीतिक हितों की पूर्ति करता है। समुद्री सुरक्षा को सशक्त करने के लिए मालदीव, श्रीलंका और बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देशों के साथ प्रभावी सहयोग आवश्यक है। साथ ही मिशन 'सागर' हिंद महासागर क्षेत्र के लिए भारत की रणनीतिक पहल है। इसे 2015 में शुरु किया गया था। सागर के माध्यम से भारत अपने समुद्री पड़ोसियों के साथ आर्थिक और सुरक्षा सहयोग को मज़बूत करने और उनकी समुद्री सुरक्षा क्षमताओं के निर्माण में सहायता करना चाहता है। इसके अलावा भारत अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करना चाहता है और हिंद महासागर क्षेत्र में समावेशी, सहयोगी तथा अंतर्राष्ट्रीय कानून का सम्मान करना सुनिश्चित करता है। चीन के साथ संबंधों को देखते हुए नरेंद्र मोदी अपने तीसरे कार्यकाल में भी चीन के स्वच्छंद कारनामों पर अंकुश लगाने की दिशा में काम करेंगे। साफ है कि नरेंद्र मोदी इस कार्यकाल में भी चीन को रोकने की दिशा में पड़ोसी देशों के साथ भारत के संबंधों को प्रगाढ़ करेंगे।

# महामारी जैसी है कोल्ड ड्रिंक्स की बढ़ती खपत



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

हमारे देश में परंपरा से ही दही की लस्सी में शीतल जल डालकर ऊपर से केवड़ा जल का छींटा दिया जाता है। यह श्रेष्ठ युक्ति है। यह भ्रम भी जल्दी ही लोग छोड़ दें तो अच्छा है कि आइसक्रीम को बनाने के लिए दूध का इस्तेमाल होता है। वे अगर किसी भी नामी आइसक्रीम फैक्ट्री में जाकर देखें तो मालूम हो जाएगा कि इसके बनाने में किन पदार्थों का प्रयोग होता है।

गर्मी के मौसम में नॉन-अल्कोहलिक, कार्बोनेटेड ड्रिंक्स या सॉफ्ट-ड्रिंक्स की मांग बढ़ती है जो अकसर मिठास वाली होती हैं। इनमें से कुछेक फ्रूट जूस या फ्रूट कन्संट्रेट के इस्तेमाल से बनाई गई हैं, ऐसा बताया जाता है। फ़ूड स्टैण्डर्ड एंड सेफ्टी अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया (एफ़एसएसएआई) की सील सब पर लगी होगी। एक ग्रीन 'डॉट' भी यूनिट लेबल पर छपी होगी। ये ठंडी भी होंगी क्योंकि गर्म पेय तो कोई नहीं पीएगा। शरीर की पाचन प्रणाली और सेहत पर समग्र रूप इसका खराब से लेकर घातक असर तक होने के साक्ष्य अनुसंधान करके वैज्ञानिकों ने जुटाए हैं। ये बातें अगर मैन्युफैक्चरर लेबल लिख दे तो सॉफ्ट-ड्रिंक का एक भी टेट्रा-पैक या बोतल नहीं बिकेगी। लेकिन हमदर्द ने रूह-अफ़ज़ा को जिन जड़ी-बूटियों के सत से रस बनाकर तैयार किया था वह बिलकुल सुरक्षित पाई गईं। बाज़ार से कोल्ड सॉफ्ट ड्रिंक्स खरीदना स्वभावानुसार आसान है, बशर्ते जेब में पैसा हो। ग्रीष्म ऋतु में नींबू और बेल फल का रस निकालकर पीने में तो मेहनत और समय लगता है, इसलिए लोग तुरत कुछ ठंढा पीकर, ठंढा अहसास पाना चाहते हैं। इस बात से बेखबर रहना चाहते हैं कुछ भी, कितना भी ठंढा शरीर में पहुंचे शरीर पहले इसे बॉडी टेम्परेचर अर्थात 33 डिग्री सेल्सियस पर लेकर आता है और फिर इसे पचाने में लग जाता है। इस कारण से शरीर के पीनियल ग्लैंड अथवा 'तापमान रेगुलेटर' पर दबाव बढ़ता है और यह कार्य ग्लैंड द्वारा नर्वस सिस्टम के जरिये से और रक्त संचार की मात्रा और गति को बढ़ाकर किया जाता है। इससे बॉडी पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है और शरीर को ठंढा रखने के चक्कर में हमारा शरीर चुस्त होने की अपेक्षा निढाल ही होता है। नींबू पानी, बेलफल रस और दही की लस्सी (प्रो-बायोटिक्स) शरीर को न केवल न्यूट्रीएंट्स देते हैं बल्कि वास्तव में ही बॉडी टेम्परेचर को मैंटेन करके रखते हैं।

गर्मियों में इंडस्ट्रियली प्रोसेस्ड सॉफ्ट ड्रिंक्स की अत्याधिक मात्रा हमारे पेट तक पहुंचती है। इन ड्रिंक्स में प्रीज़रवेटिव्स मिलाए जाते हैं ताकि शेल्फ-लाइफ बढ़ाई जा सके। इनमें पेयों में मौजूद सिंथेटिक और रिफाइंड शुगर की वजह से बहुत से लोगों के 'गाल ब्लैडर' में स्टोन या पथरी होने की संभावना बनती है, कोल्ड ड्रिंक्स की खपत एक महामारी जैसी है और कमर्शियल जगत में इसे फास्ट ग्रोइंग कज्यूमर गुड्स के दायरे में माना गया है। आश्चर्य होता है कि सन 2023 के साल में भारत में 6.94 बिलियन लीटर नॉन-अल्कोहलिक बेवरेजेज की खपत हुई और इस साल की प्रोजेक्शन्स 7.21 बिलियन लीटर है। एक लीटर की कीमत अगर औसतन रु. 50 है तो भी यह फिगर सन 2023 के लिए रु. 347 बिलियन अर्थात 35 अरब भारतीय रुपये के बराबर बैठती है। इस साल तो यह 38 अरब रुपये के बराबर होने की उम्मीद है। यह भ्रम पालना छोड़ दिया जाना चाहिए कि चिल्ड सॉफ्ट ड्रिंक्स पीने से शरीर में ठंडक का संचार होगा, बल्कि इसे पी लेने के बाद इसमें मौजूद मिठास और पेय के गाढ़ेपन के कारण नार्मल वाटर पीने की जरूरत पड़ सकती है ताकि जो पीया है उसे 'डायल्यूट' किया जा सके। इसके लिए ग्राहक एक बोतल बंद ठंढा पानी खरीद कर पीएगा। सॉफ्ट ड्रिंक्स के गाढ़ेपन और मिठास को डाल्युट करने के लिए ही अतिरिक्त पानी की जरूरत होती है। यह एक दुष्चक्र है जिससे छुटकारा पाने की तुरत जरूरत है।

> भारत में बिकने वाले शीतल पेय की पचासों किस्मों के निर्माण में प्रयुक्त होने वाले पदार्थ में से पानी को छोड़कर किसी की भी प्रकृति ऐसी नहीं जिसके नियमित सेवन से शरीर में एकाधिक व्याधि का जन्म न हो सकता हो। एक तो वे पदार्थ हैं जिन्हें शरीर बिना नुकसान के पचा लेता है और व्यर्थ पदार्थ को बाहर निकालने का जुगाड़ करने में समर्थ है।

हमारे देश में परंपरा से ही दही की लस्सी में शीतल जल डालकर ऊपर से केवड़ा जल का छींटा दिया जाता है। यह श्रेष्ठ युक्ति है। यह भ्रम भी जल्दी ही लोग छोड़ दें तो अच्छा है कि आइसक्रीम को बनाने के लिए दूध का इस्तेमाल होता है। वे अगर किसी भी नामी आइसक्रीम फैक्ट्री में जाकर देखें तो मालूम हो जाएगा कि इसके बनाने में किन पदार्थों का प्रयोग होता है। दिखाने के लिए जरूर कुछ ड्राई फ्रूट्स के कुतरे हुए बीज या फिर कद्दू के मुरब्बे को सतह पर चिपका दिया जाता है।

भारत में बिकने वाले शीतल पेय की पचासों किस्मों के निर्माण में प्रयुक्त होने वाले पदार्थ में से पानी को छोड़कर किसी की भी प्रकृति ऐसी नहीं जिसके नियमित सेवन से शरीर में एकाधिक व्याधि का जन्म न हो सकता हो। एक तो वे पदार्थ हैं जिन्हें शरीर बिना नुकसान के पचा लेता है और व्यर्थ पदार्थ को बाहर निकालने का जुगाड़ करने में समर्थ है। कुछ पदार्थ ऐसे हैं जो सिर्फ एक व्यसन या एडिक्शन पैदा करने में समर्थ हैं जैसेकि पेय में मिलाई गई 'कैफीन'। कैफीन में ऐसा क्या है जो शीतल पेय के प्रति लत पैदा करता है? इसका न्यूरो-केमिकल मैकेनिज्म ऐसा है कि मनुष्य-मस्तिष्क में न्यूरोन्स पर एक खास तरह के संवेद ग्राही मौजूद होते हैं जो कैफीन के अणुओं के संपर्क में आकर स्टिमुलेट होते हैं और एक खास रस या रसायन का स्राव करके रक्तवाहिकाओं में प्रवाहित करते हैं। इससे नर्वस सिस्टम के बाकी अणु भी रिसेप्टर्स से जुड़ कर स्टिमुलेट होते हैं या 'झूमने' लगते हैं। जब तक ब्लड स्ट्रीम में इस 'रस' की मात्रा का एक निश्चित स्तर मौजूद रहता है आदमी को 'वेल-बीइंग' अर्थात आनंद की अनुभूति बनी रहती है। इसका लेवल डाउन होते ही मनुष्य के अन्दर फिर से उसी कोल्ड ड्रिंक को पीने की प्रबल इच्छा जाग्रत होती है जिसमें कैफीन मिली होती है। 'क्यूरियस' जर्नल के सन 2018 के अंक 10(6) में प्रकाशित एक समीक्षात्मक अध्ययन और इसके अंत में उल्लिखित 24 संदर्भ अध्ययनों में से चंद स्टडीज सिर्फ चौंकाने वाली ही नहीं बल्कि गंभीर परिणाम बताने वाली और बेहद चिंताजनक हैं। खासतौर से उन माता-पिता के लिए जिनके कमसिन वय के और किशोर बच्चों को सोडा ड्रिंक्स और कैफीन मिश्रित शीतल पेय लेने की लत लग चुकी है। बच्चों को एनर्जी के लिए जितनी शुगर की रोजाना जरूरत पड़ती है उसका 30 प्रतिशत तो वे शीतल पेय में मिली हुई शुगर से ही ले रहे हैं। इंग्लैंड का उदाहरण लें तो नेशनल डाइट एंड न्यूट्रीशन सर्वे (2008-12) के आंकड़ों से मालूम होता है कि उधर के बच्चे जो शीतल पेय ले रहे हैं इनमें अनेक में सोडियम बेंजोएट मिला हुआ पाया गया। यह बेन्ज़िक एसिड का सोडियम तत्व है जिसे फ़ूड संरक्षक के बतौर शीतल पेय निर्माता इंडस्ट्री इस्तेमाल करती है। इसे तरल दवाओं और सूखे खाद्य पदार्थों में भी शेल्फ-लाइफ बढ़ाने के लिए मिलाया जाता है। लेबल पर लिखा भी हो या न भी लिखा हो, लेकिन आमजन को इससे क्या? इन्हें तो स्वाद चाहिए और 'न्यूरो-स्टीमुलेटरी' आनंद! संघ सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत काम करने वाले रेगुलेटर फ़ूड स्टैण्डर्ड एंड सेफ्टी अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया ने साल 2024 के ही मार्च महीने में फाइल नंबर आरसीडी-15001/12/2023-रेगुलेटरी-एफ़एसएसएआई-पार्ट (1)(ई-10434) के अंतर्गत हीथ और एनर्जी ड्रिंक्स के मामले में उद्योग और रिटेलर्स द्वारा पालन करने के लिए मीमो जारी किया था लेकिन न तो व्यापारी और न ही फ़ूड सेफ्टी इंस्पेक्टर्स को इससे कोई लेना-देना है। अर्थात घोर लापरवाही है। सोडियम बेंजोएट की सुरक्षित से अधिक मात्रा शरीर में प्रवेश करती है तो सूजन, अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर, भूख न लगना, ओक्सिडेटिव स्ट्रेस और एलर्जी तक हो सकती है। ओक्सिडेटिव स्ट्रेस खतरनाक होता हो सकता है और इस अवस्था में शरीर में 'फ्री रेडिकल्स' की बहुतायत हो जाती है। साथ में इन्हें निरस्त करने के लिए एंटीऑक्सीडेंट्स अत्यधिक कम हो जाते हैं। शरीर द्वारा चयापचयी प्रक्रिया के दौरान फ्री रेडिकल्स बनते हैं। भारत का फ़ूड रेगुलेटर नॉन-अल्कोहलिक बेवरेजेज में जिन रसायनों को मिलाने की इज़ाज़त देता है उन सभी का मात्रा तय की गयी है। सोडियम बेंजोएट के लिए यह मात्रा 300 पीपीएम निर्धारित है अर्थात 10 लाख डेसीलिटर में सिर्फ 300 ग्राम 0.03 प्रतिशत है और एक लिटर की बोतल में यह 0.003 प्रतिशत रहेगी। यह एक जटिल मामला है जिसकी बायो-केमिस्ट्री और बायो लॉजिकल प्रक्रियाओं को समझे बिना ही हम शीतल पेय पिए जा रहे हैं और ऐसी व्याधियों से दो-चार होते हैं जिन्हें सिर्फ न्यूट्रीशन बायोकेमिस्ट/वैज्ञानिक ही समझ पाता है, आम डॉक्टर नहीं। इसलिए पीड़ित व्यक्ति के ओइए आम अस्पताल में इनकी टॉक्सिसिटी हटाने और इलाज की कोई सोच नहीं होती। शीतल पेय में मिलाए गए आर्टिफीसियल स्वीटनर एस्पार्टेम के कारण 'इंसिडेंट स्ट्रोक', अनिद्रा न्यूरोटॉक्सिसिटी, और 'डेमेंशिया' हो सकता है लेकिन इससे आगे तो सिर्फ मृत्यु है।

## प्रसंगवश

# एक थप्पड़ की संविधान व्यथा

> कई माह पहले कंगना ने कटाक्ष किया होगा। वह कुलविन्दर के दिल में जज्ब हो गया होगा। उसे अचानक उत्तेजित कंगना ने नहीं किया। इसका बचाव उसे नहीं मिलेगा।



कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा से भाजपा की टिकट पर निर्वाचित कंगना रानावत के गाल पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की एक कांस्टेबल कुलविन्दर द्वारा कथित रूप से मारे गए थप्पड़ से बखेड़ा खड़ा तो हो गया है। घटना की यादों पर पपड़ी पड़ जाएगी और उसे भुला भी दिया जाएगा। लेकिन इस थप्पड़ ने जनविमर्श तलाश करने के लिए मुझ जैसे लोगों को कुरेद दिया है।

संविधान की आत्मा भाग तीन में है। वहां मूल अधिकार में, बोलने की, यूनियन बनाने, आने जाने, रोजगार की तरह-तरह की आज़ादियों का ऐलान है। हाथ के हाथ उन पर लगे प्रतिबंधों का ब्यौरा भी है। सवाल यह है कि यदि नागरिकों के साथ सियासी या प्रशासनिक जुल्म हो रहा है। तो क्यों कंगना रानावत जैसे और लोगों के द्वारा भी भारतीय किसानों के सबसे बड़े आंदोलन में उनके परिवारों की महिलाओं के शरीक होने पर फब्तियां कसी जाएं कि 100-100 रुपए लेकर ये औरतें वहां बिठाई गई हैं। तो उसका प्रतिरोध किस तरह हो? ऐसे हर मुद्दे में गोडसे और सावरकर को नहीं, गांधी को ही खींचकर लाया जाता है। गांधी ने कहा था अहिंसा कायरों का धर्म नहीं है। वीर हृदय की प्राण वायु है। अंतिम सीमा तक अटल रहो लेकिन अगर कोई तुम्हारी मां, बहन, पत्नी या अन्य किसी का शील हरण करने की कोशिश करे तो समझाओ। प्रतिरोध करो फिर बताएं आगे क्या कहा था?

कई माह पहले कंगना ने कटाक्ष किया होगा। वह कुलविन्दर के दिल में जज्ब हो गया होगा। उसे अचानक उत्तेजित कंगना ने नहीं किया। इसका बचाव उसे नहीं मिलेगा। मैं कतई हिंसा के पक्ष में नहीं हूं। हालांकि उन्मादित होकर एक थप्पड़ मारने को मैं हिंसा नहीं, आक्रोश मानता हूं। कानून भी उसे यही मान सकता है। ऐसे अपराधी को तो चेतावनी देकर भी छोड़ा जा सकता है। बिना चूं चपड़ के भी कुलविन्दर का खेद रिकार्ड कर मामला समाप्त कर सकता है। उसकी सेवा शर्तों के तहत मामूली कार्यवाई हो सकती है। लेकिन यह जनविमर्श नहीं है। संविधान में खुद गांधी के सिद्धान्तों की परीक्षा ज़रूरी है। सिविल नाफरमानी, निष्क्रिय प्रतिरोध और सत्याग्रह की गांधी की परिभाषाएं भी उनके साथ चली गईं। क्योंकि तब तक अंगरेज़ भी चला गया था। संविधान निर्मित आज़ाद भारत में सिविल नाफरमानी की नपुंसक परिभाषा नहीं हो सकती। डीजीपी साहब के जूतों पर अर्दली पालिश करे। उनके कुत्तों की सेवा करे। मेम साहब की डांट खाए। छुट्टी के दिन भी काम करे। अगर प्रतिरोध करे तो झूठे आधारों पर उसकी नौकरी ले ली जाए। भारत में निचली सरकारी सेवाओं का तितिम्मा बुनना अंगरेज़ी न्याय कुल की जूठन नहीं हो सकती। अगर कुलविन्दर ने छुट्टी ली होती और थप्पड़ मारती या सड़क या बाज़ार में ऐसी घटना होती। तब कानून की पैनी नज़र से अपराधों की नस्लें तक अलग हो जातीं। सवाल है कि भारत के नागरिकों की आत्मा का कोई आसमान है भी कि नहीं। जिस देश का सबसे बड़ा लोकसेवक हेट स्पीच का उत्पादन करता रहे। हेट स्पीच के उत्तेजक सम्मेलन हों। सुप्रीम कोर्ट समझाइश की नस्ल की नसीहत दे। लेकिन हो कुछ नहीं। तब नागरिक आजादी कहां है? याद रहे निर्वीर्य कुंठा दैहिक प्रतिरोध के मुकाबले नपुंसक होती है। मैं फिर कहता हूं। कतई हिंसा का समर्थन नहीं करता। ऐसा भी हुआ है हज़ारों बार कि किसी बड़े सरकारी अधिकारी पर सरकारी कर्मी द्वारा हमला किया गया हो। जूता फेंककर या थूकने की कोशिश की गई हो। लेकिन उन्होंने कोई शिकायत नहीं की हो। सुरक्षा कक्ष में कंगना के साथ बदसलूकी भी हुई और वे इसका बखेड़ा नहीं खड़ा करतीं तो बात तो आई गई हो जाती। लेकिन वे चतुर खिलाड़ी हैं। उन्होंने मामले को तूल दिया कि मुझे पंजाब में पनप रहे उग्रवाद और आतंकवाद की इस कारण चिंता हो रही है। एक थप्पड़ से आतंकवाद का अद्भुत रिश्ता कायम किया गया? उसका शिकार देश की सबसे बड़ी नेता और बाद में उसका बेटा भी तो हुए थे। इस घटना से राजनीतिक उत्कर्ष और करीअर हासिल करने की कोशिश हो? तो उससे तो एक थप्पड़ की हिंसा ही बेहतर है।

# जनता ने अपने विवेक से विपक्ष की भूमिका अदा की



अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

> साथ ही, यह संदेश भी भुलाया नहीं जा सकता कि भारत 'कांग्रेस-मुक्त' नहीं हुआ बल्कि 'ग्रैंड ओल्ड पार्टी' कांग्रेस का देशव्यापी पुनर्जीवन हुआ है।

अठारवीं लोकसभा के चुनाव परिणामों से स्पष्ट है कि केंद्रीय सत्ता के मुकाबले कोई संगठित विपक्ष नहीं था बल्कि जनता ने अपने विवेक से सत्ता के मुकाबले विपक्ष की भूमिका अदा की है। एक ओर राजनितिक परिस्थितियों का यथार्थ और दूसरी ओर जनता का निर्णयात्मक व्यवहार, इन दोनों के बीच द्वंद्वात्मक संबंध दिखाई देता है। धार्मिक भावनाओं को इस्तेमाल करके नफ़रत के बीज बोना और सांप्रदायिक मानसिकता का राजनीतिक इस्तेमाल करना सबसे सफल गुजरात में रहा जिसे 'हिंदुत्व की प्रयोगशाला' कहा गया। अगर संकेतों को समझा जाए तो ये जनादेश उन स्वयंभू भगवानों को रास्ता दिखाते हैं, वे चाहे सत्ता में बैठे हों या मठों या आश्रमों में।

बंगाल में जनता ने ममता के कुशासन से असंतोष जताया है तो मोदी के सुशासन को भी नहीं अपनाया है। केरल में माकपा को यह सीख दी है कि सत्ता के लिए संगठन में गुटबाजी का असर हानिकर होता है। यही कारण है कि अच्च्युतानंदन की लोकप्रियता को विजयन नहीं पा सके। इसी प्रकार, जहां जो राजनितिक विकल्प मिला, लोगों ने उसे चुना। अपवाद हो सकते हैं। जनतंत्र में असली भाग्य-विधाता जनता है, यह चुनाव भली-भांति स्पष्ट करता है। सबसे दिशाबोधक हिंदी प्रदेश है जिसे विशेषज्ञ और ज्ञानी गोबरपट्टी कहते हैं और राजनीतिज्ञ धर्म के अफीम की प्रयोगशाला समझते है। जिस उत्तर प्रदेश पर सबके दांव लगे थे उसने अयोध्या की सफलता और मथुरा-काशी की योजना द्वारा जीवन के वास्तविक सवालों की अवहेलना करने वाली राजनीति को शिक्षा दी है, अगर वे ग्रहण करने की योग्यता रखते हों।

उत्तर प्रदेश में छह केंद्रीय मंत्रियों का चुनाव हार जाना और कर्णाटक में पूर्व प्रधानमंत्री देवगौड़ा के पौत्र प्रज्ज्वल रेवन्ना की शर्मनाक पराजय इस बात के द्योतक हैं कि धर्म का सहारा लेकर व्यभिचार का जाल फैलाने वाले आसाराम-रामरहीम से लेकर राजनीतिक शक्ति का उपयोग करके स्त्रियों की अस्मिता को छिन्न-भिन्न करने वालों या उनके संरक्षकों को जनता ठुकरा रही है। इसलिए यह देखना चाहिए कि भारत की अशिक्षित-दरिद्र जनता का विवेक कितना मूल्यवान है। उसके निर्णय में असंगतियां ऐतिहासिक कारणों से हैं।

साथ ही, यह संदेश भी भुलाया नहीं जा सकता कि भारत 'कांग्रेस-मुक्त' नहीं हुआ बल्कि 'ग्रैंड ओल्ड पार्टी' कांग्रेस का देशव्यापी पुनर्जीवन हुआ है। दक्षिणपंथी राजनीति और वामपंथी राजनीति के अतिवाद का समाधान जनता बाकी 'मध्यमार्गी' दलों में नहीं देखती। इसके पीछे दो ठोस कारण हैं। एक, जातिवाद और नरम सांप्रदायिकता का उपयोग करते हुए भी कांग्रेस न पूर्णतः जातिवादी या सांप्रदायिक दल है, न संगठन की प्राथमिकता के नाम पर बंगाल जैसी अराजकता या केरल जैसी गुटबाजी में जनहित भूल जाती है। आपस में लड़ते-भिड़ते साथ चलते हुए जनता को सांस लेने लायक परिस्थियां देने का वातावरण संविधान के माध्यम से कांग्रेस ने ही बनाया है। जनतंत्र के लिए जितना महत्वपूर्ण जनता का जाग्रत विवेक है, उतना ही महत्वपूर्ण विपक्ष की देशव्यापी मौजूदगी है। दूसरा, इस देशव्यापी मौजूदगी का श्रेय राहुल गांधी की न्याय-यात्राओं को है। देश को समझने के लिए, जनता की की मनोभावना से जुड़ने के लिए गांधी जी के बाद राहुल ने ही ऐसा अभियान चलाया,

इसी से यह संदेश भी निकालता है कि जिस राहुल को सत्ताधारियों ने अरबों रुपये खर्च करके 'पप्पू' बनाया था, उसी को इस चुनाव में 'मोदी बनाम राहुल' बताकर प्रतिष्ठित करने को बाध्य हुए। यह फर्क मीडिया और प्रचारतंत्र की ताकत से जनसंपर्क की ताकत का अंतर स्पष्ट करता है। इसीलिए जनता का विवेक महत्वपूर्ण तो है ही, निर्णायक भी है। इस जनता को मुख्यधारा मीडिया और ट्रोल सेना के बल पर काबू में रखने की कोशिश लगातार की गई। लेकिन जनता ने प्रचार के इन दोनों साधनों को व्यर्थ सिद्ध करते हुए सोशल मीडिया को अधिक अपना और भरोसेमंद माना। केवल पूंजी की शक्ति से चलने वाले निजी चैनलों के सामानांतर छोत्र-छोटे सोशल मीडिया चैनलों ने राहुल की यात्राओं से लेकर सत्ता के अत्याचारों तक हर पहलू से लोगों को अवगत रखा। यही कारण है कि जनता किसी प्रेरित प्रचार की जगह राष्ट्रीय और स्थानीय मुद्दों से परिचालित हुई। महंगाई, बेरोज़गारी, गरीबी, किसानों से छल और विषमता उसके लिए वास्तविक चिंताएं थीं, मंदिर और धर्म नहीं। जनता की यह जागरूकता न केवल लोकतंत्र के जीवन के लिए आवश्यक है बल्कि यह उसकी सुंदरता भी है।

## सोशल फोरम

# छल की भाषा

> आज पांडवों के इंद्रप्रस्थ-महल जैसा ही संसार है। जहां जल है, वहां थल दिखता है और जहां थल है वहां जल दिखता है।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

आज से पहले कभी इतना स्पष्ट नहीं था कि छल ही सत्ता और हर फायदे की गंगोत्री है। छल की भाषा का उद्देश्य है ऐसी चीजों को लोगों के विश्वास, अवधारणा या घटना के रूप में स्थापित करना, जिनका यथार्थ आधार न हो। छल की भाषा सम्मोहक होती है। कई दशक पहले 'लकड़सुंघवा' की चर्चा होती थी, अब वह एक विराट संगठन है। छल की भाषा निर्मित करने के लिए झूठ पूरे भावावेग के साथ बोलना होता है और उसे प्रचार की शक्ति चाहिए। लोग प्रदर्शित सब्जबाग में खो जाते हैं, जैसे बच्चे मेले में गुम हो जाते हैं। इसका सबसे विडंबना-भरा रूप तब सामने आता है जब नागरिक सिर्फ उस यथार्थ से ही दूर नहीं कर दिए जाते जो वे वस्तुतः रोज भोग रहे हैं, बल्कि वे अपनी श्रेष्ठ परंपराओं और आधुनिक मूल्यों से भी विच्छिन्न कर दिए जाते हैं। सब खोते-खोते अंत में बची रह जाती हैं कुछ पुरानी खाइयां-कुछ नई जंजीरें!

छल की भाषा का निर्माण कई तरह से होता है, जिनमें एक है सफाई से तथ्य को विकृत करना। छल की भाषा से अपने को ढका जा सकता है, क्योंकि कोई क्षमतावान व्यक्ति अब अपना वास्तविक चेहरा दिखाना नहीं चाहता। इसलिए वह झूठ को आभासी सच में बदलता रहता है। उसकी भाषा चालाकियों से भरी होती है। कैसी भयावह स्थिति है, प्रचार में जो है वही सच है!

आज पांडवों के इंद्रप्रस्थ-महल जैसा ही संसार है। जहां जल है, वहां थल दिखता है और जहां थल है वहां जल दिखता है। साहित्य का काम है सचाई पर से सभ्यता के कृत्रिम आवरण को हटाना, जबकि साहित्यकार पर इस सभ्यता का भारी दबाव है। उसकी सामाजिक हैसियत नगण्य कर दी गई है। वह बोलता है, पर इतना अंतर्विभाजित है कि अब सुना नहीं जाता।

-फेसबुक वॉल से

# प्राकृतिक संसाधनों के दोहन से पर्यावरण प्रदूषण



डॉ. हेमंत कुमार जोशी
नैनीताल

प्राकृतिक संसाधनों के दोहन और मानव जीवनशैली के लिए इनके गलत उपयोग से पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है। इनमें से सर्वाधिक ज्वलंत मुद्दा जलवायु परिवर्तन का है। यह समस्या मुख्य रूप से मानव गतिविधियों से ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन के कारण मानी गई है। यह समस्या बढ़ते वैश्विक तापमान, बदलते मौसम चक्र, समुद्र के स्तर में वृद्धि और अन्य प्रतिकूल प्रभावों के रूप में सामने आ रही है।

आज विश्व की जनसंख्या वृद्धि जिस कारण नाना प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग तथा दुरुपयोग और विभिन्न भौतिक सुखों की प्राप्ति के लिए मानव जनित अप्रतिम बुद्धि के तकनीकी/प्रोद्यौगिकी प्रयोगों से न केवल मानव अपितु प्राणिमात्र के लिए संकट विषय बना है। भारत में पर्यावरण प्रदूषण का सर्व प्रमुख कारण जनसंख्या वृद्धि ही परिलक्षित होता है। यह स्पष्ट भी है न केवल भारत अपितु विश्व में पर्यावरण प्रदूषण, जल प्रदूषण या अपघटन, तापमान वृद्धि, प्राकृतिक सम्पदाओं का दोहन आदि जनसंख्या वृद्धि एवं मानव जनित भौतिक सुखों तथा अनैतिक कार्यों का ही परिणाम है।

हमारे देश में पर्यावरण प्रदूषण का द्वितीय सबसे बड़ा कारण स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् ही अनियंत्रित-अनियोजित- अटिकाऊ भौतिक विकास रहा है। अधिकतर देश की नीतियां/ कार्य छोटे-छोटे लक्ष्यों को देखते हुए बनाई गइ उनके दीर्घकालिक परिणाम नहीं देखे गए। न ही उन अल्पकालिक भौतिक विकास कार्यक्रमों के कोई सशक्त नीतियां बनी। अत्याधुनिक सुविधाओं के प्रयोग के साथ ही पर्यावरण को सर्वाधिक नुकसान वन-प्राकृतिक संपदाओं के अनैतिक दोहन के कारण होता है। हमारे देश में बढ़ती हुई जनसंख्या से हजारों सरकारी कार्यालय-भवन बने, देश में हजारों किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग बने, एक्सप्रेस वे बने, रेल मार्ग बने, सुरंग खुदी, राज्य क्षेत्र तथा विधायक-सांसद निधि से सड़कें बनीं लेकिन आज भी प्रदूषण के बढ़ते प्रभाव के कारण भी पर्यावरण संतुलन एवं संरक्षण के लिए देश में ऐसा कानून नहीं बन पाया कि उक्त स्थानों में भौतिक विकास की भेंट चढ़ने वाले पेड़-पौधों के स्थान पर कार्यालयों-भवनों के चारों ओर उतने ही पेड़-पौधे पल्लवित-विकसित किए जाएं, जितने भौतिक सुखेच्छा से काटे गए। पर्यावरण प्रदूषण तथा तापमान वृद्धि मानव के लिए संकट बनती जा रही है।

भारत में पर्यावरण प्रदूषण का तृतीय सबसे बड़ा कारण प्लास्टिक का बढ़ता प्रयोग। बिस्किट,टाफी, खिलौने, कुरकुरे, ओयस, लेस, पानी बोतल आदि बहुत सारी दैनिक उपभोग की वस्तुओं में केवल प्लास्टिक का प्रयोग हो रहा है और जागरूकता के अभाव में प्लास्टिक रेपर को यत्र-तत्र फेंक देना, उसमें कचरा भरना, उस कचरे का विकृत रूप लेना, नालियों के बंद हो जाने पर विभिन्न विषाणुजनित बीमारी पैदा होना, डेंगू, मलेरिया का प्रकोप बढ़ना,जानवरों के खा देने पर बहुतायत उनको नुकसान, भूमि की उर्वरा शक्ति को खत्म करना, प्लास्टिक की गंदगी से जल प्रदूषित होना या नदियों के माध्यम से समुद्र तक पहुंचकर समुद्री जीवों मछली, शील, कछुये, शार्क सहित कई जीवों के लिए अति घातक है। एक अध्ययन के उपरान्त लगभग 344 समुद्री जीवों की इस प्लास्टिक के उलझाव में आकर मृत्यु हो चुकी है जो बहुत चिंताजनक है। अन्ततः स्पष्ट है कि सरकारों को अर्थव्यवस्था की मजबूती के साथ ही अब जनसंख्या नियंत्रण, भौतिक विकास में नियंत्रित- नियोजित- टिकाऊ विकास तथा प्लास्टिक के बढ़ते हुए प्रयोग के विषय में कठोर नीतियां अविलंब बनानी आवश्यक हैं। साथ ही उनका अनुवीक्षण करना उतना ही जरूरी है इसी से साझा सम्पत्तियों की सुरक्षा, संतुलन और संरक्षण संभव है जो मानव- जीवन और भविष्य के लिए आवश्यक है।

# राजधर्म और धर्मदंड



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

सभ्यता संस्कृति के विकास क्रम में पहले मानव-समुदाय बना फिर मानव समाज। समाज से राष्ट्र बनने के संबंध में मनुस्मृति के सप्तम अध्याय के श्लोक दो में कहा गया—जगत में राजा न होने से सब भय व्याकुल होते हैं इसलिए समाज की रक्षा के लिए ईश्वर ने राजा उत्पन्न किया-राजानाम्सृजत्प्रभु। राजा का अर्थ राज्य अथवा स्टेट से है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में भी लोक रूपी जनार्दन जो जनता है वह राज्य -स्टेट स्थापित करता है। लोकतांत्रिक अवधारण का एक मूल तत्व है की जैसे जैसे लोकतंत्र सुदृढ़ होता जाएगा-स्टेट विल विदरएबे अर्थात लोक का शासन होगा-जनार्दन का शासन होगा। मानव समाज में राज्य बनने की प्रक्रिया वैदिक काल में लोकतांत्रिक ही रही है अथर्ववेद—3/4/2 में कहा गया-त्वां विशो वृणतां राज्याय त्वमिमाम- हे राजा राज्य के लिए जनता तुम्हे वरण करती है, अर्थात राजा का बेटा ही राजा नहीं होता। इसी ऋचा में कहा गया है-वि भजा वसूनि-राज्य राजा की सम्पति नहीं होती वल्कि प्रजाजनों के कल्याण के लिए होती है। ईश्वर ने राजा को कैसे बनाया इस संबंझ में मनुस्मृति-7/4 में बताया गया की-इंद्र, वायु, यम, सूर्य, अग्नि, वरुण, चन्द्रमा और कुबेर के नित्य अंश से ईश्वर ने राजा को बनाया।

मनुस्मृति7/14—19 में राज्य धर्म और धर्म दंड की व्याख्या करते हुए कहा गया है-राजा के हित के लिए ईश्वर ने पहले से ही प्राणियों का रक्षक धर्म रूप और ब्रह्मतेज रूप अपने पुत्र दंड को उत्पन्नकिया है। देशकाल, शक्ति व, शास्त्र को भली-भांति देखकर अन्याय करने वाले को यथा योग्य दंड राजा को देना चाहिए\वस्तुतः दंड ही राजा, दंड ही पुरुष, दंड ही राज्य का नेता और शिक्षक है, ऋषियों ने दंड को ही चारों आश्रमों के धर्म का साक्षी कहा है। दंड सब प्राणियों पर राज्य करता है और दंड ही सब प्राणियों की रक्षा करता है। जब सब लोग सो जाते हैं तो दंड ही जगाता रहता है, पंडित लोग दंड को ही धर्म कहते हैं।

# नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर जश्न

## भाजपाइयों ने नगर-देहात में एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर दी बधाई

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर मिष्ठान वितरण कर जबरदस्त जश्न मनाया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरी बार शपथ ग्रहण करने पर नगर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने अनुष्ठान वितरित कर जश्न मनाया। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता अभय कुमार विश्नोई ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में भारत विश्व में एक महाशक्ति बनकर उभरा है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत में विकास कार्य और भी तेजी के साथ होंगे। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिष्ठान खिलाया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता अभय कुमार विश्नोई, मनोज विश्नोई, पार्थ विश्नोई, सुनील विश्नोई, मोंटू विश्नोई, सरदार सिमरन सिंह, सरदार लकी सिंह, सचिन कुमार वर्मा, सरदार सरबजीत सिंह आदि उपस्थित रहे।



कांठ में एक-दूसरे को मिठाई खिलाते भाजपाई। ● अमृत विचार

### भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने बांटी मिठाई

**कुंदरकी, अमृत विचार :** रविवार को नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर उत्साहित भाजपाइयों ने मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया और एक-दूसरे को मिठाई खिलाई। नगर स्थित भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष नसीम खान के आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर मिठाई बांटी और खुशी का इजहार किया। इस दौरान पीयूष गौतम, सरफराज कुरैशी, जीशान, गोलू, योगेश पाल, वसीम, ओवैस हाजी मजलूम, इमरान, उस्मान आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### तीसरी बार मोदी सरकार बनने पर की आतिशबाजी

**डिलारी, अमृत विचार :** नरेंद्र मोदी ने रविवार शाम को तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। जिसको लेकर भाजपाइयों ने आतिशबाजी की और लड्डू बांटकर खुशी जताई। पीएम मोदी नेहरू के बाद ऐसा करने वाले दूसरे पीएम बन गए हैं। मोदी के बाद अन्य भाजपा नेताओं ने शपथ ली। इस अवसर पर डिलारी में जगह-जगह भाजपा ने पदाधिकारियों ओर समर्थकों ने पटाखे फोड़कर लड्डू बांटे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 साल में देश का विकास किया व बड़ी से बड़ी समस्याओं को सुलझाया। उसी तरह आगामी पांच साल देश में विकास करेंगे। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष जीवन सिंह पाल, टेकचंद कश्यप, अभिनव गुप्ता, डॉ सुखवीर सिंह, अनिल शर्मा, संजय विश्नोई, विशाल शर्मा सहित अन्य भाजपाई मौजूद रहे।



कुंदरकी में मिठाई बांटते भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारी व अन्य।



डिलारी में लड्डू बांटते भाजपाई। ● अमृत विचार

### भाकियू टिकैत के कार्यकर्ता से मारपीट करने का आरोप

**कुंदरकी, अमृत विचार :** डींगरपुर चौकी इंचार्ज पर किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने गंभीर आरोप लगाते हुए चौकी परिसर में धरना प्रदर्शन किया। देर रात्रि उच्चाधिकारियों के समझाने पर किसान माने।

डींगरपुर निवासी मुजम्मिल की गांव में ही स्पेयर पार्ट्स की दुकान है और वह भारतीय किसान यूनियन में ग्राम उपाध्यक्ष हैं। बताया गया है शनिवार की रात्रि 10:00 बजे वह दुकान बंद कर घर जा रहे थे। रास्ते में झगड़ रहे दो लोगों में मुजम्मिल ने बीच बचाव का प्रयास किया। आरोप लगाया कि इसी बीच वहां चौकी प्रभारी डींगरपुर पहुंच गये और मुजम्मिल के साथ मारपीट, गाली गलौच कर उसे थाने में लाकर बंद कर दिया। जैसे ही इसकी सूचना भाकियू के ग्राम अध्यक्ष को हुई उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ चौकी परिसर में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना पर रात्रि 3:00 बजे क्षेत्राधिकारी बिलारी राजेश यादव और थाना प्रशासन के बीच वार्ता हुई, जिसमें मुजम्मिल को छोड़ा गया। वहीं चौकी इंचार्ज से बात की गई तो उन्होंने अपने ऊपर लगाए गए सभी आरोपी को निराधार बताया।

### एक नजर

#### बाइकों की टक्कर में कुंदरकी के युवक की मौत

**भगतपुर, अमृत विचार :** भगतपुर थाना क्षेत्र के गांव चक कचनाल के समीप चांदपुर मार्ग पर तेज रफ्तार से आ रही दो बाइकें आपस में टकरा गयी। जिससे बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची भगतपुर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। शनिवार की शाम करीब सात बजे चांदपुर मार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने से टक्कर हो गई। टक्कर लगने से गांव पांडिया थाना कुंदरकी निवासी युवक राम (26) पुत्र ओमप्रकाश की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक अपने गांव से उत्तराखंड के काशीपुर जा रहा था।

#### बस ने मारी बाइक में टक्कर, महिला की मौत

**कुंदरकी, अमृत विचार :** मुरादाबाद-संभल हाईवे पर एक बाइक सवार दंपति को रोडवेज बस ने टक्कर मार दी जिसमें पति-पत्नी दोनों घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल महिला की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह हजरत नगर गढ़ी निवासी राजदार अपनी पत्नी नूरजहां के साथ बाइक से मुरादाबाद को जा रहा था। जैसे ही उसकी बाइक मैनाठेर थाना क्षेत्र के ग्राम लालपुर हमीर के सामने हाईवे पर पहुंची तो पीछे से आ रही रोडवेज बस ने उसकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें दोनों पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और घायलों को उपचार के लिए मुरादाबाद अस्पताल भेजा, लेकिन अस्पताल ले जाते समय महिला ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक सर्वेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

#### स्कूल से जनरेटर का एंटीनेटर चुरा ले गए चोर

**कुंदरकी, अमृत विचार :** स्कूल से जनरेटर का एंटीनरेटर चुराने के मामले में प्रबंधक ने थाना कुंदरकी में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। स्कूल के प्रबंधक इलियास अहमद पुत्र इलियास अहमद निवासी ग्राम मानकपुर थाना कुंदरकी ने थाने में तहरीर देते हुए बताया है कि कुंदरकी डींगरपुर मार्ग पर मझौली के पास एचआईए पब्लिक स्कूल परिसर में जनरेटर रखा था। रात्रि में छोटे गेट का ताला तोड़कर चोर एंटीनेटर चुरा कर ले गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### नाबालिग छात्रा को भगा ले जाने पर चार पर रिपोर्ट

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने के आरोप में पिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने महिला सहित चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नन्हूवाला निवासी पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 16 वर्ष नाबालिग पुत्री गांव की ही दुकान से शाम को सामान खरीदने गई थी। देर शाम तक घर पर न आने पर परिजनों ने उसको तलाशना शुरू कर दिया। मगर युवती का कुछ नहीं पता चला। वही गांव के निवासी ग्रामीणों द्वारा बताया कि अयान पुत्र मोहम्मद जान, मोहम्मद जान पुत्र नबी, फरजाना पुत्री मोहम्मद जान, रहीस पुत्र नबी निवासी नन्हूवाला पीड़ित की नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गए हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## राहगीरों को ठंडा शर्बत वितरित कर मनाई मोदी के तीसरी बार पीएम बनने की खुशी

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के रतनपुर तिराहे सैनी मार्केट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने एवं शपथ लेने की खुशी में रहागीरों को शर्बत पिलाया गया।

शर्बत वितरण कार्यक्रम का उद्घाटन स्वामी ब्रह्मानंद पुरी महाराज प्राचीन शिव मंदिर रुस्तमपुर खास एवं प्रधानाचार्य पंडित विनोद कुमार मिश्रा ने फीता काटकर व कार्यकर्ताओं का तिलकर कर किया।

इस दौरान विनय कुमार सैनी, झम्मन सैनी, मेघराज सैनी आदि मौजूद रहे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने राहगीरों को रोक-रोककर शर्बत पिलाया। इस अवसर पर अमरपुर काशी पुलिस चौकी प्रभारी योगेश कुमार, नीरज शर्मा, फौजी विजयपाल सिंह, हरिओम सैनी, सोमपाल शर्मा, ठाकुर दुर्गा पाल सिंह, हरिओम सैनी, निखिल सैनी, छत्रपाल सैनी, बृजेश यादव, ग्राम प्रधान हाजीपुर यशवीर यादव, राशन डीलर खानपुर धीर सिंह दिवाकर, प्रधान पति आरीखेड़ा, कन्हैयालाल मौर्या, निखिल चौहान आदि मौजूद रहे।



अमरपुर काशी रतनपुर में राहगीरों को शर्बत पिलाते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- भाजपा कार्यकर्ताओं ने सैनी मार्केट में आयोजित किया कार्यक्रम

### दहेज की खातिर महिला को घर से निकाला, रिपोर्ट

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** दहेज लोभियों ने मायके से रुपये लाकर न देने को लेकर विवाहिता के साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया। विवाहिता की तहरीर पर पुलिस ने पति सहित तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव मलपुरा लक्ष्मीपुर निवासी गुलअफशा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी 4 वर्ष पूर्व थाना डिलारी के गांव अकबरपुर के मुदससीर पुत्र महफूज के साथ हुई थी। आरोप लगाया कि 7 मई को उसके पति मुदस्सीर ने शराब पीकर उसके साथ मारपीट की। चीख पुकार सुनकर सास ससुर ने विवाहिता को कमरे में बंद कर दिया और उसे मारने की योजना बनाने लगे। किसी तरह महिला ने अपने पिता को फोन करने की कोशिश की तो सास ससुर ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया।



भारत जागृति कॉन्फ्रेंस के तत्वावधान में राहगीरों को शर्बत पिलाते कार्यकर्ता।

### छबील लगाकर भारत जागृति कॉन्फ्रेंस ने राहगीरों को गर्मी में पिलाया शर्बत

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार:** नगर के स्टेशन रोड स्थित जेपी हेल्थ केयर सेंटर पर निशुल्क शर्बत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भारत जागृति कॉन्फ्रेंस के युवा कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया। शर्बत वितरण कार्यक्रम में डॉ. अनिल सिंह, सुमित शर्मा, हरिशंकर वर्मा, अमित, अनिल गुप्ता, शेर सिंह, सूर्यकांत, अरविंद वर्मा, सौरभ कौशिक, आदि का सहयोग रहा।



प्रदेशध्यक्ष का शोक संदेश सौंपते कांग्रेस जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद।

### कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने भेजा शोक संवेदना पत्र

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार:** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राहत अली अंसारी की 27 अप्रैल को बीमारी के चलते आकस्मिक मृत्यु हो गई थी। जिसकी सूचना पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने दुख जताया है।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने शोक संदेश भिजवाया। जिसे लेकर रविवार को कांग्रेस के जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद ब्लॉक अध्यक्ष बिलारी के डाक बंगले के निकट स्थित आवास पर पहुंचे और शोक संतृप्त परिजनों को प्रदेश अध्यक्ष का शोक संदेश सौंपा। इसके अलावा ब्लॉक अध्यक्ष के हुए रिक्त पद पर कार्यवाहक ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में अफजल हुसैन अंसारी को पदभार सौंपा गया। इस दौरान अफजल सबरी, मोहम्मद दाऊद, इंजीनियर मोहम्मद अयाज एडवोकेट, प्रेम कुमार यादव, शौकत हुसैन, शाकिर मलिक, दिलशाद हुसैन, फारूख मसूदी, अफजल हुसैन, राशिद हुसैन, भूरा हुसैन, मुजफ्फर हुसैन, इमामुद्दीन भूरा, पुत्तन अली, मोहम्मद सलीम आदि मौजूद रहे।

### दहेज उत्पीड़न में छह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**कांठ, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र में कार और नकदी की मांग को लेकर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। थाना पुलिस ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर तीन महिलाओं सहित 6 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना कांठ के ग्राम सलेमपुर निवासी अकील अहमद ने अपनी पुत्री नूर अफसा का निकाह 12 अक्टूबर 2022 को बिजनौर के दारानगर गंज निवासी मोहम्मद आजाद उर्फ आशिक पुत्र हबीबुल्लाह के साथ किया था। निकाह के बाद ससुरालवाले कार और पांच लाख रुपये की मांग करने लगे। विरोध पर विवाहिता से मारपीट की गई। 16 दिसंबर 2022 को मारपीट व तीन तलाक देकर महिला को घर से निकाल दिया। सुनवाई न होने पर पीड़िता ने एसएसपी हेमराज मीना से शिकायत की। एसएसपी के आदेश पर थाना पुलिस ने मोहम्मद आजाद, हबीबुल्लाह, हमीदा, मोहम्मद अखिल, सुल्तान, गुड़िया के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## भीषण गर्मी में आठ घंटे विद्युत आपूर्ति ठप, पानी के लिए मचा हाहाकार

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** स्थानीय बिजली घर से नगर में दो फीडर से विद्युत आपूर्ति की जाती है। रविवार को प्रातः 9:00 बजे अत्यधिक गर्मी के कारण बिजलीघर पर दोनों फीडर फुंक गए। जिससे नगर में विद्युत व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई। जिससे गर्मी में नगर में हाहाकार मच गया। वहीं विभाग के जिम्मेदार अधिकारी लोगों को जल्द व्यवस्था दुरुस्त होने का आश्वासन देते रहे।

रविवार को 8 घंटे विद्युत आपूर्ति ठप होने से नगरवासियों का बुरा हाल रहा। शाम को लगभग 5:00 बजे विद्युत आपूर्ति सुचारू की गई। एसडीओ कांठ ज्ञानेंद्र सिंह यादव का कहना है कि अत्यधिक गर्मी के कारण यह परेशानी आ रही है। बिजली अधिकारी इसके लिए प्रयासरत हैं। वहीं गर्मी में तापमान पिछले कई दशकों के रिकार्ड ध्वस्त कर रहा है। इस बार अधिकतम तापमान 47 डिग्री से भी अधिक पहुंच चुका है। स्वास्थ्य विभाग के एक सर्वे के अनुसार हीट स्ट्रोक जीवन के लिए घातक है। यह स्थिति तब होती है जब आपके शरीर का तापमान 104 डिग्री सेल्सियस से ऊपर बढ़ जाता है। इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी राजीव कुमार चौधरी का कहना है कि अत्यधिक गर्मी से लोगों का बीपी अधिक बढ़ जाता है। बीपी एवं डायबिटीज को कंट्रोल करने के लिए मरीजों को अपना उपचार व जांच समय से करानी चाहिए।



बिजली घर में फुंकी मशीन।

## सामुदायिक शौचालय पर लटके ताले खुले में शौच जाने को मजबूर हैं लोग

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** नगर पंचायत व ग्राम में स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत सामुदायिक शौचालय बनाए गए थे। अधिकांश शौचालय में ताले लटके हुए हैं जिस कारण से लोगों को खुले में शौच के लिए जाना पड़ता है। वहीं जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारी इससे बेखबर हैं।

नगर व ग्रामीण क्षेत्र में पर्यावरण को स्वच्छ रखने व खुले में शौच करने जाने से रोकने के लिए सरकार द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया था। जिसकी देखरेख व साफ सफाई की जिम्मेदारी नगर व गांव के प्रधान को दी गई थी। नगर में कई स्थानों पर सामुदायिक शौचालय तो बनाए गए हैं लेकिन उन पर ताले लटके हुए हैं। इसी प्रकार से गांव में भी शौचालय बनाए गए लेकिन शो पीस वन कर रह गए हैं। शौचालय की स्थिति भी अत्यधिक गंभीर है। ग्रामीण क्षेत्रों में नियुक्त सफाई कर्मचारियों को समय पर वेतन न मिलने की भी शिकायत कर्मचारियों ने की है लेकिन खंड विकास अधिकारी से लेकर सभी अधिकारी इस मामले में चुप्पी साधे हुए हैं। वहीं सफाई न होने से शौचालयों की स्थिति भी खराब है।

अधिकांश शौचालयों में सीट टूटी हुई हैं और पानी की टंकी भी खराब पड़ी है। वहीं जिम्मेदार समस्याओं की जानकारी होने के बाद भी अनजान बने हैं।




सामुदायिक शौचालय पर लटके ताले। ● अमृत विचार

**अनदेखी**

- स्वच्छ भारत अभियान को लग रहा पलीता, जिम्मेदार मौन
- सफाईकर्मियों की लापरवाही से जर्जर अवस्था में शौचालय

### पुत्र पर लगाया गाली गलौज और मारपीट करने का आरोप

**छजलैट, अमृत विचार:** थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम खलीलपुर अमरु निवासी एक व्यक्ति ने अपने पुत्र पर गाली गलौज व मारपीट करने का आरोप लगाते हुए थाना छजलैट में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम खलीलपुर अमरु निवासी महेंद्र सिंह पुत्र तेजराम सिंह ने थाना छजलैट में दी गई तहरीर में बताया कि उनका पुत्र रोजाना शराब पीकर घर आता है तथा वह अपनी पत्नी एवं बच्चों से मारपीट करता है। 9 जून की दोपहर को आरोपी ने अपने परिजनों के साथ गाली गलौज व मारपीट की। शोर शराबा सुनकर ग्रामीणों ने बीच बचाव कराया। पीड़ित ने थाना छजलैट में तहरीर देकर अपने पुत्र के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

**मनमानी** — शाम ढलते ही गांव की सड़कों पर दौड़ने लगती हैं मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्रालियां

## क्षेत्र में अवैध खनन का खेल जारी, प्रशासन मौन

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** क्षेत्र में इन दिनों अवैध खनन का कारोबार बिना किसी रोकटोक के चल रहा है। शाम ढलते ही गांव में जेसीबी से मिट्टी खनन कर टैक्टर-ट्रॉली भरकर दौड़ना शुरू हो जाती हैं। वहीं इनकी गतिविधियां देखकर लगाता हैं कि जैसे इन्हें पुलिस-प्रशासन का कोई डर नहीं है।

क्षेत्र के आसपास शाम ढलते ही डंपर रातभर मिट्टी भरकर गांवों के रास्ते से होकर दौड़ते हैं। जिससे ग्रामीणों का चलना मुश्किल हो रहा है। क्षेत्र में कई जगहों पर अवैध रूप से खनन किया जा रहा है। अवैध खनन को लेकर प्रशासन पूरी तरह से खामोश नजर आ रहा है। खनन कारोबारी जो परमिशन लेते हैं उसी की आड़ में अक्सर वह स्वीकृति से अधिक चौगुनी मिट्टी व बालू खेतों और नदियों से निकालकर निजी प्लॉट आदि में डालकर मोटा मुनाफा कमा रहे हैं। वही ओवरलोड टैक्टर-ट्रॉली क्षेत्र के विभिन्न गांव से होकर गुजर रही हैं जबकि मानपुर दत्त राम के ग्रामीणों ने कई बार प्रशासन को लिखित सूचना देकर इस खनन कारोबार को रोकने की मांग की थी। लेकिन प्रशासन द्वारा कोई भी कार्रवाई नहीं की गई। जिसके चलते बथुआ खेड़ा, पीलकपुर, गंजेड़ा आलम, काला झंडा, लौगी कला, लोगी खुर्द, जटपुरा, जलालपुर, तुमरिया कला, काला झांडा, बैजनाथपुर, गोवध वाला, किशनपुर गावडी, तरफ दलपतपुर, मैसूवाला, रामनगर खागूवाला, कुआ खेड़ा खालसा, भायपुर, मधुपुरी, पाडला, सुरजन नगर, आदि क्षेत्र में जमकर अवैध खनन किया जा रहा है।

वहीं इस संबंध में एसडीएम अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि उनके द्वारा निजी कार्यों व सरकारी कार्य के लिए खनन की स्वीकृति दी जाती है। स्वीकृति में स्पष्ट लिखा है कि रात्रि में खेतों से मिट्टी उठाना वर्जित है। पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अगर ऐसा है तो जांच कराकर शीघ्र ही अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।



ठाकुरद्वारा के गांव पीलकपुर क्षेत्र में जाती मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्राली। ● अमृत विचार

### बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में दो घायल

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। जिसमें दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को 108 एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उनका उपचार कर घर भेज दिया है।


कोतवाली क्षेत्र के गांव अब्दुल्लापुर लेदा निवासी जाबिर पुत्र वारिश अहमद अपनी बाइक से पेट्रोल पंप के पास पहुंचा तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार निजामुद्दीन पुत्र शमसुद्दीन निवासी काशीपुर, उत्तराखंड ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर कर गम्भीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद राहगीरों ने 108 की मदद से नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने दोनों का उपचार कर घर भेज दिया है।

## नगर में लगे गंदगी के अंबार सफाई व्यवस्था हुई चौपट

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** नगर में कई स्थानों पर गंदगी के ढेर लगे हुए हैं ।सफाई कर्मचारी नालियों से कूड़ा तो निकाल लेते हैं, लेकिन उसको उठाने के लिए हफ्तों लग जाते हैं। ऐसा ही एक उदाहरण मोहल्ला पट्टी वाले में देखने को मिला है।

मोहल्ला पट्टी वाले में सेंट मैरी डे स्कूल के पास 10 दिन पूर्व नाली की सफाई की गई थी। लेकिन आज तक वहां से कूड़ा उठाने के लिए कोई भी गाड़ी नहीं पहुंची। कई बार शिकायत करने पर भी मिट्टी के ढेर आज तक नहीं उठे हैं। मोहल्ला पट्टी वाले निवासी राजीव कुमार ने बताया कि सफाई कर्मी सफाई के नाम पर औपचारिकता कर रहे हैं। नगर के अन्य 16 वार्डों में भी इस तरह की शिकायतें देखने को मिल रही हैं। घर-घर से कूड़ा उठाने के आदेश यहां निरर्थक साबित हुए हैं। जगह-जगह कूड़े के ढेर पड़े रहने से भीषण गर्मी में संक्रामक रोग फैलने की आशंका का बढ़ गई है। पीड़ित व्यक्तियों ने नगर पंचायत अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी से शिकायत की है। नगर पंचायत अध्यक्ष केवल आश्वासन देकर अपना पल्ला झाड़ रहे हैं।



नगर में लगे गंदगी के ढेर। ● अमृत विचार

## एक नजर

### मस्जिद से इमाम का मोबाइल ले गया चोर

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के मोहल्ला दीपा सराय स्थित रोज़े वाली मस्जिद से चोर ने इमाम का मोबाइल चोरी कर लिया। मोबाइल चोरी कर रहा युवक सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गया जिसकी तलाश जारी है। युवक की तलाश के लिए वीडियो भी वायरल किया गया है। शनिवार की शाम मस्जिद में बने मौलाना के कमरे में मौका पाकर चोर ने इमाम के मोबाइल पर हाथ साफ कर दिया। वह मस्जिद में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गया।

### अनियंत्रित वैन पलटने से सात घायल, चार गंभीर

**बाजपुर, अमृत विचार :** तेज रफ्तार वैन अनियंत्रित होकर खेत में जा पलटी। हादसे में वैन में सवार सात लोग घायल हो गए। मूल रूप से बिसोली चंदोसी (उप्र) निवासी रत्ना (18), सीमा (20) पुत्रियां शंकर, जयंती (27) पत्नी ओमप्रकाश, कोमल (15) पुत्री जोधा, गीता (23) पत्नी निर्वाण व भोना इस्लामनगर बाजपुर निवासी हर्षिता (6) पुत्री किशनबीर रविवार को वैन संख्या (यूपी26/एक्यू1812) में सवार होकर ग्राम इकघरा बाजपुर में रिश्तेदार के घर आए थे।

# पत्नी से विवाद के बाद फंदे पर झूला पति

## दिल्ली में मजदूरी करने वाला अमरपाल एक दिन पहले ही गांव आया था

संवाददाता, संभल/जुनावई

**अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र के गांव धनीपुर में पति-पत्नी के बीच विवाद के बाद पति ने फंदे पर झूल कर आत्महत्या का किया प्रयास। हालत गंभीर होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाया गया। जहां से हालत गंभीर बताते हुए चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया।

थाना क्षेत्र के गांव धनीपुर निवासी 25 वर्षीय अमरपाल दिल्ली में रहकर मेहनत मजदूरी करता है। एक दिन पहले ही अमरपाल गांव में आया था। किसी बात को लेकर पति-पत्नी में झगड़ा हो गया। इसके बाद अमरपाल ने रविवार देर शाम अपने घर में ही गमछा का फंदा डालकर फंदा बनाया और उस पर झूल गया। परिवार के लोगों की जब निगाह पड़ी तो होश उड़ गए। आनन फानन में फंदे से उतार कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुनावई लाया गया। जहां पर चिकित्सक द्वारा हालत गंभीर बताते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

### चारा काटने की मशीन से किसान की मौत

संभल : कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव में पशुओं के लिए चारा काटते समय मशीन की चपेट में आने से किसान की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि उसका चचेरा भाई घायल हो गया। औरंगाबाद देवरी गांव निवासी भूरे अपने चचेरे भाई जुगेंद्र के साथ पशुओं के लिए चारा काटने वाली शमीन से चारा काट रहा था। भूरे मशीन में चारा डाल रहा था तभी अचानक भूरे का पैर मशीन में चला गया। पल भर में भूरे के शरीर के कई अंग कट गये। भूरे को मशीन में फंसता देख उसके भाई व अन्य परिजन बचाने के लिए दौड़े मगर तब तब भूरे की मौत हो चुकी थी। बचाने के प्रयास में जुगेंद्र भी घायल हो गया। परिजनों ने बताया कि पशुओं के लिए चारा काटने के लिए भूरे के चचेरे भाई जोगिंदर ने रिश्तेदार का कटर मंगाया था।

# दहेज न लाने पर विवाहिता को पिलाया जहरीला पदार्थ

- पति, जेठानी व ननद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला को जान से मारने की नीयत से जहरीला पदार्थ पिला दिया। इस मामले में पति, जेठानी व ननद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

नखासा थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर सराय निवासी अंकिल की शादी सात वर्ष पहले बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव आटा निवासी बबीता के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही अंकिल बबीता से दहेज लाने की मांग करने लगा था। मना करने पर अंकिल अपनी भाभी राखी पत्नी अंशुमान व बहन रानी के साथ मिलकर बबीता के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करता था। बबीता के साथ देहज को लेकर प्रताड़ित करने जानकारी होने पर प्रेमपाल ने पिछले वर्ष बाइक खरीदकर अंकिल को दी थी। सात जून को अंकिल ने 50 हजार रुपये मायके से लाकर देने की बात बबीता से कही। रुपये लाने से मना किया तो अंकिल ने राखी व रानी के साथ मिलकर बबीता के साथ लात घूसों से मारपीट की और देर रात अंकिल ने जान से मारने की नीयत से बबीता को जबरदस्ती जहरीला पदार्थ पिला दिया। जिससे बबीता की हालत बिगड़ गई। रविवार को बबीता के पिता प्रेमपाल ने दामाद अंकिल, उसकी भाभी राखी व बहन रानी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### गोली मारने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**बरेली, अमृत विचार :** पुलिस ने घर में घुस कर महिला को गोली मारने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। प्रेम-प्रसंग के चलते गोली चलाई गई थी। आरोपियों की पहचान हजियापुर निवासी क्रांति कश्यप और संजयनगर निवासी रिंकू के रूप में हुई है।

बारादरी थाना क्षेत्र के संजय नगर जोशी वाली गली की रहने एक महिला का 12 वर्ष पूर्व तलाक हो गया था। उसने संजय नगर में मकान बनवाया था। इस दौरान हजियापुर के रहने वाले क्रांति कश्यप से उसकी रेता-बजरी की दुकान से सामान लेने के कारण जान पहचान हो गई। आरोप है कि शनिवार शाम क्रांति ने दोस्त रिंकू के साथ घर में घुसकर उन्हें गोली मार दी थी। इससे वह घायल हो गई थीं।

पुलिस के अनुसार क्रांती ने बताया कि उसका महिला से प्रेम-प्रसंग चल रहा है। जिसके कारण उसने रेता बजरी से लेकर अन्य सामान मकान बनाते समय दिया था। जिसके रुपये आज तक नहीं मिले। मॉडल टाउन चौकी इंचार्ज वैभव गुप्ता ने बताया कि दोनों आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# छुट्टा पशुओं ने किसानों पर किया हमला, दो घायल




घायल राजेश्वर सिंह। घायल बनवारी लाल।

**बदायूं कार्यालय, अमृत विचार :** छुट्टा गोवंश किसानों को सिरदर्द बने हुए हैं। फसलों की रखवाली कर रहे किसानों पर पशुओं ने हमला कर दिया जिसमें दो किसान घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

किसानों को खेतों में फसलों की रखवाली करने में जान जोखिम में डालनी पड़ रही है। छुट्टा गोवंश किसानों की फसलों को नष्ट कर रहे हैं। वहीं हिंसक सांड़ किसानों पर हमले कर रहे हैं। थाना मूसाझाग क्षेत्र के ग्राम सिताब नगर निवासी 65 वर्षीय राजेश्वर सिंह शनिवार की शाम को अपने खेत में बने ट्यूबवेल पर गए थे। वहां एक सांड़ उनके खेत में मक्का की फसल को नष्ट कर रहा था। राजेश्वर सिंह ने सांड़ को खेत से भगाने को ललकारा तो सांड़ ने उन पर हमला कर दिया। सांड़ ने राजेश्वर सिंह को सींगों पर उठाकर पटक दिया। उसके बाद हमलावर सांड़ ने उन्हें सींगों में फंसाकर घसीटा। एक सींग उनके पेट में घुस गया जिससे वह लहूलुहान हो गये। आस पास खेतों पर काम कर रहे लोगों ने सांड़ को भगाया और खून से लथपथ राजेश्वर सिंह को घर पहुंचाया। परिजनों ने उन्हें देर शाम जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

दूसरी ओर थाना कादरचौक के ग्राम पाल नगर निवासी 70 वर्षीय बनवारी लाल तीन दिन पूर्व अपने खेत पर मक्का की रखवाली करने गए थे। खेत में घुसे पशुओं को निकालने गले तभी सांड़ ने उसको पीछे से सींगों पर उठाकर पटक दिया। सांड़ ने बनवारी लाल को कई बार उठा कर पटका, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल होने के बाद वह बेहोश हो गये। रात भर बेहोशी की हालत में खेत पर पड़े रहे। दूसरे दिन परिजनों ने उन्हे खेत पर जाकर देखा तो वह बेसुध पड़े थे।

# छत के नीचे दबकर ठेकेदार की मौत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** दमुवाढूंगा में जमरानी कॉलोनी के सरकारी आवास गिराने में जुटे एक ठेकेदार की दीवार और छत के नीचे दबकर मौत हो गई। जेसीबी और साथियों की मदद से उसे दीवार और छत के बीच से बाहर निकालकर डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



दानीबंगर किशनपुर गौलापार निवासी विक्रम सिंह बिष्ट उर्फ वकील (24 वर्ष) पुत्र डूंगर सिंह बिष्ट एमबीपीजी में एमए तृतीय वर्ष का छात्र था। वह यहां पिता डूंगर, मां भगवती देवी और छोटे भाई हर्षित के साथ रहता था। परिवार की माली हालत खराब थी, इसके लिए वह काम भी करता था। इन दिनों वह दमुवाढूंगा स्थित जमरानी कॉलोनी के सरकारी आवास गिराने का काम कर रहा था। बताया जाता है कि मुख्य ठेकेदारों ने उसे ठेका दिया था। रविवार की सुबह करीब 7 बजे विक्रम रिश्ते के भाई वीरेंद्र व हरीश के साथ जमरानी कॉलोनी गया था। तीनों ने मजदूरों के साथ काम भी किया और यह देख रहे थे कि मकान की ईंटें सही सलामत निकल आए। साथियों की मानें तो दोपहर खाना खाने के लिए सभी कॉलोनी से बाहर आ गए, लेकिन विक्रम अंदर ही रह गया। तभी अचानक कॉलोनी की दो मंजिला छत ढह गई और विक्रम दीवार और छत के बीच में दब गया। विक्रम की चीख और छत गिरने की आवाज सुनकर आनन-फानन में वीरेंद्र और हरीश के साथ अन्य लोग मौके पर पहुंच गए। देखा तो कॉलोनी की छत विक्रम की पीठ पर और पेट दीवार पर टिका था। आनन-फानन में लोगों ने उसे निकालने की कोशिश शुरू की, लेकिन बात नहीं बनी। जिसके बाद मौके पर जेसीबी को बुलाया गया और बुरी तरह लहूलुहान विक्रम को बाहर निकाला गया। साथी उसे आनन-फानन में डॉ.सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### मौके पर नहीं पहुंची पुलिस, पौन घंटे बाद आई एंबुलेंस

**हल्द्वानी :** आरोप है कि हादसे के तुरंत बाद लोगों ने सबसे पहले पुलिस और फिर एंबुलेंस को सूचना दी, लेकिन न तो मौके पर पुलिस पहुंची और न ही एंबुलेंस। पौन घंटे गुजर चुके थे, जब विक्रम को लेकर दोस्त अस्पताल के लिए लेकर निकले तो रास्ते में घटना स्थल की ओर एंबुलेंस जाती दिखाई दी। दोस्तों का कहना कि अगर एंबुलेंस सही समय पर पहुंच जाती या ठेकेदार मदद कर देते तो शायद विक्रम की जान बच जाती।

### मंदिर की छत पर मिला युवक का शव

**काशीपुर, अमृत विचार :** तीर्थ स्थल द्रोणा सागर में मंदिर की छत पर युवक का शव मिला है। मृतक की पहचान 27 वर्षीय चंदन झा पुत्र ओमप्रकाश झा निवासी द्रोणा सागर जसपुर खुर्द के रूप में हुई है। आसपास के लोगों से जानकारी करने पर पता चला कि मृतक के पिता अहरपुरा बरखेड़ा पांडे में रहते हैं, जहां उनका अपना मकान व जमीन है। मृतक के पिता ओमप्रकाश झा को सूचना देने पर उन्होंने शव की शिनाख्त कर बताया कि वह मूल रूप से ग्राम सिद्दीकपुर थाना सराय खाजा जिला जौनपुर उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं तथा महुआखेड़ा गंज फैक्ट्री में काम करते हैं, विगत चार साल से परिवार सहित अहरपुरा बरखेड़ा पांडे में निवास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मृतक उनका सबसे बड़ा लड़का है जो अविवाहित था। वह नशा करने का आदी हो गया था। वहीं वह ई-रिक्शा चलाता था।

# खटीमा में सड़क हादसे में दो नेपाली युवकों की मौत

संवाददाता, खटीमा




निखिल और सागर के फाइल फोटो।

**अमृत विचार :** ग्राम सड़ासड़िया के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार नेपाली मूल के दो युवकों की मौत हो गई। एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को उप जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

महेन्द्रनगर, नेपाल निवासी निखिल (22) पुत्र लच्छी, सागर (22) पुत्र वीर बहादुर और सोहन (19) पुत्र संतोष शनिवार को बाइक से नानकमत्ता घूमने आए थे। शाम को तीनों बाइक से महेन्द्रनगर, नेपाल जा रहे थे। वे सड़ासड़िया के पास पहुंचे ही थे कि सामने से आ रहे वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिसमें तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर 108 ने घायलों को नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने निखिल और सागर को मृत घोषित कर दिया। घायल सोहन का उपचार किया गया। इधर, घटना की सूचना पुलिस ने मृतकों के परिजनों को दी। रविवार को युवकों के परिजन अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। परिजन शव लेकर नेपाल रवाना हो गए। सभी युवक आपस में रिश्ते के भाई हैं। मृतक निखिल गुजरात में सेल्समैन का काम करता था और तीन दिन पहले ही गुजरात से आया था। निखिल चार बहनों का इकलौता भाई था।

### समझौते का दबाव बना रहे आरोपी, दी धमकी

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर थाना क्षेत्र में मुकदमे में समझौता करने को लेकर युवक पर आरोपी दबाव बना रहे हैं। विरोध करने पर आरोपी ने युवक को जान से मारने की धमकी दी है। शिकायत पर एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने मामले में चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना क्षेत्र के तुलाशेरपुर निवासी अनिल का आरोप है कि चार माह पहले रणवीर, विपुल, विवेक के खिलाफ मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज कराया था। 25 मई को आरोपी घर आकर समझौते का दबाव बनाने लगे। विरोध करने तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी।

### बाबा विश्वनाथ मां जगदीशिला डोली यात्रा पर पुष्पवर्षा

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** बाबा विश्वनाथ मां जगदीशिला की 25वीं डोली यात्रा के नगर आगमन पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा और कई स्थानों पर पुष्प वर्षा के साथ यात्रा का स्वागत किया गया। इस दौरान उद्घोष से शहर गुंजायमान हो गया।

**संबंध विच्छेद**

मेरा पुत्र निसार अहमद गलत संगत में पड़ गया है। वह आये दिन मेरे व बच्चों के साथ गाली–गलौंच व मारपीट करता रहता है। जिसमें परेशान होकर मैं स्वेच्छा से अपने पुत्र निसार अहमद को अपनी चल–अचल संपत्ती से बेदखल करते हुए संबंध विच्छेद करता हूं। उसके द्वारा किये गये कुकृत्यों एवं लेन– देन का वह स्वयं उत्तरदायी होगा।

मौ. उस्मान पुत्र अख्तर हुसैन
निवासी ग्राम गढ़ी, थाना व तह. कांठ
जि. मुरादाबाद, उ.प्र.

# ननिहाल आई किशोरी से बंधक बनाकर दुष्कर्म

- पीड़िता ने एसएसपी से की आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** ननिहाल में आई किशोरी को दो युवकों ने एक दुकान में बंधक बना लिया। एक युवक ने दुकान में बाहर से ताला डाल दिया जबकि दूसरे ने किशोरी को दो घंटों तक बंधक बनाकर दुष्कर्म किया। किशोरी को तलाशते हुए पहुंचे उसके मामा, नाना-नानी ने किशोरी को बंधनमुक्त कराया। पीड़िता ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर बताया कि कि आठ जून दोपहर लगभग दो बजे वह अपनी ननिहाल कोतवाली उझानी क्षेत्र के एक गांव में थी। वह सरकारी हैंडपंप पर मामा के कपड़े धोकर मौसी को देकर वापस हैंडपंप पर जा रही थी। पास में जनसेवा केंद्र के सामने पहले से बैठे युवक ने पकड़ लिया और दुकान में खींच लिया। एक युवक ने दुकान पर बाहर से ताला लगा दिया। काफी देर तक किशोरी घर नहीं पहुंची तो उसके मामा, नाना-नानी तलाश करने लगे। दुकान में किशोरी बंधक मिली। आरोपी ने धमकी दी कि पुलिस की कार्रवाई की तो परिवार को जान से मार देगा। किशोरी ने उझानी पुलिस से शिकायत की लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। अब पीड़िता ने एसएसपी से शिकायत करके आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उझानी के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### चारधाम यात्रा में बढ़ रहा मौतों का आंकड़ा

**देहरादून, अमृत विचार :** चारधाम यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है। प्रतिदिन करीब 60 हजार श्रद्धालु दर्शन कर रहे हैं। वहीं चारधाम में मौतों का आंकड़ा भी नहीं थम रहा है। चारधाम यात्रा शुरू होने के बाद से अब तक 100 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है। केदारनाथ धाम में सर्वाधिक 49 लोगों की मौत हुई है।

चारधाम यात्रा 10 मई से शुरू हुई थी, तब से अभी तक 19,10,919 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। केदारनाथ धाम में 7,48,348 श्रद्धालु, बदरीनाथ धाम में 4,72,065 श्रद्धालु, यमुनोत्री धाम में 3,46,545 श्रद्धालु और गंगोत्री धाम में 3,39,892 श्रद्धालुओं ने दर्शन कर लिए हैं। श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ के बीच चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की मौतों का आंकड़ा भी बढ़ता ही जा रहा है। मौतों के आंकड़े ने शासन- प्रशासन की चुनौतियों को बढ़ा दिया है। हालांकि चारधाम यात्रा में अभी तक जो मौतें हुई हैं वे सभी हृदय गति रुकने से हुई हैं।

# गर्भवती की मौत के बाद सीएमएस ने बुलाई पुलिस

- शव ले गए परिजन, नहीं की शिकायत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल में अधिक खून बहने से प्रसूता की मौत हो गई। हंगामा की आशंका को देखते हुए सीएमएस ने पुलिस को बुला लिया, लेकिन परिजनों ने किसी पर आरोप नहीं लगाया और शव को ले गए।

अलापुर के गांव भसराला निवासी फखरे आलम ने शनिवार शाम को गर्भवती पत्नी शादीन (35) को जिला महिला अस्पताल में प्रसव के लिए भर्ती कराया था। शादीन को अधिक रक्तस्राव हो रहा था। काफी प्रयास के बाद भी खून का बहना नहीं रुका। रविवार सुबह नौ बजे उसके गर्भस्थ शिशु की मौत हो गई। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। दोपहर 12 बजे शादीन की भी मौत हो गई। महिला की मौत की सूचना पर सीएमएस डॉ. इंदुकांत वर्मा मौके पर पहुंचे और पुलिस को बुला लिया, जिससे किसी तरह का हंगामा न हो। पुलिस ने मृतका के पति के बयान दर्ज किए। उसने बताया कि खून अधिक बहने के कारण शादीन की मौत हुई है। उसने किसी पर आरोप नहीं लगाया है। बयानों के बाद सीएमएस ने मृतका शव उसके गांव भिजवा दिया।

> शादीन को शनिवार की देर शाम भर्ती किया गया था। उसे रक्तस्राव अधिक हो रहा था। जिससे ब्लड की कमी हो गयी। ब्लड की कमी के चलते पहले शिशु की मौत हुई और उसके बाद प्रसूता की मौत हो गयी। पीड़ित परिवार शव को अपने गांव ले गया। उसने किसी तरह की शिकायत नहीं की है।
>
> -डा. इंदु कांत वर्मा - सीएमएस

### दुष्कर्म के आरोपी युवक का चालान

**संभल/सौंधन, अमृत विचार :** कैला देवी थाना पुलिस ने किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी युवक को गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी से गांव के ही युवक ने बुधवार को दुष्कर्म किया था। किशोरी के पिता ने युवक को पकड़ पुलिस को सौंपा था। तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की तो मामला मुख्यमंत्री तक पहुंचा था। तब जाकर पुलिस ने दुष्कर्म करने वाले गांव इकौना निवासी विकास, उसके साथी वीरेश और रामबाबू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। रविवार को पुलिस ने विकास को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। थाना प्रभारी राजीव कुमार मलिक ने बताया कि किशोरी से दुष्कर्म करने वाले विकास का चालान किया है।

प्रवेश प्रारम्भ

**बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली**

**बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी**
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

**रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी**
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

**केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी**
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

**बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट**
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

# मोबाइल चोरी का भंडाफोड़, गैंग के शातिर धरे

- बिहार और नेपाल के दो आरोपियों से चोरी के आठ मोबाइल फोन, दो लोहे की रॉड और कटर बरामद

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** एक माह पूर्व हुई लाखों के मोबाइल चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मामले में पुलिस ने घोड़ा हसन गैंग के दो शातिर मोबाइल चोरों को गिरफ्तार किया, जिनके पास से पुलिस ने विभिन्न कंपनियों के 8 मोबाइल समेत चोरी का सामान बरामद किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों का संबंधित धाराओं में चालान कर न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

कोतवाली में मामले का खुलासा कर एसपी काशीपुर अभय सिंह ने बताया कि 5 मई की रात्रि पंत पार्क के निकट न्यू मोबाइल वर्ल्ड शॉप पर अज्ञात चोरों ने शटर काटकर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। इस दौरान चोर नए व पुराने मिलाकर लाखों रुपये के कुल 32 मोबाइल फोन चुरा ले गये थे। पुलिस ने उक्त मामले में दुकान स्वामी मनीष सिंधवानी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया था और खुलासे के लिए पुलिस टीम का गठन किया था। सीसीटीवी कैमरे खंगालने व मुखबिर की सूचना पुलिस ने हरियाणा, पंजाब व चंडीगढ़ में दबिश दी। इस दौरान चोरी की घटना को अंजाम देने में घोड़ा हसन गैंग का नाम प्रकाश में आया। जिसके बाद पुलिस ने अन्यज कुमार कुशवाहा पुत्र कपिल देव मेहतो निवासी ग्राम बिसुनपु कस्बाटोल थाना झरोखर जिला मोहितहारी पूर्वी चम्पारन बिहार और दीपू कुशवाहा पुत्र सोनालाल मेहतो निवासी ग्राम अमोहा थाना कलइया जिला बारा देवीपुर, नेपाल को गिरफ्तार किया। दोनों के कब्जे से विभिन्न कंपनियों के आठ मोबाइल व दो लोहे की रॉड, एक लोहे का कटर बरामद किये। वहीं प्रकाश में आया कि चोरी की घटना में इनके कुछ अन्य साथी भी शामिल थे, जिनकी पुलिस तलाश कर रही है।

### घोड़ा हसन गैंग मोबाइल फोन की चोरी को देता है अंजाम

**काशीपुर।** बिहार से ताल्लुक रखने वाला घोड़ा हसन गैंग के सदस्य काफी शातिर होते हैं। इस गैंग के सदस्य ज्यादातर एकांत की दुकानों से चोरी करते हैं। एसपी अभय सिंह ने बताया कि घोड़ा हसन गैंग अधिकतर मोबाइल फोन की दुकानों में ही चोरी कर लाखों रुपये के मोबाइल चुराते है। काशीपुर में इस गैंग की यह पहली घटना थी।

### देवीधुरा में मंदिर निर्माण को 51 लाख रुपये दिए

**टनकपुर/ चम्पावत, अमृत विचार :** बग्वाल के लिए मशहूर मां बाराही धाम देवीधुरा के मुख्य मंदिर के नव निर्माण के लिए लडवाल फाउंडेशन ने आर्थिक सहयोग दिया है। मंदिर निर्माण में करीब 7 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसी निर्माण कार्य में सहयोग करने के लिए फाउंडेशन के चेयरमैन नरेंद्र सिंह लडवाल ने चम्पावत में लडवाल एस्टेट में 51 लाख रुपये की दान राशि का चेक मां बाराही मंदिर ट्रस्ट को दिया है।

देवीधुरा मां बाराही मंदिर समिति के संरक्षक लक्ष्मण सिंह लमगड़िया और अन्य पदाधिकारियों को ये चेक सौंपा गया। इस मौके पर मंदिर समिति के महामंत्री हयात सिंह बिष्ट, कोषाध्यक्ष बिशन सिंह चम्याल, ग्राम प्रधान तारा सिंह चम्याल, पूर्व ग्राम प्रधान दान सिंह राणा, सुदीप चम्याल आदि मौजूद रहे।

# दुष्कर्म में फंसे बेटे को बचाने के लिए 40 हजार रुपये मांगे

संवाददाता, बिसौली (बदायूं)

**अमृत विचार :** हेलो, मैं इंस्पेक्टर अरुण बोल रहा हूं। तुम्हारा बेटा दुष्कर्म के केस में फंस गया है। ऐसे फोन बिसौली निवासी दो शिक्षकों के पास आए। फोन आने के बाद पूरा परिवार परेशान हो गया। बाद में पता चला कि उनके बेटों को दुष्कर्म में फंसने की बात कहकर उनके साथ ठगी की कोशिश की गई थी।

नगर बिसौली निवासी मई बसई स्थित रामशरण वैद्य आदर्श इंटर कॉलेज में शिक्षक राकेश कुमार शर्मा शिक्षक हैं। उनका बेटा बैंक मैनेजर शास्वत पाठक है। किसी ने राकेश कुमार को फोन किया। फोन करने वाले व्यक्ति की सोशल साइट की डीपी पर पुलिस के अधिकारी का फोटो लगा था। उसने राकेश कुमार शर्मा से कहा कि वह इंस्पेक्टर बोल रहा है। तुम्हारा बेटा दुष्कर्म के केस में फंस गया है। अगर बेटे को बचाना चाहते हो तो उसके मोबाइल नंबर पर 40 हजार रुपये भेज दो। राकेश कुमार शर्मा हथप्रभ रह गए। इसी दौरान उनके छोटे भाई राजकुमार शर्मा को जानकारी हुई। उन्हें ठगी की कोशिश अहसास हुआ तो उन्होंने बड़े भाई को फोन करने वाले व्यक्ति के नंबर पर फोन किया और हड़काया।

खुद को इंस्पेक्टर बताने वाले व्यक्ति ने फोन काट दिया। इसी कस्बा की बद्री प्रसाद कॉलोनी निवासी शिक्षक प्रवीण मिश्रा के पास भी ठग का फोन आया। कहा कि एमबीबीएस कर रहा उनका बेटा सारांश मिश्रा दुष्कर्म के आरोप में पकड़ा गया है। उसने भी प्रवीण मिश्रा से उनके बेटे को छोड़ने के लिए रुपयों की मांग की। नंबर चेक किया तो वह नंबर पाक के शाह आलम के नाम पर निकला।

प्रवेश प्रारम्भ

**बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली**

**फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज**
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

**फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज**
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

**रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल**
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

**रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज**
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

### कृषि, चिकित्सा शिक्षा, गृह विभाग समेत अन्य कई विभागों के मुखिया की कुर्सी पर भी बदल सकते हैं चेहरे

# उप्र. की अफसरशाही में होना है बदलाव, शासन के गलियारे में हलचल तेज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र और अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एसपी गोयल और देवेश चतुर्वेदी समेत कई विभागों के मुखिया की कुर्सी पर आने वाले दिनों में नये चेहरे नजर आ सकते हैं। दुर्गा शंकर मिश्र का जहां 30 जून को रिटायरमेंट है वहीं, एसपी गोयल के निकट भविष्य में उप्र. से दिल्ली जाने के बाद यहां पंचम तल की अफसरशाही में बड़े बदलाव की संभावना है।

इस क्रम में गृह, कृषि, चिकित्सा-शिक्षा, नियुक्ति, वित्त आदि विभागों में फेरबदल संभव है। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र उप्र. कैडर के 1984 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। उन्हें बीते दिसंबर माह में तीसरा सेवा विस्तार मिला था जिसकी अवधि इसी माह तक है। वहीं, 1989 बैच के आईएएस एसपी गोयल साल 2017 से पंचम तल पर तैनात हैं और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के काफी भरोसेमंद अफसरों में से एक हैं।

- कुछ आईएएस जाएंगे दिल्ली, कुछ हो जाएंगे रिटायर

आने वाले दिनों में उन्हें केंद्र में महत्वपूर्ण पद पर मिलने की चर्चा शासन के गलियारों में है। ऐसे में पंचम तल के मुख्य धारा के आईएएस अधिकारियों के हटते ही तमाम और अफसर इधर से




उधर हो सकते हैं। इस प्रक्रिया में नए अधिकारियों को महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारियां मिलना स्वाभाविक है।

चर्चा है कि इस माह के आखिरी सप्ताह नए मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव गृह, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री के पद से लेकर कई विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव और जिलाधिकारी भी बदले जाएंगे। दरअसल, लोकससभा चुनाव के बाद एक्शन में नजर आ रहे मुख्यमंत्री अलग विधानसभा चुनाव से पहले जनहित की योजनाओं को तेजी से जमीन पर उतारना चाहते हैं। इस क्रम में वह शासन-प्रशासन पर अपनी पकड़ बनाने के लिए तेजतर्रार अफसरों की तैनाती करेंगे।

#### मुख्य सचिव की रेस में मनोज कुमार सिंह आगे

मुख्य सचिव बनने की रेस में 1988 बैच के आईएएस अधिकारी मनोज कुमार सिंह का नाम आगे है। मनोज सिंह मौजूदा मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र के अवकाश पर होने की स्थिति में कार्यभार संभालते रहे हैं। हालांकि वरिष्ठता क्रम में 1987 बैच के दो अफसर अरुण सिंघल व लीला नंदन केंद्र में तैनात में हैं। 1988 बैच के रजनीश दुबे राजस्व परिषद के चेयरमैन हैं और अगस्त में रिटायर होंगे। राधा एस चौहान हैं केंद्र में डीओपीटी की सचिव हैं। 30 जून को उनका भी रिटायरमेंट हैं। उनको मुख्य सचिव बनाने के लिए सेवा विस्तार भी देना होगा। बहरहाल, देखना यह है कि दुर्गाशंकर की कुर्सी यहां तैनात किस अफसर को मिलती है या केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से किसी अफसर की वापसी होगी।

#### आगे भी सक्रिय रह सकते हैं दुर्गा शंकर मिश्र

लखनऊ। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र सेवानिवृत्त हो जाने के बावजूद अपने अनुभवों के साथ मोदी सरकार 3 .0 में विकसित भारत अभियान में सक्रिय रह सकते हैं। केंद्र से लेकर उप्र. तक वह महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए ऐसी केन्द्रीय योजनाओं को सफलतापूर्वक अमलीजामा पहना चुके हैं। दरअसल, मुख्य सचिव ने बीती 30 मई को सेवानिवृत्त हुए वरिष्ठ आईएएस अधिकारी योगेश्वर राम मिश्र के बारे में अपने एक्स हैंडल पर उनकी काफी प्रशंसा करते हुए विकसित भारत अभियान से जुडकर राष्ट्र निर्माण के विकास से सक्रिय होने की आगामी पारी की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लिखा कि बीती 04 जून को देवीपाटन मंडल के आयुक्त के पद से सेवानिवृत्त हुए योगेश्वर राम मिश्र से आत्मीय भेंट हुई। योगेश्वर को प्रदेश की लोक सेवा में पिछले उल्लेखनीय कार्यों की बधाई व जीवन की एक नई पारी की शुभकामनाएं देते हुए मुझे बहुत अच्छा महसूस हुआ।

## मेरठ में सिपाही के 6 वर्षीय बेटे की फिरौती की रकम न देने पर हत्या

**मेरठ, एजेंसी :** जिले के थाना इंचौली क्षेत्र में स्थित धनपुर गांव में एक सिपाही के छह साल के बेटे की कथित तौर पर फिरौती की रकम न देने पर हत्या कर दी गयी। धनपुर निवासी गोपाल यादव प्रदेश पुलिस में सिपाही है और वर्तमान में सहारनपुर में तैनात है। पुलिस के मुताबिक, रविवार सुबह करीब आठ बजे उसका 6 वर्षीय बेटा पुनीत घर के बाहर खेलते समय अचानक गायब हो गया जिसके बाद परिजनों ने आसपास काफी तलाश किया, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा।

परिजनों का आरोप है कि पड़ोस में ही रहने वाले लोगों ने बच्चे का अपहरण कर लिया और पत्र भेजकर फिरौती की रकम मांगी और रकम नहीं मिली तो मासूम बच्चे की हत्या कर दी और बच्चे की लाश को गांव के ही गन्ने के खेत में फेंक दिया। पुलिस

- परिजनों ने अपरहण का पड़ोसियों पर लगाया आरोप

क्षेत्राधिकारी (सीओ) नवीना शुक्ला ने बताया कि आरोपियों के कथित पत्र की जांच कराई जा रही है। पत्र में 50 लाख रुपये की फिरौती की मांग की गई थी। वहीं, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) रोहित सिंह सजवाण ने बताया कि पुलिस को आज सुबह करीब साढ़े दस बजे सूचना मिली थी कि मेरठ के थाना इचौली के धनपुर गांव में 6 वर्षीय बच्चा खेलते समय गायब हो गया। परिवार ने पड़ोस की रहने वाली महिलाओं पर बच्चों को गायब करने का आरोप लगाया गया था जिसके बाद उन्हें हिरासत में ले लिया गया और पूछताछ की जिसमें पता चला कि बच्चे की अगवा करके हत्या कर दी गयी है।

## टैंक में कार्य करने उतरे तीन कारीगरों की करंट लगने से मौत

**मथुरा,एजेंसी :** जिले के वृन्दावन में एक प्रमुख रेस्तरां के सीवर टैंक में काम करने उतरे तीन कारीगरों की करंट लगने से मौत हो गई। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने पूरे प्रकरण की जांच के आदेश दिए हैं। सिंह ने बताया कि प्रथमदृष्टया उनकी मौत करंट लगने के कारण हुई। शनिवार सुबह कुछ कारीगर एक रेस्तरां में काम करने के लिए गए थे और उसी दौरान एक कारीगर सीवर टैंक में काम करने के लिए उतरा और वह बेहोश हो गया जिसके बाद उसे बचाने के लिए दो लोग और उतरे लेकिन वे भी बेहोश हो गए। उन्होंने बताया कि तीनों को बाहर निकालकर तुरंत जिला संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बोलेरो-बुलेट में टक्कर, तीन महिलाओं सहित पांच की मौत

### अमेठी में सड़क हादसा, 6 लोग गंभीर रूप से हुए घायल

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार :** मुंशीगंज थाना क्षेत्र के जामो भादर चौराहे पर तेज रफ्तार बोलेरो जीप बुलेट को टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में तीन महिलाओं और एक बच्चे समेत 5 लोगों की मौत हो गई। जबकि 6 लोग घायल हो गए। हादसे का शिकार हुए बोलेरो सवार अंत्येष्टि में शामिल होने जा रहे थे।

पुलिस के अनुसार सुल्तानपुर जिले के इस्लामगंज गांव का रहने वाला अकबर बोलेरो से परिजनों को लेकर मुंशीगंज क्षेत्र के धरई माफी में एक रिश्तेदार के यहां एक मिट्टी में



शामिल होने जा रहा था। बोलेरो जामो भादर चौराहे के पास पहुंची ही थी कि जामो की तरफ से आ रही बुलेट से टकराने के बाद पेड़ से टकरा गई।

भीषण हादसे में बुलेट सवार दुर्गेश उपाध्याय (28) निवासी भवापुर पीपरपुर व उसकी बहन वंदना पाठक निवासी पाठक का पुरवा पनियार हाउस और भांजे रुद्र 6 वर्ष की मौत

- अंत्येष्टि में शामिल होने जा रहे थे बोलेरो सवार

हो गई है। वही बोलेरो में सवार शाहनूर (40) व शबनम (35) निवासी कुड़वार की इलाज के दौरान मौत हो गई है। घटना के बाद पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को निजी साधनों और एम्बुलेंस से जिला अस्पताल और भेटुआ सीएचसी पहुंचाया। घायलों में अयान (11), अरशद, अकबर (40) और अरमान (10) को जिला अस्पताल सुल्तानपुर रेफर कर दिया गया। सीओ मयंक द्विवेदी ने बताया कि हादसे की जांच की जा रही है।

## 6 हजार से अधिक युवाओं के उद्यम स्वीकृत हुए

**लखनऊ, अमृत विचार :** युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने का अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है। हाल ही में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र के सामने प्रस्तुत की गई राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की त्रैमासिक रिपोर्ट में इस प्रगति को साझा किया गया। राज्य में अब तक 6 हजार से अधिक युवाओं के छोटे बड़े उद्यमों को मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत स्वीकृत किया जा चुका है। वहीं मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के अंतर्गत स्वीकृत हुए 723 इकाइयों में से 605 को धनराशि दी जा चुकी है। राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के संयोजक और बैंक ऑफ बड़ौदा के महाप्रबंधक समीर रंजन पांडा के अनुसार युवाओं को स्वरोजगार देने के अंतर्गत 7500 यूनिट्स को धनराशि प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया था। 5648 इकाइयों को धनराशि दी जा चुकी है।

# भर्ती परीक्षा को लेकर सक्रिय हुई एसटीएफ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सिपाही भर्ती परीक्षा की अधिसूचना जुलाई में जारी हो सकती है। इसके लिए बोर्ड स्तर पर तैयारी शुरू कर दी गई है। वहीं, इस बार धांधली अथवा प्रश्नपत्र लीक जैसी घटना न हो, इसके लिए एसटीएफ ने भी कमर कस ली है। अधिसूचना जारी होने से पहले एसटीएफ की टीम पूरे प्रदेश में सक्रिय हो गई है। विगत आरओ-एआरओ व सिपाही भर्ती परीक्षा मामले में अब तक 300 आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं।

धांधली मुक्त परीक्षा कराना एसटीएफ के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। सिपाही भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र आउट होने के बाद सरकार की खूब किरकिरी हुई थी। ऐसे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परीक्षा को निरस्त करते हुए छह महीने में दोबारा परीक्षा कराने का आदेश दिया था। बोर्ड ने उसी हिसाब से तैयारी भी शुरू कर दी थी। अब सूचना मिल रही है कि सिपाही भर्ती परीक्षा की अधिसूचना जुलाई में जारी हो सकती है। ऐसे में एसटीएफ अलर्ट मोड पर आ गई है। एसटीएफ के लिए सबसे बड़ी चुनौती धांधली मुक्त परीक्षा कराना है। हालांकि पिछली भर्ती परीक्षाओं का प्रश्नपत्र आउट कराने के मामले में एसटीएफ ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है। अब तक 300 आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। लगातार धरपकड़ अभियान जारी है। बताया जा रहा कि प्रश्नपत्र आउट करने में शामिल जो आरोपी अभी तक नहीं मिल सके हैं, उनकी तलाश में टीमें लगाई गई हैं। अधिकारियों ने बताया कि इस बार की पूरी भर्ती प्रक्रिया एसटीएफ की नजर में रहेगी।

- आरओ-एआरओ व सिपाही भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक मामले में अब तक 300 गिरफ्तार

#### शिक्षक भर्ती घोटाले में दो और गिरफ्तार

**कानपुर, अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा विभाग के शिक्षक भर्ती घोटाले में कर्नलगंज पुलिस ने दो आरोपियों को और गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी पिता-पुत्र हैं और इन पर शिक्षकों से पैसा वसूलने और उसे अपने अन्य साथियों तक पहुंचाने का आरोप है। अब तक कुल सात आरोपी गिरफ्तार किे जा चुके हैं। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार होने वाले आरोपी हरेंद्र पाण्डेय और प्रकाश पाण्डेय पिता-पुत्र हैं और वाराणसी जैतपुरा निवासी हैं। डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम ने बताया कि दोनों आरोपियों पर इस मामले में रुपये के लेन-देन का आरोप है। आरोपी हरेंद्र पाण्डेय पर आरोप है कि उसने पैनल में शामिल शिक्षकों से रुपये लेकर अन्य को बांटे थे। लेन-देन आरोपी हरेंद्र के पुत्र प्रकाश पाण्डेय के खाते से होता था। दोनों आरोपियों ने अब तक 20 लाख रुपये के लेनदेन की बात स्वीकार की है।

## डीएसपी के स्थानांतरण को एसपी ने डीजीपी कार्यालय को लिखा पत्र

**लखनऊ, अमृत विचार :** राजस्थान की महिला डॉक्टर के साथ विवाहेत्तर संबंधों में फंसे बस्ती के डीएसपी के तबादले के लिए पुलिस अधीक्षक, बस्ती ने पुलिस मुख्यालय को पत्र लिखा है। उधर, मामला हाई प्रोफाइल होने के कारण एसपी सिद्धार्थनगर ने मामले की जांच शुरु कर दी है।

अर्ध शासकीय पत्र पर मुख्यालय जल्द फैसला ले सकता है। यह भी बताते चलें सीओ विनय कुमार चौहान की महिला मित्र ने यह रिपोर्ट बस्ती में दर्ज न कराकर राजस्थान के जयपुर में कराया था। बाद में मुकदमा जयपुर से बस्ती ट्रांसफर होने के बाद महिला थाने में दर्ज हुआ। डीएसपी विनय कुमार चौहान जब मथुरा में बतौर सीओ तैनात थे, तभी उनकी मुलाकात महिला डॉक्टर से हुई थी। मुलाकात दोस्ती में बदली, फिर दूसरा विवाह करने को लेकर दोनों राजी भी हुए। महिला डॉक्टर पहले से विवाहित है।

## नहीं थम रही बिजली की मांग, आपात कटौती शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में प्रदेश में बिजली की मांग थम नहीं रही है। रविवार को अधिकतम मांग 29,263 मेगावाट दर्ज हुई। मांग व उपलब्धता के बीच अंतर होने के कारण करीब ढाई सौ मेगावाट बिजली की आपात कटौती की गई। इससे ग्रामीण क्षेत्र प्रभावित रहे। दूसरी ओर, स्थानीय खराबी के कारण प्रदेश के ज्यादातर क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित हो रही है।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार बिजली की मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आयात की जा रही है, पर पीक आवर्स में मांग के ज्यादा बढ़ जाने के कारण आपात कटौती करनी पड़ रही है।

#### नई बिजली दरों के प्रस्ताव पर जल्द शुरू होगी कार्रवाई

लखनऊ। प्रदेश में नई बिजली दरों के प्रस्ताव पर राज्य विद्युत नियामक आयोग की ओर से जल्द कार्रवाई शुरू होने की संभावना है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने बीते नवंबर में दरों से संबंधित प्रस्ताव भेजा था। कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार आयोग की ओर से विस्तृत प्रस्ताव मांगें जाने पर कॉरपोरेशन उपभोक्ता श्रेणीवार प्रस्ताव भेजेगा। सूत्रों ने बताया कि कॉरपोरेशन दरों में बढ़ोतरी किये जाने पर विचार कर रहा है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्त परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा का कहना है कि इस बार भी दरें बढ़ने नहीं दी जाएंगी।

# भितरघातियों की रिपोर्ट ले रहे मुख्यमंत्री, होगी कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में एनडीए की बड़ी जीत में बाधक बनने वाले उप्र. के नेता व अधिकारियों के नाम मुख्यमंत्री योगी के सामने रखने की तैयारी है। मुख्यमंत्री के दिल्ली से लौटकर आने पर विश्वासपात्र चुनाव के दौरान भितरघात करने वाले एक-एक नाम का ब्यौरा मय सबूत मुख्यमंत्री के सामने रखने वाले हैं।

इन नामों पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष से मंत्रणा के बाद कार्रवाई की जाएगी। इतना ही नहीं करीबियों की कुंडली भी खंगाली जानी है जो सच्ची तस्वीर का बखान नहीं कर रहे थे।

- दिल्ली से लौटने के बाद नेता-अधिकारी ही नहीं, एक-एक करीबी की भी कुंडली खंगालेंगे योगी

2027 के विस चुनाव की तैयारी से पहले ऐसे लोगों को चिन्हित किया जाना प्राथमिकता पर है। भितरघात का मामला गंभीर इसलिए है क्योंकि न केवल हारे हुए कई उम्मीदवारों ने इसका आरोप लगाया है बल्कि कुछ जीते हुए सांसदों ने भी ऐसे ही संकेत दिये हैं। कुछ विधायकों से नाराज हैं तो किसी का आरोप है उन्हें स्थानीय संगठन के नेताओं का समर्थन अपेक्षानुरुप नहीं मिला। इसे लेकर पार्टी प्रमुख ने सभी जिला व महानगर इकाइयों से रिपोर्ट तलब की है। उप्र. में सभी 80 सीटें जीतने का लक्ष्य लेकर चल रही भाजपा को मात्र 33 सीटें ही मिलीं। फतेहपुर सीट से चुनाव हारीं केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने तो हार के तुरंत बाद इस पर प्रतिक्रिया दे दी थी। सूत्रों अनुसार उन्होंने जीत में सेंध लगाने वालों के नाम भी संगठन को दिए हैं। जालौन सीट से हारे केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा ने भी साध्वी की तरह क्षेत्रीय पार्टीजनों में दो को आरोपी बनाया। हारी सीटों कन्नौज, बांदा, इटावा, हमीरपुर में भी भितरघात की चर्चा है। चंदौली से भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेंद्रनाथ पांडेय ने भी अपनी पीड़ा सीधे पार्टी के वरिष्ठ नेताओं तक पहुंचाने की बात कही। आंवला के मौजूदा सांसद धर्मेंद्र कश्यप की हार में भी भितरघात को कारण बताया जा रहा है। खीरी सीट पर केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी की सीट पर चुनाव के दौरान गुटबाजी दिखी। इलाहाबाद-कौशांबी धौरहरा लोकसभा सीट से हारीं भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा और इलाहाबाद सीट से भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी ने संगठन के पदाधिकारियों को कुछ भितरघातियों के नाम बताएं हैं। इन नामों में पुलिस-प्रशासन के अधिकारी भी हैं। ऐसे उदाहरण सलेमपुर, बलिया, आगरा, फिरोजाबाद, एटा से भी सामने आए।

#### राजा भैया को लेकर भी सवाल

लखनऊ। संगठन के लिए बड़ा सवाल यह भी है कि कुंडा विधायक और जनसत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया भाजपा से कैसे मैनेज क्यों न हो सके। जबकि उन्हें साधने के लिए केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान और कौशांबी से पार्टी प्रत्याशी विनोद सोनकर कुंडा की बेती कोठी पहुंचे थे। बाद में राजा भैया ने घोषणा की कि इस लोस. चुनाव में वह किसी भी दल को समर्थन नहीं देंगे। बावजूद इसके राजा भैया का राजनीतिक दांव क्षेत्रविशेष में भाजपा पर भारी पड़ा।

### वर्ग पहेली-96

**बाएं से दाएं**

1.1. चैत में पकने वाला दलहन समूह का एक प्रसिद्ध पौधा, होला 2. इस पौधे से प्राप्त दाना जो भूनकर

5. साबूदाना।

6. कीचड़ आदि के कारण नाली में जल-प्रवाह का अवरुद्ध हो जाना।

7.1. खर-खर की आवाज़ के साथ गले से बलगम निकालने की स्थिति 2. बलगम,खखार।

8. झांझड़ी, पायल, पैजनी।

9.1. पशु शावक, छोटा बच्चा 2. छोटा कल्ला, छोटा पौधा 3. मकान बनाने की जगह।


**ऊपर से नीचे**

2.1. प्रतिकूल, अननुकूल 2. जिसकी शारीरिक स्थिति में शिथिलता हो।

3. वैश्विक स्तर पर अपनाई गई नई अर्थव्यव्स्था जिसमें उद्योग-धंधों की उन्नति के लिए उनके पक्ष में आर्थिक नीतियों को उदार बनाया जाता है।

4.1. खेदजनक 2. दुखद।

6.1. तेज़ धार वाला 2. व्यवहार में खरा और साफ़ 3. सभी प्रकार से ठीक 4. जिसमें किसी प्रकार की मिलावट न हो।



### वर्ग पहेली -95 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 कें | स | ल | | 2 वि | के | ट |
| | | | | भा | | |
| | 3 वि | | 4 दे | व | की | य |
| 5 वि | चा | र | वा | न | | |
| | र | | गा | | 6 भ | |
| | शी | | 7 र | स | वा | न |
| 8 खि | ल | त | | | नी | |

### सुडोकू-9

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 7 | | 1 | | | |
| | 8 | | | 6 | | | | |
| 6 | 1 | | | 9 | 5 | 3 | 4 | |
| | 4 | | 9 | | | | 2 | 1 |
| 8 | | | | | | | | 7 |
| 5 | 3 | | | | 6 | | 9 | |
| | 6 | 9 | 8 | 2 | | | 1 | 5 |
| | | | | 4 | | | 6 | |
| | | | 6 | | 3 | | 8 | |

### सुडोकू - 8 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 7 | 6 | 1 | 9 | 8 | 5 | 2 | 3 | 4 |
| 5 | 9 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 6 | 8 |
| 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 | 3 |
| 3 | 2 | 7 | 5 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 |
| 4 | 8 | 9 | 6 | 1 | 3 | 5 | 7 | 2 |
| 2 | 7 | 4 | 1 | 3 | 6 | 8 | 5 | 9 |
| 6 | 3 | 8 | 2 | 5 | 9 | 1 | 4 | 7 |
| 9 | 1 | 5 | 4 | 7 | 8 | 3 | 2 | 6 |

### आज का भविष्यफल
-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 जून सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्थी 16 .14 तक तत्पश्चात पंचमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुष्य 21.40 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

**मेष** — आज आप नया कुछ सीखने का प्रयास कर सकते हैं। आप अपनी उपलब्धियों को लेकर कुछ कुण्ठित हो सकते हैं। परिवार को लेकर चिन्ता हो सकती है। जिस काम में आपको जोखिम की संभावना दिख रही है, फिलहाल उसे टालना हितकर होगा।

**वृष** — आज आप अपने काम को लेकर काफी गंभीर रहेंगे। उच्चाधिकारी आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। लोग आपसे काफी अपेक्षा रखेंगे। आप सबकी अपेक्षाओं पर खरे भी उतरेंगे। आज आप किसी यात्रा की योजना बना सकते हैं।

**मिथुन** — आज आपको अपनी प्रतिष्ठा की चिंता रहेगी। अधिकारियों के साथ तनाव हो सकता है। घर के बुजुर्ग जातकों की सेहत का ध्यान रखें। सहकर्मियों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। अपनी वाणी पर संयम रखें। अनावश्यक दौड़-धूप में अपना समय बर्बाद न करें।

**कर्क** — आज आप काफी प्रसन्न मुद्रा में रहेंगे। लोग आपसे काफी कुछ सीखना चाहेंगे। रचनात्मक कार्यों में आपका समय बीतेगा। सामाजिक कार्यक्रमों में आपकी सहभागिता बढ़ेगी। जीवनसाथी आपका मनोबल बढ़ायेगा। यदि आप नौकरी ढूंढ रहे हैं, तो दिन आपके लिए अनुकूल है।

**सिंह** — आज व्यवसाय में हानि होने की संभावना है। आज आपको किसी भी बड़ी डील को लेकर जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। मशीनों के रखरखाव में सावधानी रखें। विदेश यात्रा में परेशानियां संभव है। आपको अपनी सुविधाओं का ध्यान रखना होगा।

**कन्या** — आज कार्यक्षेत्र में आपके नए मित्र बन सकते हैं। आज कई अटके हुए कार्यों को शुरू करेंगे। शत्रुओं के ऊपर आपका दबाव बढ़ेगा। भारी उद्योगों से जुड़े लोगों के लिए दिन शुभ है। अधीनस्थ कर्मचारी आपके लिए काफी अच्छा कार्य करेंगे।

**तुला** — आज आप नए कारोबार की तरफ बढ़ सकते हैं। शेयर मार्केट से जुड़े कार्यों में उत्तम सफलता मिल सकती है। बुरे लोगों की संगत से आपको बाहर निकल जाना चाहिए। धार्मिक कार्यक्रमों के प्रति आपका झुकाव बढ़ेगा। लोगों की मदद करने से आपका सामाजिक सम्मान बढ़ेगा।

**वृश्चिक** — आज कई लोग आपसे ईर्ष्या का भाव रख सकते हैं। व्यावसायिक संबंधों को लेकर आपके मन में शंका का भाव रहेगा। आज किसी से ज्यादा सहयोग की अपेक्षा न करें। आज आपको स्वत: की आगे बढ़ना होगा। पारिवारिक जीवन शान्तिपूर्वक बीतेगा।

**धनु** — आज आपको अपनी सेहत का काफी ध्यान रखना होगा। पेट से जुड़े विकार आपको परेशान कर सकते हैं। परिजनों के साथ अपना व्यवहार अच्छा रखें। संतान को लेकर कुछ चिंता हो सकती है। किसी अध्यात्मिक संस्था से आपका जुड़ाव हो सकता है।

**मकर** — आज आपके सहयोगी आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी पदोन्नति को लेकर चर्चा होगी। राजनीतिक चर्चाओं में आप समय बिता सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों के ऊपर काम का दबाव बढ़ेगा, लेकिन आपका मन काम के बजाय अन्य गतिविधियों में ज्यादा होगा।

**कुंभ** — आज दिनचर्या को लेकर आप कुछ परेशान हो सकते हैं। आपकी इच्छानुसार काम न होने से मन कुछ अप्रसन्न होगा, किन्तु आपके मौके कम नहीं हुए हैं। यात्रा आपके लिए विशेष लाभदायक रहेगी। यदि आप किसी जॉब में हैं, तो उसमें बदलाव को लेकर भी कुछ विचार बना सकते हैं।

**मीन** — आज आपके मन में तनाव रहेगा। भविष्य को लेकर चिंता रहेगी। कानूनी मामलों को लेकर कुछ सावधानी रखने की आवश्यकता है। इस समय अपना मन शांत रखें और नए विकल्पों पर विचार कर सकते हैं। आप अपनी व्यवहारकुशलता से लोगों को अपने पक्ष में कर सकते हैं।

### आज की फिल्में

B4U MOVIES
लश्कर — सुबह : 08 .09
एक और एक ग्यारह — शाम : 06 .18

&pictures
द कराटे किड — सुबह : 10 .58
जनहित में जारी — रात : 08 .00

SONY PIX
स्पाइडर-मैन : फार फ्रॉम होम — सुबह : 10 .32
द रेड 2 — शाम : 06 .36

ZEE CINEMA
हैलो चार्ली — सुबह : 09 .35
ज़माने को दिखाना है — शाम : 06 .00

colors CINEPLEX
जीने नहीं दूंगा — सुबह : 11 .30
भगवंत केसरी — रात : 07 .50

#### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर सुबह : 09 .35 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

पत्नी- मुझे एक कुत्ता खरीदना है।
पति- तुम्हें कुत्ता ही क्यों खरीदना है?
पत्नी- ताकि तुम्हारे ऑफिस जाने के बाद कोई तो मेरे आगे पीछे दुम हिलाने वाला हो।

एक दिन चिंटू पंडित जी के पास गया।
पंडित - तुम्हारी कुंडली में धन ही धन लिखा है।
चिंटू - वो तो सब ठीक है पंडित जी लेकिन ये तो बताइए इस धन को बैंक में कैसे ट्रांसफर करूं।
पंडित बेहोश!

# नीट परीक्षा ने परिवारों को तोड़ दिया: राहुल

## कांग्रेस नेता बोले- परीक्षा में हुई धांधली 24 लाख से अधिक छात्रों को पहुंचा नुकसान

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मेडिकल प्रवेश के लिए होने वाली नीट परीक्षा में धांधली को पेपर लीक माफ़िया के साथ मिलीभगत बताया है और कहा है कि लाखों बच्चों का जीवन बर्बाद करने वाले इस माफ़िया तंत्र को खत्म करने का कांग्रेस ने संकल्प लिया है।

गांधी ने रविवार को कहा कि नरेंद्र मोदी ने अभी शपथ भी नहीं ली है और नीट परीक्षा में हुई धांधली ने 24 लाख से अधिक बच्चों को प्रभावित किया और उनके परिवारों को तोड़ दिया है। एक ही एग्जाम सेंटर से 6 छात्र मैक्सिमम मार्क्स के साथ टॉप कर जाते हैं, कितनों को ऐसे मार्क्स मिलते हैं जो टेक्निकली संभव ही नहीं है, लेकिन सरकार लगातार पेपर लीक की संभावना को नकार रही है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा माफिया और सरकारी तंत्र की मिलीभगत से चल रहे इस पेपर लीक उद्योग से निपटने के लिए ही कांग्रेस ने एक रोबस्ट प्लान बनाया था। हमने अपने मैनिफेस्टो में कानून बना कर छात्रों को पेपर लीक से मुक्ति दिलाने का संकल्प लिया था। आज मैं देश के सभी स्टूडेंट्स को विश्वास दिलाता हूं कि मैं संसद में आपकी आवाज़ बन कर आपके भविष्य से जुड़े मुद्दों को मज़बूती से उठाऊंगा। युवाओं ने इंडिया गठबंधन पर भरोसा जताया है, गठबंधन उनकी आवाज़ को दबने नहीं देगा।

**नीट परीक्षा विवाद**



● शिक्षा माफिया और सरकारी तंत्र की मिलीभगत से चल रहे पेपर लीक उद्योग

### छात्रों से कहा- मैं संसद में बनूंगा आपकी आवाज

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) मेडिकल प्रवेश परीक्षा विवाद को लेकर प्रधानमंत्री पद के लिए नामित नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि नए कार्यकाल के लिए मोदी के शपथ लेने से पहले ही परीक्षा में कथित अनियमितताओं से 24 लाख से अधिक छात्रों को नुकसान पहुंचा है। गांधी ने देश के छात्रों को आश्वासन दिया कि वह संसद में उनकी आवाज बनेंगे और उनके भविष्य से जुड़े मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाएंगे। नीट-यूजी में अंक बढ़ाने के आरोपों के बीच राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को कहा था कि शिक्षा मंत्रालय ने कृपांक पाने वाले 1,500 से अधिक अभ्यर्थियों के परिणामों की समीक्षा के लिए चार सदस्यीय समिति गठित की है। राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा कि नरेन्द्र मोदी ने अभी शपथ भी नहीं ली है और नीट परीक्षा में हुई धांधली ने छात्रों और उनके परिवारों को तोड़ दिया है। एक ही परीक्षा केंद्र से छह छात्र अधिकतर अंक प्राप्त कर शीर्ष पर रहते हैं। सरकार प्रश्न पत्र लीक की संभावना को नकार रही है।

## ट्रेन में युवती का दो हिस्सों में मिला शव हाथ और पैर गायब

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** शासकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने अज्ञात युवती का दो हिस्सों में कटा शव रविवार को बरामद किया। जीआरपी थाना प्रभारी संजय शुक्ला ने बताया कि एक सफाई कर्मचारी की सूचना पर डॉ. आम्बेडकर नगर-इंदौर यात्री ट्रेन से युवती का शव बरामद किया गया।

उन्होंने बताया कि युवती की अभी पहचान नहीं हो सकी है और उसकी उम्र 20 से 25 साल के बीच आंकी जा रही है। युवती के सिर से कमर तक का हिस्सा ट्रेन में छोड़े गए ट्रॉली बैग में मिला, जबकि उसकी कमर से नीचे का भाग प्लास्टिक की बोरी में बंद था। युवती के दोनों हाथ और दोनों पैर गायब हैं। युवती की हत्या किसी और स्थान पर एक-दो दिन पहले की गई और इसके बाद उसके शव को काट कर इसके हिस्सों को शनिवार रात यात्री ट्रेन में रख दिया गया।

## भाजपा को वोट नहीं देने पर बीड में मराठा समुदाय के लोगों पर हमला

जालना, एजेंसी

मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने महाराष्ट्र के गृह मंत्री देवेंद्र फडणवीस से लोकसभा चुनाव में बीड में भाजपा की उम्मीदवार को वोट न देने पर मराठा समुदाय के लोगों पर हमला करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई का रविवार को आग्रह किया।

अंतरवाली सारथी गांव में अनिश्चितकालीन अनशन के दूसरे दिन पत्रकारों से वार्ता करते हुए जरांगे ने दावा किया कि बीड जिले के कुछ गांवों में मराठों पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पंकजा मुंडे को वोट न देने पर हमला किया जा रहा है। पंकजा चुनाव में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) के उम्मीदवार बजरंग सोनावने से हार गई थीं। जरांगे ने गृह मंत्री और बीड के पुलिस अधीक्षक से हिंसा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की और मराठा युवाओं से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि मराठा हितों का विरोध करने वाले नेताओं को आगामी विधानसभा चुनावों में परिणाम भुगतने पड़ेंगे।

जरांगे मराठा समुदाय के लोगों के लिए अन्य पिछड़ा समुदाय (ओबीसी) का दर्जा और पात्र कुनबी मराठों के रक्त संबंधियों को प्रमाणपत्र जारी करने के लिए राज्य सरकार द्वारा इस साल की शुरुआत में जारी मसौदा अधिसूचना के कार्यान्वयन की मांग को लेकर शनिवार से अनशन कर रहे हैं। जरांगे मांग कर रहे हैं कि सभी मराठों को कुनबी प्रमाणपत्र जारी किए जाएं ताकि वे आरक्षण के लाभ के लिए पात्र बन सकें।



● जरांगे ने फडणवीस से कार्रवाई का किया आग्रह

## शेयर बाजार आई गिरावट पर रिपोर्ट को कोर्ट में याचिका दायर

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर कर आग्रह किया गया है कि चार जून को चुनाव परिणाम के दिन शेयर बाजार में आई भारी गिरावट पर केंद्र और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) को रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया जाए।

वकील विशाल तिवारी की याचिका में सरकार और सेबी को अडाणी-हिंडनबर्ग मामले में जनहित याचिका पर न्यायमूर्ति एएम सप्रे की अध्यक्षता वाली विशेषज्ञ समिति के सुझाव पर विचार करने को 3 जनवरी को दिए आदेशों पर एक स्थिति रिपोर्ट पेश करने का निर्देश देने का आग्रह किया गया है। कोर्ट ने कहा था कि केंद्र और सेबी को समिति के सुझावों पर विचार करना तथा नियामक ढांचे को मजबूत, निवेशकों की सुरक्षा व प्रतिभूति बाजार का कामकाज सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कार्रवाई करनी चाहिए।

**एक नजर**

### महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने में 6 गिरफ्तार

लातूर (महाराष्ट्र), नौ जून (भाषा) महाराष्ट्र के लातूर जिले में 30-वर्षीय एक महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि विट्ठल नगर की रहने वाली अनीता बालाजी लश्करे ने छह जून को कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि महिला के पिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने शुक्रवार को मामला दर्ज किया। पीड़िता के पिता ने आरोप लगाया है कि उनकी बेटी और दामाद को उनके रिश्तेदार परेशान करते और धमकी देते थे।

### छत्तीसगढ़ में सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ में रायगढ़ जिले के लैलूंगा थाना क्षेत्र में रविवार को सड़क हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई। लैलूंगा थाना क्षेत्र के घरघोड़ा रोड पर 3 लोग बाइक से पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए घरघोड़ा की तरफ जा रहे थे तभी गोसाईडीह अंगेकेला मोड़ के पास मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। मोटर साइकिल के तेज गति में होने के कारण हादसे में दो व्यक्तियों की मौके पर मौत हो गई है वही एक अन्य घायल तीसरे युवक की हॉस्पिटल में मौत होने की जानकारी मिल रही है।

## किसानों ने महिला कांस्टेबल के समर्थन में निकाला मार्च

चंडीगढ़, एजेंसी

संयुक्त किसान मोर्चा और किसान मजदूर मोर्चा सहित कई किसान संगठनों ने रविवार को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की उस महिला कांस्टेबल के समर्थन में मोहाली में मार्च निकाला, जिसने बॉलीवुड अभिनेत्री एवं भाजपा सांसद कंगना रनौत को कथित तौर पर थप्पड़ मारा था।

किसान नेताओं ने मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और महिला कांस्टेबल कुलविंदर कौर के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। मोहाली के गुरुद्वारा अम्ब साहिब से शुरू हुए मार्च के मद्देनजर पर्याप्त सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया था।

किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और यह पता लगाया जाना चाहिए कि इस घटना का कारण क्या था। महिला कांस्टेबल के साथ कोई अन्याय नहीं होना चाहिए। किसान नेताओं ने पंजाब के लोगों के खिलाफ कथित भड़काऊ बयान देने के लिए रनौत की आलोचना की। कौर किसानों के विरोध प्रदर्शन पर रनौत के रुख से नाराज थीं। हवाई अड्डों पर सुरक्षा प्रदान करने वाले सीआईएसएफ ने भी घटना की कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दिए हैं। मोहाली पुलिस ने कौर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। दोनों ही जमानती अपराध हैं।

कंगना ने गुरुवार को वीडियो संदेश में कहा था कि चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच के दौरान सीआईएसएफ की एक कांस्टेबल ने उन्हें थप्पड़ मारा और उनके साथ दुर्व्यवहार किया। हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से निर्वाचित होने के दो दिन बाद यह घटना हुई थी। कंगना ने कहा था, कांस्टेबल बगल से उनकी ओर आई तथा उसने मेरे चेहरे पर (थप्पड़) मारा और मुझे गालियां देनी शुरू कर दी। मैंने उससे पूछा कि उसने ऐसा क्यों किया तो उसने कहा कि वह किसानों के विरोध प्रदर्शन का समर्थन करती है।

**कंगना थप्पड़ विवाद**

● किसानों ने पंजाब के लोगों के खिलाफ बयान पर रनौत की आलोचना की

### कंगना ने किया हिमाचल पुलिस महानिदेशक से सुरक्षा का अनुरोध

**शिमला।** अभिनेत्री से सांसद बनीं कंगना रनौत ने हाल ही में चंडीगढ़ हवाईअड्डे पर उन्हें कथित तौर पर थप्पड़ मारे जाने की घटना के बाद हिमाचल के पुलिस महानिदेशक से सुरक्षा प्रदान करने का अनुरोध किया है। सीआईएसएफ की कांस्टेबल ने शुक्रवार को रनौत को कथित तौर पर थप्पड़ मार दिया था। घटना के बाद सांसद ने पुलिस महानिदेशक अतुल वर्मा को भेजे गए ईमेल में अनुरोध किया कि खतरे को देखते हुए उन्हें सुरक्षा प्रदान की जाए। महानिदेशक ने सांसद को बताया कि खतरे का आकलन करने के बाद राज्य कानून-व्यवस्था इकाई द्वारा सुरक्षा प्रदान करने के लिए कार्रवाई की जाएगी।

## रामोजी राव का हैदराबाद की फिल्म सिटी में किया गया अंतिम संस्कार

हैदराबाद। मीडिया जगत की हस्ती एवं रामोजी समूह के अध्यक्ष रामोजी राव का रविवार को हैदराबाद में अंतिम संस्कार कर दिया गया। रामोजी फिल्म सिटी में पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके बेटे किरण ने चिता को मुखाग्नि दी। रामोजी राव का शनिवार की सुबह यहां एक अस्पताल में निधन हो गया था। वह 88 वर्ष के थे। रामोजी राव के अंतिम संस्कार में तेदेपा प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू समेत कई नेता शामिल हुए। रामोजी राव ने समाचार पत्र ईनाडु और ईटीवी चैनल की शुरुआत करके आंध्र प्रदेश में मीडिया जगत में क्रांतिकारी बदलाव किया था।



## जल संकट को लेकर उपराज्यपाल सक्सेना आतिशी से करेंगे मुलाकात

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) वी.के. सक्सेना सोमवार को जल मंत्री आतिशी से मुलाकात करेंगे और हरियाणा द्वारा मुनक नहर से अपर्याप्त पानी छोड़े जाने के मुद्दे पर चर्चा करेंगे। राजनिवास के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मुनक नहर राष्ट्रीय राजधानी के पेयजल के प्राथमिक स्रोतों में से एक है। आतिशी ने इस मुद्दे पर आपातकालीन बैठक के लिए सक्सेना से समय मांगा था। इससे पहले एक्स पर एक पोस्ट में मंत्री ने कहा था कि दिल्ली को नहर से 1,050 क्यूसेक पानी मिलना चाहिए, लेकिन यह घटकर केवल 840 क्यूसेक रह गया है।

## बीजद की हार के बाद पांडियन ने राजनीति से लिया संन्यास

**भुवनेश्वर।** पूर्व नौकरशाह वीके पांडियन ने राजनीति में आने के ठीक छह महीने और 13 दिन बाद संन्यास लेने की रविवार को घोषणा की और कहा कि वह ओडिशा को अपने दिल में तथा गुरु नवीन बाबू को अपनी सांसों में रखेंगे। पांडियन ने वीडियो संदेश में कहा कि राजनीति में आने का उनका मकसद नवीन पटनायक की सहायता करना था और यही कारण है कि उन्होंने 2024 का चुनाव नहीं लड़ा।

पांडियन ने चुनावों में हार के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराए जाने की स्थिति में लोगों, बीजू जनता दल (बीजद) नेताओं व कार्यकर्ताओं से माफी मांगी। उन्होंने कहा कि राजनीति में आने का मेरा एकमात्र मकसद नवीन बाबू की सहायता करना था। अब मैंने सक्रिय राजनीति छोड़ने का फैसला किया है। यदि इस सफर में मैंने किसी को कोई ठेस पहुंचाई हो, तो मुझे माफ कर दें। यदि मेरे खिलाफ विमर्श ने बीजद की हार में कोई भूमिका निभाई है, तो मुझे खेद है। चुनाव प्रचार के दौरान पांडियन ने कहा था कि अगर पार्टी अध्यक्ष पटनायक विधानसभा चुनाव के बाद छठी बार ओडिशा के मुख्यमंत्री नहीं बने, तो वह राजनीति छोड़ देंगे। पांडियन ने झाड़सुगुडा जिले के ब्रजराजनगर में रैली में घोषणा की थी, भाजपा कहती हैं कि ओडिशा में भाजपा की लहर है और परिवर्तन की लहर है, लेकिन मैं दृढ़ता से कहता हूं कि अगर पटनायक एक बार फिर मुख्यमंत्री नहीं बने तो मैं राजनीति से संन्यास ले लूंगा। बीजद प्रमुख नवीन पटनायक ने पांडियन के खिलाफ जारी आलोचना को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया और शानदार काम करने के लिए उनकी सराहना की। पटनायक ने स्पष्ट किया था कि पांडियन उनके उत्तराधिकारी नहीं हैं।



● पूर्व नौकरशाह वीके पांडियन ने राजनीति में आए छह महीने और 13 दिन के बाद की घोषणा

## मणिपुर के जिरीबाम में स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में

इंफाल, एजेंसी

मणिपुर के जिरीबाम जिले में संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा दो पुलिस चौकियों और 70 मकानों को आग लगाने की घटना के बाद राज्य में रविवार को स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में रही।

पुलिस ने बताया कि शनिवार को हुई घटना के बाद प्रभावित इलाकों में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात हैं। मणिपुर पुलिस ने कहा कि जिरीबाम जिले में हुई हिंसा के बाद स्थिति तनावपूर्ण, लेकिन नियंत्रण में है। इस हिंसा में उग्रवादियों ने दो पुलिस चौकियों, वन विभाग के एक कार्यालय और मेइती एवं कुकी समुदायों के लोगों के कई घरों को आग लगा दी थी।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि लमताई खुनौ, डिबोंग खुनौ, नुनखाल और बेगरा गांवों में 70 से अधिक मकानों में आग लगा दी गई। इसमें कहा गया है, पुलिस सोशल मीडिया पर साझा की जा रहीं पोस्ट पर भी सक्रिय रूप से नजर रख रही है, जिनसे समुदायों के बीच सांप्रदायिक भावनाएं भड़क सकती हैं। पुलिस आम जनता से अनुरोध करती है कि वह निराधार/असत्यापित सूचना फैलाने से बचे। जातीय संघर्ष से ग्रसित मणिपुर राज्य के जिरीबाम में संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा एक 59 वर्षीय व्यक्ति की हत्या के बाद बृहस्पतिवार शाम को हिंसा भड़क उठी थी। अधिकारी ने बताया था कि सोइबम सरतकुमार सिंह नाम का व्यक्ति छह जून को अपने खेत जाने के बाद लापता हो गया था। बाद में उसका शव मिला, जिस पर नुकीली चीज से किए गए घाव के निशान थे।

**मणिपुर हिंसा**

● उग्रवादियों के दो पुलिस चौकियों और 70 मकानों को आग लगाने के बाद से था तनाव

### ट्रक में जा रही वस्तुओं में गुस्साई भीड़ ने लगा दी थी आग

पुलिस अधिकारी ने कहा कि इस बीच शनिवार देर रात सोरोक अटिंगबी खुनौ में गुस्साई भीड़ ने एक ट्रक को रोका और उसमें ले जाई जा रही आवश्यक वस्तुओं को कथित तौर पर आग लगा दी। मणिपुर में पिछले साल से मई से जारी हिंसा से अब तक जिरीबाम अप्रभावित रहा है। यहां भी मेइती, मुस्लिम, नगा, कुकी और गैर-मणिपुरी लोग रहते हैं। इंफाल के मेइती और पहाड़ी इलाकों के कुकी लोगों में पिछले साल मई से जारी जातीय हिंसा में 200 से अधिक की मौत हो गई है और हजारों बेघर हो गए हैं।



# अमेरिका में ब्याज दर, घरेलू मुद्रास्फीति वैश्विक संकेत शेयर बाजारों को देंगे दिशा

## पिछले सप्ताह हुए चुनाव और आरबीआई नीति समीक्षा के बीच बाजार में दिखा उतार-चढ़ाव

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिका में फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर फैसले, घरेलू मुद्रास्फीति के आंकड़े और वैश्विक रुझान इस सप्ताह शेयर बाजार की चाल तय करेंगे। विश्लेषकों के अनुसार पिछले सप्ताह आम चुनाव के नतीजों और आरबीआई नीति समीक्षा के बीच बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। बाजार मजबूत लाभ के साथ बंद हुए, लेकिन उससे पहले भारी गिरावट भी हुई।

बीते सप्ताह में बीएसई सेंसेक्स 2,732.05 अंक या 3.69 प्रतिशत बढ़ा, जबकि निफ्टी 759.45 अंक या 3.37 प्रतिशत चढ़ा। शुक्रवार को दिन के कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,720.8 अंक या 2.29 प्रतिशत उछलकर 76,795.31 के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। सेंसेक्स 1,618.85 अंक या 2.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 76,693.36 के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। स्वास्तिक इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौर ने कहा कि लोकसभा चुनाव और आरबीआई नीति समीक्षा के नतीजे आ चुके हैं। अब निवेशकों का ध्यान वैश्विक कारकों पर है। इस सप्ताह अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर फैसले, डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल, कच्चे तेल और जिंस की कीमतों से बाजार की चाल तय होगी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) और घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) के निवेश पर भी कड़ी नजर रखी जाएगी।



### 8 कंपनियों का बाजार मूल्यांकन 3.28 लाख करोड़

**नई दिल्ली।** पिछले सप्ताह 10 सबसे मूल्यवान घरेलू कंपनियों में आठ ने अपने बाजार मूल्यांकन में कुल मिलाकर 3 .28 लाख करोड़ रुपये जोड़े। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, हिंदुस्तान यूनिलीवर और रिलायंस इंडस्ट्रीज को सर्वाधिक लाभ हुआ। उतार-चढ़ाव से भरे सप्ताह में सेंसेक्स 2,732 .05 अंक या 3 .69 प्रतिशत उछल गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) और आईटीसी को लाभ हुआ। इन कंपनियों ने कुल 3,28,116 .58 करोड़ रुपये जोड़े। एसबीआई और एलआईसी के बाजार मूल्यांकन में गिरावट हुई।

## एफपीआई ने जून में इक्विटी से 14,800 करोड़ रुपये निकाले

**नई दिल्ली।** विदेशी निवेशकों ने इस महीने के पहले हफ्ते में घरेलू शेयरों से करीब 14,800 करोड़ रुपये निकाले। भारत के आम चुनाव के नतीजों और चीन के शेयरों के आकर्षक मूल्यांकन से प्रभावित होकर उन्होंने ऐसा किया।

चुनाव नतीजों की अनिश्चितता, मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में लगातार बढ़ोतरी के चलते विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मई में 25,586 करोड़ और अप्रैल में 8,700 करोड़ रुपये से अधिक की निकासी की थी। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से पता चलता है कि एफपीआई ने मार्च में 35,098 करोड़ और फरवरी में 1,539 करोड़ का निवेश किया था। जनवरी में 25,743 करोड़ निकाले थे। निदेशकों की नजर भारत में ब्याज दरों की दिशा पर होगी।

## एनसीएलटी ने हिमालयन मिनरल वाटर पर दिवाला कार्रवाई की शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने हिमालयन मिनरल वाटर्स के खिलाफ दिवाला कार्यवाही शुरू करने का निर्देश दिया है। इसमें एलईईएल इलेक्ट्रिकल्स के लिए दी गई कॉरपोरेट गारंटी की चूक के लिए जम्मू और कश्मीर बैंक की याचिका को स्वीकार कर लिया गया है।

एनसीएलटी की इलाहाबाद पीठ ने देहरादून स्थित कंपनी की कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) के लिए भूपेश गुप्ता को अंतरिम समाधान पेशेवर (आईआरपी) भी नियुक्त किया है। दो सदस्यों वाली पीठ ने पिछले सोमवार को दिए आदेश में कहा कि हम इस बात से संतुष्ट हैं कि आवेदक/वित्तीय ऋणदाता (जेएंडके बैंक) ने ऋण और चूक को साबित कर दिया है, जो कि निर्धारित सीमा से अधिक है धारा 7 के तहत आवेदन कॉरपोरेट कर्जदार (हिमालयन मिनरल वाटर्स) के खिलाफ सीआईआरपी शुरू करने के लिए उपयुक्त पाया गया है।

जम्मू और कश्मीर बैंक ने पेय पदार्थों के विनिर्माण के व्यवसाय में लगी हिमालयन मिनरल वाटर्स के खिलाफ 50 करोड़ रुपये के चूक का दावा किया था। हिमालयन मिनिरल वाटर्स एलईईएल इलेक्ट्रिकल्स द्वारा प्राप्त ऋण सुविधाओं के लिए कॉरपोरेट गारंटर थी।





● न्यायाधिकरण की इलाहाबाद पीठ ने सीआईआरपी के लिए नियुक्त किया आईआरपी

## भारत के पीसी बाजार में आसुस को दिख रहे बड़े अवसर

**ताइपे।** भारत का पर्सनल कंप्यूटर (पीसी) बाजार बाकी दुनिया से बेहतर है और लोगों तक उपकरणों की कम पहुंच ताइवान की प्रमुख प्रौद्योगिकी कंपनी आसुस के लिए वृद्धि का अच्छा अवसर दे रही है।

आसुस इंडिया के उपभोक्ता और गेमिंग पीसी के उपाध्यक्ष अर्नोल्ड सु ने बताया कि भारत में प्रति घर पीसी की पहुंच 10 से 11 प्रतिशत है। करीब 90 प्रतिशत भारतीय घरों में अभी भी पीसी नहीं है, जिसका मतलब है कि यह हमारे लिए बहुत अच्छा अवसर है। अगर आप आज भारत में देखें, तो 750 जिलों में से हम लगभग 450 जिलों तक पहुंच बना चुके हैं। एशिया-प्रशांत पीसी कारोबार इकाई के लिए आसुस के महाप्रबंधक पीटर चांग ने बताया कि कोविड महामारी के बाद, कंपनी को वैश्विक स्तर पर और भारत में पीसी की मांग में बहुत सकारात्मक संकेत नहीं मिले हैं।

## बजट में स्टार्टअप के लिए वाणिज्य मंत्रालय मांग सकता है ज्यादा राशि

नई दिल्ली, एजेंसी

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय देश में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए नई सरकार द्वारा घोषित आगामी बजट में स्टार्टअप के लिए अधिक धनराशि की मांग कर सकता है। नई सरकार 2024-25 के लिए जुलाई में बजट पेश कर सकती है।

अप्रैल, 2021 में 945 करोड़ की राशि के साथ घोषित सीड फंड योजना 2025 में समाप्त हो जाएगी। मंत्रालय इसी तर्ज पर एक नई योजना प्रस्तावित करने पर विचार कर सकता है। सीड फंड योजना का उद्देश्य स्टार्टअप्स को अवधारणा के प्रमाण, प्रोटोटाइप विकास, उत्पाद परीक्षण, बाजार में प्रवेश और व्यावसायीकरण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना था। इस निधि को भारत भर में इनक्यूबेटरों के माध्यम से पात्र स्टार्टअप्स को शुरुआती वित्तपोषण प्रदान करने के लिए चार वर्षों में विभाजित किया गया था। अधिकारी ने कहा कि किसी उद्यम की वृद्धि के प्रारंभिक चरण में उद्यमियों के लिए पूंजी की आसान उपलब्धता जरूरी है। देश में 1.17 लाख से ज़्यादा सरकारी पंजीकृत स्टार्टअप हैं।

● नई सरकार 2024-25 के लिए जुलाई में पेश कर सकती है बजट

## ओएनजीसी को मुंबई हाई तेल क्षेत्र के लिए विदेशी भागीदारों की तलाश

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी तेल और प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) अपने प्रमुख तेल क्षेत्र मुंबई हाई में घटते उत्पादन की स्थिति बदलने के लिए विदेशी भागीदारों की तलाश कर रही है। इसके लिए उन्हें बढ़े हुए उत्पादन से राजस्व का एक हिस्सा और एक निश्चित शुल्क की पेशकश की गई है। हालांकि, कोई इक्विटी हिस्सेदारी नहीं दी जाएगी।

ओएनजीसी ने एक जून को एक अंतर्राष्ट्रीय निविदा जारी की, जिसमें कम से कम 75 अरब अमेरिकी डॉलर के वार्षिक राजस्व वाले वैश्विक तकनीकी सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) को आमंत्रित किया गया।

## डोसा, इडली बनाने के मिश्रण पर देना होगा 18% जीएसटी : जीएएआर

नई दिल्ली, एजेंसी

इडली, डोसा और खमन बनाने के मिश्रण को सत्तू के रूप में वर्गीकृत नहीं किया जा सकता है और उन पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाया जाना चाहिए। गुजरात अग्रिम निर्णय अपीलीय प्राधिकरण (जीएएआर) ने यह फैसला सुनाया है।

गुजरात स्थित किचन एक्सप्रेस ओवरसीज लिमिटेड ने प्राधिकरण के फैसले के खिलाफ एएआर से संपर्क किया था। कंपनी ने कहा था कि उसके 7 इंस्टेंट आटा मिक्स तैयार भोजन नहीं है और उन्हें खाना पकाने की कुछ प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है। कंपनी गोटा, खमन, दालवाड़ा, दही-वड़ा, ढोकला, इडली और डोसा के मिश्रण को पाउडर के रूप में बेचती है। जीएएआर ने अपीलकर्ता की दलील को खारिज करते हुए कहा कि इंस्टेंट आटा मिक्स बनाने में इस्तेमाल होने वाली सामग्री जीएसटी नियमों के तहत नहीं है, जैसे सत्तू के मामले में। सीबीआईसी के परिपत्र के अनुसार सत्तू पर 5% जीएसटी है। जीएएआर ने कहा कि उत्पादों में मसाले और अन्य सामग्री भी शामिल हैं, जबकि सत्तू के मामले में ऐसा नहीं है।

● पाउडर के मिश्रण को सत्तू के रूप में वर्गीकृत नहीं किया जा सकता है

## चार वर्षों में यात्री वाहनों का निर्यात 2 .68 लाख इकाई बढ़ा

नई दिल्ली, एजेसी

पिछले चाल वित्त वर्षों में भारत से यात्री वाहनों के निर्यात में 2.68 लाख इकाई की वृद्धि हुई है। इस बढ़े हुए निर्यात में मारुति सुजुकी इंडिया की हिस्सेदारी लगभग 70 प्रतिशत है।

उद्योग के आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2020-21 में यात्री वाहनों का निर्यात 4,04,397 इकाई रहा। यह वित्त वर्ष 2021-22 में बढ़कर 5,77,875 इकाई और वित्त वर्ष 2022-23 में 6,62,703 इकाई हो गया। बीते वित्त वर्ष में निर्यात 6,72,105 इकाई रहा, जो 2020-21 के मुकाबले 2,67,708 इकाई अधिक है। इस निर्यात वृद्धि में मारुति सुजुकी ने 70 प्रतिशत का योगदान दिया है। मारुति सुजुकी के निर्यात में वित्त वर्ष 2020-21 और वित्त वर्ष 2023-24 के बीच 1,85,774 इकाई की वृद्धि हुई।

इस बारे में मारुति सुजुकी इंडिया के कॉरपोरेट मामलों के कार्यकारी अधिकारी राहुल भारती ने कहा कि अधिक मॉडलों की पेशकश करने, वैश्विक उत्पादन मानकों का पालन करने और टोयोटा के साथ गठजोड़ से निर्यात को बढ़ाने में काफी मदद मिली। उन्होंने कहा कि कंपनी वर्तमान में दुनिया भर के लगभग 100 देशों में यात्रा वाहनों का निर्यात कर रही है। कंपनी के शीर्ष विदेशी बाजारों में दक्षिण अफ्रीका, सऊदी अरब, चिली और मैक्सिको भी शामिल हैं। हुंदै ने वित्त वर्ष 2023-24 में 1,63,155 इकाई और 2022-23 में 1,53,019 इकाई निर्यात की।



● निर्यात में मारुति सुजुकी इंडिया की हिस्सेदारी लगभग 70 प्रतिशत

● यात्री वाहनों का निर्यात बढ़कर 2022-23 में 6,62,703 इकाई हुआ।



## खेल डायरी

### अदिति अशोक एलपीजीए क्लासिक में कट से चूकीं



**गैलोवे (अमेरिका), एजेंसी।** भारत की अदिति अशोक आखिर में दो बर्डी बनाने के बावजूद एलपीजीए क्लासिक गोल्फ टूर्नामेंट में कट से चूक गई। बेंगलुरु की रहने वाली इस गोल्फर ने पहले दौर में दो अंडर 69 का स्कोर बनाया था, लेकिन दूसरे दौर में वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई। वह दूसरे दिन 13 होल के बाद दो ओवर पर थी। उन्होंने 16वें और 18वें होल में बर्डी बनाई लेकिन यह कट में जगह बनाने के लिए पर्याप्त नहीं था। अदिति का दो दिन का स्कोर दो अंडर रहा जबकि कट तीन अंडर पर गया। दक्षिण कोरिया की जेनी शिन ने दूसरे दौर में दो अंडर 69 का स्कोर बनाया। इस तरह से उनका कुल स्कोर 10 अंडर 132 है और वह एक शॉट की बढ़त लेकर शीर्ष पर काबिज हैं।

### शुभंकर शर्मा संयुक्त 26वें स्थान पर



**हेलसिंगबर्ग, (स्वीडन), एजेंसी।** भारत के शुभंकर शर्मा ने तीसरे दौर में एक अंडर 71 का स्कोर बनाया, जिससे वह स्कैंडिनेवियन मिक्स्ड गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 26वें स्थान पर खिसक गए। शुभंकर ने पहले दो दौर में समान 69 का स्कोर बनाया था लेकिन तीसरे दौर में वह अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा पाए। उन्होंने पहले आठ होल में एक बोगी के मुकाबले चार बर्डी लगाई। भारत के इस खिलाड़ी ने 13वें होल में ट्रिपल बोगी की और अगले होल में बर्डी करने के बावजूद वह 20वें से 26वें स्थान पर खिसक गए। स्वीडन के सेबेस्टियन सोडरबर्ग ने 6 अंडर 66 का कार्ड खेल कर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उनका कुल स्कोर 21 अंडर पार पर है और उन्होंने आठ शॉट की बढ़त हासिल कर रखी है।

### अवनि को एलईटी एक्सेस सीरीज के कट में जगह



**मोंटौबन (फ्रांस), एजेंसी।** भारतीय गोल्फर अवनि प्रशांत एलईटी एक्सेस सीरीज के मोंटौबन लेडीज ओपन के दूसरे दौर में निराशाजनक 78 का कार्ड खेलने के बाद भी कट में जगह हासिल करने में सफल रही। शुरुआती दौर में 71 के कार्ड के साथ संयुक्त 14वें स्थान पर रही अवनि ने दूसरे दौर के 15वें होल में ट्रिपल-बोगी और 18वें होल में डबल बोगी करने के साथ ही 17वें होल में भी बोगी कर बैठी। वह दूसरे दौर के बाद कुल पांच ओवर के स्कोर के साथ संयुक्त 46वें स्थान पर खिसक गयी। इस प्रतियोगिता में भाग ले रही अन्य भारतीय में दुर्गा नित्तूर (75-81) कट में जगह बनाने से चूक गई।

### चेन्नईयन एफसी ने चीमा चुक्वू से अनुबंध किया



**चेन्नई, एजेंसी।** चेन्नईयन एफसी ने अपने आक्रमण को मजबूत करने के लिए 2024-25 के फुटबॉल सत्र से पहले नाइजीरियाई स्ट्राइकर डेनियल चीमा चुक्वू से अनुबंध किया है। चीमा भारतीय फुटबॉल का जाना पहचाना नाम है। यह 33 वर्षीय खिलाड़ी इससे पहले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में ईस्ट बंगाल और जमशेदपुर की तरफ से खेल चुका है। उन्होंने 2022 में जमशेदपुर को आईएसएल लीग शील्ड दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। चेन्नई की टीम ने चीमा के साथ 2 साल का अनुबंध किया है। इसका मतलब है कि वह क्लब के साथ 2026 तक बने रहेंगे। चेन्नईयन ने इस सत्र में चार खिलाड़ियों से अनुबंध कर लिया है। चीमा ने आईएसएल में अभी तक 60 मैच खेले हैं जिनमें उन्होंने 20 गोल किए हैं। इसके अलावा उन्होंने चार गोल करने में मदद भी की।

### होंडा टीम के मोहसिन 17वें स्थान पर

**मोतेगी (जापान), एजेंसी।** होंडा रेसिंग इंडिया टीम एफआईएम एशिया रोड रेसिंग चैंपियनशिप में तीसरे चरण की रेस 2 से कोई अंक हासिल नहीं कर सकी क्योंकि रविवार को यहां केविन समर क्विंटल बाइक इंजन की समस्या के कारण रेस पूरी नहीं कर सके, जबकि मोहसिन परम्बन एपी 250 वर्ग में 17वें स्थान पर रहे। ग्रिड में 18वें स्थान से रेस शुरू करने वाले केविन को इंजन की समस्या के कारण छठे लैप के दौरान रेस से हटना पड़ा। केविन इस रेस से पहले कुछ 10 अंक हासिल कर चुके हैं जबकि टीम के उनके साथी राइडर मोहसिन अपने दो अंक को बढ़ाने में विफल रहे। मोहसिन ने रेस को 17वें स्थान पर रहते हुए खत्म किया, जो अंक हासिल करने की सूची से बाहर था। केरल के इस राइडर ने सत्र की शुरुआती रेस से दो अंक हासिल किये थे।

### अरेवालो और पाविच को फ्रेंच ओपन का खिताब



**पेरिस, एजेंसी।** अल साल्वाडोर के मार्सेलो अरेवालो और क्रोएशिया के मैट पाविच ने इटली के सिमोन बोलेली और एंड्रिया वावस्सोरी को सीधे सेटों में हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष युगल का खिताब जीता। अरेवालो और पाविच ने शनिवार को खेले गए फाइनल में 7-5, 6-3 से जीत दर्ज की। पाविच ने इस तरह से चारों ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में पुरुष युगल का खिताब जीतने का रिकॉर्ड भी बनाया। पाविच ने मैच के बाद कहा यहां यह मेरा पहला खिताब है और इसलिए मैं बहुत खुश हूं। यह विशेष एहसास है क्योंकि मैं दो बार यहां फाइनल में हार गया था। अरेवालो का यह पुरुष युगल में दूसरा खिताब है। उन्होंने 2022 में फ्रेंच ओपन में ही जीन जूलियन रोजर के साथ मिलकर पुरुष युगल का खिताब जीता था। अरेवालो ने कहा, मैं मैट का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मुझ पर भरोसा दिखाया। मेरा यहां यह दूसरा खिताब है और यह विशेष है।

### नागल ने नेकारकप चैलेंजर जीता

**हीलब्रॉन (जर्मनी), एजेंसी।** भारत के शीर्ष रैंक के एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने रविवार को यहां स्विट्जरलैंड के अलेक्जेंडर रिट्सचर्ड को हराकर नेकारकप एटीपी चैलेंजर प्रतियोगिता को जीत लिया। नागल ने तीन सेट तक चले मुकाबले को 6-1, 7-6 (7-5), 6-3 से अपने नाम कर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को प्रबल कर लिया। वह इस जीत के बाद सोमवार को जारी होने वाली एटीपी रैंकिंग में शीर्ष 80 में प्रवेश कर जायेंगे। पेरिस ओलंपिक से जुड़ी आधिकारिक घोषणा सोमवार को हो सकती है। तीसरी वरीयता प्राप्त नागल को पहला सेट जीतने में कोई परेशानी नहीं हुई। रिट्सचर्ड ने दूसरे सेट में भारतीय खिलाड़ी को कड़ी टक्कर दी।

## बांग्लादेश के खिलाफ विजय अभियान जारी रखने उतरेगा द.अफ्रीका

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

अपने पहले दो मैच में जीत दर्ज करके ग्रुप डी में शीर्ष पर काबिज दक्षिण अफ्रीका को अगर टी20 विश्व कप में अपना विजय अभियान जारी रखना है तो बांग्लादेश के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले मैच में उसके बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। दोनों टीम के लिए नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की अप्रत्याशित व्यवहार कर रही पिच से सामंजस्य से बिठाना आसान नहीं होगा। दक्षिण अफ्रीका ने हालांकि अपने पहले दो मैच इसी मैदान पर खेले हैं इसलिए वह थोड़ा फायदे में रहेगा। बांग्लादेश ने भी भारत के खिलाफ यहां अभ्यास मैच खेला था।

दक्षिण अफ्रीका ने भले ही नीदरलैंड और श्रीलंका पर जीत दर्ज की है लेकिन उसके बल्लेबाज इन दोनों मैच में छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए संघर्ष करते हुए नजर आए। दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों ने हालांकि अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है और इसलिए उसके गेंदबाजी आक्रमण में बदलाव की संभावना नहीं है जिसमें एनरिक नोर्किया, कैगिसो रबाडा, मार्को यानसन और ओटनील बार्टमेन जैसे तेज गेंदबाज और केशव महाराज जैसा अनुभवी स्पिनर शामिल है। दक्षिण अफ्रीका की चिंता हालांकि शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों का लचर प्रदर्शन होगा। नीदरलैंड के खिलाफ उसकी टीम पहले 10 ओवर में केवल 33 रन बना पाई थी। अगर ट्रिस्टन स्टब्स और डेविड मिलर ने मोर्चा नहीं संभाल होता तो उसकी टीम को हार का सामना करना पड़ सकता था। दक्षिण अफ्रीका के अभी दो मैच में चार अंक हैं और बांग्लादेश के खिलाफ जीत से सुपर 8 में जगह बनाने के लिए उसकी स्थिति मजबूत हो जाएगी। रिकॉर्ड भी दक्षिण अफ्रीका के पक्ष में है। उसने अभी तक टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बांग्लादेश से कोई मैच नहीं गंवाया है। बांग्लादेश ने श्रीलंका को हराकर अपने अभियान की शुरुआत की थी जिससे उसका मनोबल बढ़ा होगा, लेकिन दक्षिण अफ्रीका की तरह उसके बल्लेबाजों को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा। भारत के खिलाफ अभ्यास मैच और श्रीलंका के खिलाफ ग्रुप चरण के मैच में उसके बल्लेबाज संघर्ष करते हुए नजर आए थे। बांग्लादेश के मुख्य बल्लेबाजों में केवल लिटन दास ही कुछ रन बना पाए थे। बांग्लादेश को अगर दक्षिण अफ्रीका पर टी20 में अपनी पहली जीत दर्ज करनी है तो उसके बाकी बल्लेबाजों को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा। ऑलराउंडर शाकिब अल हसन भी अभी तक बल्ले और गेंद दोनों से प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं जो बांग्लादेश के लिए चिंता का विषय होगा।

**दक्षिण अफ्रीका :** एडेन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएट्जी, क्विंटन डी कॉक, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिक नोर्किया, कैगिसो रबाडा, रयान रिकेल्टन, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स। **बांग्लादेश :** नजमुल हुसैन शंटो (कप्तान), तस्कीन अहमद, लिटन दास, सौम्या सरकार, तंजीद हसन तमीम, शाकिब अल हसन, तौहीद हृदय, महमूद उल्लाह रियाद, जैकर अली अनिक, तनवीर इस्लाम, शाक महेदी हसन, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, शोरीफुल इस्लाम, तंजीम हसन साकिब। **यात्रा करने वाले रिजर्व :** अफीफ हुसैन, हसन महमूद। **मैच भारतीय समयानुसार रात 8 बजे शुरू होगा।**

## पाकिस्तान के गेंदबाजों के आगे भारत पस्त

### बारिश के कारण मैच देर से शुरू हुआ, नसीम और रऊफ ने तीन-तीन और आमिर ने झटके दो विकेट

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

ऋषभ पंत (42) और अक्षर पटेल (20) रनों की पारियों के दम पर भारत ने रविवार को टी-20 विश्वकप के 19वें मुकाबले में पाकिस्तान को जीत के लिए 120 रनों का लक्ष्य दिया है। बारिश के कारण मैच काफी देर से शुरू हो सका था। खबर लिखे जाने तक पाकिस्तान ने 6 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 35 रन बना लिए थे।

यहां नैसो काउंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। वर्षा बाधित मैच में बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में विराट कोहली (4) का विकेट गवां दिया। अगले ही ओवर में कप्तान रोहित शर्मा (13) भी पवेलियन लौट गये। इसके बाद ऋषभ पंत और अक्षर पटेल ने पारी को संभाला। भारतीय टीम बड़े स्कोर की ओर बढ़ रही थी इस दौरान आठवें ओवर में नसीम शाह ने अक्षर पटेल को बोल्ड कर पाकिस्तान को तीसरी सफलता दिलाई। पटेल ने 18 गेंदों में 20 रन बनाये। 12वें ओवर में हारिस रउफ़ सूर्यकुमार यादव (7) का विकेट चटकाते हुए पाकिस्तान की मैच में वापसी कराई। इसके बाद भारत ने लगातार पांच विकेट गवां दिये। शिवम दुबे (3), हार्दिक पंड्या (7), रवींद्र जाडेजा (शून्य), जसप्रीत बुमराह (शून्य) पर आउट हुये। अर्शदीप सिंह (9) पर रनआउट हुये। मोहम्मद सिराज (7) रन बनाकर नाबाद रहे। भारतीय पारी 19 ओवर में 119 रन पर सिमट गई। पाकिस्तान की ओर से नसीम शाह और हारिस रउफ ने तीन-तीन विकेट लिये। मोहम्मद आमिर को दो विकेट मिले। शाहीन शाह अफरीदी को एक विकेट मिला।





टॉस के बाद पाकिस्तान के कप्तान ने कहा कि मौसम और पिच पर नमी की वजह से हम पहले गेंदबाजी करेंगे। यह परिस्थिति हमें माकूल है, हमारे पास चार तेज गेंदबाज हैं। हम सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि भूतकाल भूतकाल है, हम आज के मैच की ओर देख रहे हैं और हम अपना शत-प्रतिशत देने का प्रयास करेंगे। भारत बनाम पाकिस्तान हमेशा से बड़ा होता है, हमारा आत्मविश्वास इस मैच के लिए हमेशा बड़ा रहता है। आज के मैच में आजम खान को आराम दिया गया है। वहीं भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि हम भी पहले गेंदबाजी ही करते। हम परिस्थितियों से तालमेल बैठाएंगे और देखेंगे कि यहां क्या अच्छा स्कोर हो सकता है। पिछले मैचों से हमें यहां की परिस्थिति से तालमेल बैठाने में मदद मिली है। हमने एक बल्लेबाजी यूनिट के हिसाब से बात की है कि यहां पर क्या अच्छा स्कोर हो सकता है और क्या हम अपनी गेंदबाजी यूनिट को बचाने के लिए रन दे सकते हैं।

## गुरप्रीत फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग मैच के लिए कप्तान

**दोहा, एजेंसी।** भारत की पहली पसंद के गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू को रविवार को यहां कतर के खिलाफ 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग मैच के लिए टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। भारत मंगलवार को यहां के जसीम बिन हमद स्टेडियम में मेजबान कतर से खेलेगा।



भारतीय टीम मैच के लिए शनिवार रात दोहा पहुची। टीम इस मैच को जीतकर विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे चरण में पहली बार प्रवेश का मार्ग प्रशस्त कर सकती है। सुनील छेत्री के संन्यास के बाद यह भारत का पहला मैच है। छेत्री ने गुरुवार को कुवैत के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ रहे मैच के बाद अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से विदा ले ली। मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने इस मुकाबले के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की थी जिसमें रक्षा पंक्ति के खिलाड़ी अमेय रानावाडे, लालचुंगनुंगा और सुभाशीष बोस शामिल नहीं है।

## वेस्टइंडीज ने युगांडा को 134 रनों से हराया

- वेस्टइंडीज के अकील हुसैन के 11 रन पर पांच विकेट लेकर युगांडा की कमर तोड़ दी
- घातक गेंदबाजी और बल्लेबाजी के कारण युगांडा 12 ओवर में 39 रन पर ढेर हो गया
- अकील हुसैन को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया

**प्रॉविडेंस, एजेंसी**

जॉनसन चार्ल्स (44) और उसके बाद अकील हुसैन के 11 रन पर पांच विकेट की घातक गेंदबाजी की बदौलत वेस्टइंडीज ने टी-20 विश्वकप के 18वें मुकाबले में युगांडा को रिकार्ड 134 रनों से हरा दिया है। वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। ब्रैंडन किंग और जॉनसन चार्ल्स की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिये 41 रन जोड़े। पांचवें ओवर में अल्पेश रामजनी ने ब्रैंडन किंग (13) को बोल्ड कर युगांडा को पहली सफलता दिलाई। 10वें ओवर में निकोलस पूरन (22) आउट हुये उन्हें मसाबा ने अपनी ही गेंद पर कैच आउट किया। कप्तान रोवमन पॉवेल (23), शरफेन रदरफोर्ड (22) रन बनाकर आउट हुये। जॉनसन चार्ल्स ने 42 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुये 44 रनों की पारी खेली। आंद्रे रसल 17 गेंदों में 30 रन और रोमारियो शेफोर्ड (5) रन बनाकर नाबाद रहे।

वेस्टइंडीज ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 173 रन का स्कोर खड़ा किया। युगांडा की ओर से ब्रायन मसाबा ने दो विकेट लिये।अल्पेश रामजनी, कॉसमास क्येवूता और दिनेश नकरानी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। 174 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी युगांडा की टीम को वेस्टइंडीज के अकील हुसैन 11 रन पर पांच विकेट और अल्ज़ारी जोसेफ छह रन पर दो विकेट की घातक गेंदबाजी की बदौल्त 12 ओवर में 39 रन पर ढ़ेर कर दिया। युगांड की ओर से जुमा मियाजी 13 रन बनाकर नाबाद रहे। शेष कोई भी बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सका। इसके अलावा वेस्टइंडीज की ओर से रोमारियो शेफर्ड, आंद्रे रसल और गुडाकेश मोटी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। अकील हुसैन को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया है।




अकील हुसैन

## महिला-पुरुष हॉकी टीम को ब्रिटेन से मिली हार

- क्रमश: 3-2 और 3-2 से हार का सामना करना पड़ा

**लंदनए एजेंसी**

भारतीय महिला और पुरुष हॉकी टीम को रविवार को एफआईएच प्रो लीग 2023-24 में ब्रिटेन के खिलाफ खेले गये अपने-अपने मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है। भारतीय महिला टीम और पुरुष टीम को ब्रिटेन के खिलाफ खेले गये मुकाबलों में क्रमशः 3-2 और 3-2 से हार का सामना करना पड़ा।


भारतीय महिला टीम ने मैच में आक्रामक शुरुआत की लेकिन शुरुआती मिनटों में ही ब्रिटेन ने गोलकर बढ़त हासिल कर ली। मेजबान टीम की ओर से वॉटसन चार्लोट ने तीसरे मिनट में मैदानी गोल दागा। इसके बाद ब्रिटेन ने छठे मिनट में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए लेकिन टीम इन्हें गोल में तब्दील नहीं सकी। भारत की ओर से गोल करने का प्रयास लगातार जारी रहा और 14वें मिनट में लालरेमसियामी ने भारत के लिए पहला गोल कर स्कोर को 1-1 से बराबर कर दिया। चौथे क्वार्टर में ब्रिटेन की टीम ने जोरदार वापसी की और आक्रामक रुख अपनाते हुए 55वें और 56वें मिनट में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए। बाल्सडन ग्रेस ने 56वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील करते हुए स्कोर को 2-2 से बराबर कर दिया। 58वें मिनट में बाल्सडन ग्रेस ने अपना दूसरा गोल करते हुए स्कोर को 3-2 कर दिया।

ब्रिटेन ने खेल के पहले मिनट में ही गोल करके भारतीय पुरुष टीम पर दबाव बना दिया। खेल के दूसरे क्वार्टर में भारत ने वापसी करते हुए मैच में 1-1 की बराबरी कर ली। खेल का चौथा और निर्णायक क्वार्टर दोनों टीमों के लिए इस मैच को जीतने के लिए महत्वपूर्ण और आखिरी मौका था। लेकिन यहां ब्रिटेन ने बेहतर खेल का मुज़ाहिरा करते हुए खेल के आखिरी क्वार्टर में एक और गोल करके मैच में जीत लिया।

## भाला फेंक स्पर्धा में अन्नू रानी ने जीता रजत पदक

**स्ट्रासबर्ग, एजेंसी**

भारत की अन्नू रानी ने स्टेड डी''हाउतेपिएरे में नेशनल डी स्ट्रासबर्ग 2024 एथलेटिक्स मीट में महिलाओं की भाला फेंक स्पर्धा में रजत पदक जीता।



शनिवार को फ्रांस के स्ट्रासबर्ग में एथलेटिक्स सत्र 2024 की अपनी चौथी प्रतियोगिता में अन्नू रानी ने अपने अंतिम प्रयास में 57.48 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रयास दर्ज कर तीसरे पायदान पर रही। फ्रांस की एलिज़ी मिनार्ड ने 57.77 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ स्वर्ण पदक और उनकी हमवतन जेड मरावल ने 52.39 मीटर के थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता। मौजूदा एशियाई भाला फेंक चैंपियन का इस सत्र में यूरोप में यह तीसरा मौका था जब अन्नू ने दूसरा स्थान हासिल किया।

31 वर्षीय भारतीय एथलीट ने पिछले महीने जर्मनी में ऑफेनबर्ग में हाइलो जेवलिन मीटिंग में 60.68 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ अपने 2024 सत्र की शुरुआत की थी। उस प्रतियोगिता में छठे स्थान पर रही थीं।


## स्कॉट फ्लेमिंग फिर बास्केटबॉल टीम के कोच बने

**चेन्नई, एजेंसी।** भारतीय बास्केटबॉल महासंघ (बीएफआई) ने रविवार को अपनी वार्षिक आम बैठक के बाद स्कॉट फ्लेमिंग को फिर से पुरुष राष्ट्रीय टीम का मुख्य कोच नियुक्त करने की घोषणा की। फ्लेमिंग को बीएफआई ने राष्ट्रीय टीम के कोच के अलावा देश में कोचिंग बुनियादी ढांचे को बढ़ाने की जिम्मेदारी सौंपी है। फ्लेमिंग इससे पहले 2012 से 2015 तक भारतीय बास्केटबॉल टीम के मुख्य कोच रह चुके हैं। उन्होंने एनबीए इंडिया के बास्केटबॉल संचालन के वरिष्ठ निदेशक के रूप में भी अपनी सेवाएं दी हैं।

## पूजा तोमर यूएफसी में जीत दर्ज करने वाली पहली भारतीय बनीं

**केंटकी, एजेंसी**

पूजा तोमर अल्टीमेट फाइटिंग चैंपियनशिप (यूएफसी) में जीत दर्ज करने वाली भारत की पहली मिश्रित मार्शल आर्ट फाइटर बन गई है। पहली बार इस तरह की प्रतियोगिता में भाग ले रही



पूजा ने यूएफसी लुइसविले में शनिवार को स्ट्रॉवेट (52 किग्रा) मुकाबले में ब्राजील की रेयान डॉस सैंटोस पर 30-27, 27-30, 29-28 से विभाजित निर्णय से जीत हासिल की।

पूजा ने मुकाबले के बाद कहा, यह केवल मेरी जीत नहीं है। यह भारत के सभी प्रशंसकों और भारतीय फाइटर की जीत है। इससे पहले सभी सोचा करते थे कि भारतीय फाइटर चुनौती पेश नहीं कर सकते हैं।

मैं केवल जीत के बारे में सोच रही थी और मैंने दिखाया कि भारतीय फाइटर हारने वालों में शामिल नहीं हैं। साइक्लोन के नाम से मशहूर 30 वर्षीय पूजा ने पिछले साल अक्टूबर में यूएफसी के साथ अनुबंध किया था और इस तरह से वह मिश्रित मार्शल आर्ट्स की सबसे बड़ी प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली भारत की पहली महिला बन गईं।

## गॉफ और सिनियाकोवा जीतीं

**फ्रेंच ओपन**

**पेरिस, एजेंसी**

कोको गॉफ ने रविवार को फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में कैटरीना सिनियाकोवा के साथ मिलकर अपना पहला महिला युगल ग्रैंडस्लैम खिताब जीता। पिछले साल अमेरिकी ओपन का महिला एकल खिताब जीतने वाली 20 साल की अमेरिका की गॉफ और चेक गणराज्य की सिनियाकोवा ने जैस्मिन पाओलिनी और सारा इरानी की इटली की जोड़ी को सीधे सेट में 7-6, 6-3 से हराया। गॉफ ने तीसरी बार ग्रैंडस्लैम महिला युगल के फाइनल में जगह बनाई। इससे पहले उन्हें 2022 में रोलां गैरो पर ही और 2021 में अमेरिकी ओपन में खिताबी मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था।




गॉफ ने कहा, तीसरी बार में भाग्यशाली रही। मेरे साथ खेलने के लिए धन्यवाद कैटरीना। टूर्नामेंट से दो दिन पहले हमने एक साथ खेलने का फैसला किया। प्रशंसकों को भी धन्यवाद। मुझे पता है कि रविवार को सुबह साढ़े 11 बजे अधिकांश लोगों के लिए जल्दी होता है। मेरे लिए यह जल्दी है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिवादन स्वीकार करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू। • एजेंसी


प्रधानमंत्री आवास में अपनी नवनिर्वाचित कैबिनेट के सदस्यों को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। • एजेंसी



युद्ध स्मारक में शहीदों को नमन करते मोदी। • एजेंसी


राष्ट्रपति भवन में आयोजित शपथ समारोह में पहुंचा संत समाज। • एजेंसी

# शपथ से पहले युद्ध स्मारक, राजघाट व सदैव अटल जाकर अर्पित की श्रद्धांजलि

## तीसरी बार मोदी के शपथ लेते ही झूमे भाजपाई, दिनभर गठबंधन के साथ चलीं बैठकें

नई दिल्ली, एजेंसी


तीसरी बार शपथ से पूर्व नरेंद्र मोदी ने रविवार सुबह राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की समाधि सदैव अटल तथा महात्मा गांधी की समाधि राजघाट जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके साथ केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री रहे हरदीप सिंह पुरी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के शीर्ष अधिकारी भी राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर मौजूद थे।

वहीं हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने नरेंद्र मोदी को तीसरे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई देते हुए कहा कि यह भाजपा समेत पूरे देश के लिए गौरव की बात है। ठाकुर ने भाजपा


समारोह में पहुंचीं कंगना रनौत। • एजेंसी

और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को अपार जनसमर्थन देने के लिए देशवासियों का भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी का प्रधानमंत्री के रूप में तीसरा कार्यकाल ऐतिहासिक होगा। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मध्यप्रदेश से केन्द्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किए गए शिवराज सिंह चौहान, वीरेंद्र कुमार और ज्योतिरादित्य सिंधिया को बधाई दी है। डॉ यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया सभी को अनंत बधाई दी।

**जम्मू के जौहरी ने तीन किलो चांदी से कमल का फूल बनाया : जम्मू।** भाजपा से संबद्ध जम्मू के एक जौहरी ने नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री के रूप में रविवार को तीसरी बार शपथ ग्रहण करने पर उनके लिए चांदी से बना तीन किलोग्राम का कमल का फूल तैयार किया है। कमल भाजपा का चुनाव चिह्न है। जम्मू के बाहरी इलाके में स्थित मुथी गांव के निवासी रिंकू चौहान ने कहा कि मोदी को यह अनोखा उपहार देने का विचार उनके दिमाग में तब आया, जब भाजपा सरकार ने जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को हटाने का अपना वादा अगस्त 2019 में पूरा किया और उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण कराया।



पुरी में समुद्र तट पर कलाकार सुदर्शन पटनायक द्वारा रेत में उकेरी गई मोदी की तस्वीर।


मोदी के शपथ लेती ही भाजपाइयों ने पटाखे चलाकर जश्न मनाया। • एजेंसी


प्रशंसक द्वारा बनाई गई तस्वीर जिसने हर किसी का मन मोह लिया। • एजेंसी

## एक नजर

### चीन में कृषि प्रशिक्षण लेंगे पाकिस्तानी छात्र

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है कि कृषि क्षेत्र में आधुनिक प्रशिक्षण लेने के लिए एक हजार विद्यार्थी चीन भेजे जाएंगे। शरीफ ने चीनी शहर शिआन में एग्रीकल्चर डेमोंस्ट्रेशन बेस की यात्रा के दौरान शनिवार को यह ऐलान किया। प्रधानमंत्री चीन की पांच दिन की यात्रा पर थे। शरीफ ने चीन के उत्तर पश्चिमी कृषि एवं वानिकी विश्वविद्यालय को पाकिस्तान में अपना परिसर खोलने के लिए भी आमंत्रित किया। जियो न्यूज ने खबर दी है कि उन्होंने चीन में पाकिस्तान के राजदूत और संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में चीनी अधिकारियों के साथ मामलों को अंतिम रूप देने का निर्देश दिया।

### अमेरिका ने नाइजीरिया से सैनिकों की वापसी शुरू की

**नियामी।** अमेरिका ने नाइजीरिया से अपने सैनिकों को वापस बुलाना शुरू कर दिया है। दोनों देशों के रक्षा मंत्रालयों ने शनिवार को एक संयुक्त बयान में यह जानकारी दी। अमेरिकी रक्षा विभाग और नाइजर गणराज्य के नाइजीरियाई राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने घोषणा की है कि नाइजर से अमेरिकी सेना और संपत्ति की वापसी प्रारंभिक तैयारियों से लेकर पुन: तैनाती तक बढ़ गई है। यह महत्वपूर्ण परिवर्तन अमेरिकी वायु सेना के सी-17 ग्लोबमास्टर 3 के 7 जून 2024 को नियामी में हवाई अड्डा 101 से प्रस्थान के साथ शुरू हुआ। बयान में कहा गया है कि इसके अलावा कुछ अमेरिकी सेनाएं अपने मिशन समाप्त करने के बाद पहले ही नाइजर से अपने गृह स्टेशनों पर फिर से तैनात हो चुकी हैं।

### पाकिस्तान में आतंकवादी हमले में छह सैनिक मारे गए

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को हुए आतंकवादी हमले में एक कैप्टन समेत कम से कम छह पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। यह घटना उस समय हुई जब सुरक्षाकर्मियों का काफिला प्रांत के कच्ची कमर, सरबंद पोस्ट लक्की मरवात की ओर बढ़ रहा था। उसी दौरान आतंकवादियों ने काफिले पर हमला कर दिया। पहले आतंकवादियों ने आईईडी विस्फोट किया और बाद में काफिले पर गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस ने बताया, हमले में एक कैप्टन समेत कुल छह सैनिक शहीद हो गए।

### यूरोपीय संसद के लिए 20 यूरोपीय देशों में मतदान शुरू

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय संसद के पांच साल के कार्यकाल के लिए यूरोपीय संघ (ईयू) के 20 देशों में रविवार को मतदान शुरू गया। यूरोपीय संसद के 720 सदस्यों को चुनने के लिए नागरिक मतदान करेंगे। सदन में सीट जनसंख्या के आधार पर आवंटित की जाती हैं। माल्टा एवं लक्जमबर्ग की सदन में सबसे कम छह और जर्मनी की सबसे अधिक 96 सीट हैं। हर पांच साल में होने वाले चुनावों के आधिकारिक नतीजे यूरोपीय संघ के 27 देशों के मतदान प्रक्रिया पूरी होने से पहले प्रकाशित नहीं किए जा सकते।

# लेबनान में इजरायल का हवाई हमला

बेरूत, एजेंसी

• चार की गई जान, आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल

दक्षिण लेबनान के गांवों पर शनिवार को इजरायली हवाई हमलों में हिजबुल्लाह के दो सदस्यों सहित चार लोग मारे गए और छह से ज्यादा घायल हो गए। लेबनान के सैन्य सूत्रों ने कहा कि इजरायली युद्धक विमान ने हौला गांव में एक घर को निशाना बनाया था। हवा से सतह पर मार करने वाली दो मिसाइलों के साथ एतारौन गांव के एक वाणिज्यिक बाजार को निशाना बनाया गया।

हिजबुल्लाह और इजरायली सेना के बीच तनाव तब बढ़ गया जब इजरायल ने उसके खिलाफ एक बड़े हमले के लिए अपनी सेना तैनाती करने की घोषणा की। यह घोषणा बीते बुधवार को कब्जे वाले सीरियाई गोलान हाइट्स में अल-कोश बस्ती के दक्षिण में एक इजरायली सभा पर हिजबुल्लाह द्वारा ड्रोन हमले के बाद की गई। हमास के साथ एकजुटता दिखाने के लिए हिजबुल्लाह द्वारा इजरायल की ओर लॉन्च किए गए रॉकेटों की बौछार के बाद आठ अक्टूबर 2023 से लेबनान-इजरायल सीमा पर दोनों पक्षों के बीच टकराव बढ़ गया।



### इजरायल के साथ सहयोग बंद करें इस्लामिक देश

**तेहरान।** ईरान के कार्यवाहक विदेश मंत्री अली बघेरी ने कहा कि इस्लामिक देशों को इजरायल के साथ राजनीतिक और आर्थिक सहयोग बंद कर देना चाहिए। इस्लामी देशों द्वारा की जाने वाली सबसे प्रभावी पहल इजरायली शासन के साथ राजनीतिक और आर्थिक सहयोग बंद करना और इसके साथ सभी आयात और निर्यात का बहिष्कार करना होगा।

### कतर, मिस्र ने हमास को परिणाम भुगतने की धमकी दी

**दोहा।** कतर और मिस्र ने अमेरिकी प्रशासन के निर्देश पर फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के नेताओं को धमकी दी है कि यदि वे इजरायल के साथ युद्धविराम के लिए सहमत नहीं हुए तो उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है, संपत्ति जब्त की जा सकती है, प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं और दोहा में उनकी शरणस्थली से निष्कासन किया जा सकता है। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने सूत्रों का हवाला देते हुए यह जानकारी दी है। हालांकि रिपोर्ट में कहा गया है कि इन प्रयासों के विपरीत परिणाम सामने आए है और हमास ने कहा है कि वह ऐसे सौदे पर सहमत नहीं होगा जो उसकी शर्तों को पूरा नहीं करते हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने पिछले हफ्ते कहा था कि इजरायल ने हमास को एक रोड मैप के साथ एक नया तीन-चरण का प्रस्ताव दिया, जिससे गाजा पट्टी में शत्रुता की स्थायी समाप्ति होगी और सभी बंधकों की रिहाई होगी। प्रस्ताव के पहले चरण में पूर्ण युद्धविराम, सभी गाजा आबादी केंद्रों से इजरायली सैनिकों की वापसी और हमास द्वारा बंधक बनाए गए कुछ लोगों की रिहाई, जिनमें घायल, बुजुर्ग और महिलाएं शामिल हैं के साथ-साथ जेलों से हिरासत में लिए गए फिलिस्तीनियों की रिहाई शामिल है।

### अमेरिकी खुफिया डेटा ने इजरायली बंधकों को मुक्त कराने में की मदद

**वाशिंगटन।** अमेरिका के खुफिया डेटा ने इजरायल को गाजा पट्टी में बंधक बनाकर रखे गए चार लोगों का पता लगाने एवं उन्हें बचाने में मदद की है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से यह जानकारी दी है। आईडीएफ ने नोवा संगीत समारोह से अपहरण किए गए चार बंधकों को बचाया था। बंधकों के स्वास्थ्य की स्थिति अच्छी है और उन्हें आगे की चिकित्सा जांच के लिए अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है।

# सोमाली सेना ने अल-शबाब के 47 आतंकवादी ढेर

• अल-कायदा आतंकवादी समूह से जुड़ा है अल-शबाब संगठन

**मोगादिशु।** सोमालिया में सशस्त्र बलों ने देश के मध्य भाग में गलगुडुद प्रांत में कट्टरपंथी आतंकवादी संगठन अल-शबाब के 47 आतंकवादियों को मुठभेड़ में मार गिराया है। स्थानीय मीडिया के मुताबिक सूचना मंत्रालय ने कहा कि ऑपरेशन के दौरान पांच सोमाली सैनिक भी मारे गए। अल-शबाब एक सोमालिया स्थित जिहादी आतंकवादी समूह है जो अल-कायदा आतंकवादी समूह से जुड़ा हुआ है।

यह समूह सोमाली सरकार के खिलाफ सशस्त्र प्रतिरोध छेड़ता है और देश में संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मिशनों में बाधा डालता है।

# मुंबई एयरपोर्ट पर हादसा टला एटीसी अधिकारी को हटाया

मुंबई, एजेंसी

• जिस रनवे पर इंडिगो का विमान उतरा उसी पर उड़ान भरने के लिए दौड़ा एयर इंडिया का जेट

महाराष्ट्र में मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सैकड़ों यात्रियों की जान उस समय बाल-बाल बची, जब इंडिगो एयरलाइंस का एक विमान उसी रनवे पर उतर गया, जहां से एयर इंडिया का एक जेट विमान तिरुवनंतपुरम के लिए उड़ान भरने तेजी से आगे बढ़ रहा था।

घटना का वीडियो तरुण शुक्ला नाम के एक यूजर ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, जिसके बाद यह मामला प्रकाश में आया। इससे मुंबई हवाई अड्डे पर सुरक्षा प्रोटोकॉल को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मुंबई से एक वायु यातायात नियंत्रण अधिकारी (एटीसीओ) को ड्यूटी से हटा दिया। इस बीच, इंडिगो एयरलाइंस ने एक बयान जारी करके दावा किया कि इंदौर से मुंबई जाने वाली फ्लाइट 6ई 6053 के पायलट ने एटीसी की ओर से दिये गए निर्देशों का पालन किया था। इंडिगो के एक प्रतिनिधि ने कहा 8 जून, 2024 को इंदौर से इंडिगो की उड़ान 6ई 6053 को मुंबई एयरपोर्ट पर एटीसी की ओर से लैंडिंग की मंजूरी दी गयी। पायलट ने एप्रोच और लैंडिंग जारी रखी और एटीसी के निर्देशों का पालन किया। इंडिगो में, यात्रियों की सुरक्षा हमारे लिए सर्वोपरि है।

# उत्तर कोरिया के खिलाफ संदेश प्रसारित करेगा दक्षिण कोरिया

• गुब्बारों के जरिए कचरा फेंके जाने के जवाब में सीमावर्ती क्षेत्रों में लाउडस्पीकर से देगा संदेश

**सियोल।** उत्तर कोरिया द्वारा दक्षिण कोरिया में गुब्बारों के जरिए कचरा फेंके जाने के जवाब में दक्षिण कोरिया सीमावर्ती क्षेत्रों में उत्तर कोरिया के खिलाफ लाउडस्पीकर के जरिए संदेश प्रसारित फिर से शुरू करेगा।

दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति कार्यालय ने बयान जारी कर बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा निदेशक चांग हो-जिन के नेतृत्व में रविवार को एक आपात सुरक्षा बैठक की गई जिसमें अधिकारियों ने यह फैसला लिया है। चांग और अन्य सुरक्षा अधिकारियों ने दक्षिण कोरिया के लोगों में घबराहट पैदा करने और शांति में खलल डालने के लिए उत्तर कोरिया की आलोचना की। साथ ही कहा कि भविष्य में दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ने के लिए पूरी तरह उत्तर कोरिया ही जिम्मेदार होगा। सेना ने बताया कि सप्ताहांत में कचरे से भरे सैंकड़ों गुब्बारे सियोल की ओर भेजे थे। उत्तर कोरिया ने मई के अंत से अब तक तीसरी बार कूड़ा-कचरे वाले गुब्बारे भेजे।

# राजनीतिक सुलह में इमरान खान बाधा : नवाज शरीफ



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने कहा कि इमरान खान देश में राजनीतिक सुलह लिए मुख्य बाधा हैं। स्थानीय मीडिया के मुताबिक नवाज ने सांसदों के साथ एक बैठक के बाद यह टिप्पणी की। बैठक में इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के साथ बातचीत के मुद्दे पर चर्चा की गई। सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के अध्यक्ष शरीफ ने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री खान खुद हमारे साथ मुद्दों को सुलझाने और बातचीत करने के लिए गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं, जिससे कोई निष्कर्ष नहीं निकल रहा है।

# नेपाल से प्रत्यर्पित मुख्य संदिग्ध से सीआईडी ने की पूछताछ

कोलकाता, एजेंसी

**बांग्लादेशी सांसद हत्याकांड**

सीआईडी ने बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार की हत्या के मामले में नेपाल पुलिस द्वारा भारत प्रत्यर्पित किए गए मोहम्मद सियाम हुसैन से रविवार को पूछताछ शुरू की।

बांग्लादेशी नेता के शरीर के अंगों और अपराध को अंजाम देने के लिए इस्तेमाल किए गए हथियारों का पता लगाने में सीआईडी की सहायता के लिए हुसैन को कोलकाता के पास न्यू टाउन इलाके के उस फ्लैट में भी ले जाया गया जहां अनार को आखिरी बार 12 मई को देखा गया था। सीआईडी अधिकारी ने कहा हम हुसैन से पूछताछ कर रहे हैं। सांसद की तलाश छह दिन बाद तब शुरू हुई जब उत्तरी कोलकाता के बारानगर के निवासी और बांग्लादेशी नेता के परिचित गोपाल विश्वास ने 18 मई को स्थानीय पुलिस में शिकायत दर्ज करायी। अनार यहां आने के बाद विश्वास के घर पर रुके थे। विश्वास ने कहा कि अनार 13 मई की दोपहर को चिकित्सक से मिलने के लिए बारानगर आवास से निकले थे।

# मुठभेड़ में त्रिपुरा सीमा पर बंगलादेशी तस्कर की मौत

**अगरतला।** त्रिपुरा के सिपाहीजला जिले के कलामचौरा इलाके में किराने के सामान की तस्करी की कोशिश कर रहे तेजधार हथियारों से लैस बंगलादेशी नागरिक रविवार को सीमा सुरक्षा बल के हाथों मारा गया। बीएसएफ ने कहा कि सुबह 7:30 बजे तस्करों के एक समूह को सीमा पार बंगलादेश में तस्करी की कोशिश करते हुए देखा।

तस्कर सीमा बाड़ की दोनों ओर थे। बीएसएफ ने उन्हें रोकने की चुनौती दी, तो तस्करों ने चेतावनियों को नजरअंदाज कर दिया और हमलावर हो गए। तस्करों ने ड्यूटी पर तैनात बीएसएफ के जवानों को घेरने की कोशिश की, उनका उद्देश्य उन पर हमला करना और उनका हथियार जब्त करना था। अपने जीवन और सरकारी संपत्ति के खतरे को भांपते हुए बीएसएफ के एक जवान ने आत्मरक्षा में एक गैर-घातक पीएजी राउंड फायर किया।

# ईरान में राष्ट्रपति पद की दौड़ में छह उम्मीदवारों को मंजूरी

दुबई, एजेंसी



ईरान की संरक्षक परिषद (गार्जियन काउंसिल) ने रविवार को कट्टरपंथी संसद अध्यक्ष और पांच अन्य को देश में 28 जून को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में भाग लेने की मंजूरी दे दी। यह चुनाव एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना के बाद हो रहा है।

हादसे में राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और सात अन्य लोग मारे गए थे। परिषद ने पूर्व राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद को एक बार फिर चुनाव लड़ने से रोक दिया है, जो एक चरमपंथी लोकप्रिय नेता हैं तथा 2009 में अपने विवादित पुनर्निर्वाचन के बाद की गई दमनात्मक कार्रवाई के लिए जाने जाते हैं। परिषद का यह निर्णय रईसी की जगह लेने के लिए दो सप्ताह के संक्षिप्त अभियान की शुरुआत है। रईसी सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई के कट्टरपंथी समर्थक थे जिन्हें कभी 85 वर्षीय धर्मगुरु के संभावित उत्तराधिकारी के रूप में पेश किया गया था। संरक्षक परिषद मौलवियों और न्यायविदों का एक समूह है जिसकी कमान खामनेई के हाथों में है। परिषद द्वारा अनुमोदित उम्मीदवारों के चयन से लगता है, ईरान के शिया धर्मतंत्र को उम्मीद है कि हाल ही में हुए चुनावों में रिकॉर्ड कम मतदान तथा देश के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम और इजरायल-हमास युद्ध के कारण अब भी कायम तनाव को देखते हुए चुनाव आसानी से हो जाएंगे।

# अदन की खाड़ी में मालवाहक जहाज पर मिसाइल से हमला

**दुबई।** अदन की खाड़ी में एंटीगुआ और बारबुडा के झंडे वाले एक मालवाहक पोत पर संदिग्ध रूप से यमन के हूती विद्रोहियों ने रविवार को हमला किया। निजी सुरक्षा कंपनी एम्ब्रे ने बताया कि मिसाइल जहाज के आगे के हिस्से पर गिरी जिससे उसमें आग लग गई लेकिन जहाज पर सवार लोगों ने आग पर काबू पा लिया। एक और मिसाइल दागी गई लेकिन यह जहाज पर नहीं गिरी।

इसके बाद आस-पास छोटी नौकाओं पर सवार लोगों ने पोत पर गोलीबारी की। ब्रिटेन की सेना के यूनाइटेड किंगडम समुद्री व्यापार परिचालन केंद्र ने भी शनिवार देर रात अदन के समीप उसी क्षेत्र में हमले की सूचना दी लेकिन उसने इसके बारे में विस्तार से कोई जानकारी नहीं दी। हूती विद्रोहियों ने लगभग एक दशक पहले यमन की राजधानी पर कब्जा कर लिया था और इसके बाद से ही वह सऊदी नेतृत्व वाले गठबंधन से लड़ रहा है।

## बॉलीवुड हलचल

### योद्धा के बाद फिर एक्शन फिल्म में काम करेंगे सिद्धार्थ



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा योद्धा के बाद एक बार फिर एक्शन फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। इस एक्शन फिल्म के लिए निर्माता मुराद खेतानी के साथ हाथ मिलाया है। फिल्म का निर्देशन बलविंदर सिंह जंजुआ करेंगे। सिद्धार्थ की इस फिल्म का टाइटल अभी नहीं रखा गया है। वहीं, मुराद खेतानी सिने एक स्टूडियो के साथ अपने मूवी टनल प्रोडक्शंस के तहत इसका निर्माण करने वाले हैं। यह एक एक्शन, रोमांस और ड्रामा से भरपूर फिल्म होने वाली है। फिल्म का काम इस समय प्री-प्रोडक्शन स्टेज में है। इसके बाद सितंबर के आसपास उत्तराखंड में इसकी शूटिंग शुरू हो सकती है।

### खूबसूरती को बहुत ही स्वाभाविक तरीके से देखती हैं करीना कपूर



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर का कहना है कि वह खूबसूरती को बहुत ही स्वाभाविक तरीके से देखती है, जैसे-जैसे वक्त के साथ उनमें बदलाव आ रहे है, उसे वह अपना रही हैं। करीना कपूर बढ़ती उम्र के साथ खुद को अपनाने में यकीन करती हैं। करीना कपूर ने बताया, खूबसूरती देखने वालों की नजरों में होती है। हर किसी का इसको देखने का एक नजरिया होता है। मैं खूबसूरती को बहुत ही स्वाभाविक तरीके से देखती हूं। मैंने हमेशा खुद से प्यार किया है, खुद को उम्र के हर पड़ाव पर अपनाया है। आज भी कर रही हूं। जैसे-जैसे मेरी उम्र बढ़ रही है, मैं और खूबसूरत महसूस कर रही हूं। करीना ने कहा मेरा ज्यादा समय अपने परिवार और बच्चों के साथ बीतता है। वही है, जो मुझे सबसे ज्यादा सुकून पहुंचाते हैं।

### गुजराती फिल्म फक्त पुरुषों माते में नजर आएंगे अमिताभ बच्चन

**मुंबई।** अभिनेता अमिताभ बच्चन आगामी गुजराती फिल्म फक्त पुरुषों माते में एक छोटी सी भूमिका निभाते नजर आएंगे। निर्माताओं ने यह जानकारी दी। बच्चन इससे पहले इस श्रृंखला की पहली फिल्म फक्त महिलाओ माते (2022) में दिखाई दिए थे, जिसमें उन्होंने कथावाचक की भूमिका निभाई थी। 81 वर्षीय अभिनेता फिल्म में भगवान की भूमिका निभाएंगे। आनंद पंडित और वैशाल शाह द्वारा निर्मित इस फिल्म का लेखन और निर्देशन जय बोडास और पार्थ त्रिवेदी ने किया है। इस फिल्म में यश सोनी, मित्रा गढ़वी, ईशा कंसारा और दर्शन जरीवाला मुख्य भूमिका में हैं।

